CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE Grant-2

Jangamwadi Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

9.1

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

n Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-

uru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Ja

In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-G

Guru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalg

C-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

ध्यानयोग

[श्रीमद्भगवद्गीताका छठवाँ अध्याय]

स्वामी अखण्डानन्द सरस्वती

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Gra

ध्यानयोग
मार्च, १९७१
मूल्य : चार रुपये मात्र

प्रकाशक	मुद्रक
सत्साहित्य प्रकाशन ट्रस्ट	विश्वम्भरनाथ द्विवेदी
'विपुल'	आनन्दकानन प्रेस
२८/१६ रिजरोड	सीके० ३६/२० ढुण्ढिराज
बम्बई–६	वाराणसी–१

Guru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalga

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

ध्यानयोगः

अथ षष्ठोऽध्यायः

श्रीभगवानुवाच

अनाश्रितः कर्मफलं कार्यं कर्म करोति यः ।
स संन्यासी च योगी च न निरग्निर्न चाक्रियः ॥१॥
[१७]

यं संन्यासमिति प्राहुर्योगं तं विद्धि पाण्डव ।
न ह्यसंन्यस्तसंकल्पो योगी भवति कश्चन ॥२॥
[४४]

आरुरुक्षोर्मुनेर्योगं कर्म कारणमुच्यते ।
योगारूढस्य तस्यैव शमः कारणमुच्यते ॥३॥
[५६]

यदा हि नेन्द्रियार्थेषु न कर्मस्वनुषज्जते ।
सर्वसंकल्पसंन्यासी योगारूढस्तदोच्यते ॥४॥
[६३]

उद्धरेदात्मनात्मानं नात्मानमवसादयेत् ।
आत्मैव ह्यात्मनो बन्धुरात्मैव रिपुरात्मनः ॥५॥
[६५]

बन्धुरात्मात्मनस्तस्य येनात्मैवात्मना जितः ।
अनात्मनस्तु शत्रुत्वे वर्तेतात्मैव शत्रुवत् ॥६॥
[७१]

जितात्मनः प्रशान्तस्य परमात्मा समाहितः ।
शीतोष्णसुखदुःखेषु तथा मानापमानयोः ॥७॥
[७२]

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant

ज्ञानविज्ञानतृप्तात्मा कूटस्थो विजितेन्द्रियः ।
युक्त इत्युच्यते योगी समलोष्टाश्मकाञ्चनः ॥८॥
[८१]

सुहृन्मित्रार्युदासीनमध्यस्थद्वेष्यबन्धुषु ।
साधुष्वपि च पापेषु समबुद्धिर्विशिष्यते ॥९॥
[८९]

योगी युञ्जीत सततमात्मानं रहसि स्थितः ।
एकाकी यतचित्तात्मा निराशीरपरिग्रहः ॥१०॥
[९७]

शुचौ देशे प्रतिष्ठाप्य स्थिरमासनमात्मनः ।
नात्युच्छ्रितं नातिनीचं चैलाजिनकुशोत्तरम् ॥११॥
[१०८]

तत्रैकाग्रं मनः कृत्वा यतचित्तेन्द्रियक्रियः ।
उपविश्यासने युञ्ज्याद्योगमात्मविशुद्धये ॥१२॥
[११३]

समं कायशिरोग्रीवं धारयन्नचलं स्थिरः ।
संप्रेक्ष्य नासिकाग्रं स्वं दिशश्चानवलोकयन् ॥१३॥
प्रशान्तात्मा विगतभीर्ब्रह्मचारिव्रते स्थितः ।
मनः संयम्य मच्चित्तो युक्त आसीत मत्परः ॥१४॥
[१२७]

युञ्जन्नेवं सदात्मानं योगी नियतमानसः ।
शान्तिं निर्वाणपरमां मत्संस्थामधिगच्छति ॥१५॥
[१४३]

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-

नात्यश्नतस्तु योगोऽस्ति न चैकान्तमनश्नतः ।
न चाति स्वप्नशीलस्य जाग्रतो नैव चार्जुन ॥१६॥
[१४९]

युक्ताहारविहारस्य युक्तचेष्टस्य कर्मसु ।
युक्तस्वप्नावबोधस्य योगो भवति दुःखहा ॥१७॥
[१५५]

यदा विनियतं चित्तमात्मन्येवावतिष्ठते ।
निःस्पृहः सर्वकामेभ्यो युक्त इत्युच्यते तदा ॥१८॥
[१६१]

यथा दीपो निवातस्थो नेङ्गते सोपमा स्मृता ।
योगिनो यतचित्तस्य युञ्जतो योगमात्मनः ॥१९॥
[१६७]

यत्रोपरमते चित्तं निरुद्धं योगसेवया ।
यत्र चैवात्मनात्मानं पश्यन्नात्मनि तुष्यति ॥२०॥
सुखमात्यन्तिकं तत्तद्बुद्धिग्राह्यमतीन्द्रियम् ।
वेत्ति यत्र न चैवायं स्थितश्चलति तत्त्वतः ॥२१॥
यं लब्ध्वा चापरं लाभं मन्यते नाधिकं ततः ।
यस्मिन्स्थितो न दुःखेन गुरुणापि विचाल्यते ॥२२॥
तं विद्याद् दुःखसंयोगवियोगं योगसंज्ञितम् ।
स निश्चयेन योक्तव्यो योगोऽनिर्विण्णचेतसा ॥२३॥
[१७२]

संकल्पप्रभवान्कामांस्त्यक्त्वा सर्वानशेषतः ।
मनसैवेन्द्रियग्रामं विनियम्य समन्ततः ॥२४॥

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant

शनैःशनैरुपरमेद्बुद्ध्या धृतिगृहीतया ।
आत्मसंस्थं मनः कृत्वा न किंचिदपि चिन्तयेत् ॥२५॥
[१९६]

यतो यतो निश्चरति मनश्चञ्चलमस्थिरम् ।
ततस्ततो नियम्यैतदात्मन्येव वशं नयेत् ॥२६॥
[२२४]

प्रशान्तमनसं ह्येनं योगिनं सुखमुत्तमम् ।
उपैति शान्तरजसं ब्रह्मभूतमकल्मषम् ॥२७॥
[२२९]

युञ्जन्नेवं सदात्मानं योगी विगतकल्मषः ।
सुखेन ब्रह्मसंस्पर्शमत्यन्तं सुखमश्नुते ॥२८॥
[२३७]

सर्वभूतस्थमात्मानं सर्वभूतानि चात्मनि ।
ईक्षते योगयुक्तात्मा सर्वत्र समदर्शनः ॥२९॥
[२४२]

यो मां पश्यति सर्वत्र सर्वं च मयि पश्यति ।
तस्याहं न प्रणश्यामि स च मे न प्रणश्यति ॥३०॥
[२५०]

सर्वभूतस्थितं यो मां भजत्येकत्वमास्थितः ।
सर्वथा वर्तमानोऽपि स योगी मयि वर्तते ॥३१॥
[२६३]

आत्मौपम्येन सर्वत्र समं पश्यति योऽर्जुन ।
सुखं वा यदि वा दुःखं स योगी परमो मतः ॥३२॥
[२७४]

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-

अर्जुन उवाच

योऽयं योगस्त्वया प्रोक्तः साम्येन मधुसूदन ।
एतस्याहं न पश्यामि चञ्चलत्वात्स्थितिं स्थिराम् ॥३३॥
[२७९]

चञ्चलं हि मनः कृष्ण प्रमाथि बलवद्दृढम् ।
तस्याहं निग्रहं मन्ये वायोरिव सुदुष्करम् ॥३४॥
[२८५]

श्रीभगवानुवाच

असंशयं महाबाहो मनो दुर्निग्रहं चलम् ।
अभ्यासेन तु कौन्तेय वैराग्येण च गृह्यते ॥३५॥
[२८७]

असंयतात्मना योगो दुष्प्राप इति मे मतिः ।
वश्यात्मना तु यतता शक्योऽवाप्तुमुपायतः ॥३६॥
[२९५]

अर्जुन उवाच

अयतिः श्रद्धयोपेतो योगाच्चलितमानसः ।
अप्राप्य योगसंसिद्धिं कां गतिं कृष्ण गच्छति ॥३७॥
[२९८]

कच्चिन्नोभयविभ्रष्टश्छिन्नाभ्रमिव नश्यति ।
अप्रतिष्ठो महाबाहो विमूढो ब्रह्मणः पथि ॥३८॥
[३००]

एतन्मे संशयं कृष्ण छेत्तुमर्हस्यशेषतः ।
त्वदन्यः संशयस्यास्य छेत्ता न ह्युपपद्यते ॥३९॥
[३०२]

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

C-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant

श्रीभगवानुवाच

पार्थ नैवेह नामुत्र विनाशस्तस्य विद्यते ।
न हि कल्याणकृत्कश्चिद्दुर्गतिं तात गच्छति ॥४०॥
[३०४]

प्राप्य पुण्यकृतां लोकानुषित्वा शाश्वतीः समाः ।
शुचीनां श्रीमतां गेहे योगभ्रष्टोऽभिजायते ॥४१॥
[३०५]

अथवा योगिनामेव कुले भवति धीमताम् ।
एतद्धि दुर्लभतरं लोके जन्म यदीदृशम् ॥४२॥
[३०७]

तत्र तं बुद्धिसंयोगं लभते पौर्वदेहिकम् ।
यतते च ततो भूयः संसिद्धौ कुरुनन्दन ॥४३॥
[३०९]

पूर्वाभ्यासेन तेनैव ह्रियते ह्यवशोऽपि सः ।
जिज्ञासुरपि योगस्य शब्दब्रह्मातिवर्तते ॥४४॥
[३१०]

प्रयत्नाद्यतमानस्तु योगी संशुद्धकिल्बिषः ।
अनेकजन्मसंसिद्धस्ततो याति परां गतिम् ॥४५॥
[३१२]

तपस्विभ्योऽधिको योगी ज्ञानिभ्योऽपि मतोऽधिकः ।
कर्मिभ्यश्चाधिको योगी तस्माद्योगी भवार्जुन ॥४६॥
[३१४]

योगिनामपि सर्वेषां मद्गतेनान्तरात्मना ।
श्रद्धावान्भजते यो मां स मे युक्ततमो मतः ॥४७॥
[३१६]

ॐ तत्सदिति श्रीमद्भगवद्गीतासूपनिषत्सु ब्रह्मविद्यायां योगशास्त्रे श्रीकृष्णार्जुनसंवादे आत्मसंयमयोगो (ध्यानयोगो) नाम षष्ठोऽध्यायः ॥

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-

प्रस्तावना

पार्थाय प्रतिबोधितां भगवता नारायणेन स्वयं
व्यासेन ग्रथितां पुराणमुनिना मध्येमहाभारतम् ।
अद्वैतामृतवर्षिणीं भगवतीमष्टादशाध्यायिनी-
मम्ब त्वामनुसंदधामि भगवद्गीते भवद्वेषिणीम् ।।

भगवान् श्रीकृष्णका हृदय अर्जुनके प्रति करुणाके—स्नेहके वशीभूत होकर द्रवित हो वाणीपर आगया है।

भगवान्ने अर्जुनकी यह आज्ञा मान ली कि—

'सेनयोरुभयोर्मध्ये रथं स्थापय मेऽच्युत ।'

युद्धभूमिके मध्यमें ले जाकर रथ खड़ा कर दिया। वहाँ जब अर्जुन मोहग्रस्त हो गया तो डाँटकर बोले—

'कुतस्त्वा कश्मलमिदं विषमे समुपस्थितम् ।'

यह भगवान्की अर्जुनपर बड़ी ममता है। नहीं तो ईश्वरका स्वभाव यह है कि संसारमें चाहे कोई कुछ सोचे, कुछ बोले, कुछ करे, ईश्वर तटस्थ-कूटस्थ, स्वयंप्रकाश है। वह न किसीको आज्ञा देता है, न निषेध करता है।

मायामहारानी ऐसी चतुर हैं कि परमात्मासे मिले बिना ही संसार उत्पन्न कर लेती हैं; किन्तु जब किसीके प्रति ममता होती है कि यह अपना है, और गड्ढेमें गिर रहा है, तो ईश्वरका हृदय उसके प्रति द्रवित हो जाता है—करुणासे भर जाता है। तब वह कहता है—'अर्जुन !

'अशोच्यानन्वशोचस्त्वम् ।'

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

C-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant

तटस्थ, कूटस्थ, सर्वाधिष्ठान, स्वयंप्रकाश परमेश्वर भी जब देखता है कि जीवात्मा मोहकी उपाधिसे ग्रस्त है, तो स्वयं करुणाकी उपाधिसे ग्रस्त बनकर बोधका संगीत गानेके लिए उद्यत हो जाता है। नहीं तो कहाँ युद्धभूमि और कहाँ योगका उपदेश !

यह उपदेश नहीं है, यह श्रीकृष्णका हृदय है। यह युद्धभूमिमें भगवान् श्रीकृष्ण योगका संगीत गा रहे हैं।

× × ×

शरीरमें और मनमें, कर्म और भोगमें अनजानमें ही कुछ ऐसा स्वभाव पड़ जाता है कि जिसे छोड़ना आवश्यक होता है, उसे छोड़नेमें थोड़ी लगन थोड़े उत्साहकी आवश्यकता होती है। थोड़ी आशाकी—प्रतीक्षाकी आवश्यकता होती है।

जिनका अभ्यास दृढ़ बन जाता है, उन्हें उसे छोड़नेमें कठिनाई होती हैं। उन्हें कोई कह दे—'कोई बुरी आदत छोड़नेकी आवश्यकता नहीं है। हम तुम्हें ऐसे ही समाधि लगवा देते हैं या ईश्वरसे मिला देते हैं अथवा आत्मसाक्षात्कार करा देते हैं।' तो वे मनुष्य बहकावेमें आ जाते हैं।

मेरी जानकारीमें एक बालक था जिसका स्वभाव दाँतसे अँगुलीके नख काटते रहनेका था। अँगुलीमें-से रक्त बहने लगता था, परन्तु वह नख दाँतसे काटना छोड़ता नहीं था। बच्चा समझानेसे मानता नहीं था। हाथपर नीमकी पत्ती पीसकर लगा देनेपर साबुनसे हाथ धो लेता था। ऐसे ही जब मनुष्यका स्वभाव बिगड़ जाता है, तब वह सरलतासे सुधरता नहीं है।

(योगका अर्थ है कि उपार्जन करनेमें जो बुरा स्वभाव पड़ गया है, उसे छोड़ा जाय। अनावश्यक जो भोग और परिग्रह जीवनमें आगया है, उसे छोड़ा जाय।)

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-

बुरा स्वभाव बोलनेका, भोगनेका, करनेका, वस्तुएँ इकट्ठी करनेका हो सकता है। पहले इन्हें छोड़ दो।

जैसे यह स्थूल शरीर मिट्टी, पानी आदिसे बना है, ऐसे ही अन्तःकरण वासनाओंसे बना शरीर है। उसमें वासनाएँ ही वासनाएँ हैं। वासना-वासित ज्ञानका नाम ही सूक्ष्म शरीर है। उसमें शुभ वासना रहे, यही उसकी शुद्धि है।

बचपनमें मैं एक महात्माके पास गया तो वे बोले—'मूर्खतासे साधन करनेसे उसका कोई फल नहीं मिलता।

एक मनुष्य मोटर चलाना तो जानता हो, किन्तु मोटरकी मशीनोंकी जानकारी उसे न हो तो मार्गमें मोटर रुक जानेपर वह क्या करेगा ?

जैसे मोटरकी मशीनको कोई जानता है, वैसे ही जो साधनाका रहस्य जानता है, वह सफलता पाता है। वे महात्मा बोले—'पहले समझौती चाहिए।' अर्थात् बात समझमें आनी चाहिए कि इन्द्रियाँ और मन कैसे काम करते हैं। समझदारी होती है, तब संकल्प पूरा होता है।

एक महाराष्ट्रीय केन्द्रीय अधिकारी पञ्जाब गये। पञ्जाबके अधिकारियोंका वेतन उनसे बहुत कम था। एक सरदारजी उनके पास गये और पूछा—'साहब, मनुष्य तो हम लोग भी हैं और आप भी हैं, आपका वेतन हमसे इतना अधिक क्यों है ?

अधिकारी—'यह वेतन बुद्धिका है, शरीरका नहीं है।'

सरदारजी—'आपमें ऐसी क्या विशेष बुद्धि है ?'

अधिकारीने एक क्षण सोचकर मेजपर हाथ रखा और बोले—"सरदार जी ! इस हाथपर पूरे जोरसे घूसा मारो !"

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

C-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant

सरदारजीने जोशमें आकर कसकर घूसा धमक दिया; किन्तु अधिकारीने तो हाथ खींच लिया था। सरदारजीका घूसा मेजपर पड़ा। वे दर्दसे हाथ मसलने लगे।

अधिकारी—'क्या काम कब करना, कब नहीं करना और कब बढ़ा हाथ खींच लेना यही बुद्धिका काम है।'

सरदारजी यह कहते विदा हुए—'ठीक बात। यह बड़ी बुद्धिमानीका काम है।'

अनियन्त्रित स्वच्छन्दता तो पशु-पक्षी, मछली-मक्खी, मच्छर-कीड़ोंको सदासे प्राप्त है। यदि स्वतन्त्रता अर्थात् इन्द्रियभोग अनियन्त्रित ही रखना है तो तुम साधनके क्षेत्रमें क्यों आये? क्रिया इच्छानुसार नहीं, बुद्धिके अनुसार होनी चाहिए। आपका जीवन केवल ऐन्द्रियिक तुष्टिका जीवन नहीं है। यह ज्ञानका, सद्भावनाका, प्रेमका जीवन है। यदि आप इनका ठीक संयम नहीं करेंगे तो पशुकी भाँति पतनके मार्गपर जायँगे। इसके लिए उत्तम स्वभाव डालना पड़ता है।

जन्मकोटिसमभ्यस्ता राम संसारवासना।
न चिराभ्यासयोगेन विनेयं शाम्यति क्वचित्॥

योगवासिष्ठमें महर्षि वसिष्ठजी कहते हैं—'श्रीराम!' यह संसारकी वासना करोड़ों जन्मोंके अभ्याससे बनी है। अतः बिना बहुत दिनके साधनाभ्यासके यह कभी शान्त हो नहीं सकती।

देखना यह है कि जीवनकी मोटरका ब्रेक तुम्हारे हाथमें है या नहीं। जो वासना-निवृत्तिके मार्गमें चलता है, वह समधिस्थ या स्वरूपस्थ होता है।

× × ×

एक साधना होती है ईश्वरकी प्रधानतासे, एक अपनी प्रधानतासे और एक ईश्वर तथा अपने एकत्वकी प्रधानतासे होती है। इस

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-

छठे अध्यायमें जो साधना बतलायी जा रही है, इसमें विश्वास तो ईश्वरका है; क्योंकि बिना ईश्वर-विश्वासके गीताकी कोई साधना नहीं चल सकती।

'युक्त आसीत मत्परः' इसमें 'मत्परः' ईश्वर-विश्वास है।

'त्वं' पदार्थकी प्रधानतासे जो साधना होती है, उसमें पूरी श्रद्धा, पूरी विधि, पूरा प्रयत्न चाहिए। उसे दीर्घकालतक निरन्तर सत्कार-भावनासे करना चाहिए।

आत्माकी प्रधानतासे जो साधन होता है, वह बिना पौरुष, बिना सत्कारभाव, बिना दीर्घकालके सिद्ध नहीं होता।

यहाँ गीताके छठे अध्यायमें जो साधन है, वह 'त्वं' पदार्थ अर्थात् आत्माकी प्रधानतासे ही है।

एक साधन ईश्वरकी—'तत्'पदार्थकी प्रधानतासे होता है। उसमें विधि-विधान एवं दीर्घकाल आवश्यक नहीं है।

'स्वल्पमप्यस्य धर्मस्य त्रायते महतो भयात्।'
'नेहाभिक्रमनाशोऽस्ति प्रत्यवायो न विद्यते।'
'न हि कल्याणकृत् कश्चिद्दुर्गतिं तात गच्छति।'

ऐसे वाक्य गीतामें स्थान-स्थानपर आये हैं। भक्तोंने कहा है—

सन्ध्यावन्दन भद्रमस्तु भवतो भो स्नान तुभ्यं नमो
भो देवाः पितरश्च तर्पणविधौ नाहं क्षमः क्षम्यताम्।
यत्र क्वापि निषद्य यादवकुलोत्तंसस्य कंसद्विषः
स्मारं स्मारमघं हरामि तदलं मन्ये किमन्येन मे॥

सन्ध्यावन्दन! तुम्हारा कल्याण हो। हे स्नान, तुमको नमस्कार! हे देवता और पितरो! मैं तर्पण-पूजनमें समर्थ नहीं हूँ,

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

C-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant

मुझे आप सब क्षमा करें। चाहे जहाँ कहीं बैठकर, यदुकुल शिरोमणि, कंसारिका स्मरण करके मैं अपने पाप नष्ट कर देता हूँ, यही मेरे लिए पर्याप्त है। दूसरे साधनोंसे मुझे क्या प्रयोजन ?

एक भक्त तो और आगे बढ़कर कहते हैं—

आम्नायाभ्यसनान्यरण्यरुदितं वेदव्रतान्यन्वहम् ।
मेदश्छेदफलानि पूर्तविधयः सर्वं हुतं भस्मनि ॥

यदि भगवान्में प्रीति नहीं हुई तो प्रतिदिन नियमपूर्वक वेद-पाठ वन्यरुदनके समान है, व्रत एवं पूर्तके सब काम केवल शरीरको दुबला मात्र करनेवाले हैं और सब यज्ञ-हवन भस्ममें हवन करनेके समान व्यर्थ हैं।

इसमें भगवान्की प्रधानता है। वे स्वयं भक्तका हाथ पकड़कर उसे उठा लेते हैं।

योगाभ्यासमें 'त्वं' पदार्थकी प्रधानता है। इसमें हमें भगवान्को पकड़ना पड़ता है।

आजकल जो लोग शास्त्र, गुरु, सम्प्रदायके क्रमसे नहीं चलते, वे समझते हैं कि 'त्वं' पदार्थकी प्रधानता ही वेदान्तकी साधना है। लेकिन वेदान्त तो 'तत्'पदवाच्यार्थ और 'त्वं' पदवाच्यार्थ दोनोंमें वाच्यार्थ बाधित करके लक्ष्यार्थकी एकता करके अद्वयपदमें निष्ठा करना है।

अब यह 'त्वं' पदार्थप्रधान साधनाकी चर्चा है। इसे भी बिना सत्संगके बिना समझे करने चलोगे तो या तो आप निद्राको समाधि मान लोगे या स्वप्नको भगवान्की लीला मानोगे। अथवा संयोगको चमत्कार समझोगे। 'अतः साधनकी उच्चस्थितिको समझना आवश्यक है।

× × ×

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-

हृदयके संवेदनको गाकर प्रकट करना इसीको गीत कहते हैं। मनुष्यके मनमें प्रेम भरा हो तो वह उसे गाकर प्रकट करता है। शोक भरा हो मनमें तो वह भी गाकर प्रकट किया जाता है। मैंने पहले गावोंमें देखा था कि स्त्रियाँ चक्की पीसते समय भजन गाती थीं, प्रेमका संगीत गाती थीं। गीत भावाभिव्यक्तिका माध्यम है। संयोग-वियोगात्मक गहरे भावोंकी अभिव्यक्ति गीतमें होती है।

भगवान् ही गाने बैठें तो उनके हृदयमें जो भरा है, वही गायेंगे। भगवान्के हृदयमें क्या भरा है? दूसरा तो उनके अतिरिक्त है नहीं, स्वयं जो भगवान् हैं, वही उनके हृदयमें भरे हैं। भगवान्के हृदयमें जड़ अथवा भाई-भतीजा भरा हो नहीं सकता। भगवान् हैं स्वयं सच्चिदानन्दाद्वय अर्थात् सत्स्वरूप+चित्स्वरूप+आनन्दस्वरूप+अद्वयस्वरूप। सत्, चित्, आनन्द परस्पर भी पृथक्-पृथक् नहीं हैं। इनसे भिन्न भी कोई वस्तु नहीं है। ऐसे भगवान् जब गाने लगते हैं तो उनकी उस गीतामें भगवान् अपने सच्चिदानन्दाद्वयरूपको उड़ेलकर रख देते हैं।

कभी-कभी बड़ी भूल हो जाती है। किसीको कोई वस्तु दी जाय पर उसका महत्त्व न बतलाया जाय तो उसे वह कौड़ीकी समझ सकता है। भगवान्ने सोचा, अर्जुन इसे साधारण समझकर खो न दे। इसीसे जब अर्जुनको गीताका उपदेश करने लगे, तब भगवान्ने अर्जुनको स्पष्ट बतला दिया—

गीता मे हृदयं पार्थ गीता मे ज्ञानमुत्तमम्।

'अर्जुन! गीता मेरा हृदय है। गीतामें मेरा श्रेष्ठ ज्ञान है। जैसे प्रेमी अपने प्रेमीको अपना हृदय देता है, वैसे मैं तुम्हें अपना हृदय दे रहा हूँ।

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

C-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant

भगवता गीता = भगवद्गीता अथवा भगवती गीता = भगवद्गीता। गीता स्वयं भगवती है—भगवत्स्वरूप है। गीता संज्ञा शब्द है—

गीताशास्त्रमिदं पुण्यम्।

गीता शब्द क्रिया पद भी है—

यत्तद् भगवता गीतं ज्ञानं संग्राममूर्धनि।

× × ×

हमारे हृदयमें ईश्वर और जीव सखाके समान रहते हैं, वैसे दोनों एक ही हैं; किन्तु एक हृदयमें बैठकर व्यवहार करता है और दूसरा उस व्यवहारका साक्षी रहता है—

तयोरेकः पिप्पलं स्वाद्वत्ति,
अनश्नन्नन्यो अभिचाकशीति।

महाभारतमें कहा गया—

सत्त्वमेकं द्विधा स्थितम्।

ये श्रीकृष्ण और अर्जुन कौन हैं?

इन दो रूपोंमें एक ही सद्वस्तु स्थित है। एक हृदयोपाधिक है और एक हृदयाभावोपाधिक है।

एक हृदयावच्छिन्न है और एक कोटि-कोटि हृदयोंमें एक है।

जैसे श्याम-बलराम हैं, राम-लक्ष्मण हैं, नर-नारायण हैं, जीव-ईश्वर हैं, वैसे ही कृष्ण-अर्जुन हैं। दोनों एक ही रथपर बैठे हैं।

आत्मानं रथिनं विद्धि शरीरं रथमेव तु।
बुद्धिं तु सारथिं विद्धि...............।

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-

शरीरको रथ समझो। इस रथमें आत्मा (जीव)को रथी जानो। बुद्धिमें बैठे वासुदेव सारथि हैं और मनमें बैठा अर्जुन रथी है।

एक बार श्रीकृष्णकी प्रेरणासे अर्जुनने इन्द्रका उपकार किया। खाण्डवदाहके समय इन्द्रके मित्रको निकल जाने दिया। इन्द्र श्रीकृष्णको वरदान देने आये। श्रीकृष्णने माँगा—'अर्जुनके साथ मेरी मैत्री सदा बनी रहे।'

अर्जुन इन्द्रके पुत्र हैं। इन्द्र हाथके अधिदेवता हैं। अतः इन्द्रके पुत्र अर्जुन कर्मयोगके मुख्याधिकारी हैं; क्योंकि कर्म करनेवाला मुख्य अंग हाथ हो है।

महाभारतयुद्धसे पहले धृतराष्ट्रने संजयको पाण्डव-शिविरमें यह देखने भेजा कि वहाँ क्या हो रहा है? वहाँ एक ही पलंगपर श्रीकृष्ण और अर्जुन बैठे थे। श्रीकृष्णके चरण अर्जुनकी गोदमें थे और अर्जुनका एक पैर द्रौपदीकी गोदमें तथा दूसरा सत्यभामाकी गोदमें था। संजयको वहीं वुला लिया श्रीकृष्णने और लेटे-लेटे ही चरणसे एक चौकी खिसकाकर उसपर संजयको बैठनेके लिए कहा। संजयने उस चौकीको प्रणाम किया और नीचे बैठ गये।

श्रीकृष्ण बोले—'संजय! तुम जो यहाँ देख रहे हो, यही समाचार कौरवोंको सुनाना। उनसे कहना—

कृष्णो धनञ्जयस्यात्मा कृष्णस्यात्मा धनञ्जयः।

श्रीकृष्ण अर्जुनकी आत्मा हैं और अर्जुन श्रीकृष्णकी आत्मा है। हम दोनोंमें जो भेद देखना चाहता है, वह नराधम है।'

श्रीकृष्णने अर्जुनसे कहा है—

यस्त्वां द्वेष्टि स मां द्वेष्टि यस्त्वामनु स मामनु।
आवयोरन्तरं नास्ति योऽस्म्यहं स त्वमर्जुन॥

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

C-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant

अर्जुन ! जो तुमसे द्वेष करता है, वह मुझसे द्वेष करता है, जो तुम्हारे पीछे चलता है, वह मेरे पीछे चलता है । हम दोनोंमें कोई अन्तर नहीं है । जो तुम, वह मैं और जो मैं, वह तुम । मेरे-तुम्हारे मध्य सम्बन्धवाचक विभक्ति नहीं है, सामानाधिकरण्य है ।

अहं भवान्न चान्यस्त्वं त्वमेवाहं विचक्ष्व भो ।
न नौ पश्यन्ति कवयश्छिद्रं जातु मनागपि ॥
—भागवत

मैं ही तुम हो, तुम दूसरे नहीं हो और तुम मैं हूँ, यह देखो। ज्ञानीजन हम दोनोंमें थोड़ा भी अन्तर नहीं देखते हैं :

अर्जुनके हाथ श्रीकृष्ण हैं । रथी अर्जुन है और सारथि श्रीकृष्ण हैं । अर्जुनने श्रीकृष्णको आज्ञा दी कि 'दोनों सेनाओंके मध्य मेरा रथ खड़ा करो । श्रीकृष्णने इस आदेशका पालन किया । यहाँ स्वामी अर्जुन हैं और सेवक श्रीकृष्ण हैं ।

गीताके अन्तमें अर्जुनने कहा—'करिष्ये वचनं तव' मैं आपकी आज्ञाका पालन करूँगा ।' यहाँ स्वामी श्रीकृष्ण हो गये और अर्जुन सेवक हो गया ।

श्रीकृष्णने अर्जुनकी आज्ञाका पालन करके सिद्ध कर दिया कि वे भृत्यवत्सल, भक्तवत्सल, अभिमानरहित हैं और निष्काम कर्म कर रहे हैं ।

× × ×

छठे अध्यायको सुनकर अर्जुनने कहा—'साम्यके द्वारा जो योग होता है, आपने उसका उपदेश किया है ।'

योऽयं योगस्त्वया प्रोक्तः साम्येन मधुसूदन ।

परम योगीका लक्षण ही यह है—

आत्मौपम्येन सर्वत्र समं पश्यति······।

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-

जो अपने सम्बन्धी हैं और जो अपने सम्बन्धी नहीं हैं, दोनोंके प्रति समान व्यवहार हो। यदि अपने सम्बन्धियोंके प्रति आसक्ति होगी, दूसरोंकी उपेक्षा या उनसे द्वेष होगा तो साम्ययोग नहीं होगा।

ममताके कारण अपने सम्बन्धियोंके प्रति राग होता है। द्वेषके कारण शत्रुके प्रति क्रूरता होती है। जो शत्रु या मित्र नहीं हैं, उनकी उपेक्षा होती है। यह जो दोष आपके व्यवहारमें है, इसे दूर करके साम्ययोग आपको इस स्तरपर लाता है कि आप सम्बन्धसे प्रभावित न हों। संसारके सब पशु-पक्षी-मनुष्योंके प्रति आप अनासक्त हों, यह पहला साम्य है।

दूसरा साम्य है—सब शरीरोंमें जो पृथक्-पृथक् जीव हैं, वे चेतनतत्त्व-सामान्यसे एक हैं। निःसंगताके सम्बन्धसे सब प्राणी सम और चेतनतत्त्व-सामान्यसे सब एक हैं।

जब जीवात्मा अपहृतपाप्मा हो जाता है, तब ईश्वरके साथ इसकी समता हो जाती है। जब अज्ञानकी निवृत्ति हो जाती है, तब जगत्का जो विवर्ती अभिन्ननिमित्तोपादान कारण ब्रह्म है, उससे ऐक्य हो जानेके कारण द्वैत नामकी वस्तु बाधित हो जाती है। तब ब्रह्मात्मैक्य बोधकृत साम्य होता है।

साम्यके ये चार प्रकार हैं—१. अनासक्तिकृत साम्य २. चेतन-तत्त्वकृत साम्य ३. निर्दोषत्वकृत ईश्वर साधर्म्य–साम्य (मम साधर्म्यमागताः) ४. अद्वैतरूप साम्य। यही साम्य गीताके इस छठे अध्यायमें है।

छठा अध्याय मुख्यरूपसे साम्ययोग है, पर यह साम्ययोग बिना ध्यानयोगके नहीं आता। ध्यानयोगका वर्णन पाँचवें अध्यायके अन्तमें कर दिया गया है—

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

C-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant

स्पर्शान्कृत्वा बहिर्बाह्यांश्चक्षुश्चैवान्तरे भ्रुवोः।
प्राणापानौ समौ कृत्वा नासाभ्यन्तरचारिणौ॥
यतेन्द्रियमनोबुद्धि - र्मुनिर्मोक्षपरायणः।
विगतेच्छाभयक्रोधो यः सदा मुक्त एव सः॥

इसके अन्तमें विलक्षण बात भगवान्‌ने कही—

भोक्तारं यज्ञतपसां सर्वलोकमहेश्वरम्।
सुहृदं सर्वभूतानां ज्ञात्वा मां शान्तिमृच्छति॥

ध्यानयोगने मुक्त कर दिया (यः सदा मुक्त एव सः) इसके बाद कहते हैं—'यज्ञ-तपके भोक्ता, सर्वान्तर्यामी, सबके सुहृद् भगवान् हैं। उनके ज्ञानसे शान्ति मिलती है।' यह सूत्र है और छठा अध्याय इसी सूत्रकी व्याख्या है।

आपको साम्यमें जाना है। यदि आपमें छोड़नेको सामर्थ्य न होगी तो आप साम्यमें नहीं जा सकते। जो त्याग नहीं कर सकता, वह समतामें कैसे स्थित होगा। शत्रुओंसे शत्रुता तो छोड़नी ही होगी, जिनको आप बहुत प्यारा मानते हैं, बहुत महान् मानते हैं, उनका भी त्याग करना पड़ेगा। महर्षि पतञ्जलिने मनके लिए कहा—

'अभ्यासवैराग्याभ्यां तन्निरोधः'

श्रीकृष्णने यही बात गीतामें कही —

'अभ्यासेन तु कौन्तेय वैराग्येण च गृह्यते।'

मैं १७–१८ वर्षका था तो भाग-भागकर साधुओंके पास जाया करता था। एक बार भागकर चुनार गया। वहाँ दुर्गाखोहमें उन दिनों श्रीएकलिङ्ग स्वामी नामके एक महात्मा रहते थे। उन्होंने मुझे गीताकी दो टीकाएँ दीं। १. स्वयंविमर्शभाष्य। यह बंगला लिपिमें संस्कृत-भाष्य था। यह मननरूप था। २. स्वयंप्रकाश

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-

भाष्य। इसका तात्पर्य था कि गीताके श्लोक कल्पवृक्षवत् हैं। वे अपना अर्थ स्वयं बतलाते हैं।

पाँचवें अध्यायके अन्तमें श्रीभगवान्‌ने कहा—'ज्ञात्वा मां शान्तिमृच्छति' इसमें जानना और शान्ति युगपत् हैं। जैसे कहा जाय—'उपविश्य भुङ्क्ते' अथवा 'स्थित्वा गायति' बैठकर खाता है अथवा खड़ा होकर गाता है तो इन वाक्योंमें बैठना और भोजन करना, खड़े रहना और गाना साथ-साथ चलते हैं।

जाननेके साथ जो वस्तु नहीं मिलती, वह जड़ होती है—चेतन नहीं होती। वह ज्ञानस्वरूप नहीं होती। चेतन अपना आत्मा है। जाननेमात्रसे उसकी प्राप्ति होती है। जानना और उसकी प्राप्ति एक कालमें हो होती है।

सातवें अध्यायके प्रारम्भमें आया 'यज्ज्ञात्वामृतमश्नुते' अर्थात् तुम्हीं ज्ञानस्वरूप हो जाओ। इस छठे अध्यायमें ज्ञानके लिए ध्यान आया है।

ज्ञानसे शान्ति मिलती है। ज्ञानसे मोक्ष होता है, ज्ञानसे अमृतत्वकी प्राप्ति होती है। ज्ञानसे मोह-निवृत्ति होती है। ज्ञानसे ज्ञातव्यताका अभाव होता है। ये बातें गीतामें स्थान-स्थानपर आयी हैं। वह ज्ञान कैसे प्राप्त हो? इस अध्यायमें उसका साधन ध्यान बतलाया गया।

विष्णुपुराणमें एक अध्यायमें ज्ञान और ध्यानका तुलनात्मक विवेचन है। वहाँ कहा गया है—ध्यान है मनका टिकना और ज्ञानमें वस्तुका दर्शन है, वह वस्तु टिकी—स्थिर हो या गतिशील।

ध्यान कैसे करना चाहिए? इसका उत्तर पाँचवें अध्यायके अन्तमें 'स्पर्शान् कृत्वा बहिर्बाह्यान्' आदिके द्वारा दे चुके हैं।

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

C-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant

हृदय एक दर्पणके समान है। जैसे दर्पण सड़ककी ओर लगा दिया तो उसमें सड़कपर चलती मोटरें, मनुष्य, पशु आदि दीखेंगे। लेकिन जिस दर्पणमें वे दीखते हैं, वह उनसे सर्वथा रिक्त है। इसी प्रकार ज्ञान शुद्ध है। अतः दृष्टिको जहाँ-की-तहाँ रहने दो। श्रीउड़िया बाबाजी महाराज साधकोंको ध्यान करनेके लिए शाम्भवी मुद्राका उपदेश करते थे।

अन्तर्लक्ष्यं बहिर्दृष्टिर्निमेषोन्मेषवर्जिता।
सा मुद्रा शाम्भवी नाम सर्वतन्त्रेषु गोपिता॥

लक्ष्य भीतर-हृदयमें है और दृष्टि बाहर है; किन्तु पलकें उठती-गिरती नहीं हैं। इस मुद्राका नाम शाम्भवी मुद्रा है। सब तन्त्रोंमें यह गोपनीय रखी है।

ध्यानका तात्पर्य हृदयमें कुछ बसाना नहीं है। बाहरकी जो वस्तुएँ हृदयमें बस गयी हैं, उन्हें निकाल देनेका नाम ध्यान है। सच बात तो यह है कि उन्हें निकालना भी नहीं है।

भगवान्‌ने गीताके अन्तमें कहा—'सर्वधर्मान् परित्यज्य' अब यहाँ विचारणीय है कि त्याग किसका? अपना या परका? मालाका या शरीरका? माला तो शरीरमें जुड़ी नहीं है। वह तो त्यक्त ही है। जो अन्य है, वह सदा परित्यक्त है। स्वका परित्याग कभी हो नहीं सकता। तब परित्यागका अर्थ क्या?

धर्म स्व है या अन्य? स्व त्यागा नहीं जा सकता और अन्य सदा त्यक्त है। तब त्यागका अर्थ है कि आपने जो अन्यको स्व मान रखा है, इस मान्यताको त्याग दो। देह-धर्मको छोड़ दो। देह-धर्म क्या? देह-धर्म है जन्म-मरण। यह जन्म-मरण अपना है ही नहीं। इसे जो अपना मान रखा है, इस मान्यताका त्याग करो।

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-

ज्ञान क्या है ? 'स्पर्शान् कृत्वा वहिर्बाह्यान्' बाहरके स्पर्शोंको बाहर ही छोड़ दो। बाहरकी वस्तुको अपनी मत मानो।

ध्यानके लिए नेत्रोंपर दबाव मत डालो। एक सज्जन मेरे पास आये और बोले—'आपने ध्यान करनेके लिए कहा। मैंने ध्यान किया तो सिरमें दर्द होने लगा और नेत्रोंमें भी।'

इसीलिए कहा गया है—

'देखादेखी करै योग, छीजै काया बाढ़ै रोग।'

नेत्र दबाकर ध्यान नहीं किया जाता। नेत्रोंको जहाँ-का-तहाँ छोड़ दो।

जैसे मच्छर स्वयं शान्तिसे नहीं वैठता और दूसरोंको भी काट-काटकर तंग करता है, ऐसे ही कुछ लोगोंका स्वभाव दूसरोंको तंग करना—पीड़ा देना होता है। जब हम दूसरेको पकड़ते या हटाते हैं तो हमारी श्वासकी गति बढ़ जाती है। इससे आयु क्षीण होती है। जो दूसरेको कष्ट देना चाहता है, वह कष्ट उसीको व्याज-सहित मिलेगा।

यदि आप राग-द्वेष नहीं करते एवं शान्तिसे वैठें हैं तो आपकी श्वासकी गति मंद रहेगी। श्वासका तेज चलनेका अर्थ है आयुका क्षीण होना।

'प्राणापानौ समौ कृत्वा नासाभ्यन्तरचारिणौ।'

दोनों नाकके छिद्रोंमें जो श्वास चलती है, वह नाकके छिद्रों-तक ही रहे। श्वास कहाँ चल रही है, यह ध्यान ही न जाय।

काम-क्रोधादिके आवेशमें श्वास तेज चलती है। इस श्वासको शिथिल कर दिया। मन, बुद्धि, इन्द्रियोंको यथास्थान बैठा दिया। इनसे काम मत लो।

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

C-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant

'यतेन्द्रियमनोबुद्धिमुनिर्मोक्षपरायणः ।'

अपनेको कहीं बँधा मत देखो। सृष्टिमें कहीं बन्धन नहीं है। हम स्वयं ही बँधते हैं। अतः स्वयंको बाँधो मत।

'विगतेच्छाभयक्रोधः ।'

इच्छा, भय और क्रोध अर्थात् राग-द्वेष, भय विगत—भूतकालके हो जायें। फिर तो 'मुक्त एव सः' वह मुक्त ही है।

इसके बाद ही भगवान्‌ने कहा—

भोक्तारं यज्ञतपसां सर्वलोकमहेश्वरम्।
सुहृदं सर्वभूतानां ज्ञात्वा मां शान्तिमृच्छति ।।

भगवान् खाते क्या हैं? जो तुम दूसरेको खिलाते हो, वह यज्ञ है। उसी यज्ञका भोग भगवान् लगाते हैं। अपने लिए तप होता है और दूसरेके लिए यज्ञ। यही यज्ञ और तप भगवान् खाते हैं। जब तुम भूखे रहकर दूसरेको खिला देते हो तो वह भगवान् भोग लगा लेते हैं।

भगवान् करते क्या हैं? 'सर्वलोकमहेश्वरम्' सम्पूर्ण लोकोंका सञ्चालन, शासन-रक्षण—पालन करते हैं।

भगवान् हैं कैसे? 'सुहृदं सर्वभूतानाम्' सब प्राणियोंके मित्र हैं। ऐसे भगवान्‌को जान लो तो तुम्हें शान्ति मिल जायगी।

यह ध्यानयोग ज्ञानयोगका अंग है। ध्यानयोगका अंग है निष्काम कर्मयोग। सकाम कर्मीका ध्यान नहीं लगता। ज्ञानके लिए अन्तःकरणकी शुद्धि आवश्यक है और यह ध्यानसे होगी। अतः ध्यानयोगका वर्णन करनेके लिए गीताका छठा अध्याय कहा गया है।

●

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-

ध्यानयोग

• संगति

'यः सदा मुक्त एव सः' वह सदा मुक्त ही है। पहले भी वह मुक्त ही था और इस समय भी मुक्त ही है। बादमें भी मुक्त ही रहेगा। मुक्ति उसका स्वरूप है।

'ज्ञात्वा मां शान्तिमृच्छति।'

'मुझे जानकर शान्ति प्राप्त कर लेता है।' पञ्चम अध्यायके अन्तमें कही गयी इन बातोंको स्पष्ट करनेके लिए छठे अध्यायको प्रारम्भ करते हैं।

श्रीभगवानुवाच

अनाश्रितः कर्मफलं कार्यं कर्म करोति यः।
स संन्यासी च योगी च न निरग्निर्न चाक्रियः॥

कर्मफलका आश्रय लिये बिना जो करणीय कर्म करता है, वही संन्यासी है, वही योगी है। निरग्नि और अक्रिय (संन्यासी या योगी) नहीं है।

श्रीभगवानुवाच—उवाच-वचम्। भगवान् बोले, इसका यह अर्थ नहीं है कि इससे पहले भगवान् चुप थे। इसका अर्थ यह है कि ये भगवान्के वचन हैं।

भगवान् तुम्हारे हृदयमें हैं, तुम्हारे सुहृद हैं और वे बोलते हैं; परन्तु हमारा ध्यान दूसरी ओर है या हम औरके ध्यानमें डूबे हैं, हम औरकी सुनते होते या और किसीसे बोलते होते हैं, अतः भगवान्की बात हमें सुनाई नहीं पड़ती।

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

C-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant

कभी वासना बोलती है और कभी भगवान् बोलते हैं। इनमें हम कैसे पहिचानें कि कौन-सी वाणी भगवान्‌की है और कौन-सी वाणी हमारी वासनाकी ?

एक बार गंगा-किनारे कई अच्छे महात्मा एकत्र थे। उनमें यही प्रश्न उठा—'भीतरसे शब्द तो आता है; किन्तु पता नहीं चलता कि वासना बोलती है या भगवान् ? यह रामकी वाणी है या कामकी ?'

इसमें निर्णय यह हुआ—यदि अपने शत्रु या मित्रके लिए, प्रियता या अप्रियताके लिए वह वाणी है तो वह भगवान्‌की वाणी नहीं है।

एक मनुष्य भजन कर रहा था। उसे आकाशवाणी सुनाई पड़ी—'पुत्र ! अब तुम विवाह कर लो।'

वह एक महात्माके पास गया। महात्माने उसकी बात सुनकर कहा—'बेटा ! यह रामकी वाणी नहीं है। यह कामकी वाणी है।'

मैं प्रतिवर्ष गीताजयन्ती मनाने वृन्दावनसे मथुरा गीता-मन्दिर जाया करता था। एक वर्ष सबेरे अन्धेरेमें चल पड़ा। सहसा एक बड़ा तारा टूटा। चारों ओर उसका हरा प्रकाश फैल गया। उन दिनों भारत और पाकिस्तानका झगड़ा चल रहा था। मेरे भीतरसे वाणी आयी—'अब जिन्ना मर जायगा।' लेकिन थोड़े दिन पीछे गान्धीजीकी मृत्यु हुई। मेरे मनमें जिन्नासे कुछ द्वेष होगा, अतः जिन्नाकी मृत्युकी वाणी द्वेष-प्रेरित वाणी थी।

जहाँ वासनानुसार हृदयसे शब्द आता है, वह कामकी वाणी होती है। जहाँ अपनी वासनाके विपरीत वाणी हृदयसे आती है, वह भगवान्‌की वाणी होती है। जहाँ हृदय निर्वासन होता है, वहाँ भगवान् बोलते हैं।

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-

महाभारतके टीकाकार श्रीनीलकण्ठजीने अर्जुन शब्दका अर्थ करते हुए कहा है—'ऋजुत्वादर्जुनः।' जो छल-कपट रहित सीधा-सादा है, वह अर्जुन है। उसे भगवान्‌की वाणी सुनाई पड़ती है।

सम्पूर्ण सृष्टि भगवान्‌का स्वरूप है। सोपाधिक दृष्टिसे भगवान् सर्वात्मा हैं। यह सर्वात्मभाव सोपाधिक दृष्टि है। निरुपाधिक दृष्टिसे तो संसार है ही नहीं। ईश्वरमें सर्वात्मभाव होता है। जो महात्मा ईश्वरसे एक हो गया है, उसमें सर्वात्मभाव होता है। ईश्वर ऐसा बोलेगा जिससे उसकी सृष्टिमें किसीका अनिष्ट न हो। किसीके ज्ञान, किसीकी प्रियता, किसीके अस्तित्वपर आँच लगती हो, ऐसी वाणी ईश्वरकी वाणी नहीं हो सकती। ईश्वर हित है, वह किसीका भी अहित नहीं करता। सद्भाव, चिद्भाव, आनन्द-भावसे युक्त वाणी ईश्वरकी वाणी है।

पाँचवां अध्याय पूरा हो गया, फिर भगवान् क्यों बोलते हैं? पाँचवें अध्यायके अन्तमें भगवान्‌ने साधन बतला दिया—ज्ञाता, ज्ञेयका स्वरूप बतला दिया—'सुहृदं सर्वभूतानाम्' और फल बतला दिया—'शान्तिमृच्छति।' साधन, साध्य और फल सबका निर्देश तो कर चुके। अब शेष क्या रहा कि भगवान् फिर बोलते हैं?

मैं पहले एक महात्माके पास गया था। उन्होंने एक कथा सुनायी—एक राजा थे। वे एक बार एक ऋषिकुलका निरीक्षण करने गये। वहाँ उन्होंने एक होनहार, गम्भीर, विद्वान् बालक देखा। पता लगा कि वह अनाथ है। राजाने मनमें निश्चय किया कि 'इसे दत्तक-पुत्र बना लेंगे और अपना राज्य इसे दे देंगे।

यह बात राजाने किसीसे कही नहीं। केवल ऋषिकुलके अध्यक्षको बतला दिया कि 'इस बालकके पालन-शिक्षणका व्यय हम देते रहेंगे।'

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

C-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant

बालकने मन लगाकर अध्ययन किया। वह समझता था कि 'मैं अनाथ हूँ, निर्धन हूँ' पढ़कर कहीं नौकरी करूँगा। उसे पता नहीं था कि 'मैं राजकुमार हो चुका हूँ।'

अध्ययन पूरा हो गया तो उसे राजाने बुलवाया। वह हाथ जोड़े राजाके सामने गया। राजाने उसे अपने पास राजसिंहासन-पर बैठनेको कहा तो वह बोला—'मैं आपके समीप बैठनेकी धृष्टता कैसे कर सकता हूँ।'

तब राजाने उससे कहा—'तुम मेरे युवराज और इस सिंहासन-के उत्तराधिकारी हो।'

भगवान्‌ने कह तो दिया—'सुहृदं सर्वभूतानाम्' किन्तु आपका सुहृद कौन है, उसे आप पहिचानते हो? वह जानता है कि मैं इसका स्वामी, पिता, भाई, मित्र हूँ; किन्तु आप नहीं जानते। वह आपके हृदयमें ही छिपा है और बिना पूछे भी वह बोलता है।

धर्मशास्त्रका नियम है—बिना पूछे किसीको उपदेश नहीं करना चाहिए।

नापृष्टः कस्यचिद् ब्रूयात्।

लेकिन—

अनापृष्टमपि ब्रूयुः गुरवो दीनवत्सलाः।

जब गुरु या पिता अपने शिष्य या पुत्रको गलत मार्ग पर जाते देखते हैं तो बिना पूछे बोलते हैं।

कं वार्थमाप्तो मनुजो लभेत निपातयन्नष्टदृशं हि गर्ते।

अन्धेको गड्ढेमें कोई गिरने भला कैसे दे सकता है। अतः भगवान् स्वयं बोलते हैं; परन्तु कब? जब हम चुप हो जाते हैं। हमारे मौनमें भगवान्‌की वाणी सुनायी पड़ती है।

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon

C-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant

जब वैखरी और मध्यमा वाणी चुप हो जाती है, तब परा वाणी-से अन्तर्ध्वनि प्रकट होती है।

नरके रथके सारथि कौन हैं? नर या नारायण? जब नर उन नारायणको सारथि बना लेता है, तब वे स्वयं नरका मार्ग दर्शन करनेके लिए बोलते हैं। वही भगवान् बोल रहे हैं।

नरके लिए नारायण बोल रहे हैं। यद्यपि ईश्वर न रथी है, न सारथि। वह अद्वितीय है। लेकिन रथाभिमानीपर अनुग्रह करके वह सारथिके रूपमें उसके सम्मुख प्रकट हो गया है। वह दृङ्मात्र है; परन्तु दृश्य होकर द्रष्टाको उसके स्वरूपका साक्षात्कार करा रहा है।

पार्थः=पः परमेश्वरः अर्थः प्रयोजनं यस्य।

जिसके जीवनका परमप्रयोजन परमेश्वर हो वह पार्थ है।

अर्जुनने कहा—

किं नो राज्येन गोविन्द किं भोगैर्जीवितेन वा।

गोविन्द! राज्य, भोग और जीवनसे भी मेरा क्या प्रयोजन? मुझे आनन्द, राज्य, सुख नहीं चाहिए। मुझे सत्य चाहिए।

यह जो परमार्थका प्रेमी अर्जुन—विवेक-वैराग्य-सम्पन्न जीव है और जिसने अपने रथकी बागडोर श्रीकृष्णको अर्पित कर दी है, उसके प्रति यह गीताका उपदेश है।

स संन्यासी च योगी च न निरग्निर्न चाक्रियः।

'निरग्निः संन्यासी न भवति अक्रियो योगी न भवति'—केवल निरग्नि होनेसे कोई संन्यासी नहीं होता। निरग्निका अर्थ हमारे संन्यासी लोग करते हैं—'जो अग्निपर पानी गरम न करे, रसोई न बनाये, हाथ न सेकें, अग्निका स्पर्श न करे, वह निरग्नि है।'

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon

C-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant

इसका वैदिक अर्थ है कि जो अग्निहोत्र न करे वह निरग्नि है।

'योषा वाव गौतमाग्निः।'

—छान्दोग्य उपनिषद्

गृहस्थ पति-पत्नी रूपसे यज्ञ करते हैं। स्त्री अग्नि है और पुरुष होता है। निरग्निका अर्थ है पति-पत्नी सम्बन्धका त्याग।

आहवनीयाग्निका परित्याग, होत्राग्निका परित्याग, योषाग्निका परित्याग, लौकिकाग्निका भी परित्याग करनेसे निरग्नि होता है। इसीसे मरनेपर संन्यासीको चिताग्नि नहीं मिलती। तब क्या निरग्नि होनेसे वह संन्यासी हो गया? भगवान्‌ने कहा—'न निरग्निः' निरग्नि होनेमात्रसे कोई संन्यासी नहीं हो जाता।

'स संन्यासी भवति किन्तु निरग्निर्न भवति।'

वह अग्निका परित्याग नहीं करता, उसके घरमें रोटी बनती है, वह अग्निहोत्र करता है, उसके पत्नी है; किन्तु वह संन्यासी है।

'न चाक्रियः'

क्रियाका त्याग करके आसन लगाकर बैठ गया। उससे न आचमन किया, न न्यास। मनकी वृत्तिरूप क्रिया भी उसने छोड़ दी। 'अक्रियः' प्रकृतिमें जो विक्रिया—विकार होते हैं, उनका भी परित्याग कर दिया। समाधि लग गयी। तब क्या वह योगी हो गया? भगवान्‌ने कहा—नहीं।

प्रश्न यह है कि वह कुछ चाहता है या नहीं। जबतक कामनारूपी अग्निका त्याग नहीं होता, तबतक न वह संन्यासी हुआ और न योगी। संन्यास और ध्यान ज्ञानका बीज है। बिना निष्काम हुए सच्चा ध्यान नहीं हो सकता।

स अक्रियो न भवति किन्तु योगी भवति।

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon

C-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant

वह क्रिया-रहित—कर्तृत्वादिवृत्तिशून्य नहीं है, परन्तु योगी है।

'अन्तःक्रिया भवति, तस्य गृहेऽग्निः प्रज्वलति, परन्तु स संन्यासी योगी च भवति, अहो आश्चर्यम्।'

संन्यासी होगा तो कर्ता नहीं होगा और योगी होगा तो समाधि लगाता होगा ? नहीं

सर्वकर्माणि मनसा संन्यस्यास्ते सुखं वशी।
नवद्वारे पुरे देही नैव कुर्वन्न कारयन्॥

सब कर्मोंको मनसे छोड़कर वह इन्द्रियजयी सुखपूर्वक रहता है। वह जानता है कि इस नौ-द्वारवाले शरीररूपी नगरमें देही आत्मा न कुछ करता और न कराता है।

नैव किञ्चित् करोमीति युक्तो मन्येत तत्त्ववित्।

तत्त्वज्ञ पुरुष सब इन्द्रियोंके व्यवहार करते हुए भी स्वरूपमें स्थित रहता है और मानता है कि मैं कुछ भी नहीं करता हूँ।

तन थिर मन थिर नयन थिर सुरत निरत थिर होय।
कह कबीर वा पालकको कलप न पावै कोय॥

जिसका ध्यान स्थिर है और रति स्थिर है, वह योगी है और संन्यासी वह है जिसकी अतर्दृष्टि इतनी प्रज्वलित है कि किसी देश-विशेष, काल-विशेष, वस्तु-विशेष, व्यक्ति-विशेषमें आसक्ति न हो। इस अन्तर्दृष्टिका नाम संन्यास है।

'अयं करोति किन्तु संन्यासी योगी च, आश्चर्यमाविष्कृतः कोऽपि नवीनमार्गः।'

यह करता है किन्तु संन्यासी है और योगी है, यह आश्चर्यकी बात है। भगवान्‌ने यह किसी नये मार्गका आविष्कार किया है।

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon

C-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant

एक महात्मा आग जलाये बैठे थे। किसीने कहा—'आप अग्नि छूते हैं?'

महात्मा—'पञ्चभूतोंसे बने शरीरमें अग्नि पहलेसे ही है। यह अग्नि ही अग्निको छू रही है। हम तो नित्य शुद्ध-बुद्ध-मुक्त आत्मा हैं। हम कहाँ अग्नि छूते हैं।'

पेटमें जठराग्नि है। जिह्वाकी नोकपर वाणीकी अधिष्ठातृ-देवताके रूपमें अग्नि न हो तो बोल ही न सकें। नेत्रमें सूर्याग्नि न हो तो नेत्र देख न सकें। अतः व्यक्तिको निरग्नि किस दृष्टिसे कहोगे? शरीरमें अग्नि है। मनमें कामाग्नि, क्रोधाग्नि आती है। अतः बाहरसे अग्निका परित्याग मुख्य संन्यास नहीं है।

तब संन्यासी और योगी कौन है?

'अनाश्रितः कर्मफलं कार्यं कर्म करोति यः।'

मेरे साथ पहले स्वामी स्वरूपानन्दजी रहते थे। उनका शरीर तब बहुत सुन्दर था। एकबार वे व्रजमें गोवर्धनके समीप एक साधुके समीप गये। साधुने पूछा—'कुछ पढ़े हो?'

स्वामी स्वरूपानन्दजी विनोदी स्वभावके तो थे ही। उन्हें विनोद सूझा। बोले—'नहीं।'

साधु—'देखो हम तुमको गीताके एक श्लोकका उपदेश करते हैं।'

साधुने इस श्लोकका अपने ढंगसे अर्थ करते हुए कहा—'जो अनाश्रुति आजाय, बिना माँगे मिल जाय उसीसे गुजर कर लेना।'

स्वामीजी—'बिना मांगे कैसे आयेगा?'

साधु—'कर्मफलम्—वह तो तुम्हारे कर्मका फल है, इसलिए आयेगा ही।'

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon

C-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant

स्वामीजी—'करें क्या ?'

साधु—'कार्यं कर्म अर्थात् कारक कर्म करो।'

स्वामीजी—'कारक कर्म क्या ?'

साधु—'नचाक्रियः—चाकरी किसीकी मत करना।'

यह एक उदाहरण है कि गीताका कैसा-कैसा अर्थ किया जाता है।

अनाश्रितः कर्मफलम्—आपके अपने भीतर जो आत्मदेव हैं, उन्हें तुच्छ करके आप कर्मका फल—वेतन माँगते हैं, अतः उस स्वामीने आपको नौकर मान लिया।

कर्मफलके आश्रित मत बनो। वेदान्त कहता है—'तुम सर्वाश्रय हो। तुम रस्सी हो, उसमें प्रतीत होते सर्प नहीं हो। आश्रित तो मिथ्या सर्प है। आश्रय सत्य रज्जु है। सम्पूर्ण प्रपञ्चका आश्रयभूत परमात्मा तुम्हारा स्वरूप है।

'कर्मफलमनिच्छन्' नहीं कहा है। 'कर्मफलमनाश्रितः' कहा है। यह नहीं कहा गया है कि—कर्मफल मन चाहो, कहा गया है कि 'कर्मफलके आश्रित मत बनो।'

मैं एक पत्रिकाके सम्पादन-विभागमें काम करता था। एक महात्मा रूठ गये थे। वे उस पत्रिकाको लेख नहीं देते थे। मुझे उन्हें मनाने भेजा गया। वे बोले—'सुना है कि तुम्हारी पत्रिकामें सब महात्मा ही महात्मा रहते हैं।'

मैं—'हाँ, सब अच्छे लोग रहते हैं।

वे—'मैंने सुना कि सब निष्काम कर्म करते हैं।'

मैं—'हाँ, किसीके मनमें कोई लौकिक इच्छा नहीं है। वे न पैसा चाहते हैं, न कीर्ति।'

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon

C-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant

वे—'एक बात बतलाओ। आज यदि सरकार पत्रिका बन्द कर दे तो तुम्हारे संस्थापक, संचालक, सम्पादकको कष्ट होगा या नहीं ?

मैं——'होगा।'

वे—'यदि तुम निष्काम होते तो तुम्हें कष्ट क्यों होता ?'

बात यह है कि आसक्ति चार प्रकारकी होती हैं—१. फलासक्ति २. कर्मासक्ति ३. कर्तृत्वासक्ति ४. अकर्तृत्वासक्ति। इन चारोंके आठ भेद होते हैं। फिर एक-एकके दो-दो भेद होते हैं। इस प्रकार कुल सोलह भेद हो जाते हैं।

हम कर्म करके किसीसे धन तो नहीं चाहते; किन्तु यह चाहते हैं कि कर्म सांगोपांग पूरा हो। यह कर्मासक्ति है।

एक कहते हैं कि 'कर्मके विषयमें भी हमारा कोई वश नहीं है। कोई हमें बलपूर्वक कर्म करनेसे रोक सकता है।' एक महात्माने मुझसे कहा—'तुम कोई पाठ कर रहे हो। ईश्वरने कहा—'चुप!' तो तुम्हें चुप हो जानेमें कोई आपत्ति है ?'

मैं—'कोई आपत्ति नहीं है।'

हम न फ़ल पानेमें स्वतन्त्र हैं और न कर्मको पूरा करनेमें स्वतन्त्र हैं। यह तो अभिमान ही है कि 'मैं कर रहा हूँ।' यदि आकाश, वायु, पृथ्वी, प्रकाश, शरीर आदि न होते तो हम वह कर्म कर पाते ? अतः कर्त्तापनका अभिमान मिथ्या है।

अब कहा—'मैं अकर्त्ता हूँ।' यह भी मनकी पकड़ ही है।

फलमें अपना हाथ नहीं है। वह ईश्वर देगा तब प्राप्त होगा।

कर्मको पूरा करना तब हाथमें होता, जब काल हमारी मुट्ठीमें होता।

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon

C-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant

कर्त्तापनका अभिमान सर्वथा झूठा है।
अकर्त्तापनका अभिमान मनमें तनाव लायेगा।
इन चारोंको छोड़कर सप्रयोजन प्रयत्न करो।

'कर्मका फल अच्छा होगा। ईश्वर मुझपर इस कर्मसे प्रसन्न होगा। भगवत्प्रसाद-सिद्धयर्थं करना है। इस कर्मके करनेसे अन्तःकरणकी शुद्धि होगी।' ये प्रयोजन हैं।

यह ध्यान रखना चाहिए कि कर्म पवित्र है और कर्मका फल पवित्र है। कोई कहे—'हम निष्काम भावसे यह पाप कर रहे हैं।' तो इसमें कर्म अपवित्र है। उसका फल नरक अपवित्र है। अतः उसमें निष्कामभाव केवल ढोंग है। कर्म भी उत्तम हो, उसका फल भी उत्तम हो, पर उस फलके आश्रित नहीं होना।

गरुड़ पुराणमें एक सारोद्धार अध्याय है। उसमें कहा गया है—

आजन्ममरणान्तं च गङ्गादितटिनीस्थिताः।
मण्डूकमत्स्यप्रमुखाः किं भवन्ति तपस्विनः॥
पारावताः शिलाहाराः कदाचिदपि चातकाः।
न पिबन्ति महीतोयं व्रतिनस्ते भवन्ति किम्॥

जन्मसे मृत्युपर्यन्त मेढक, मछलियाँ गंगाजीमें रहती हैं तो क्या वे तपस्वी हो गयीं? कबूतर कंकड़ चुगते हैं और चातक पक्षी भूमिपर पड़ा जल कभी नहीं पीता (स्वाती नक्षत्रकी बूँद सीधे मुखमें पड़े तभी पीता है) तो क्या ये व्रती हो गये? इनको इससे तपस्या या व्रतका फल मिलेगा? इससे इनपर भगवान् प्रसन्न हो जायँगे?

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon

C-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant

मनुष्यको भगवान्के भरोसे हो जाना चाहिए। अपने अहंका बलिदान कर देना चाहिए। एकने एक भक्तसे पूछा—'तुम भगवान्का भजन क्यों करते हो?'

वे बोले—'स्वभाव बन गया है। इसके बिना रहा नहीं जाता।'

जब मैं गाँवमें था तो मैंने एक महात्मासे दीक्षा ली। दीक्षा देकर वे बोले—'बेटा! अब तुम मुक्त हो गये?'

मैंने कहा—'तब मुझे भजन करनेकी क्या आवश्यकता है?'

वे—'कालका पेट भरने—काल-क्षेपके लिए भजन करना है। भगवान्से हम भजनका फल मुक्ति नहीं चाहते। एक-एक क्षणको उत्तम कर्मसे भरते जाना है, इसलिए भजन करो।'

कर्मके फलसे मनुष्य चाहता क्या है? सुख, किन्तु सुख सात्त्विक, राजस, तामस तीन प्रकारका होता है—

यदग्रे चानुबन्धे च सुखं मोहनमात्मनः।
निद्रालस्यप्रमादोत्थं तत्तामसमुदाहृतम्॥

१८।३९

जिसमें पहले भी और परिणाममें भी अपनेको मोहमें ही डालना है, यह सुख नशे-जैसा है। यह तो मूर्च्छा, नींद-जैसा है।

विषयेन्द्रियसंयोगाद्यत्तदग्रेऽमृतोपमम्।
परिणामे विषमिव तत्सुखं राजसं स्मृतम्॥

१८।३८

इन्द्रियोंका विषयोंसे संयोग होनेपर जो पहले अमृतके समान लगता है; किन्तु परिणाम उसका विषके समान दुःखद—मारक होता है, वह सुख राजस कहा गया है।

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon

C-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant

वासना-पूर्तिसे पहले सुख होता है; किन्तु परिणाम उसका दुःख होता है। बिना सोचे जो लोग इन्द्रियभोगोंमें लगते हैं, उन्हें पीछे दुःख भोगना पड़ता है।

तब सात्त्विक सुख क्या है? हम अपने जीवनमें कुछ अच्छे-अच्छे अभ्यास डाल लेते हैं बिना अच्छे अभ्यासके अच्छा सुख नहीं मिलता। केश अपने-आप उगते हैं, उन्हे काटना पड़ता है। मैल अपने-आप शरीरपर बनता है. उसे धोना पड़ता है। इसी प्रकार बुराईके संस्कार स्वतः आते हैं, उन्हें दूर करना पड़ता है। इसलिए जीवनमें अभ्यासकी आवश्यकता है।

अभ्यासाद्रमते यत्र दुःखान्तं च निगच्छति।
यत्तदग्रे विषमिव परिणामेऽमृतोपमम्।
तत्सुखं सात्त्विकं प्रोक्तमात्मबुद्धिप्रसादजम्॥

१८।३६-३७

अभ्यासके कारण जिसमें रमता है और उससे दुःखसे छुटकारा पाता है, वह पहले अभ्यास करते समय तो विषके समान अप्रिय लगता है; किन्तु परिणाममें अमृतके समान है, वह अपनी बुद्धिकी निर्मलतासे होनेवाला सुख सात्त्विक कहा गया है।

ये तो त्रिगुणात्मक सुख हुए, सच्चा सुख क्या है?

सुखमात्यन्तिकं यत्तद् बुद्धिग्राह्यमतीन्द्रियम्।
वेत्ति यत्र न चैवायं स्थितश्चलति तत्त्वतः॥

यं लब्ध्वा चापरं लाभं मन्यते नाधिकं ततः।
यस्मिन् स्थितो न दुःखेन गुरुणापि विचाल्यते॥
'तं विद्याद्दुःखसंयोगवियोगं योगसंज्ञितम्।'

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon

C-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant

इसी अध्यायमें आगे भगवान् यह बात कहेंगे। यह वास्तविक सुख 'बुद्धिग्राह्य' है अर्थात् तमोगुणी नहीं हैं, मोहन नहीं है। 'अतीन्द्रिय' है अर्थात् 'विषयेन्द्रियसंयोगजन्य नहीं है—राजस नहीं है। 'आत्यन्तिक' है, अतः अभ्यासज—सात्त्विक भी नहीं है। अभ्यासज सुख नाशवान् होता है। 'आत्यन्तिकम्' इस पदके द्वारा यह कालसे अपरिच्छिन्न है यह बात, 'बुद्धिग्राह्यम्' के द्वारा—देशसे अपरिच्छिन्न है यह बात 'अतीन्द्रियं' के द्वारा विषयसे अपरिच्छिन्न है, यह बात कही गयी।

यदि आप सोचते हैं कि हमारा कोई स्वजन न मरे, हमारी धन-हानि कभी न हो, हमारे शरीरमें रोग न हो तब हम सुखी होंगे तो ऐसा सोचना ठीक नहीं है। धनमें हानि-लाभ होगा हो, युवावस्थामें चढ़ाव, उतार होगा। मान भी कभी रहेगा, कभी नहीं रहेगा। सम्बन्धी मिलेंगे, बिछुड़ेंगे। संसारको बनाकर तुम सुखी नहीं हो सकते। सुखी होनेकी एक कला है। उस कलाका नाम योग है।

बचपनमें मैं नंगे पैर अरहर कटनेपर खूंटो-भरे खेतमें दौड़ता था। अरहरकी खूंटी तीक्ष्ण और दृढ़ होती है। उसपर पैर पड़े तो पैरके आरपार हो जाय; किन्तु कभी चुभी नहीं। गाँवमें तब किवाड़ों में, खम्भोंमें डामर (अलकत्रा) लगाया जाता था। जब मेरे दरवाजे-पर खम्भों-किवाड़ोंमें डामर लगता था तो मैं अपने साथके लड़कोंसे कहता था—हम पचास बार बाहर-भीतर जायेंगे, जिसके कपड़ेमें डामर न लगे, वह जीत गया। मेरे कपड़ोंमें प्रायः डामर नहीं लगता था। जीवन ऐसा ही है। चाहे दुःखोंके अम्बारमें-से निकलना हो, पर यह भगवदंश स्वच्छ-निर्मल चेतन है, इसे संसारका दुःख छू न सके, इसी कौशलका नाम योग है। इसी कौशलका भगवान् वर्णन कर रहे हैं।

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon

C-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant

न्यायशास्त्रके बहुत बड़े विद्वान् हुए हैं बंगालके श्री रघुनाथ शिरोमणि। वे पाँच वर्षके थे तब एक दिन उनकी माताने कहा– 'बेटा! सार्वभौमजीके घरसे अग्नि ले आ।'

छोटा-सा बालक नंग-धड़ंग भागा और सार्वभौमजीके घर जाकर उसने सेवकसे अग्नि माँगी। सेवक अप्रसन्न होकर बोला— 'अग्नि किसपर ले जायेगा? कुछ लाया तो है नहीं, ले हाथपर आग।'

सेवकने चिमटेसे अंगारा उठाकर बालककी ओर बढ़या। बच्चेने इधर-उधर देखा। वहाँ राख पड़ी थी। हथेलीमें उसने राख भर ली और उसपर अँगारा लेकर घर चल पड़ा। सार्वभौमजी इतने छोटे बालककी यह युक्ति देख रहे थे। वे उसके पीछे चल पड़े। उसकी माँके पास जाकर बोले—'यह बच्चा मुझे दे दो। मैं इसे पढ़ाऊँगा।' वही बालक पढ़कर महान् विद्वान् हुआ।

अग्निसे बचनेकी युक्ति उस पाँच वर्षके बालकने सोच ली पर आपको दुःखसे बचनेकी युक्ति नहीं आती। भगवान् वही युक्ति बतला रहे हैं।

'सिद्ध्यसिद्ध्योः समो भूत्वा समत्वं योग उच्यते।'

सुख-दुःख, सफलता-विफलता, समता-विषमता, जीवन-मरण, जड़ता-चेतनता, समाधि-विक्षेपमें समत्वकी कलाका नाम योग है और यह वह कला है, जिससे आपको दुःख स्पर्श नहीं करेगा। कर्म करना है; किन्तु कर्मफलका आश्रित नहीं होना है।

'कार्यं कर्म करोति यः' इसमें 'यः कर्म करोति' से काम चल जाता? नहीं, सब कर्म नहीं 'कार्यं कर्म'—कर्तव्य कर्ममात्र। निषिद्ध कर्म नहीं करे। कर्तव्य कर्म पूरा करे; पर वह भी कुछ पानेको नहीं करे।

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon

C-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant

'कार्यं कर्म करोति यः।' किन्तु 'निराश्रितः कर्मफलम्।'

कर्तव्य कर्म कर्मफलसे निराश्रित होकर करता है। 'स संन्यासी' वह संन्यासी है; क्योंकि 'कर्मफलमनपेक्षमाणः' कर्मफलकी अपेक्षा नहीं रखता और 'स योगी' वह योगी है; क्योकि 'कार्यं कर्म करोति' कर्तव्य कर्म करता है।

'कार्यं कर्म करोति यः' यः करोति, किं करोति? यत् किञ्चित् करोति?

जो करता है, क्या करता है? चाहे जो करता है जब कर्मफल-का आश्रय छोड़ दिया, कुछ जब पाना ही नहीं, तब चाहे जो करे, यह तो 'हिप्पी' अध्यात्मवाद है। ऐसा नहीं। 'कार्यं कर्म करोति' कर्तव्य कर्म ही करता है, निषिद्ध कर्म नहीं करता।

चोरी, बेईमानी, छल, अनाचार आदि पापकर्म निष्कामभावसे नहीं होते। मनमें कामना हुए बिना अधर्म हो नहीं सकता। इसीसे 'कार्यं कर्म' कहा गया।

निष्काम और निष्प्रयोजन ये दो शब्द दो भिन्न अर्थवाले हैं। निष्काम कर्म भी सप्रयोजन ही किया जाता है। जहाँ अनुबन्ध नहीं होगा, वह कर्म व्यर्थ होगा। अंतः कर्ममें अधिकारी, विषय, सम्बन्ध और प्रयोजन होना चाहिए. आप व्यापार करते हैं तो धन कमानेकी कामना रहती है। यदि निष्काम कर्म निष्प्रयोजन ही होता हो तो लाठीसे नदीका पानी पीटते रहो। यह निष्कामके साथ निष्प्रयोजन कर्म है। इसमें व्यर्थश्रम हुआ। यह साधन नहीं होगा। यह भगवत्प्राप्तिकी ओर नहीं ले जायगा। अतः निष्प्रयोजन होनेसे काम नहीं बनता।

प्रयोजन क्या? 'अवगतं सत् आत्मनि इष्यते' जिसे हम जान कर अपनेमें रखना चाहते हैं, वह प्रयोजन है। निष्कामता भी,

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon

C-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant

प्रयोजन है। हम कामनाओंको मिटाकर अपनेमें निष्कामता रखना चाहते हैं।

'कार्यं कर्म करोति यः' इसकी एक टीका है—शरीरके जो आवश्यक कर्म हैं, वह भी करता है और योगीको जो कर्म करना चाहिए, वह भी करता है। संन्यासीके लिए कोई कर्तव्य नहीं होता; किन्तु यह कर्तव्य कर्म करता है, फिर भी संन्यासी है। समाधिमें कोई कर्म नहीं होता। यह कर्म करता है, फिर भी योगी है।

'कार्यं कर्म' शरीर-निर्वर्त्य कार्य हैं और चित्तके परिकर्म कर्म हैं।

योगशास्त्रमें 'परिकर्म' शब्द पारिभाषिक है। परिकर्म यह है कि सुखीसे मित्रता करो। दुखीपर करुणा करो। पुण्यात्माको देखकर प्रसन्न होओ। पापी दीखे तो उस ओरसे उदासीन हो जाओ। यह अपने चित्तकी सेवा है। यदि दुष्टको देखकर उससे लड़ोगे, उसे दंड देना चाहोगे तो अपने चित्तमें द्वेष और हिंसा भरोगे। जैन-धर्ममें इसे भाव-हिंसा कहते हैं।

एक बौद्धग्रन्थमें कहा गया है—'हमारे महात्मा दुखीको देखकर अपने मनकी शान्ति भी त्याग देते हैं और उसका दुःख दूर करना चाहते हैं।'

मैत्री, करुणा, मुदिता, उपेक्षा यह चित्तकी सेवा 'परिकर्म' है। स्वामी प्रणवानन्दजी कहते है—'अपने चित्तकी सेवा करो। शरीरके कर्तव्य पूर्ण करो। कर्मफल होगा या नहीं, इधर ध्यान मत दो।'

भगवान् अकर्मण्यताको नापसन्द करते हैं। वे कहते हैं—'मा ते सङ्गोऽस्त्वकर्मणि' आप कभी निकम्मे मत बनो; क्योंकि जब आप हाथ-पैर, जीभ और मनसे काम बन्द कर देते हैं तो तमस्‌की मूढावस्थामें चले जाते हैं।

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon

C-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant

हड्डी, मांस, चर्म मूढ—निकम्मे होते हैं। इनसे एक होना, जड़भावापन्न हो जाना है। यह स्थिति भगवान्‌को प्रिय नहीं है।

अयुक्तः प्राकृतः स्तब्धः शठो नैष्कृतिकोऽलसः।
विषादी दीर्घसूत्री च कर्ता तामस उच्यते॥

१८। २८

जो काम कर रहा है उसके करनेके वह उपयुक्त नहीं है—अनधिकारी है। प्रकृतिके चलाये—बिना सोचे-समझे कर रहा है, काष्ठ-सा वैठा है, शठ है, कुछ करता नहीं, आलसी है, करता भी जा रहा है और रोता भी जा रहा है, बहुत ही धीरे-धीरे काम करता है, ये सब तमोगुणी कहे जाते हैं।

कई लोग कहते हैं—'महाराज! न खानेको रोटी है न पहननेको कपड़ा, न सोनेको स्थान ही है। वे भोजन भी करते हैं, कपड़ा भी पहनते हैं, सोते भी हैं। इतने दिनोंसे भूखे, नंगे, जागते नहीं जीते हैं, पर भगवान्‌को उलाहना भी देते जाते हैं।

अपनेको तत्पर रखना चाहिए। यदि अकर्मण्य रहकर कोई मरेगा तो वह बहुत दिनोंतक जड़भावापन्न रहेगा।

आप कर्म करने चलते हैं तो उसे वुद्धिपूर्वक करते हैं या निर्बुद्धि होकर करते हैं? जो लोग निषिद्ध कर्म करते हैं, उनके चित्तमें अपने प्रति ग्लानि हो जाती है। यह हो सकता है कि ऐसे लोगोंको बहुत दिनोंतक ग्लानि न हो; किन्तु जब शरीरके बन्धन ढीले-पड़ेंगे, मन शिथिल होगा, तब मान लेगा कि 'मैंने बुरा किया।'

नियम यह है कि मनमें एक मर्यादा पहलेसे है। आपकी जेब कोई काट ले तो आप उसे चोर, वुरा पापी समझते हैं। कोई आपकी बहू-बेटीपर कुदृष्टि डाले, कोई आपको गाली दे या मारे

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon

C-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant

तो आप उसे बुरा व्यक्ति मानते हैं। यह नियम आपके मनमें है। अपने-आपपर आप यह नियम लागू नहीं कर रहे हैं। अतएव आपसे जितनी बुराई करेंगे, वह इकट्ठी होती जायगी और एक दिन आप पर हावी हो जायगी। आप मान लेंगे कि 'भले किसीको पता न हो कि मैं पापी हूँ—पर मैं पापी तो हूँ।'

जब आप उस बुराईको अपने साथ जोड़ेंगे तो वह आपके अन्तः-करण में संस्कारके रूपमें बैठ जायगी। मनुस्मृतिने कहा—

> यत् कर्म कुर्वतोऽस्य स्यात् परितोषोऽन्तरात्मनः।
> तत् प्रयत्नेन कुर्वीत विपरीतं परित्यजेत्॥

जिस कर्मको करनेसे मनुष्यकी अन्तरात्माकी सन्तुष्टि होती हो, उसे प्रयत्नपूर्वक करे और इसके विपरीत कर्मको त्याग दे।

महापाप है निकम्मापना। मनुष्य होकर जो ईश्वरका दिया दो हाथ, दो पैर बेकार कर देता है, वह महापापी है। लेकिन जो इन हाथ-पैरोंका दुरुपयोग करता है, अपनी ही मानी मर्यादाके विपरीत आचरण करता है, वह तो निकम्मेसे भी बड़ा पापी है। उसने जैसे दूसरेको दुःख दिया, वैसे उसे उसी जातिका दुःख मिलेगा। निकम्मेपनका फल जड़ता है और पापका फल दुःख है। निकम्मेपन और अविहित कर्ममें योगकी सम्भावना नहीं है।

अब विहित कर्मको लें। जो कर्म हमारे लिए विधिसम्मत हैं, हित-दाता हैं, उन्हें विहित कर्म कहते हैं। अतः कर्म हमारे पुरुषार्थ-की दृष्टिसे वैध हो। इसमें भी प्रश्न है कि आप इस लोकके लिए विहित कर्म करते हो या परलोकके लिए?

आप यदि परलोकके लिए विहित कर्म करते हो तो यज्ञादि शास्त्र-विधिके अनुसार होगा। क्योंकि देखना यह होता है कि

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon

C-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant

आप जो फल चाहते हो, वह लोकगम्य है या शास्त्रगम्य। जो फल केवल शास्त्रगम्य है, जैसे स्वर्ग, तो उसके लिए शास्त्रमें बतलाया कर्म ही करना होगा। मनमाने कर्मसे वह फल नहीं प्राप्त होगा।

पारलौकिक फलमें भी कर्म अनेक और फल अनेक होते हैं। लौकिक कर्ममें श्रेयस्करत्व होना चाहिए। वेदमें तो अभिचार भी हैं, पर 'विधिविहित होनेपर भी जो श्रेयस्कर न हो, वह धर्म नहीं होता।' यह उपसंहार शबर स्वामीने किया है।

हम किसी देवताको प्रसन्न करनेके लिए कर्म नहीं करते, निष्काम भावसे कर्म करते हैं, कर्तव्य कर्म करते हैं। यहाँ भी प्रश्न है कि आप उसे अपना कर्तव्य समझकर करते हैं या ईश्वरकी प्रसन्नताके लिए करते हैं? यदि ईश्वरकी प्रसन्नताके लिए करते हैं तो जिसकी प्रसन्नताके लिए करते हैं, उस 'तत् पदार्थ'का शोधन होगा और कर्म करनेवाला 'मैं कौन?' इस 'त्वं पदार्थ'का शोधन होगा। यह विचार भी होगा कि 'कर्म क्या है?'

बुद्धिपूर्वक किया काम ही सफल होता है। बिना विचारके किया काम तो जड़ताकी ओर ले जाता है।

यदि आप कर्तव्य समझकर कर्म करते हो तो उससे अन्तःकरणकी शुद्धि होगी।

जो मनमें कामना तो रखते हैं, पर कर्म नहीं करते, वे ढोंगी हैं—

कर्मेन्द्रियाणि संयम्य य आस्ते मनसा स्मरन्।
इन्द्रियार्थान् विमूढात्मा मिथ्याचारः स उच्यते॥

मनमें कामना भी है और कर्म भी करता है तो वह सकाम कर्ता—संसारी हो गया। यह विषयी है।

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon

C-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant

कामना नहीं है और कर्म करता है तो साधक है।

कामना तो नहीं है; किन्तु कर्तापन है या नहीं? कर्तापन है तो फल चाहो या न चाहो, जहाँ कर्तृत्व है, वहाँ फलोत्पत्ति अवश्य होगी।

आप द्रष्टा हो गये, कर्ता नहीं रहे। अब प्रश्न है कि आप द्रष्टा होकर समाधिमें रहते हैं या व्यवहारमें? यदि द्रष्टा होकर व्यवहारमें भी द्रष्टा रहते हैं तो आपका द्रष्टापन पक्का। केवल समाधिमें द्रष्टा रहते हैं तो द्रष्टापन अभी कच्चा है।

यदि व्यवहारमें द्रष्टा रहते हो तो ये जो दूसरे लोग हैं, पुत्र-स्त्री, भाई आदि, ये तो कर्ता हैं?

'हाँ, ये अज्ञानी हैं, कर्ता है।'

यह आपका द्रष्टापन परिच्छिन्न है। अपरिच्छिन्न बोधसे प्रपञ्च और प्रपञ्चातीत अपना स्वरूप हो जाता है।

योगका अर्थ है साधन। गीतामें योगकी अद्वितीय व्याख्या है। यह व्याख्या पातञ्जल-योगसे विलक्षण है। दुःख आपको जीवनमें छू न सके, इस कुशलता—कलाका नाम गीतामें योग है।

पुरुषार्थके दो अंग होते हैं जैसे चिकित्सामें १. रोगनिवृत्ति २. स्वास्थ्यलाभ। इसीके समान पुरुषार्थ है—१. दुःखनिवृत्ति और २. सुखावाप्ति। गीताने कहा—

तं विद्याद् दुःखसंयोगवियोगं योगसंज्ञितम्।

दुःख-संयोगके वियोगका नाम योग है। दुःखके वियोगका नाम योग होता तो इसका अर्थ होता कि निद्रा, मूर्च्छा एवं समाधिमें योग होता है। अथवा जब शत्रु मरेगा या कामना-पूर्ति होगी, तब योग होगा; लेकिन ऐसा नहीं है। दुःख है; किन्तु उसके संयोगका

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon

C-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant

वियोग है। शरीरमें रोग भी है, सम्बन्धियोंका वियोग भी हो रहा है, धन-मान भी आता-जाता है, लेकिन इनका अपने ऊपर प्रभाव नहीं पड़ता। इस विद्याका नाम योग है।

इस विद्यामें कहा कि 'कर्म करता है और योगी है।' कर्म करेगा तो भूल भी होगी। भूल होगी तो दुःख भी होगा। अतः कहा—'अनाश्रितः कर्मफलं कार्यं कर्म करोति।'

'कार्यं कर्म' यह कर्ममें संशोधन है कि जो अपना कर्तव्य कर्म है, वही किया जाय। सब कर्म करनेकी छुट्टी नहीं है। जिस कर्ममें हमारी औचित्य-बुद्धि है कि यह कर्म करना उचित है, वही करनेकी छुट्टी है।

दूसरा संशोधन किया 'अनाश्रितः कर्मफलम्।' कर्मफलपर लटको मत। कर्मका फल न हो, यह हठ भी नहीं और कर्मका फल हो ही, यह आग्रह भी नहीं रखना है। कर्तव्य कर्म करो; किन्तु कर्मफलके भरोसे मत रहो।

किसीके घर हो आना, मिल आना एक बात है और उसके आश्रित होना दूसरी बात है। मनमें कर्मफलकी कल्पना होती है तो होने दो। कर्मफल आने दो। परन्तु आश्रित होना—'श्रिञ् सेवायाम्' उसके सेवक बन जाना, यह मत करो।

तीसरी बात कही—इस ढंगसे जो काम करता है, वह संन्यासी और योगी है। तो इसमें कोई ऐसी बात होनी चाहिए जो योग और संन्यासमें होती है, वह इस कर्म करनेवालेमें आगयी है। वह बात है कर्मफलके पराधीन न होना। यदि तुम फलके पराधीन नहीं हुए तो तुम संन्यासी भी हो, योगी भी हो।

फलकी पराधीनता क्या, यह सोचो। एक बात यह सोचो कि

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon

C-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant

आप वस्तु चाहते हैं या वस्तुका सम्बन्ध चाहते हैं? आप पृथ्वी चाहते हैं या पृथ्वीको मेरी बनाना चाहते हैं? पृथ्वी सर्वत्र है। मकान कहाँ नहीं हैं, बच्चे कहाँ नहीं हैं; परन्तु उनके साथ जो सम्बन्ध 'मेरापन' नहीं है, इसीसे दुःख है। यह जो सम्बन्धसे सुखी होनेका स्वभाव बन गया है, यही हमारे जीवनमें दुःखकी बन्धनकी सृष्टि करता है।

सं = सम्यक् + बन्ध = बन्धन = सम्बन्ध। बन्धनमें रस्सीसे मनुष्य बाँधा जाता है, सम्बन्धमें मनसे बँधता है। अतः सम्बन्धका बन्धन और दृढ़ होता है।

यदि आप वस्तु चाहते हैं तो आप जड—मूर्च्छित हो जायँगे। वस्तुके स्वरूपको प्राप्त हो जायँगे। जड़ वस्तुको चाहनेके कारण आप जडत्व-पर्यवसायिनी गतिको प्राप्त होंगे।

आप भोग चाहते हैं तो भोगके लिए होशका बना रहना आवश्यक है। अतः भोग चाहते हैं तो होश बना रहेगा; किन्तु भोग चाहनेमें जोश आगया तो होश खो देंगे। काम, क्रोध, लोभादिके जोशमें होश नहीं रहता। अतः भोग चाहेंगे तो पशु-पक्षी आदि हो जायँगे।

कोई लोग होशमें रहकर वस्तुओंको चाहते हैं। लेकिन चाहमें मर्यादा नहीं रखते। इसे भी नियन्त्रित होना चाहिए। धर्मके द्वारा नियन्त्रित चाहका नाम विहित कर्म है।

एक बच्चा बार-बार अग्निके समीप जाता था। एक सज्जन उसे रोकते थे। दूसरेने कहा—'जाने दो, मेरे नेत्रोंके सामने है। थोड़ा जलेगा तो फिर स्वयं नहीं जायगा।'

एक बच्चीको आइसक्रीम खाना बहुत प्रिय था। घरके लोगोंने मना किया रातमें खानेसे। पाँच-छः वर्षकी बच्ची थी, नहीं मानी।

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon

-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Gra

एक-दो बार रातको खाया तो फ्लू हो गया। फिर तो उसने आइस-क्रीम खाना ही छोड़ दिया।

भगवान् भी जीवोंके साथ यही करते हैं। अतः आप हानि उठाकर निषिद्ध कर्म त्यागनेका मार्ग छोड़कर वैध कर्म करें।

जीवनमें वैध कर्मके तीन भाग करें—१. कामना पूर्तिके लिए होनेवाला कर्म। २. निष्काम कर्म। ३. निष्काम होकर निवृत्त कर्म करना।

यदि आप कामना-पूर्तिके लिए कर्म करते हो तो संकल्पपूर्वक करोगे कि अमुक कर्म करनेसे अमुक कामना पूर्ण होगी। जिस फलके उद्देश्यसे कर्म करेंगे, सविधि होनेपर वह फल मिलेगा। इसमें भी धर्म है। आप शास्त्रोक्त कर्म करते हो। इसमें भी नियन्त्रण है।

यदि आप निष्काम भावसे कर्म करते हो तो अन्तःकरण शुद्ध होगा। अध्यात्म-पदार्थ-परोक्ष नहीं होता; क्योंकि जो शरीरके भीतर है, वही अध्यात्म है। अन्तःकरण अध्यात्म है और निष्का-मता अध्यात्म है। अन्तःकरणमें कामनाका होना ही अन्तःकरणकी अशुद्धि है। कामनाका न होना ही अन्तःकरणकी शुद्धि है। निष्काम कर्मानुष्ठान-कालमें ही अन्तःकरण शुद्ध है।

नह्यनध्यात्मवित् कश्चित् क्रियाफलमुपाश्नुते।

जो अपने भीतरकी बात नहीं समझता, वह कर्मफलके रहस्यको भी नहीं समझता।

निष्काम कर्म दो प्रकारका होता है। १. एक तो अन्तःकरण शुद्ध करके अपने स्वरूपमें स्थित हो जानेके लिए। २. भगवत्प्रसाद-सिद्ध्यर्थं।

ajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgao

C-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant

कर्म निष्काम भी हो, पर निवृत्तिकर्मका सेवनमात्र हो, यह तीसरी स्थिति है। निवृत्तिकर्म क्या?

शारीरं केवलं कर्म कुर्वन्नाप्नोति किल्बिषम्।

सन्ध्या, स्नान, भजन, वेदान्तका स्वाध्यायादि निवृत्तिकर्म हैं!

निष्काम होकर कर्तव्यके विस्तारमें पड़ना एक बात है और निष्काम होकर निवृत्तिकर्ममें रहना भिन्न बात है।

अधिकांश समाधिमें ही रहना प्रवृत्तिकर्म और निवृत्तिकर्म दोनोंसे पृथक् रहना है!

इतना ही परमार्थ नहीं है। ये सब व्यक्तिगत कर्म हैं।

मुझे एक लड़का सन् ३०–३२ के लगभग मिला। मुझसे उसका प्रेम हो गया। उसका कहना था—'भगवान्‌का दर्शन हो जाय तो तुम्हें छोड़ दूँगा या ध्यानमें तन्मय हो जाऊँ तो छोड़ दूँगा, अन्यथा तुमको मेरे कहनेके अनुसार रहना होगा।'

एक बार उसने काशीमें अनशन कर दिया एक गुफामें बैठकर। काशीके बड़े विद्वान् श्रीगौरीशंकरजी गोयन्दकाको समाचार मिला। उन्होंने उसे जाकर समझाया। अपने घर ले गये। तार देकर मुझे बुलाया। मैंने उससे कहा—'तुम्हारे मनमें जो तीनों इच्छाएँ हैं, उन्हें छोड़ दो तो कोई न कोई बात बन जायगी।'

वह बोला—'छोड़ दीं।'

दस-पन्द्रह दिन पीछे वह मेरे पास आकर बोला—'मैंने पन्द्रह-बीस दिन इच्छाएँ छोड़ रखी थीं, इतने समयमें कोई पूरी नहीं हुई तो अब फिर इच्छा करता हूँ।'

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon

-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Gra

श्रीभाईजी (श्रीहनुमान प्रसादजी पोद्दार) आये और उन्होंने उसे अनुष्ठान बतलाया। छः महीने उसने अनुष्ठान किया।

वह जो कहता था—'मैंने पन्द्रह-बीस दिन इच्छाएँ छोड़ दी थीं, वह क्या सचमुच छोड़ सका था? यह उसका भ्रम था। ऐसे ही मनुष्यको भ्रम होता है कि 'मैं कुछ नहीं चाहता।'

अपनी इच्छाको ठीक-ठीक समझना चाहिए। उन्हें ठीक दिशा देना चाहिए। गंगाकी धाराको बाँधकर बन्द नहीं कर सकते; किन्तु बाँधकर मोड़ दे सकते हैं। नहीं तो बड़े-से-बड़े बाँधको धारा तोड़ देगी। सन् १९१६ में एक पर्वत गिरा वर्षामें और धौली-गंगाका प्रवाह रुक गया। थोड़े दिनोंमें पर्वतका बाँध तोड़कर पानी बहा तो ऋषिकेशका वह टीला जिसपर साधु रहते थे, बह गया।

ऐसे ही इच्छाएँ प्रकृतिकी धारामें बहती हैं। उन्हें सर्वथा रोक देना चाहोगे तो असफल होओगे। उनको बाँधकर मार्ग देना है। व्यक्तित्वमें जो 'अहं' है, उसे जड़से जोड़ोगे तो जड़ बनोगे। चेतन ब्रह्मसे जोड़कर चेतन बनोगे।

प्रकृतिकी धारा काम-कर्मसे युक्त है और काम-कर्म दोनोंसे विनिर्मुक्त है ब्रह्मस्वरूप। हमारी साधन-पद्धति ब्रह्मस्वरूपसे मिलाने-की पद्धति है। इसके लिए ऐसी रीति चाहिए जिसमें योग और संन्यास दोनों एक हो जाते हों।

'स संन्यासी च योगी च।'

कर्मफलपर अनाश्रित होना दोनोंमें है।

एक व्यक्ति नित्य सूर्यको नमस्कार करता था। उसका घर गलीमें था। वहाँ धूप नहीं पहुँचती थी। वह प्रार्थना करता था—'सूर्यभगवान् मेरे घरमें प्रकाश कर दो!'

ajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgao

C-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant

जब प्रार्थना नहीं पूरी हुई, उसने सूर्यको नमस्कार करना छोड़ दिया।

वस्तुतः जो समस्त जगत्को प्रकाशित करते हैं, उनके प्रति कृतज्ञ होना ही सूर्यनमस्कारका फल है।

मैं एक दिन स्वर्गाश्रममें गंगा-किनारे बैठा था। चाँदनी रात थी। एक मित्र पास आया और बोला—'स्वामीजी!' संसारमें किसीसे मेरी आसक्ति नहीं है। मुझे आनन्द चाहिए। इसके लिए आप जो आज्ञा करो, करूँगा। आप कहोगे तो विवाह भी कर सकता हूँ और कहोगे तो शरीर भी छोड़ सकता हूँ।'

मैं—'ईमानदारीसे कहते हो?'

वह—'पूरी ईमानदारीसे।'

मैं—'बैठ जाओ।' वह बैठ गया तो मैंने कहा—'यह आनन्द पानेकी इच्छा भी छोड़ दो।'

वह—'छोड़ दिया।'

अचानक उसके शरीरमें कम्प हुआ, नेत्रोंसे टपाटप आँसू गिरने लगे, रोमाञ्च हुआ, शरीरमें चमक आयी, वह समाधिस्थ हो गया। उठा तो बोला—'मैं समझ गया कि आनन्द कैसा होता है।'

इच्छाएँ ही आनन्दकी आच्छादिका हैं। अपने आनन्दस्वरूप पर इच्छाका ही पर्दा है। हमारे मनमें जो प्राप्तका तिरस्कार करके अप्राप्तका संकल्प है, वही हमारे जीवनको दुखी, अज्ञानी बनाये है। नित्यप्राप्त शुद्ध-बुद्ध-मुक्त और आत्मस्वरूपको त्यागकर अप्राप्त-को चाहनेका नाम ही मृत्यु है। यही असत्, अचित्, दुःख है।

●

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon

-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Gra

: २ :

• संगति

कर्मफलका आश्रय न लेकर जो कर्तव्य कर्म करता है, उसमें कामना—संकल्प नहीं है। यह संकल्पराहित्य ही संन्यासीमें और योगीमें भी होता है। अतः इसको 'स संन्यासी च योगी च' कहा गया है। यह बात अब स्पष्ट करते हैं—

> यं संन्यासमिति प्राहुर्योगं तं विद्धि पाण्डव।
> न ह्यसन्यस्तसंकल्पो योगी भवति कश्चन ॥ २ ॥

ajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgao

C-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant

अर्जुन ! जिसे संन्यास कहा जाता है, उसीको योग भी समझो; क्योंकि सङ्कल्पका त्याग किये विना कोई योगी नहीं होता।

'यं संन्यासमिति प्राहुर्योगं तं विद्धि' संन्यास और योग दोनों एक ही हैं। दोनोंमें संकल्पका संन्यास और आत्माका योग है।

जहाँ नित्य योगमें ही अयोगका भ्रम हो गया है, वहाँ केवल अयोगका भ्रम ही मिटना चाहिए।

'यं संन्यासं प्राहुः तं योगं विद्धि, यं योगं प्राहुः तं संन्यासं विद्धि उभयोरैकात्म्यात् ॥

विद्वान् महापुरुषोंने जिसे संन्यास कहा है, उसे योग समझो और जिसे योग कहा है, उसे संन्यास समझो; क्योंकि दोनों एक ही हैं। दोनोंमें एकात्मता है।

एक महात्मा थे बेख्वाहिश-वेपरवाह। पेड़के नीचे ध्यान करने बैठे थे। लघुशंका करने उठे। अब वे फिर उसी पेड़के नीचे लौट आयेंगे, यह पक्की बात नहीं हैं। किसीने खिला दिया तो खा लिया। जहाँ रात्रि हुई, सो गये।

येनकेनचिदाच्छन्नो येनकेनचिदाशितः।
यत्र क्वचन शायी च तं देवाः ब्राह्मणं विदुः ॥

जो मिला खा लिया, जो कपड़ा-टाट मिला पहन लिया, चाहे जहाँ सो रहे, देवता ऐसे निरपेक्षको ब्रह्मज्ञानी जानते हैं।

भोजन, शयन, आच्छादनके सम्बन्धमें अपना कोई संकल्प नहीं, यह संकल्पका संन्यास ही संन्यासीका लक्षण है।

कोई योगाभ्यास करने बैठा। मनमें कोई संकल्प उठा तो योग कैसा ?

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon

-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Gra

संकल्प केवल मन-ही-मन होता है या उसमें कोई विषय रहता है ? संकल्पमें विषय होगा। संकल्प निर्विषय नहीं होता। किसी-न-किसी विषयका संकल्प होगा। संकल्पवानकी स्थिति संकल्पके विषयमें है। मनुष्य वहाँ नहीं रहता, जहाँ उसका शरीर है। जहाँ उसका संकल्प रहता है, वहाँ वह रहता है। अब मनमें संकल्प रखो तो वृत्ति-निरोध कहाँसे होगा। वृत्ति कैसे एकाग्र होगी।

योगी समाधि लगाते हैं तो संकल्प करके बैठते हैं—'इतने दिनों-पर समाधि टूटे।' उतने दिनोंपर हो टूटती है। समाधिमें भी संकल्प बना रहता है। जैसे घड़ीमें अलार्म लगा दो तो वह समय-पर बजता है।

योगदर्शनमें मना किया है कि भजन करने बैठो तो भजनसे उठनेपर क्या काम करना है, इसका सङ्कल्प मत रखो। इसे प्रयत्न-शैथिल्य कहते हैं। यदि आप बादमें काम करनेका संकल्प रखेंगे तो भजनकालमें भी वही संकल्प बना रहेगा। अतः प्रयत्न-शैथिल्यके बिना भजनमें प्रगाढ़ता नहीं आती।

भगवान् कहते हैं—'आप कर्म भी कीजिये और योगी भी हो जाइये।'

उभय हाथ मुद मोदक मोरे।

गृहस्थाश्रम छोड़ना न पड़े, कर्म छोड़ना न पड़े और परमार्थका आनन्द आजाय। विश्राम हमारा बना रहे और समाधि हो जाय। इसके लिए मनमें जो संकल्प है, उसकी ओर ध्यान दो।

हम ईश्वरको बड़ी दुविधामें डाल देते हैं, जब उसे अपने सुझाव-पर सुझाव देने लगते हैं। यदि हम कहें—'ईश्वर! हमें सुख चाहिए' तो ईश्वरके पास सुखका अभाव नहीं है। वह तो सुखका समुद्र है।

ajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgao

C-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant

एक सज्जन वृन्दावन श्रीविहारीजीका दर्शन करने गये। प्रार्थना की—'मुझे सुख दीजिए; किन्तु सुख ऐसा चाहिए कि मेरी गोदमें पुत्र आजाय।'

विहारीजी चुप; क्योंकि अब तो प्रारब्ध देखना होगा कि इनको कर्मानुसार पुत्र मिलना है या नहीं।

वे बोले—'हमको तो कर्ममें हो या न हो, पुत्र दो, सब नियम तोड़कर दो।'

श्रीविहारीजी—'विचार करेंगे।'

वे—'विचार मत करो। वर्षके भीतर दो।'

अब उन्हें सुख तो चाहिए नहीं, उन्हें चाहिए पुत्र। इतने-से भी सन्तोष नहीं है। वे आगे कहते हैं—'पुत्र गोरा हो। बलवान् हो। हमारी सेवा करे। स्वस्थ रहे। कमाये और उसके भी पुत्र हो।'

श्रीविहारीजी सोचते हैं—'यह तो संसार मांग रहा है।'

इसीका नाम है संकल्प। एक महात्मा उन सज्जनको देख रहे थे। मनमें समझ गये। बोले—'तुम श्रीविहारीजीको अपना सेवक बनाना चाहते हो, यही तुम्हारे जीवनका दुःख है। तुम ईश्वरके संकल्पके अनुसार चलनेको प्रस्तुत नहीं हो।' अतः संकल्प छोड़े बिना कोई योगी नहीं होता!

एक सज्जन मेरे पास आये—'मुझे योगाभ्यास बतलाइए।'

मैं—'भगवन्नामका जप करो, यही योग है। योगका ही एक भेद मन्त्रयोग है।'

वे—'मुझे यह योग नहीं चाहिए।'

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon

-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Gra

मैं—'तब यह योग करो कि एक अहंका विन्दु है और तुम्हारे चारों ओर वृत्तियोंकी परिधियाँ हैं। तुम्हारे अहंकी स्फुरणासे सब वृत्तियाँ चमक रही हैं।'

वे—'यह योग भी नहीं चाहिए।'

मैं—'तब मिट्टीका पानीमें, पानीका आगमें, आगका हवामें, हवाका आकाशमें लय होनेका चिन्तन करो।'

वे—'यह योग भी नहीं चाहिए।'

मैं—'तब तुम्हें कौन-सा योग चाहिए?'

वे—'हमको वह योग वतलाइए जिसमें श्वासका नियन्त्रण किया जाता है।'

अर्थात् उन्हें हठयोग चाहिए था। मैंने कहा—'तुम कुर्सीपर वैठ जाओ और देखो कि सामने परमात्मा हँस रहा है।'

वे—'नहीं, यह भक्तियोग नहीं चाहिए। यह तो कल्पना है।'

अव उन्हें प्राणायामका व्यायाम चाहिए और उनका स्वास्थ्य, शरीर, आचरण प्राणायामका श्रम सहने योग्य है नहीं। ऐसे व्यक्तिको योगका ही पता नहीं है।

एक व्यक्तिने पूछा—'मैं भोजनपर नियन्त्रण कैसे करूँ?'

मैं—'घरमें आज क्या बनेगा, इसका आदेश कभी मत दो। जवतक थाली सामने न आजाय, पता मत करो कि आज क्या बना है। थाली सामने आजाय तो भगवान्‌का प्रसाद समझकर जो भोजन आया है, उसे खाओ।'

मनुस्मृतिने कहा है—

'भद्रं भद्रमिति ब्रूयाद्र भद्रमित्येव वासना।'

ajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgao

C-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant

अपने मुखसे भला ही बोलना चाहिए और मनसे भला ही सोचना चाहिए।

गौतमधर्मसूत्रमें एक सूत्र है—

'अभद्रं भद्रमिति ब्रूयात्।'

असंगलको 'यह भी मंगल है' ऐसा बोलो।

जबतक मनुष्य अपने मनको महत्ता देता रहेगा, तबतक दूसरेका मन उसका शत्रु बनकर उसे दुःख देता रहेगा। दूसरेको दुःख देनेवाली बात बोलना दुःसंकल्पसे आता है। दुःसंकल्प अपने-अपने आश्रयको ही पीड़ा देता है। अपने विषयको पीड़ा नहीं देता। दुर्वाणी अन्ततः वक्ताको ही कष्ट देती है।

दुःसंकल्प तो कष्ट देता ही है, सुसंकल्प भी कष्ट देता है। स्वर्णकी हथकड़ी-बेड़ी पहननी पड़े तो क्या कष्ट नहीं होगा? सुसंकल्प भी बाँधेगा ही। आप संकल्पके आश्रय हैं, असंबद्ध हैं। जब आप दूसरी वस्तुको चाहेंगे तब दृश्य विषयके साथ मन सम्बन्ध बनाकर आपको बाँध देगा। अतः संकल्पको छोड़ना है।

धर्म केवल बुरे संकल्पोंसे छुड़ाता है। प्रेम यह है कि प्रियतम के लिए उपयोगी संकल्प करो। अन्यके लिए संकल्प मत करो। किसीका बुरा या भला मत चाहो। अपने लिए भी संकल्प मत करो। यह भक्तियोग है।

'हरि सों जोरि सबन सों तोर्यो।'

केवल अपने स्वरूपमें स्थित होनेके लिए संकल्प करो, यह आत्मसंयमयोग है। मनको भी छोड़ अपनेमें बैठ जाना आत्मयोग है। आत्मा-परमात्माके भेदको छोड़ देना अस्पर्शयोग—परमार्थ-योग है कि वृत्तिका स्पर्श ही मत करो।

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon

-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Gra

जबतक कल्पनाके ताने-बानेको नहीं छोड़ोगे, तबतक संसारके जालमें फँसे रहोगे। अपनी कल्पना ही मायाके जालमें फँसाती है। कल्पना बहुधा असंगत होती है। जब एक अदृश्य-परोक्ष वस्तुके विषयमें हम कल्पना करते हैं तो हमारे मनकी शक्तिका अपव्यय होता है। अतः न कोई कल्पना करें और न किसी कल्पनाको अपने साथ जोड़ें। कर्म करते रहें निःसंकल्प होनेके लिए।

'न ह्यसंन्यस्तसंकल्पो योगी भवति कश्चन।'

आप संकल्प करते हो, संन्यास और संकल्प यदि परस्पर विरोधी नहीं होंगे तो संकल्पका संन्यास किये बिना कोई योगी या संन्यासी नहीं होता, यह बात कही नहीं जायगी।

यथोक्तान्यपि कर्माणि परिहाय द्विजोत्तमः।
आत्मज्ञाने शमे च स्याद् वेदाभ्यासे च यत्नवान्॥

—मनुस्मृति

सन्ध्या-हवनादि विहित कर्मोंको भी छोड़कर द्विजश्रेष्ठ (विरक्त अधिकारी) को चाहिए कि आत्मज्ञान, शान्तिसे बैठने और उपनिषदोंके अभ्यासका यत्न करे।

श्रीमद्भागवतमें आया है—

'न यतेराश्रमः प्रायः।' संन्यास आश्रम नहीं है। यह तो द्वैत-भ्रान्तिकी नितान्त निवृत्ति है।

सं=सम्यक्+कल्प=कल्पना। हमारे मनमें किसी वस्तुकी अच्छाई—'सम्यक्त्वकी कल्पनका नाम संकल्प है।'

एक महात्मासे किसीने कहा—'पहले लोग तपस्या करते थे तो उसमें बाधा देने अप्सराएँ आती थीं।'

ajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgao

C-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant

महात्मा—'वे तो अब भी आती हैं। मधुर कल्पनाएँ ही अप्सराएँ हैं। मधुर कल्पनामें वर्तमान खो जाता है। इनमें लगकर वर्तमान नष्ट हो गया।'

'जबतक विदेश न जायँ, अमुक वस्तु न मिले, अमुक पद न मिले, क्या सुख ?' यही संकल्प है। देशान्तर या कालान्तरमें सुख है, वस्त्वन्तरमें सुख है, अपनेमें सुख नहीं है, यह व्यापार बंद करो। अन्यमें सम्यक्त्वकी कल्पना ही संकल्प है। जिसने इसे त्याग दिया, वह स्वयं परमात्मा है। जिसने संकल्पका त्याग किया, वह संन्यासी भी है, योगी भी। अन्यमें सम्यक्त्वकी कल्पना करके अपनेको तुम हीन—अभावग्रस्त बना रहे हो।

जब ब्रह्म सर्वाधिष्ठान, सर्वस्वरूप, सबका आत्मा, सर्वत्र है तो उसका साधन सब कुछ क्यों नहीं है ? उसका साधन तो चलना, खाना, सब कुछ करना होना चाहिए ?

वस्तुतः जो वस्तु सर्वत्र, सर्वाधिष्ठान, सर्वरूप, सर्वातीत, सर्वावभासक होती है, वह केवल अज्ञानसे तिरोहित होती है। दूसरे किसी प्रकारसे वह तिरोहित नहीं होती। न पहचानने-से वह छिपी है, अतः ज्ञानसे ही वह जानी जाती है।

सनातनधर्मके ग्रन्थोंमें सब कुछ साधनके रूपमें वर्णित है—तीर्थयात्रा, प्रसाद-भोजन, देव-दर्शन। यह चलना, खाना, देखना ही तो है।

लेकिन जो सब कुछ है, वह अनमिला क्यों है ?

केवल न पहचानने-से। अतः पहचाननेकी तलवार ही साक्षात् साधन है। वह चाहे जैसे मिले। कश्मीरी शैवमतके प्रबल विद्वान् श्री अभिनवगुप्तपादाचार्य हुए हैं। वे तन्त्र, दर्शन, काव्य, सबके

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon

-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Gra

विद्वान् थे। वे कहते हैं—'योग सिंहासन है और संन्यास साम्राज्य-पदाभिषेक है। बिना सिंहासनके कोई राजा नहीं हो सकता, ऐसे ही बिना योगके कोई संन्यास नहीं कर सकता। अतः योग एवं संन्यासका नियत सम्बन्ध होना आवश्यक है।'

आप अपने प्रियतमसे मिलना चाहते हैं? रस-समुद्रमें गोता लगाना चाहते हैं? अनन्त चिदाकाशमें दृश्य-प्रपञ्च बाधित कर देना चाहते हैं? आप इनके लिए कोई भी साधन करेंगे तो थोड़ी निवृत्ति अपनानी पड़ेगी। प्रियतमसे मिलना है तो शत्रुसे मुख फेरना होगा। एक वस्तुको देखना है तो दूसरी ओरसे दृष्टि हटानी होगी। यह दृष्टि हटाना ही निवृत्ति है। जिसपर दृष्टि डाली गयी वह हुई प्रवृत्ति। कोई भी साधन प्रवृत्ति-निवृत्तिरूप दोनों पंखोंके बिना नहीं चल सकता। अतः बिना संन्यासके कोई साधन नहीं हो सकता।

यदि आपको धर्म करना है तो पापसे निवृत्ति और पुण्यमें प्रवृत्ति करनी होगी। भक्तियोग होगा जब प्रपञ्चसे निवृत्ति और ईश्वरमें प्रवृत्ति होगी। अनिष्टसे निवृत्ति ही संन्यास है और इष्टमें प्रवृत्ति ही योग है।

योगाभ्यास करना है तो क्लिष्ट वृत्तियों और अक्लिष्ट वृत्तियोंके विषयका त्यागकर स्वरूपमें अवस्थान करना होगा। इसमें दृश्यसे संन्यास और स्वरूपमें योग होगा।

योग स्थितिरूप है, संन्यास त्यागरूप है। योग एवं संन्यासमें विवाद नहीं है। दोनोंमें समन्वय है। साधनका अर्थ ही होता है असाधनसे निवृत्ति और साधनमें प्रवृत्ति। इसीलिए भगवान् कहते हैं—

यं संन्यासमिति प्राहुर्योगं तं विद्धि पाण्डव।

ajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgao

C-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant

पाण्डव अर्थात् आनुवंशिक शुद्धिसे युक्त पुरुष। 'पाण्डुः श्वेतः धवलः उज्ज्वलः।' जिसकी पण्डा अर्थात् बुद्धि सदसद्विवेकमें प्रबल है, वह पाण्डु है। अतः पाण्डव शब्दसे निर्मल जीवन एवं तीव्र सदसद्विवेकिनी बुद्धिसे सम्पन्न पुरुष सूचित है।

बुद्धि उज्वल-निर्मल है; किन्तु तीक्ष्ण नहीं है तो बात समझमें नहीं आवेगी। बुद्धि तीक्ष्ण है; किन्तु निर्मल नहीं है तो वह परमात्मतत्त्वमें लगेगी नहीं। अतः बुद्धि उज्वल और तीक्ष्ण होनी चाहिए। उसमें सत्त्वगुणकी उज्वलता हो और तीक्ष्णता भी हो। योग बुद्धिको उज्वल करता है और संन्यास तीक्ष्ण करता है। दोनों मिलकर बुद्धिको लक्ष्यवेधके उपयुक्त बनाते हैं।

भगवान् अर्जुनको पाण्डव कहते हैं अर्थात् 'तुम सीधे धवल तथा तीक्ष्णबुद्धि हो' यह सूचित करते हैं।

'न ह्यसंन्यस्तसंकल्पो योगी भवति कश्चन।'

कर्मसंन्यास, भोगसंन्यास, गृहसंन्यास तो पीछे होगा, पहले संकल्प-संन्यास करना होगा।

'सम्यग् रज्वां सर्पादिप्रत्ययवत् कल्प्यन्ते प्रपञ्चप्रत्ययाः यस्मिन्।'

जैसे रस्सीमें सर्पादिके प्रत्यय उदित होते हैं, वैसे ही शुद्ध परम-ब्रह्म परमात्मामें यह प्रपञ्चका जो उत्थान हो रहा है, इसका नाम संकल्प है।

परमब्रह्म परमात्मामें प्रतीत होनेवाले निखिल प्रपंचका परित्याग कर दो, यह संन्यास है। आपके ज्ञानमें जो बाहरसे आयी वस्तु है, वह प्रत्यय है, उसे छोड़ दीजिए। ज्ञान आपका स्वरूप है। इन्द्रियोंने बाहरसे उठाकर कुछ कूड़ा आपके ज्ञानमें डाला है।

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon

-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Gra

पञ्च नद्यः सरस्वतीमपियन्ति सस्रोतसः सरस्वती तु पञ्चध सो देशे भवत् सरित् ।'

आपका हृदय पंजाब बन गया है। ये पाँच ज्ञानेन्द्रियरूपी नदियाँ हैं। ये बाहरसे कूड़ा—शब्द, स्पर्श, रूप, रस, गन्ध लाकर हृदयमें डालती हैं। इन शब्दादिकी जातियाँ और इनके अभावकी संवित् भी डाली हैं। इनसे होनेवाले सुख-दुःख, इन सुख-दुःखोंके अभाव, यह सब कूड़ा है। इनको छोड़कर देखिए तो आपके ज्ञानमें कहाँ देश, कहाँ काल, कहाँ वस्तु, कहाँ सजातीय, कहाँ विजातीय, कहाँ स्व-गत है।

ज्ञानस्वरूपमखिलं निर्मलं परमार्थतः।

'न ह्यसंन्यस्तसंकल्पो योगी भवति' आप योगी होंगे तो वृत्ति निरोध करना पड़ेगा या नहीं? संन्यासी होंगे तो विषय-विषयक संकल्पोंका संन्यास करना पड़ेगा या नहीं? तब योग और संन्यासमें भेद कहाँ रहा? व्यवहारका लोप नहीं हुआ, नीलिमा ज्यों-की-त्यों हैं; किन्तु आकाश अखण्ड, स्वच्छ है।

संकल्पमें जो विषय हैं, उसका संन्यास करना पड़ता है संन्यासी को। विषयका संन्यास होनेपर संकल्प नहीं रहता, ज्ञानमात्र हो जाता है।

योगीको भिन्न-भिन्न वृत्तियोंका निरोध करना पड़ता है जबतक वृत्तियोंमें विषय रहेंगे, तबतक उनका निरोध कैसे होगा अतः योगी और संन्यासी दोनों कहीं-न-कहीं एक भूमिकामें हैं।

भगवान् कहते हैं—'अर्जुन! समझ लो कि एक ऐसा स्थान है जहाँ गृहस्थ-संन्यासीका भेद नहीं रह जाता। वह ज्ञानका स्थान है। वहाँ कर्मयोग और संन्यासमें भेद नहीं है।'

ajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgao

-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Gra

जन्म-मरण आपको प्राप्त हुआ; क्योंकि आप कालके पञ्जेमें आ गये। लोक-परलोक आपको प्राप्त हुआ, क्योंकि आप देशके पञ्जेमें आ गये। आपका संकल्प बिखर गया; क्योंकि आप वस्तुओं-के पंजोंमें आ गये। जहाँ आप ज्ञानस्वरूप हैं—न वस्तुओंके पञ्जोंमें हैं, न स्थानके, न कालके, वहाँ आप अद्वितीय हैं।

संकल्पमें ही कामका निवास है। यहाँ भगवान्ने कामके बापका नाम लिया है—

'सङ्कल्पप्रभवान् कामान् त्यक्त्वा सर्वानशेषतः।
सङ्कल्पमूलः कामो वै यज्ञाः सङ्कल्पसम्भवाः॥'

सङ्कल्पसे कामकी उत्पत्ति होती है। महाभारतमें एक काम-गीता है। उसका नाम मंकिगीता है। यह शान्तिपर्वमें है। उसमें महात्माने कामको ललकारा—

काम जानामि ते मूलं सङ्कल्पात्किल जायसे।
न त्वां सङ्कल्पयिष्यामि तेन मे न भविष्यसि॥

काम! मैं तेरी जड़ जानता हूँ। तू संकल्पसे उत्पन्न होता है। मैं तेरे विषयमें संकल्प ही नहीं करूँगा, इससे तू मेरे चित्तमें उदित नहीं हो सकेगा।

संकल्प कहाँसे आता है? जब हम संसारमें किसी वस्तुको अच्छी और अपने लिए सुखदायक—हितकारी समझते हैं, तब इस सम्यक्त्वकी कल्पनामें-से संकल्पका उदय होता है।

वस्तुनिष्ठ गुण-दोष माननेवाला संकल्पसे मुक्त नहीं होगा। जब संकल्पनिष्ठ गुण-दोष मानेगा, तब संकल्पसे मुक्त होगा। वैज्ञानिक संकल्पसे मुक्त नहीं होगा, तत्त्वज्ञ संकल्पसे मुक्त होगा।

ajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgao

-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Gra

: ३ :

• संगति

अव यह योग अभी नहीं मिला तो ? उसके लिए भगवान् साधन-सोपान वतलाते हैं, क्योंकि गीता पौरुषवादी शास्त्र है, प्रारब्धवादी शास्त्र नहीं है।

एकसे पूछा 'ईश्वर-प्राप्तिके लिए कुछ साधन-भजन करते हो ?

वे वोले—'प्रारब्धमें होगा तो ईश्वर स्वयं मिलेगा।'

प्रारब्ध भी तो करनेसे वनता है। पूर्वजन्ममें साधन किया होगा, तब न प्रारब्ध वनेगा ? प्रारब्धसे संसारका सुख-दुःख मिलता है।

कर्मसे जो वस्तु वनती है, वह विगड़ जाती है। प्रारब्धसे परमात्मा की प्राप्ति नहीं होती। पूर्वजन्मके कर्मानुसार जो ग्रह कुण्डलीमें पड़े हैं वे प्रारब्धके सूचक हो सकते हैं। गोचरके ग्रह उत्पातके सूचक होते हैं।

ajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgao

-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Gra

ये सूचना मात्र देते हैं। परमात्मा अपने आप मिलेगा, यह मानना तो प्रमाद है।

तुम धन, भोग, सम्मानके लिए तो काम करना चाहते हो; किन्तु परमेश्वरकी प्राप्तिके लिए साधन-भजन नहीं करना चाहते।

परमात्माकी प्राप्ति न प्रारब्धसे होगी, न ग्रहसे, न अपने आप। जिस वस्तुको हम पाना चाहते हैं, उसके लिए प्रयत्न करना पड़ता है।

गंगामें तैरनेवाले मल्लाहोंको पता होता है कि यदि हम इस धारामें पड़ जायँ तो यह हमें किनारे लगा देगी; किन्तु थोड़ा किनारेसे तैरकर उस धारामें अपनेको डालना होता है। धाराकी पहचान होनी चाहिए और उस धारातक तैर कर जाना चाहिए।

शुभाशुभाभ्यां मार्गाभ्यां वहन्ती वासनासरित्।
पौरुषेण प्रयत्नेन योजनीया शुभे पथि॥

वासनाकी धारा शुभ और अशुभ दोनों मार्गोंसे वहती है, अतः प्रबल प्रयत्नसे इसे शुभ मार्गमें लगाना चाहिए।

भगवान्‌ने गीताके प्रारम्भमें ही कहा—

क्लैब्यं मा स्म गमः पार्थ!

अर्जुन! नपुंसक मत बन! जो ईश्वर प्राप्तिके लिए पहल ही न करे, वह क्लीब है। हाथपर हाथ धरकर बैठ जाना न जिज्ञासुका लक्षण है, न भक्तका। उसे तो—

हस्तैर्हस्तान् समापीड्य दन्तैर्दन्तान् विचूर्ण्य च।

हाथसे हाथ मसल कर, दाँतोंसे दाँत पीसकर अर्थात् पूरे प्रयत्नसे—प्राणपणसे लगना चाहिए।

गीता पौरुषका—साधन-भजनमें लगानेका ग्रन्थ है। भगवान्‌ने कहा—

ajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgao

-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Gra

नियतं कुरु कर्म त्वं कर्म ज्यायो ह्यकर्मणः ।

निश्चित रूपसे तुम कर्म करों । निकम्मे रहनेकी अपेक्षा कर्म करना श्रेष्ठ है ।

जैसे ईश्वर निरन्तर पौरुष करता है, वैसे ही साधक भी—जीव भी निरन्तर पौरुषकर परमेश्वरकी ओर चले ।

जो मैल अन्तःकरणमें लगा है, वह कर्मके विना नहीं छूटेगा । मोकलपुरके वावा कहते थे—'लोटा मैला है तो मिट्टी, पानी, घास डालकर रगड़ो और धोओ ।'

क्या हमारे कर्ममें इतनी शक्ति है कि उससे परमेश्वर मिल जाय?

कर्ममें इतनी शक्ति नहीं है । मैं कर्मयोगी महात्माओंसे बहुत मिला हूँ । उनसे मैंने पूछा है—'हम अल्पशक्ति, अल्पज्ञान, अल्पसंकल्प, अल्पकरण जो अल्प प्रयत्न कर सकेंगे, उससे अनन्त परमात्माकी प्राप्ति कैसे होगी ?'

वे बोले—'पण्डित जी ! सगुण सिद्धान्तमें जवतक परमात्मा आत्मत्वेन अज्ञात है, तवतक उसे सगुण जानते हैं या नहीं ? आपके अल्पज्ञान, अल्पशक्ति, अल्पसंकल्प, अल्पकरणसे हुए अल्पकर्मसे परमात्माकी प्राप्ति नहीं हो सकती, यह तो ठीक है; किन्तु जब परमात्मा देखेगा कि यह मेरी प्राप्तिका प्रयत्न कर रहा है, छटपटा रहा है, तव वह परमात्मा प्रसन्न होकर क्या आपके सामने अपनेको अभिव्यक्त नहीं कर सकता ?'

मच्चित्ता मद्गतप्राणा बोधयन्तः परस्परम् ।
कथयन्तश्च मां नित्यं तुष्यन्ति च रमन्ति च ।।
तेषां सततयुक्तानां भजतां प्रीतिपूर्वकम् ।
ददामि बुद्धियोगं तं येन मामुपयान्ति ते ।।

× × ×

ajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgao

-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Gra

तेषामेवानुकम्पार्थमहमज्ञानजं तमः ।
नाशयाम्यात्मभावस्थो ज्ञानदीपेन भास्वता ॥

× × ×

भगवान् कहते हैं—'जो मुझमें चित्त लगाये हैं, जिनके प्राण मुझमें लगे हैं, परस्पर एक दूसरेको मेरे सम्बन्धमें समझाते हैं, मेरी कथा कहते हैं, मुझसे ही सन्तुष्ट रहते और मुझमें ही रति रखते हैं उन निरन्तर लगे हुए, प्रीतिपूर्वक भजन करनेवालोंको मैं वह बुद्धियोग देता हूँ, जिससे वे मुझे प्राप्त कर लेते हैं ।'

'उन मद्गतप्राण' लोगोंपर कृपा करनेके लिए उनके आत्मभावमें स्थित मैं ज्योतिर्मय ज्ञानप्रदीपसे उनके अज्ञानान्धकारको नष्ट कर देता हूँ ।'

सुदामा अपने घरसे द्वारिकाको चले । भगवान्ने देखा कि यह दुबला ब्राह्मण लाठी टेकते चल रहा है । साठ कोस चलनेमें तो मर ही जायगा, तो कृपा की । सुदामा एक वृक्षके नीचे विश्राम करने बैठे । तनिक झपकी आ गयी । नेत्र खोलकर देखते हैं तो द्वारिकापुरी पहुँच गये हैं ।

नन्हा बालक माताकी गोदमें जानेको हाथ उठाता है, रोता है । उसमें माँकी गोदमें चले जानेकी सामर्थ्य नहीं है; किन्तु माँमें तो सामर्थ्य है कि बच्चेको गोदमें उठा ले ।

कर्ममें सामर्थ्य नहीं है ईश्वरतक पहुंचानेकी; पर जब ईश्वर देखता है कि यह जीव हमारे उन्मुख हुआ तो ईश्वर ही कृपा करके जीवके साधनको परिपूर्ण कर देता है । अतः आप अपने कर्मकी अल्पता मत देखो । भगवान्के महान् अनुग्रहको देखो ।

तुम चलो ईश्वरकी ओर एक पद तो ईश्वर भी तो तुम्हारी ओर एक पद चलेगा । तुम्हारा पद छोटा है; किन्तु ईश्वरका एक पद तो सम्पूर्ण

ajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgao

-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Gra

दूरी समाप्त कर देगा। अतः गीतका कहना है कि तुम ईश्वरकी प्राप्तिके लिए कुछ करो।

ये भजन्ति तु मां भक्त्या मयि ते तेषु चाप्यहम्।

'जो भक्तिपूर्वक मेरा भजन करते हैं, वे मुझमें स्थित हैं और मैं भी उनमें हूँ।'

हमारा कर्म ईश्वर-प्राप्तिका साधन बनता है। यदि ईश्वर 'तत्' पदार्थ है तो हमारे निष्काम शुभ कर्मसे ईश्वरका प्रसाद प्राप्त होगा और वह स्वयं अनुग्रह करके मिलेगा। यदि हम 'तत्'पदार्थके लिए कर्म न करें, निष्काम-भावसे कर्म करें तो हमारा अन्तःकरण शुद्ध होगा और हम अपने स्वरूपमें स्थित हो जायँगे।

इस प्रकार निष्काम कर्मके दो स्वरूप होते हैं। ईश्वरके लिए करो तो ईश्वर मिलेगा और निष्काम भावसे करो तो कर्म तुम्हें कहीं नहीं ले जायगा। जहाँ हो वहीं बैठा देगा—स्वरूपस्थ कर देगा।

आरुरुक्षोर्मुनेर्योगं कर्म कारणमुच्यते।
योगारूढस्य तस्यैव शमः कारणमुच्यते॥ ३॥

जो मुनि योगमें आरूढ़ होना चाहता है—उसके लिए कर्म कारण—साधन कहा गया है और जो आरूढ़ हो गया है, उसके लिए वही विश्राम का कारण कहा गया है।

जब सीढ़ी पर चढ़ना होता है, तब क्रमशः पैर रख-रखकर चढ़ते हैं। ऊपर चढ़ना है तो कर्म करके क्रमशः चढ़ोगे। चढ़ चुके तो बैठकर विश्राम करोगे।

कर्म शरीरसे होता है। जो मनमें आता है, वह स्वप्नके समान है। उसे बहुत महत्त्व नहीं देना चाहिए। दुखी वे होते हैं जो मनमें आयी बातको वज्रकी लीक समझ लेते हैं।

ajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgao

-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Gra

ईश्वर भी सृष्टि बनाता है तो फिर मिटा देता है। समय बदल रहा है, सृष्टिमें परिवर्तन हो रहा है, इसी प्रकार तुम्हारे मनमें परिवर्तन हो रहा है। इसे होने दो, हठ मत करो। परमात्मदेवकी सृष्टिमें अपने संकल्पको पकड़कर रखना, एक शैतानको पकड़कर अपने घरमें रखना है। आग्रह पापग्रह है।

'जैसे राखो तैसेहि रहिहौं।'

एक बच्चा घरमें बैठा प्रार्थना कर रहा था—'हे भगवान्! जापानकी राजधानी हांगकांग कर दो!'

माताने पूछा—'यह क्या प्रार्थना करता है? जापानकी राजधानी पूछा गया था। मुझे टोकियो याद नहीं आया। मैं हांगकांग लिख आया हूँ।'

ये सब मनुष्य उस बच्चे जैसे ही हैं जो कहते हैं—'भगवान्! हमने जो सोचा, जो कहा—वैसा ही कर दो।'

'आरुरुक्षोर्मुनेर्योगम्'—दुःख होता हुआ भी हमें छू न सके, इस कलाका नाम योग है। यदि ऐसे योगपर आरोहणकी इच्छा है, योगके पारमेष्ठ्यपदपर पहुँचनेकी चाह है, विषयमें स्थिति, इन्द्रियमें स्थिति, अन्तःकरणमें स्थिति, ज्ञातामें स्थितिसे ऊपर उठकर वृत्तिनिरोध होकर द्रष्टाको स्वरूपमें स्थित होना है तो प्रयत्न करना होगा। आरूढ़का अर्थ है निवृत्ति-क्रमसे अपने स्वरूपमें बैठना।

जैसे तुम अवरूढ़ हुए हो, उसी क्रमसे आरूढ़ हो जाओ। तुम नित्य शुद्ध-बुद्ध मुक्त आत्मा हो। अन्तःकरणमें प्रवेश करके तुम मनमें आये, मनसे इन्द्रियोंमें, इन्द्रियोंसे देहमें, देहसे विषयमें आकर बहुत नीचे उतर आये। इसीके विपरीत क्रमसे आरोहण करो।

ajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgao

-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Gra

तब क्या ऐसे लोग योजना बनाते होंगे ?

योजना बनाना प्रपञ्चमें सत्यत्व-बुद्धिका लक्षण है। वे योजना नहीं बनाते।

'सर्वसंकल्पसंन्यासी' भगवान्‌की ओरसे जो किरण आ रही है, उसीका आदर करो। भगवान्‌की ओरसे सन्मयी, चिन्मयी आनन्दमयी रश्मिमाला निरन्तर उतर रही है, उसका आदर करो।

कर्मासक्ति अर्थात् हम इस कामको पूरा करके छोड़ेंगे, यह अपने हाथमें नहीं है। उनके लिए काल, शक्ति, सहायक, साधन चाहिए। इस समय हम कर रहे हैं, अपना समय हम ठीक-ठीक लगा रहे हैं इतना पर्याप्त है।

एकको मिठाई बहुत प्रिय थी। उसे रोग हुआ। लोगोंने मना किया तो वह बोला—'हम भले मर जायँ पर मिठाई खाना तो नहीं छोड़ सकते।' यह भोगासक्ति है।

'हम न शास्त्र जानते, न गुरु। हम यह काम अवश्य करेंगे।' इसका नाम है कर्मासक्ति।

संकल्पसे मनुष्य संकल्पवान् बनता है। संकल्प कर्म या भोगका ही होता है। सर्वसंकल्प-संन्यासका यह अर्थ नहीं है कि मनमें कोई कल्पना ही न उठे। कल्पनामें आसक्ति नहीं होनी चाहिए।

वस्तु-विशेष, भोग-विशेष, व्यक्ति-विशेषमें जो हम लोगोंकी आसक्ति हो जाती है, वह कहती है कि 'मनमें मैल लगा है। इसे छुड़ानेकी आवश्यकता है।' मन इन आसक्तियोंसे छूट गया, हम अपने रूपमें बैठ गये। तब—'योगारूढस्तदोच्यते।'

●

ajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgao

-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Gra

: ५ :

• संगति

योगारूढ होनेके लिए साधकको स्वयं तत्पर होना चाहिए।

उद्धरेदात्मनात्मानं नात्मानमवसादयेत्।
आत्मैव ह्यात्मनो बन्धुरात्मैव रिपुरात्मनः ॥ ५ ॥

अपने आप अपना उद्धार करे। अपनेको गिरावे नहीं; क्योंकि मनुष्य स्वयं अपना वन्धु है और स्वयं अपना शत्रु भी है।

'उद्धरेदात्मनाऽऽत्मानम्'—जब तुम स्वयं चाहोगे तब इस कीचड़से उठ सकोगे। यदि स्वयं नहीं चाहते हो और दूसरा कहेगा तो कहोगे—'तुम हमारी आलोचना करते हो? हमारे दोष देखते हो?'

जब संसारमें भोगासक्ति, कर्मासक्ति, पदार्थासक्ति, व्यक्त्यासक्ति हो जाती है, तब मनुष्यको बतलाया भी नहीं जा सकता। वह स्वयं बचना चाहेगा तभी बच सकेगा।

उद्धरेद्—उत्कृष्य हरेद् अर्थात् स्वयंको ऊपर उठावे। मैंने महात्माओंसे सुना था—'जो स्वयं अपनी सहायता नहीं करता, दूसरा कोई उसकी सहायता नहीं कर सकता।'

अपने उद्धारके लिए परावलम्बनका जीवन व्यतीत नहीं करना चाहिए। तुम जीभ न हिलाओ, हाथ न हिलाओ और दूसरेसे

ajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgao

-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Gra

कहो—'आप हमारा उद्धार कर दो !' इसमें तो तुमने अपने शरीर
बैठे भगवान्‌को निष्क्रिय कर दिया। तभी तो दूसरेसे आ
करते हो।

क्योंकि मैंने बिना पढ़े परीक्षा देनेका फार्म भर दिया था, मे
गुरुजीने मेरी कापीमें यह पहली बात लिखी—

'श्रमो विधेयो भवता तितीर्षुणा
सुदुस्तरं वारिधिमन्तरातरिम्।
आलस्यमुत्सार्य समाश्रयेस्तथा
विदां धियां नीतिमतां च दक्षताम्॥'

यदि तुम बिना नौकाके सुदुस्तर समुद्रको पार करना चाहते
हो तो तुम्हें परिश्रम करना चाहिए तथा आलस्य त्यागकर विद्वानों
की बुद्धि एवं नीतिज्ञोंकी दक्षताका आश्रय भली प्रकार ग्रहण करना
चाहिए।

उद्धरेद्—इसमें एक 'धृ' धातु है और एक 'हृ' धातु है।
उत् उपसर्ग जुड़नेपर उत्+हरेत् और उत्+धरेत् इन दोनों
प्रकारसे उद्धरेत् पद बनता है।

ऐसा लगता है कि तुम कहीं दूसरेके हाथमें पड़ गये हो, वहाँसे
अपनेको छीन लो।

ऐसा लगता है कि तुम कहीं गड्ढेमें गिर गये हो, वहाँसे अपनेको
निकाल लो।

उद्धरेत्—ऊर्ध्वं हरेत्—अपनी वृत्तिको निम्न इन्द्रियोंमें मत
जाने दो। वृत्तिको ऊपर उठाकर अपनेको बुद्धिके साथ जोड़ो।

यदि आप वस्तुका अवलम्बन लेंगे तो वह वस्तु आपको कभी
मिलेगी, कभी नहीं मिलेगी। यदि व्यक्तिका आलम्बन लेंगे तो

ajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgao

C-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant

उससे वियोग अथवा अनबन हो सकती है। अतः वस्तु या व्यक्तिका सहारा न लें।

एक व्यक्ति ध्यान करने बैठते थे तो मुखमें मिश्रीकी डली रख लेते थे। एक दिन मिश्री नहीं मिली तो ध्यान लगे ही नहीं।

क्रियामें भी पराधीन नहीं होना चाहिए। एक सज्जन ध्यान करते समय झूमते थे। एकने मना किया। वे स्थिर बैठ तो गये; किन्तु ध्यानमें आनन्द नहीं आया।

अतः अपनेको स्थान, वस्तु, व्यक्ति या क्रियाके पराधीन नहीं करना चाहिए। अमुक स्थानपर बैठेंगे तब ध्यान लगेगा, अमुक कालमें बैठेंगे तभी ध्यान लगेगा, इसकी भी पराधीनता नहीं होनी चाहिए। तुम जब, जहाँ, जैसे हो, वैसे ध्यान कर सको।

दिलके आईने में है तस्वीरे यार।
जब जरा गर्दन झुकाई देख ली॥

'आत्मनात्मानम्'—अपने शरीरसे, अपनी इन्द्रियोंसे, अपने मनसे, अपनी बुद्धिसे अपना काम करो। जहाँ गिरे हो, वहाँसे अपनेको उठाओ। दूसरेकी सहायता लिये बिना उठाओ।

उद्धरेत्में धृ धातु धर्म ही है। 'धर्मे सर्वं प्रतिष्ठितम्।' अतः 'उद्धरेत्' अर्थात् 'धर्मात्मा भवेत्'।

दूसरेको दुःख देना, दूसरेके जीवनमें, ज्ञानमें, आनन्दमें बाधा डालना तथा अपने जीवनमें, ज्ञानमें, आनन्दमें बाधा डालना, इसीका नाम है अधर्म। अपने तथा दूसरेके जीवनमें, ज्ञानमें, आनन्दमें हेतु होनेका नाम धर्म है। जब तुम अपनेको दूसरेपर छोड़ देते हो, तब तो वे तुम्हें अपने मनके अनुसार चलावेंगे। अतः स्वयं धर्मात्मा बनो।

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon

-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Gra

अपनेको काल-धाराका साक्षी बना दो। किसी स्थानमें अपने बन्दी मत करो। यदि तुम कालके खिलौने बन जाओगे या कि स्थानमें बन्दी या विषयासक्त बनोगे तो अपनेको अवसन्न करोगे।

'नात्मानमवसादयेत्'—अपने जीवनको अवसन्न मत करो।

'षद्लृ विशरणगत्यवसादने।'

अवसादनमें तीन बाते हैं—

१. अपनेको विशीर्ण मत करो—बिखेरो मत। 'थोड़ा य चाहिए, थोड़ा वह चाहिए' इस प्रकार अपनेको थोड़ा-थोड़ा बां मत। 'नावकीर्येत वाङ्मनः।'

मन-वाणीको बिखेरे नहीं। मन अपने हाथमें नहीं है, चाहे सोचता है। वाणी अपने वशमें नहीं, चाहे जो बोल देते हैं। ह अपने नियन्त्रणमें नहीं, चाहे जो करने लगता है। यह साधन जीवन नहीं है। अपना मन, अपनी वाणी विकीर्ण न हो।

२. नरक-स्वर्गमें आना-जाना भी अवसादन ही है। सद्भाव त्रुटि होनेसे विकिरण होता है और चिद्भावमें त्रुटि होनेसे गमन गमन होता है।

३. अवसादनका अर्थ है अपनेको दुःखी करना। यह आनन्द भावके विपरीत है। तुम सद्भाव, चिद्भाव, आनन्दभावसे सम्प हो। इससे जब अपनेको गिराते हो तब अवसादन कर देते हैं अपनेको उत्सन्न–अवसन्न–विषण्ण मत करो। प्रसन्न निर्मल रहो।

धर्मका सार है देहाभिमानको विश्वात्मासे एक करना। तै सात्माको हिरण्यगर्भके साथ एक करना भक्तिका सार है

ajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgao

C-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant

प्रज्ञात्माको ईश्वरात्मासे एक करना योगका सार है। तुरीयात्माका तुरीय ब्रह्मसे ऐक्यबोध करना ज्ञानका सार है।

यह साढ़े तीन हाथका शरीर जो हड्डी, मांस, मेद, रक्तादिका चमड़ेसे ढका ढाँचा है, इसमें कर लिया 'मैं', कुछ इसको और कुछ इससे सम्बन्धित वस्तु-व्यक्तियोंको 'मेरा' कर लिया, यह हो गया अवसादन। इससे उद्धारका अर्थ है देह और देहके सम्बन्धमें जो मैं-मेरा है, उसे उठाकर सप्ताङ्ग एकोनविंशतिमुख जो विराडात्मा है, उसके साथ एक करो।

'अहमेवेदं सर्वम्।'

यह अपना उद्धार होगा। देह और देहके सम्बन्धियोंमें 'मैं-मेरा' करनेसे जो जीवनमें पक्षपात—क्रूरता आगयी है, उससे उठना है। अतः धर्मका पहला पाद है कि विश्वात्मासे एक हो जाओ तब सबके हितमें अपना हित, सबके सुखमें अपना सुख, सबके स्वार्थमें अपना स्वार्थ हो जायगा। इसमें न प्रान्तीयता है—न जातीयता, न साम्प्रदायिकता—न राष्ट्रीयता और न ब्रह्माण्डता। अपनेको विराडात्मासे एक करनेमें जो व्यक्तिगत धर्म सहायक है, वह धर्म हमारा। जो इसमें बाधक है, वह धर्म नहीं है।

'धर्मबाधो विधर्मः स्यात्।'

अपने धर्ममें जो बाधा दे, वह विधर्म है और विधर्म तो अधम ही होता है।

'आत्मैवात्मनो बन्धुः' हि—यतः—क्योंकि आत्मा ही आत्माका हितकारी है। यह आत्मा शब्द यहाँ विश्वात्मा, तैजसात्मा, प्रज्ञात्मा, तुरीयात्मा सबका बोधक है।

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon

-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Gra

जो हाथसे करता, पाँवसे चलता, त्वचासे छूता, जी
बोलता, कानसे सुनता, आँखसे देखता, देहमें बैठा है,
विश्वात्मा है।

बन्धु वह है जो प्रत्युपकारकी अपेक्षा किये बिना सहाय
करे।

'बन्धनाद् बन्धुः' जो अपने उपकारसे बाँध ले वह बन्धु।
सेवा, सौहार्द्र, प्रेमसे बाँध ले वह बन्धु।

हमारा हितकारी कौन है? जब तुम स्वयं अपना हित करने
उद्यत होगे, तब तुम्हारा हित होगा। जो स्वयं अपना हित करने
उद्यत नहीं, उसका हित दूसरा कर नहीं सकता।

अपना अहित कब होता है? जब हम पराधीन होते हैं। प
धीनता व्यक्तिकी होती है, वस्तुकी होती है, क्रियाकी होती है
शरीरको ऐसा अभ्यास नहीं डालना चाहिए कि हम अमुक वस्
विना रह न सकें।

'आत्मैव रिपुरात्मनः'—मनुष्य स्वयं अपना शत्रु है।
हम कोई गलत काम करते-करते उसे अभ्यास बना लेते हैं तो
हमें विवश करता है।

विकार स्वयं होते हैं और संस्कार करना पड़ता है। पसी
स्वयं आता है; किन्तु उसे धोना पड़ता है। देखना है कि तुम स्व
अपने विषयमें कितने सावधान हो। जो संस्कार नहीं करता औ
अपने विषयमें सावधान नहीं है, वह स्वयं अपनी हानि क
लेता है।

●

ajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgao

C-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant

: ६ :

● संगति

अब बतलाया जा रहा है कि किसका आत्मा अपना बन्धु है और किसका आत्मा अपना शत्रु है।

बन्धुरात्मात्मनस्तस्य येनात्मैवात्मना जितः ।
अनात्मनस्तु शत्रुत्वे वर्तेतात्मैव शत्रुवत् ।। ६ ।।

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon

-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Gra

जिसने अपने आपसे अपने आपको जीत लिया, उसका आत्मा अपना बन्धु है और न जीता हुआ आत्मा ही अपने शत्रुके समान वर्ता करता है।

'येनात्मैवात्मना जितः'—जिसने स्वयं अपने शरीर, मन इन्द्रियोंको अपने नियन्त्रण में ले लिया, वह अपना हितकारी बन्धु है।

'अनात्मनस्तु शत्रुत्वे वर्तेत'—जिसने अपने आपको नियन्त्रण में नहीं लिया, उसका जीवन स्वयं उसके लिए शत्रु हो जाता है।

यह अपनेको नियन्त्रित करना बहुत कठिन है।

'अति ही कठिन है निगम-पथ चलिबो।'

आशा रखो। निराश मत हो। प्रयत्न करते रहो। अभ्याससे क्या साध्य नहीं है?

एक सत्पुरुष थे। उनके घर भैंस ने बच्चा दिया। उस दि उस बच्चेको उन्होंने गोदमें उठाया। तभी उनके मनमें आया—'इसे प्रतिदिन उठावेंगे।'

अब वे प्रतिदिन उस बच्चेको गोदमें उठाने लगे। बच्चेको अभ्यास हो गया। वह उनके उठानेमें बाधा नहीं देता था। बढ़ते बढ़ते बच्चा भैंस बन गया; किन्तु वे उसे प्रतिदिन उठाते अतः भैंस बन जाने पर भी उठा लेते थे। यह शक्ति उनमें प्रतिदि अभ्यास करनेसे आई। अतः जीवनमें अभ्यासकी आवश्यकता है।

'देह मैं हूँ' यह भी एक अभ्यास ही है। अभ्यासका अर्थ दुहराना। एक काम—एक चिन्तन बिना अन्तर डाले दीर्घका तक सत्कार-बुद्धिसे दुहराते रहनेसे जीवनका अंग बन जाता है।

ajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgao

-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Gra

: ७ :

• संगति

एक लड़केकी सगायी एक लड़कीसे होनी थी। लड़केने चुपकेसे एक दिन देखा कि कोई जरा-सा दुःख पड़ा तो वह लड़की चिल्का-चिल्लाकर रो रही है। लड़के के मनमें आया—'यह मेरे घर आवेगी तो ऐसे ही रोवेगी।' एक दिन उसे किसी छोटी बातपर झगड़ते भी उसने देख लिया। फलतः उस लड़कीसे विवाह करना उसने अस्वीकार कर दिया।

आप चाहते हैं कि परमात्मा आपको पसन्द करे तो आपके जीवनमें सद्गुण आने चाहिए।

ajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgao

-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Gra

कहा यह गया कि 'बन्धुरात्मात्मनस्तस्य येनात्मैवात्मना जित:' अब बतला रहे हैं कि इस प्रकार अपने आपसे अपने आपको नियन्त्रणमें ले लेनेसे क्या स्थिति होती है ?

जितात्मनः प्रशान्तस्य परमात्मा समाहितः ।
शीतोष्णसुखदुःखेषु तथा मानापमानयोः ॥ ७ ॥

सर्दी-गर्मी, सुख-दु:ख तथा मान-अपमानमें जिसने अपनेको नियन्त्रित कर लिया है, उस प्रशान्तके लिए परमात्मा भली प्रकार प्राप्त ही है।

'शीतोष्णसुखदु:खेषु जितात्मनः तथा मानापमानयोः प्रशान्तस्य परमात्मा समाहितो भवति ।'

शीत-उष्ण तथा सुख-दु:खमें जिसका चित्त नियन्त्रित है और मानापमानमें जो प्रशान्त रहता है, उसको परमात्मा समाहित है।

स्वामी विवेकानन्दजीका पहला (गृहस्थका) नाम नरेन्द्र था। वे अपने कमरेमें बैठे पढ़ रहे थे। वर्षा जोरसे हो रही थी। एक गरीब वर्षामें भीगता, काँपता आया और बरामदेमें खड़ा हो गया। नरेन्द्रने द्वार खोला। उसे भीतर बुलाया। भीगे कपड़े उतरवाकर अपने कपड़े पहिननेको दिये। अपने पलंगपर उसे सुलाया। अपना शाल उढ़ा दिया। कमरा इतना छोटा था कि उसमें दो व्यक्ति सो नहीं सकते थे। नरेन्द्र बाहर बरामदेमें चले गये और रातभर खड़े-खड़े भीगते रहे। जब प्रात: वह मनुष्य सोकर उठा तो उसके विश्राममें, शान्तिमें नरेन्द्रको परमात्माका दर्शन होना ही था।

माताएँ बच्चेको गोदमें लेकर चलती हैं तो ऐसे ढंगसे चलती हैं कि सूर्यकी धूप अपने सिर या पीठपर पड़े, बच्चे पर न पड़े। एक माँ अपने बच्चेके लिए कितनी सर्दी-गर्मी सहती है। क्या आप परमात्माकी प्राप्तिके लिए कुछ भी सहनेको प्रस्तुत हैं ?

ajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgao

-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Gra

संसारमें कभी सुख आता है, कभी दुःख। कभी धूप और कभी छाया।

'छायातपौ ब्रह्मविदो वदन्ति।'

जीव छाया है, परमात्मा आतप-धूप है। जैसे आभास और शुद्ध चैतन्य होता है, वैसे ही तुम्हारे अन्तःकरणमें जो चेतना है, वह परमात्माकी छाया है।

श्रीमद्भागवत्में यह दृष्टान्त है कि किसी घरमें थालीमें जल रखा है और उसमें सूर्यका प्रतिबिम्ब पड़नेसे दीवारपर जो प्रकाश जा रहा है यही अवस्था है।

हमारे नेत्र, कर्ण, जिह्वादिमें चेतना कहाँसे आती है? हृदयकी थालीमें जो अखण्ड चैतन्यका आभास पड़ रहा है, वह इन्द्रियोंके द्वारा प्रकट होता है। अतः इन्द्रियोंमें जो ज्ञान है, उसका उद्गम ढूँढ़ते हुये हृदय तक पहुँचो। हृदयमें ज्ञान कहाँसे आता है, यह ढूँढ़ते हुये परमात्माको प्राप्त कर लो।

इस परमात्माकी प्राप्तिमें लगने पर यदि थोड़े सुख या थोड़े, दुःखमें पागल हो जाओगे तो परमेश्वरकी ओरसे दृष्टि हट जायगी।

'जितात्मनः' अपनी इन्द्रियोंको वशमें रखो कि वे थोड़ी सर्दी-गर्मीसे घबड़ा न जाएँ। यह सर्दी-गर्मी तो आती-जाती रहेगी। इसमें व्याकुल होने लगोगे तो परमात्मानुभव नहीं होगा। अतः इनसे शरीर प्रभावित न हो, इन्द्रियाँ प्रभावित न हों, मन प्रभावित न हो। शरीर, मन, इन्द्रियोंकी समष्टिको यहाँ आत्मा कहा गया है।

'आत्मा देहे धृतौ यत्ने स्वभावे परमात्मनि।'

ajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgao

-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Gra

आत्मा शब्द देह, धृति, प्रयत्न, प्रकृति और परमात्माका वाचक है।

'तथा मानापमानयोः प्रशान्तात्मा' कोई सम्मान करे तो फूल मत जाओ। छोटे आदमीको कभी सम्मान मिलता है तो वह समझता है, इन्द्रका सिंहासन मिल गया। इससे चतुर लोग प्रशंसा करके अज्ञ लोगोंका शोषण करते हैं।

एकबार मेरे शरीरमें कोई रोग हुआ। लोगोंने एक डॉक्टर बुलाया। वह अधिक दवा नहीं करता था। थोड़ा देख-दाख करके बोला—'स्वामी जी! आपका शरीर तो दिव्य है। इसमेंसे दिव्यताकी किरणें निकल रही है। आपको भला कोई रोग हो सकता है?

मैंने पूछा—'डॉक्टर! तुम हमारी मनोवैज्ञानिक चिकित्सा करने आये हो या मेरे शरीरकी दवा?'

सुखकी बात सुनकर या दुःखकी बात सुनकर जो मनका संतुलन बिगड़ जाता है, वह अपने हृदयमें बैठे परमात्मासे हमें पृथक् कर देता है।

'मानापमानयोस्तुल्यः' यह संसारी—विषयीका लक्षण है कि वह सम्मानसे सुखी होते हैं और अपमानसे दुखी। साधक समझता है—'मानसे मेरा पुण्य क्षय होता है और अपमानसे पापक्षय होता है।' वह अपमानसे प्रसन्न होता है। मनुने कहा—

सम्मानाद् ब्राह्मणो नित्यमुद्विजेत विषादिव।
अमृतस्येव चाकाङ्क्षेदवमानं द्विजोत्तमः॥

ब्राह्मणको सम्मानमें सदा विषके समान डरना चाहिए और अमृतके समान अपमानकी आकांक्षा करनी चाहिए।

ajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgao

-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Gra

भक्त भी कहते हैं—

भ्रातस्तिष्ठ तले तले विटपिनां ग्रामेषु भिक्षामट
स्वच्छन्दं पिब यामुनं जलमलं चीराणि कन्थां कुरु।
सम्मानं कलयातिघोरगरलं नीचापमानं सुधां
श्रीराधामुरलीधरौ भज सखे वृन्दावनं मा त्यज ॥

भाई ! वृक्षोंके नीचे रह लो, गाँवोंमें भिक्षा माँगकर खा लो, जब जी चाहे भरपेट यमुनाजल पी लो, चिथड़ोंकी गुदड़ी सीकर ओढ़ लो; किन्तु सम्मानको भयंकर हालाहल विष समझो और नीचके द्वारा भी हुए अपमानको अमृत मानो। इस प्रकार रहते हुए श्रीराधामाधवका भजन करो। वृन्दावनको छोड़ो मत।

साधकको अपमान चाहिए, सम्मान नहीं चाहिए। सिद्ध वह है जो मानापमानमें समान है। मान-अपमानमें चित्तकी तुला किसी ओर झुके नहीं।

'प्रशान्तस्य'—प्रशंसा करनेवालेको रोकना चाहोगे तब भी विक्षेप होगा। सेठ श्रीजयदयाल गोयन्दकाजीका प्रबल आग्रह था कि 'अपनी पूजा-प्रतिष्ठा बिल्कुल नहीं करानी चाहिए। अपनी प्रशंसा सुननी नहीं चाहिए।' लेकिन लोग कहाँ मानते हैं। उनके एक भक्त निकल आए। वे कहते—'सेठजी साक्षात् नारायण हैं।'

सेठजी उनका तिरस्कार करते थे। उनकी निन्दा करते थे। कहते थे—'जो इसकी बात मानेगा वह नरक जायगा।' ऐसे यत्न करके हार गये। उनके जीवन-कालमें ही उसने उनका कहना नहीं माना। उसके सैकड़ों अनुयायी हो गए। मैंने कहा—'सेठजी ! उसका मुख बन्द करो!'

ajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgao

-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Gra

सेठजी—'उसका मुख बन्द करनेमें तो हम स्वयं विक्षिप्त हो जायँगे।'

जब हम सम्मान करनेमें किसीको चुप नहीं करा सकते, जब कि सम्मान करनेवाला तो अपना मित्र है, तब अपमान करनेवाले को जो कि अपना शत्रु है—उसे हम कैसे चुप कर सकते हैं? इसका सीधा मार्ग यह है कि अपने हृदयको शान्त रखो।

एक महात्माने मुझे कहा—'तुम्हारे विषयमें जो कोई कुछ कहता है, उसे कहने दो। सफाई देनेकी आवश्यकता नहीं है।'

एक व्यक्ति मेरे पास आया और बोला—'सेठ जयदयालजी गोयन्दकाने मुझे आपके पास भेजा है। मेरा अमुक काम कर दीजिए।'

मैं जानता था कि वह जो काम बतला रहा है, उसके लिए सेठजी कह नहीं सकते। मैंने उससे पूछा—'तुमने सेठजीको देखा है?'

वह—'उन्होंने ही तो मुझे आपके पास भेजा है।'

मैं—'वे कैसे हैं?'

वह—'बहुत बड़े महात्मा हैं। गौरवर्ण है। थोड़े मोटे हैं। पीताम्बर पहिनते हैं। बड़े तेजस्वी हैं।'

मैं—'तुमने उनको देखा ही नहीं है, फिर उनकी प्रशंसा करो या निन्दा, इसका कोई महत्व नहीं है।'

हमारा स्वरूप किसीने देखा नहीं। जीवात्मा कभी यन्त्र या इद्रियका विषय नहीं हुआ। अतः हमारी कोई क्या निन्दा या प्रशंसा करेगा।

ajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgao

-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Gra

अपनेको ठीक किया जाता है। दूसरेको ठीक करनेमें साधककी साधना विक्षेपोन्मुख हो जाती है। अतः मान हो या अपमान, अपनेको प्रशान्त रखो। इससे 'परमात्मा समाहितः।'

यहाँ श्रीरामानुजाचार्यजीने परमात्माका अर्थ प्रत्यगात्मा किया है। वे कहते हैं—'यह छठे अध्याय में जो योग है, वह अपने स्वरूपके ज्ञानके लिए है। इन्द्रिय, देहादिकी अपेक्षासे परम होनेके कारण यहाँ आत्माको ही परमात्मा कहा गया है।'

'समाहित'—परम प्रेमास्पद आत्मदेव समाहित हैं। पूजामें आवाहन किया जाता है—

'एहि एहि सन्निधेहि सम्मुखीनो भव !'

आइये ! आइये ! पास सरक आइये ! और मेरी ओर मुख करके बैठ जाइए !

इसी 'सन्निधेहि'को यहाँ 'समाहितः' कहा गया है।

भगवान् सर्वथा अपने पास हैं। एक महात्मासे किसीने कहा—'हम परमेश्वरका दर्शन करना चाहते हैं।'

महात्मा—'तुम्हारा परमेश्वर कैसा है ?'

'जो सम्पूर्ण सृष्टिका कर्ता-भर्ता-संहर्ता अभिन्न-निमित्तोपादान कारण है। सच्चिदानन्दघन है।'

महात्मा—'उसे देखना चाहते हो तो इस साढ़े तीन हाथके शरीरके भीतर जो है, उसे देखा ?'

'उसे तो नहीं देखा।'

'तब पहले उसे देखो। पहले अपने यन्त्रकी परीक्षा कर लो कि वह ठीक है या नहीं।'

ajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgao

. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Gr

हमारी बुद्धि और मन परमात्माको देखनेमें अपनी कितनी वासना मिला देते हैं और अपनी वासना हटा देने पर परमात्मा कैसा दीखता है, यह देखनेकी रीति है। उपाधिकी परीक्षा करके उसका तिरस्कार किये बिना हम परमात्माके सच्चे रूपको कैसे पहचान सकेंगे। अतः अपने आपको देखो कि तुम क्या देखते हो और कैसा देखते हो। संस्कारोंसे मुक्त होकर देखो। अभी तुम विकृत संस्कारोंमें हो। साधन करोगे तो संस्कृत संस्कारोंमें चले जाओगे। जब तत्त्वज्ञान प्राप्त करना होगा तो विकार-संस्कार दोनों का तिरस्कार करके देखना होगा।

'संसार ही है, परमात्मा नहीं है' यह मान्यता विकार है।

'परमेश्वर है; किन्तु वह श्वेत या नीला, चतुर्भुज या द्विभुज स्त्री या पुरुष है।' यह संस्कार है।

विकार-संस्कार दोनोंका निषेध करके ठीक परमात्म-दर्शन होगा, जब तुम जितात्मा होगे, प्रशान्त होगे। तब तुम परमात्माको देख सकोगे। परमात्मा तुम्हारे भीतर ही आहित है।

तत्सृष्ट्वा तदेवानु प्राविशत्।

वह पहलेसे डटा हुआ है। जब घड़ा बना तो घटाकाश पहले था। जब तुम्हारा अन्तःकरण बना तो अन्तःकरणकी व्यक्तता अव्यक्तता दोनोंसे पूर्व चैतन्य परमात्मा वहाँ विद्यमान था।

जब विकारको दूर करके जितात्मा बनोगे और संस्कारको दूर करके प्रशान्तात्मा बनोगे तो अपने हृदयमें पहलेसे विद्यमान परमात्माका स्वतः साक्षात्कार हो जायगा।

●

Guru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalga

-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Gra

• संगति

जिसके लिए 'परमात्मा समाहितः' है, वही योगी है। यों तो लोग अपने नामके साथ योगिराज, योगशिरोमणि, योगेश्वर आदि उपाधियाँ लगा लेते हैं; किन्तु योगी कहते किसे हैं, यह भगवान् बतला रहे हैं।

ज्ञानविज्ञानतृप्तात्मा कूटस्थो विजितेन्द्रियः।
युक्त इत्युच्यते योगी समलोष्टाश्मकाञ्चनः ॥ ८ ॥

ज्ञान-विज्ञानसे जिसका अन्तःकरण तृप्त है, जो कूटस्थ है, अपनी इन्द्रियोंको जिसने जीत रखा है, जिसके लिए पत्थर, मिट्टीका ढेला और सोना समान है, वह योगी युक्त कहा जाता है।

युक्त उसको कहते है, जिसे मुक्ति मिल गयी। जैसे भक्त उसको कहते हैं, जिसे भक्ति मिल गयी। युक्ति क्या? युक्ति यह कि कालिखकी कोठरीमें जाकर भी उसे कालिमाको कोई रेखा छू न सके।

जिसका आचरण युक्तियुक्त अनवद्य हो, वह युक्त है। गीतामें युक्तको परिभाषा है—

शक्नोतीहैव यः सोढुं प्राक्शरीरविमोक्षणात्।
कामक्रोधोद्भवं वेगं स युक्तः स सुखी नरः ॥

जो यहीं—इसी जीवनमें शरीर छोड़नेसे पूर्व काम और क्रोधके वेगको सहन कर लेनेमें समर्थ है, वही पुरुष युक्त है और वही सुखी है।

ajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgao

. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Gr

कर्मण्यकर्म यः पश्येदकर्मणि च कर्म यः।
स बुद्धिमान् मनुष्येषु स युक्तः कृत्स्नकर्मकृत्॥

जो कर्ममें अकर्मको देखता है—कर्म करते हुए भी जो उसमें लिप्त नहीं होता और जानता है कि कर्तृत्वपूर्वक चुप बैठे तो भी वह कर्म ही है, वह मनुष्योंमें बुद्धिमान् है। उसने सब कर्म कर लिये। वह युक्त है अर्थात् कर्तृत्वके अभिमानसे जो मुक्त है, वह युक्त है।

'यदा विनियतं चित्तमात्मन्येवावतिष्ठते।
निस्पृहः सर्वकामेभ्यो युक्त इत्युच्यते तदा॥'

जब चित्त विषयोंसे निवृत्त होकर अपने घरमें रहने लगे तब युक्त कहा जाता है।

जब कुत्ता भोजनके लिए द्वार-द्वार जाय तो समझना कि इसके स्वामीके यहाँ इसे पूरा भोजन नहीं मिलता अथवा इसके कोई स्वामी नहीं है। इसी प्रकार जब मनीराम स्वाद लेने इधर-उधर भटकें तब समझना चाहिए कि आत्मतृप्ति नहीं है।

इन ऊपर दिये गये लक्षणोंमें-से कोई साधकका लक्षण है और कोई सिद्धका। यहाँ 'ज्ञान-विज्ञान तृप्तात्मा' जो लक्षण है, वह समाधि और व्यवहार दोनोंमें है।

'समलोष्टाश्मकाञ्चनः' व्यवहार न होता तो यह लक्षण न होता। उसके लिए मिट्टीका ढेला, पत्थरका टुकड़ा और सोना बराबर हैं, यह बात तो व्यवहार होगा, तभी होगी।

राँका-बाँका प्रसिद्ध भक्तदम्पति हो गये हैं। दोनों जंगलसे सूखी लकड़ियाँ इकट्ठी करके लाते थे और उसे बेचकर जीवन-निर्वाह करते थे।

Guru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalga

-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grar

एक दिन वे जंगल जा रहे थे। बाँका जी कुछ पीछे थीं। राँकाने मार्गमें सोनेकी मुहरें पड़ी देखीं तो उनके मनमें आया—'बाँका स्त्री है। सोना देखकर उसके मनमें लालच आ सकता है।' इसलिए मुहरोंपर रेत डालकर उन्हें ढकने लगे।

बाँका पास आयीं तो उन्होंने पतिसे पूछा—'आप यह क्या कर रहे हैं?'

राँका—'यहाँ सोनेकी मुहरें पड़ी हैं। उनको देखकर कहीं तुम लोभमें न पड़ जाओ, इसलिए उनको ढके देता हूँ।'

बाँकाने हँसकर कहा—'मिट्टीपर मिट्टी डालनेसे क्या लाभ?'

जिसे मिट्टीमें खेती नहीं करनी, पत्थरसे काम नहीं लेना, सोनेके आभूषण नहीं बनाना या उसे बेचना नहीं, उसके लिए तीनों निष्प्रयोजन हैं। उसकी तृप्ति अपने ज्ञान-विज्ञानमें है।

अनेकको एकमें देखना ज्ञान है और एकको अनेक रूपमें देखना विज्ञान है? वह ज्ञानी देख रहा है कि जो एक है, वही अनेक है और जो अनेक है, वह एक ही है। सबमें सब है।

'ज्ञानविज्ञानतृप्तात्मा'—आप अपने आपमें देखो कि आपको तृप्ति कहाँसे मिलती है। किसीको भोजनसे तृप्ति होती है, किसीको धन या भोगसे। भोजन, जल, धन, भोग जीवन-निर्वाहके लिए परमावश्यक हैं। हमारा नन्हा-सा पञ्चभूतका बना शरीर है। इसमें मिट्टी है, जल है, अग्नि है, वायु है, आकाश है। इस नन्हें मुन्ने पृथ्वी, जल, वायु, अग्नि, आकाशके पुतलेको महान् पृथ्वी, जल, वायु, अग्नि, आकाशकी अपेक्षा होती है। जो छोटा है, वह बड़ेके आश्रयसे ही उपजीवित होता है। इस देहको मिट्टीसे उत्पन्न

ajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgao

. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Gr

अन्न, जल, उष्णता, वायु या अवकाश न मिले तो यह जीवित नहीं रहेगा। पञ्चभूतात्मक शरीर पञ्चभूतोंका सेवन करते हुए ही जीवित रह सकता है।

इसका अर्थ है कि हमारी बुद्धि महत्तत्त्वका, हमारा जीव ईश्वरका आश्रय लिये बिना जीवित नहीं रह सकता। हमारे परिच्छिन्न अहंको अपरिच्छिन्न परमात्मासे एक होना ही है।

यह तो पक्की बात है कि हमारे शरीरको जो क्षण-क्षणमें अन्न-पानी, हवा आदिकी आवश्यकता है, वह बतलाती है कि जीवको ईश्वरकी आवश्यकता है। इसके बिना मनुष्यका जीवन कुछ नहीं है।

जीवन-निर्वाह भिन्न बात है और तृप्ति भिन्न बात है। तृप्ति भोजनमें मत रखो। भोजन-निर्वाहके लिए ठीक है। जिनसे मैंने संन्यास लिया वे जगद्गुरु शङ्कराचार्य स्वामी ब्रह्मानन्द सरस्वतीजी कहते थे—'कई काम जीवन-निर्वाहके लिए आवश्यक होनेसे ही करने पड़ते हैं। उनमें रति-तृप्ति-सन्तुष्टि होती हो, ऐसी बात नहीं है। जैसे प्रतिदिन शौचालय जाना पड़ता है।'

एक बार कोई शौचालयमें बैठा था। श्रीजगद्गुरुजीको जाना था। मैंने द्वार खटखटा दिया तो वे मुझे दूर ले गये, जिससे शौचालयमें बैठा व्यक्ति उनका स्वर सुनकर उन्हें आया न जाने और तब बोले—'वहाँ कोई आराम थोड़े ही कर रहा है। खट-खटाकर उसे विघ्न मत डालो। उसका प्रयोजन पूरा हो जाय तो स्वतः वह बाहर निकल आयेगा।'

जैसे शौचालय तृप्तिका स्थान नहीं है, परन्तु जीवन-निर्वाहके लिए आवश्यक है, ऐसे ही भोजनको शौक मत बनाओ। वह भी जीवन-निर्वाहके लिए आवश्यक है।

Guru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalga

-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Gra

हमारे जीवनमें जो संकल्प, इच्छाएँ, वासनाएँ हैं, वही जीवनकी सारथि हैं। जो जीवनमें जड़ वस्तुको चाहता है, वह जड़ होगा। स्त्री-लम्पट स्त्री होगा। यदि ईश्वरकी उपासना करोगे तो इष्ट मिलेगा।

स्त्री-पुरुषमें रति होती है। धन-मान प्राप्तिमें सन्तुष्टि होती है। अन्न-रसादिसे तृप्ति होती है। इन रति, तुष्टि, तृप्तिको यहाँ मत रखो। अपनेमें रखो।

एक साधक थे। उन्हें एक दिन यह बात समझमें आयी कि 'सृष्टि-कर्ता होनेसे ब्रह्माका वर्ण लाल है। समष्टि अन्तःकरणमें देवतारूप होनेसे समष्टिके मन, बुद्धि, चित्त, अहंकार ये उनके चार मुख हैं। चार वेद धारण करते हैं अतः चतुर्भुज हैं। बिना विवेकके सृष्टि नहीं हो सकती, अतः विवेक—हंस उनका वाहन है। विद्या—सरस्वती उनकी पुत्री भी और अर्धाङ्गिनी भी, ऐसा क्यों? अन्तःकरणकी वृत्ति ही विद्या है और अन्तःकरणके देवता ब्रह्मा हैं अतः यह वृत्ति पुत्री हुई और अन्तःकरणकी वृत्तिका भोक्ता अन्तः-करणका देवता ही है।' यह बात समझमें आयी तो एकान्तमें बैठे उस साधकको समाधि लग गयी। बड़ा सुख मिला।

जब एक वैज्ञानिक कोई नया आविष्कार करता है तो उसे कितनी तृप्ति होती है? तात्पर्य यह है कि हमें कोई वस्तु-व्यक्ति या स्थिति प्राप्त करनेमें सुख नहीं है। यह जो हमारा स्वरूप-ज्ञान है, उसके निरन्तर अखण्ड अनुभवमें ही हमारी तृप्ति है।

हम द्रव्यतृप्त, भोगतृप्त, सम्बन्धतृप्त, या स्थिततृप्त नहीं हैं; क्योंकि ज्ञानका निर्मल प्रकाश जगमग हो रहा है, उसीमें समूची सृष्टि प्रतिभासित हो रही है।

ajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgao

. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Gr

'ज्ञानविज्ञानतृप्तात्माका अर्थ है कि ज्ञान ही रस है। जिसका ज्ञान पृथक् और रस पृथक् है, वह पराधीन है। जहाँ ज्ञाता, ज्ञान, ज्ञेय पृथक्-पृथक् हैं, वहाँ रस छिन्न-विच्छिन्न हो गया। जहाँ ज्ञान ही रस है, वहाँ रस परिपूर्ण है।

'स्वाध्यायोऽध्येतव्यः' इस विधिसे जो ज्ञान प्राप्त किया जाता है—उसका नाम ज्ञान है और 'आत्मा वा अरे श्रोतव्यः मन्तव्यः निदिध्यासितव्यः।' इस वचनसे जो ज्ञानप्राप्त किया जाता है, वह विज्ञान है।

एक बार मैं एक महात्माके पास गया। ऋषिकेशमें चन्द्रभागाके किनारे ऊपर उनकी झोपड़ी थी। वे बोले—'तुम तो परिच्छिन्न नहीं हो। अद्वय ब्रह्म हो।'

मैं—'मैं तो अज्ञानी जीव हूँ।'

वे—'जो जिसको जानता है, उससे पृथक् होता है, यह नियम जानते हो ?'

मैं—'जानता हूँ।'

वे—'तुम अपने अज्ञानीपनको जानते हो, अतः अज्ञानी नहीं हो। अज्ञानीके साक्षी हो। जितने भेद परिच्छेद हैं, उनको भी तुम जानते हो, अतः उनके भी साक्षी हो।'

श्रीमद्भागवतके एकादश स्कन्धमें ज्ञान-विज्ञानका लक्षण करते हुए कहा गया है—'ज्ञानसे सबकी सिद्धि होती है। ज्ञानसे ही हम सबको जानते हैं। सब कुछका होना या न होना ज्ञानसे ही जाना जाता है। जिस अखण्ड ज्ञानमें कोई दूसरी वस्तु है ही नहीं, उसका नाम विज्ञान है।'

Guru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalga

-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Gra

अपनी तृप्ति कहाँ है? इस ज्ञानमें कि मैं सबका प्रकाशक, साक्षी हूँ और इस विज्ञानमें कि मेरे अतिरिक्त कुछ नहीं है। जो ऐसा है, उसका नाम है ज्ञान-विज्ञानतृप्तात्मा।

'कूटस्थो विजितेन्द्रियः'—कूट अर्थात् पर्वत-शिखर, त्रिकूट, चित्रकूट आदि नाम आप जानते ही हैं; जैसे पर्वत-शिखर स्थिर खड़ा रहता है, भले वर्षा हो, गर्मी हो या बरफ पड़े; वैसे ही यह शरीररूप मन्दिर है। भगवान् हृदयमें विराजते हैं। जीवनमें कभी सुख, कभी दुःख, कभी मान या अपमान, सर्दी-गर्मी आती रहेगी। तुम इसमें पर्वत-शिखरके समान अप्रकम्प्य हो।

यदि आने-जानेवालेके साथ मिलोगे तो तुम वही हो जाओगे। मनुष्यका अन्तःकरण एक तो पत्थरके समान होता है। उसपर पड़ा चिह्न मिटता नहीं। राग-द्वेषादिके संस्कार उसमें स्थायी रहते हैं। दूसरा अन्तःकरण रेत-जैसा होता है। उसमें रेखा तो खिचती है, परन्तु हवा आनेसे स्वयं मिट जाती है। रागद्वेषकी रेखा खिचती है; किन्तु सत्संगकी वायु उसे मिटा देती है। तीसरा अन्तःकरण जलके समान होता है। उसमें रेखा खिचती ही नहीं। इसमें जिनका हृदय गंगा-जलके समान निर्मल है उनको कूटस्थ कहेंगे।

कूट=झूठ। झूठे गवाहको कूट साक्षी कहा जाता है। कूट=झूठ+स्थ=स्थिर अर्थात् बदलते रहनेवाले झूठे संसारमें एक समान स्थिर। कूटस्थ आत्मामें स्थिर।

श्रीमध्वाचार्यजी ने कहा—'कूटका अर्थ है आकाश। जैसे मेघ आवें या जायँ, आकाश ज्योंका त्यों है, ऐसे तुम संसारके परिवर्तनोंमें ज्यों-के-त्यों रहो।'

यह स्थिति कब आयेगी?

ajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgao

. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Gr

जब 'विजितेन्द्रियः' इन्द्रियाँ अपने वशमें हो जायँ औ बाहरकी वस्तुओंमें 'समलोष्टाश्मकाञ्चनः' हो जाय।

इसके लिए अभ्यास करना चाहिए। बुराई अपने आप आते है और प्रयत्न करनेसे जाती है।

'ज्येष्ठाः असुराः, देवाः कनिष्ठाः।'

असुर बड़े भाई हैं और देवता उनसे छोटे हैं। मनमें बुराईका भाव स्वयं आ जाता है। काम, क्रोध, लोभादिका उदय भीतरसे होता है और सद्गुणोंको जीवनमें विकसित करना पड़ता है। सप्रयत्न धारण करना पड़ता है।

अतः मन इन्द्रियोंके पीछे और बुद्धि मनके पीछे न चले। बुद्धिके पीछे मन चले और मनके पीछे इन्द्रियाँ चलें, तब मनुष्यके जीवनका निर्माण होता है।

इन्द्रियाणां हि चरतां यन्मनोऽनुविधीयते।
तदस्य हरति प्रज्ञां वायुर्नावमिवाम्भसि॥

जब इन्द्रियोंकी विषय-प्रवृत्तिके पीछे मन चलने लगता है तो वह इसकी बुद्धिको वैसे हरण कर लेता है जैसे समुद्रमें आँधी नौकाको खींच ले जाती है।

'विजितेन्द्रियः' जब आप होंगे तब मुक्त होंगे अर्थात् तब आपका आचरण, भोग, संग्रह युक्ति-युक्त होगा।

योगीका अर्थ पर्वतपर रहनेवाला, प्राणरोध करनेवाला नहीं है। जिसका बोलना-चलना, खाना-पीना, कमाना-खर्चना युक्तियुक्त हो, जिसका मन युक्त हो, वह योगी है।

Guru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalga

C-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant

संगति

सबसे विशिष्ट समाहित पुरुष कौन है ?

> सुहृन्मित्रार्युदासीनमध्यस्थद्वेष्यबन्धुषु ।
> साधुष्वपि च पापेषु समबुद्धिर्विशिष्यते ॥ ९ ॥

सुहृद, मित्र, शत्रु, उदासीन, मध्यस्थ, द्वेषी, बन्धु, साधु और पापीमें भी समानबुद्धिवाला विशिष्ट है ।

मनुष्यका स्वभाव यदि बिगड़ जाय तो भले आज उसे दुःख न हो, पर आगे जाकर अवश्य होगा। एक लड़का था। उसे गाली देनेका स्वभाव पड़ गया। पाठशालामें निरीक्षक आये। उसने उनको गाली दी। निरीक्षक महोदय हँसते रहे। जब लड़का खूब गालियाँ दे चुका तो उसे उन्होंने एक रुपया पुरस्कार दिया।

लड़केका उत्साह गाली देनेका इससे बढ़ गया। कुछ दिनोंमें पुलिस इन्स्पेक्टर आये तो उन्हें भी उसने गाली देना प्रारम्भ किया। फल यह हुआ कि पुलिसके सिपाहियोंने उसे पकड़कर बहुत पीटा।

तात्पर्य यह है कि कभी बुरा काम करनेसे सफलता भी मिले तो भी स्वभाव बिगाड़ना जीवनमें दुःखकी सृष्टि करना है। अतः बुद्धिका सन्तुलन नहीं खोना चाहिये। 'समबुद्धिर्विशिष्यते।'

कोई अच्छा काम करता है, कोई बुरा। दोनोंके प्रति अपनी बुद्धि समान कैसे रखें ?

इस सम्बन्धमें द्वैतवादके आचार्य श्रीमध्वाचार्यजी कहते हैं—चैतन्यरूपसे सबके सब जीवात्मा समान होते हैं। सब चिद्रूप हैं; फिर साधु और पापी क्या ? अन्तःकरणकी उपाधिमें साधुता और

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon

. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Gr

पापिता रहती है। इस सारी सृष्टिके रूपमें एक ही ईश्वर प्र है। जीवके कर्मानुसार तत् तत्-उपाधिरूपमें परमेश्वर प्रकट हैं।'

श्री श्री आनन्दमयी माँ-उत्सवमें काशीमें एक बार खलीलदासको बुला लिया गया वे काशीके बड़े मुल्ला हैं। वेद उन्होंने पढ़े हैं। वे बोले—'वर्षा होती है तो किसीकी दृष्टिमें—

'धूमज्योतिःसलिलमरुतां सन्निपातः क्व मेघः।'

धर्मात्मा कहते हैं—मेघके देवता इन्द्र हैं। उनकी आज्ञासे जलवृष्टि करते हैं।

पानी बरसते देखकर एकने केवल बादल देखा और ए देवता देखा। इस्लाम कहता है—'एक खुदा है। वर्षा उस कुदरत है।'

हम जब किसीको अच्छा काम या बुरा काम करते देखते तो उसका काम तो उसके साथ है; किन्तु हमारी दृष्टि कहाँ जाती है? उसकी क्रियातक जाती है? उसके शब्दतक जाती है उसके अन्तःकरणतक जाती है? उसके जीवतक जाती है अथवा अन्तर्यामी ईश्वरतक जाती है? हमारी दृष्टि कितनी है, यह देखना है। उसके भीतर जो ईश्वर है. उसे देखें और उस आनन्द लें। उसके अन्तःकरणमें जो विकार-संस्कार है या उस शरीर में जो दोष-गुण है, उन्हें देखनेको आवश्यकता नहीं है।

अपनी दृष्टि तत्त्वतक जाने दो। आभूषण हो तो उस आकार, कलामात्र देखी जाती है या सोना देखते हो? यदि बि देखे सोना खरीदोगे तो ठगे जाओगे। ऐसे ही सृष्टि जिससे बनी उस चेतनको परख लो तब सृष्टिमें अच्छा बुरा क्या?

सुहृद उपकारमनवेक्ष्य स्वभावत उपकारी सुहृद्।

Guru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalga

C-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant

उपकारकी अपेक्षा न करके जो स्वभावसे अपना उपकार करनेवाला है, वह सुहृद है। हम उसका उपकार करते हैं या नहीं और आगे उसका भला करेंगे या नहीं, यह देखे बिना जो अपने हृदयकी पवित्रतासे हमारी भलाई करता है।

'सुष्ठु अन्तःकरणं हृदयं यस्य स सुहृद्।'

जिसका अन्तःकरण सुन्दर है—वह सुहृद हैं।

मित्र—जिसके दर्शन, भाषण, स्पर्श, स्मरणसे हमारा हृदय स्निग्ध होता हो।

'ञिमिदा स्नेहने मेद्यति इति मित्रम्।'

मित्रका अर्थ है स्नेह उत्पन्न करनेवाला। जो हमारे स्नेहको जगा दे। जो हमसे स्नेह करे वह सुहृद् और जिससे हम स्नेह करें, वह मित्र।

अरि—जो हमसे शत्रुता करे।

द्वेष्य—जिससे हम शत्रुता करें।

जो छिपकर अनभल करे, वह अरि।

जो प्रत्यक्ष अनभल करें, वह द्वेष्य।

उदासीन—दो मनुष्य लड़ने लगे, एकने उपेक्षा कर दी–लड़ने दो। यह उदासीन है।

मध्यस्थ—जो दो लड़ते लोगोंके बीचमें पड़कर झगड़ेको शान्त करा दे।

बन्धु—जो जन्मसे ही अपना हितैषी है।

धर्मात्मा और पापीमें तुम कोई ठेकेदार नहीं हो दूसरेके कर्मोंके। सबको सुधारनेका तुमने पट्टा लिया है? ईश्वरने तुम्हें सबका निर्णायक—जज बनाया है?

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon

. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Gra

अपनेको सुधारो। अपने-अपनेको लोग सुधारें तो सब सुधर जायँगे। सब दूसरोंको सुधारनेमें लगेंगे तो कोई नहीं सुधरेगा। अतः अपनेको सुधारे और अपनी बुद्धि समतामें बनाये रक्खे।

'समबुद्धिर्विशिष्यते'—'विशिष्यते' का अर्थ है कि विशिष्ट योगी वही है।

भगवान् श्रीकृष्ण समत्वको जितना महत्त्व देते हैं, उतना महत्त्व पूरी गीतामें और किसी विषयको नहीं देते।

'समलोष्टाश्मकाञ्चनः' इनमें समता चाहिए। यदि तुम्हें इनसे कुछ लेना-देना है तो उनसे प्रयोजन रखो; किन्तु यदि तुम्हें योगकी पराकाष्ठापर पहुँचना है तो इनकी अच्छाई-बुराईसे तुम्हें क्या सम्बन्ध?

किसी भी दृष्टिकोणसे वैषम्यमें तथ्य नहीं है। जहाँ विषमता है, वहाँ दृष्टिकोण ही नहीं है। वहाँ अन्धापन है।

ब्रह्म-दृष्टिसे सब अद्वय ब्रह्म है। ईश्वर-दृष्टिसे सब ईश्वर है। सब माया या प्रकृति है तो भी सम है। सब मिथ्या है तो सम है। सब पञ्चभूत हैं तो सम है। वस्तुतः समता हीं समान—मान-सहित दृष्टि है।

'मीयते अनया इति मानं तया सहितः समानः।'

सम ही प्रमाण-सहित वस्तु है, शेष सबका सब निष्प्रमाण है। यथार्थानुभव यही है कि हमारे मनमें समता है। जिसके मनमें समता नहीं है, उसे यथार्थानुभव नहीं है। ब्रह्मसे पञ्चभूत तक सब सम है। खटमल और हाथी दोनों पञ्चभूतसे बने हैं।

'समबुद्धिर्विशिष्यते—समा वैषम्यवर्जिता
बुद्धिर्यस्य असौ समबुद्धिः।'

Guru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalga

C-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant

जिसको बुद्धि वैषम्यवर्जित है, वह समबुद्धि है। जिसके हृदयमें वैषम्य है, उसके हृदयमें तो ज्येष्ठा भगवती अलक्ष्मीका वास है। माँ अर्थात् श्रीका हृदयमें वास समताका वास है। समतामें ही सौन्दर्य है। मा शोभा। जहाँ समत्व है, वहीं शोभा है। दोनों नेत्र बराबर, दोनों कान बराबर, दोनों पैर बराबर, दोनों हाथ बराबर हों तब शोभा हैं। ये छोटे-बड़े हों तो ?

एक मनुष्यने एकको उपदेश लिख भेजा—'पति-पत्नी गृहस्थीरूपी रथके पहिये हैं। इन्हें समान चलना चाहिए, तब घर सुखी रहता है।'

पत्नीने उत्तर दिया—'यदि एक ट्रैक्टरका पहिया हो और एक सायकिलका तो दोनों कैसे समान चलें ?'

समत्वमें ही सौन्दर्य है, लक्ष्मी है, सुख है, ज्ञान है। समत्व ही वास्तविक जीवन है। क्योंकि—

इहैवतैर्जितः सर्गः येषां साम्ये स्थितं मनः।
निर्दोषं हि समं ब्रह्म तस्माद् ब्रह्मणि ते स्थिताः॥

—गीता

यहीं—इसी जीवनमें उन्होंने जन्म-मरणको जीत लिया, जिनका मन समतामें स्थित है। क्योंकि समता ब्रह्म है, वह निर्दोष है, अतः वे ब्रह्ममें स्थित हैं।

स्वयं राग-द्वेष न करें; किन्तु जो राग-द्वेष करते हों, उनके विषयमें क्या करे ?

'ये राग-द्वेष करनेवाले बुरे हैं और ये राग-द्वेष न करनेवाले अच्छे हैं' यह भाव स्वयं राग-द्वेष है। अपने हृदयको निर्मल बनाना

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon

. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Gr

है तो वैराग्यवान्से भी राग-द्वेष मत करो और राग-द्वेष करनेवा
भी राग-द्वेष मत करो। कर्मके प्रति भी समान रहो।

न द्वेष्ट्यकुशलं कर्म कुशले नानुषज्जते।'

अकुशल—अपकर्मसे द्वेष नहीं करता और कुशल—सत्
आसक्ति नहीं रखता।

किसी व्यक्तिको देखकर तुमने एक रजिस्टर अपने चित्तमें
लिया—'इन्होंने यह पाप—यह पुण्य किया।'

'कः किं कर्म' यह कौन है? इसका क्या कर्म है?
तुम्हारी बुद्धि इस व्यापारमें लग जायगी तो तुम्हारा यो
चुका। अतः दूसरेके विषयमें पता मत लगाओ। अपनी बुद्
दूसरोंकी अच्छाई-बुराईमें न लगाकर आत्मचिन्तनमें अपनी
लगाओ।

'साधुष्वपि च पापेषु समबुद्धिर्विशिष्यते।'

यदि तुम्हें बुद्धि शान्त करनी है, समाधिस्थ करनी है
दूसरोंके विषयमें जानकारी पाकर या सोचकर क्या करोगे?

एक दम्पतिको अपने बेटे-बहू कमरेमें होते तो उनकी
छिपकर सुननेका स्वभाव पड़ गया। वे एक खिड़कीके पास छि
बातें सुनते। फलतः सबेरे लड़ाई होती। घर दुःख-कलहका
हो गया।

श्रीरामानुजाचार्यजीका कहना है—

'प्रयोजनाभावात् विरोधाभावाच्च।'

तुम्हें अपने स्वरूपमें बैठना है। यह देख लेना है कि
भगवान्से मिलने योग्य हो या नहीं। पत्नी अपने प्रियतमसे मि
के लिए श्रृंगार कर रही है और सोच रही है—'उन्हें किस रं

Guru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalga

C-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant

वस्त्र पसन्द होगा।' अब अपनी पड़ोसिनके वस्त्र देखने जानेसे उसे क्या प्रयोजन? दूसरी स्त्री अपने पतिको किस वेशसे प्रसन्न कर रही है? इससे तुम्हें क्या लेना देना। उसका खण्डन भी नहीं करना है; क्योंकि जो खण्डन-मण्डनमें लगेगा, उसकी बुद्धि दूसरेको नीचा दिखानेमें लग जायगी। अपने दोषापनयन और गुणाधानमें कैसे लगेगी।

श्रीरामानुजाचार्यका तात्पर्य है कि 'जीवको पहले अपने स्वरूपका साक्षात्कार होता है कि आत्मा देहादिसे विलक्षण है, आत्मा सत्, चित्, आनन्द है। आत्मा परमात्माका अंश है, उनका भोग्य है, नियम्य है, आश्रित है। तब वह ऐसा ही होकर परमात्मा-से मिलनेका साधन करता है। परतत्त्वका साक्षात्कार तब होता है, जब पहले आत्मतत्त्वका साक्षात्कार हो लेता है। यदि आत्मदेव किसीके साथ वैर-विरोधमें लगे तो जीवन समाप्त हो जायगा। जब किसीसे कुछ लेना-देना नहीं तो किसीसे क्यों मैत्री या विरोध किया जाय। सड़कपर कौन-कौन चलता है, हमसे क्या मतलब। कोई चलता रहे।'

श्री मध्वाचार्यका अभिप्राय है—'सबके सब आत्मा चेतन-रूप ही हैं। बड़ी लकड़ीमें आग लगी तो बड़ी और छोटी लकड़ीमें लगी तो छोटी; किन्तु हैं दोनों आग ही। इसी प्रकार चेतनांशमें सब एक हैं। सब सत्, चित्, आनन्दस्वरूप, परमात्माका अंश हैं। पापकर्तृत्व और पुण्यकर्तृत्व अन्तःकरणमें है।

किसीका कर्म पुण्य है और किसीका पाप, इसमें समत्व कैसे देखें?

सबके अन्तःकरणका उपादान ईश्वर ही है। तब पुण्यवासना या पापवासना अथवा पुण्यकर्म या पापकर्म क्या? इसमें कोई जीव

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon

. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Gr

स्वतन्त्र कर्ता नहीं है। न कोई जीव स्वतन्त्र भोक्ता है। सब
ईश्वर-पराधीन हैं और सबके अन्त:करणके रूपमें ईश्वर ही प्र
हो रहा है। वही पुण्य-पाप लीला कर रहा है।

जैसे माता एक बच्चेको गोदमें लेकर दूध पिलाती है
एकको खेलने भेजती है; वैसे ही ईश्वर जीवोंका संचालन क
है। इसमें जीवका कोई दोष नहीं है।

तब तुम सबके प्रति समान रहोगे ?

नहीं—ईश्वर तुम्हें अपनी ओर बुला रहा है तो
भगवद्भक्तका अधिक आदर करो। इससे हृदयमें भगवद्
आयेगी।

बुरे लोगोंका आदर करने मत जाओ; परन्तु किसीकी
मत करो; क्योंकि सब ईश्वरका खेल है, इसमें रागद्वेष क
व्यर्थ है।'

यह बात सबकी समझमें क्यों नहीं आती ?

इसलिए नहीं आती; क्योंकि यह सबके समझनेके लिए है
नहीं। श्रीवेदान्तदेशिकाचार्य कहते हैं—'यह सबके करनेकी
नहीं है। 'समबुद्धिर्विशिष्यते' विशिष्ट योगकी अन्तिम कक्षामें
स्थिति है—जिनकी समाधि लगने ही वाली है, उनकी ऐसी स्थि
होती है।'

जबतक ऐसी स्थिति नहीं होगी, तबतक तो स्वरूपावस्थ
होगी, न समाधि लगेगी और न भगवान्से मिलन ही होगा।

Guru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalga

C-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant

: १० :

• संगति

अपने मन, शरीर, इन्द्रियोंको वशमें करनेके लिए क्या अभ्यास करना चाहिए, यह बतलानेके लिए ही गीताका यह अध्याय है; क्योंकि जिसका शरीर, मन, इन्द्रियाँ वशमें नहीं हैं, वह इस साम्ययोगको प्राप्त नहीं कर सकता।

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon

. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Gr

श्रीहरिबाबाजी महाराज कहते थे—'शरीर स्वस्थ हो, चरित्र शु हो, मन पवित्र हो। यह तीन बात किसीके जीवनमें है तो हम उसे सत्पु मानते हैं।'

मनमें सद्भाव ही सद्भाव हो, किसीके प्रति दुर्भाव न हो, इसके लि अब अभ्यास बतलाते हैं। आप अपने अन्तःकरणका शोधन करना चाह हैं तो योग कीजिये।

मैं एक बहुत बड़े महात्माके पास सौ मील पैदल चलकर पहुँचा था सायंकाल उनके पास पहुँचा तो बोले—'क्या चाहते हो?'

मैं—'भजन करना चाहता हूँ।'

वे—'अच्छा, भजन होगा।'

उमा राम सुभाउ जिन जाना।
ताहि भजन तजि भाव न आना॥

श्रीरामचरितमानसकी यह अर्धाली उन्होंने दो-तीन बार कही। उन नेत्रोंसे झर-झर आँसू गिरने लगे। बोले—'जाओ भजन होगा।'

मेरे मुखसे वहीं भगवन्नाम निकलना प्रारम्भ हुआ। कई दिन मुं जैसे स्वतः नाम बराबर निकलता रहा। फिर बन्द हो गया। मैं फि उनके पास गया और प्रार्थना की—'भजन बन्द हो गया।'

वे—'अब तुम करो। वह तो तुम्हारी जीभपर मेरा संकल्प बो रहा था। तुम्हारे लिए हम कबतक अपना संकल्प रख सकते हैं।'

मनुष्यको साधन स्वयं करना पड़ता है। दूसरेके लिए दूसरा सा नहीं कर सकता। अतः अपनी ओरसे कुछ करना होगा।

करना यह है कि तुम्हारा अपना आपा कहीं पीछे छूट गया है। तु संसारके विषयोंमें इतने अभिनिविष्ट हो गये कि अपने आपको भूल गये।

Guru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalga

C-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant

जेहि आतम आतम तिरथो गरिगो गरिमा ग्राम।
भूल्यों मैं अपनोपनो करि करि कज्जल काम॥
तेहि हित हृदय हिलोर गति बह्यो झमकि झकझोर।

'जेहि आतम आतम तिरथो'—जिस अन्धकारसे अपना आपा ही ठगा गया—पता नहीं कि मैं कौन हूँ, कहाँ रह गया। मैं देह—देहके सम्बन्धी संसारकी वस्तुएँ मेरी, इनसे राग—इनसे द्वेष करके जब तुमने अपने आपको ही गिरा दिया तो परमेश्वर छूट जाय, समाधि छूट जाय, गुरु-धर्म-शास्त्र छूट जाय, इसमें क्या आश्चर्य? जिसको अपने आपकी ही सुधि नहीं वह और क्या करेगा। अतः पहला धर्म यह है कि अपने आपके साथ मिलो।

रुद्रगणोंने कहा था—'नारदजी! आये हो राजकुमारीसे विवाह करने; किन्तु अपना मुख तो पहले दर्पणमें देखो कि तुम बन्दर बन गये हो।'

तुम इस भव-वनमें भटककर नर नहीं रहे, वानर हो गये। चाहते हो परमात्मासे मिलना और अपने स्वरूपका ज्ञान नहीं।

तब देखनेको दर्पण कहाँ मिलेगा?

एकान्तमें चलकर अपना निरीक्षण करो।

योगी युञ्जीत सततमात्मानं रहसि स्थितः।
एकाकी यतचित्तात्मा निराशीरपरिग्रहः॥१०॥

योगी एकान्तमें अकेले स्थित होकर सब आशाएँ त्यागकर, परिग्रह छोड़कर, मन-इन्द्रियोंको संयत करके अपने आपसे योग करे।

'यः योगी स तु योगी अस्त्येव तत्र, योगस्य का आवश्यकता?'

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon

In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-G

जो योगी है, वह तो योगी है ही। उसके लिए योगकी क आवश्यकता ?

यहाँ योगी शब्द योगके साधकके लिए आया है—

'यदा हि नेन्द्रियार्थेषु न कर्मस्वनुषज्जते।
... ...योगारूढस्तदोच्यते ॥

यहाँ भगवान् न भोग छोड़नेको कहते हैं, न कर्म छोड़नेको कहते हैं—

'इन्द्रियार्थेषु न अनुषज्जते कर्मसु न अनुषज्जते।'

शब्द, स्पर्श, रूप, रस, गन्ध ये जो इन्द्रियोंके विषय हैं, इनमें आसक्ति न हो और कर्मासक्ति न हो। ऐसे आसक्तिहीन होकर जो कर्म कर रहा है उसे योगारूढ़ कहा जाता है।

कर्मके फलपर विचार नहीं करना चाहिए, ऐसा नहीं है। फलपर विचार करके उत्तम फल देनेवाला कर्म ही करना चाहिए परन्तु फल मिले ही, ऐसी आसक्ति नहीं रखनी चाहिए। नहीं तो जब कर्म निष्प्रयोजन होगा तो तामस हो जायगा।

अनुबन्धं क्षयं हिंसामनवेक्ष्य च पौरुषम्।
मोहादारभ्यते कर्म यत्तत्तामसमुच्यते ॥
गी० १८।२५

बिना फलका विचार किये, बिना हानि सोचे, कितनी हिंसा होगी यह बिना सोचे, अपनी शक्ति-साधनका बिना विचार किये मोह—अज्ञानवश जो कर्म प्रारम्भ किया जाता है, उसे तामस कर्म कहा जाता है।

Guru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalg

C-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant

एक व्यक्ति वनमें यह सोचकर चला कि 'इस वनमें शाकम्भरी देवीका मन्दिर है, वहाँ पहुँचकर दर्शन करेंगे।' रास्ता भटक गया। वृक्षके नीचे बैठ गया—'चलो नेत्रसे दर्शन नहीं हुआ तो ध्यानमें दर्शन किये लेते हैं।' ध्यान करके प्रसन्न हो गया। वह चला था शाकम्भरी-दर्शनको। यदि वह चला होता—'वनमें कहीं भटकेंगे' तो उसका भटकना तामस होता।

प्रयोजनवत् कर्म ही कर्तव्य होता है। कर्म निष्प्रयोजन कर्तव्य नहीं होता।

ऐसा कर्म कैसे होगा ?

'सततम्' प्रतिदिन यह काम करो। योगकी अति मत करो। लेकिन प्रतिदिन एकान्तमें बैठकर अभ्यास करो। अति अभ्यास करनेसे भी हानि होती है।

'आत्मानं युञ्जीत' थोड़ी देर अपने आपके साथ मिलो। दिनमें कई बार तुम शत्रु या मित्रसे मिलते हो। कई बार भोजन मिलता है। स्त्री-पुत्र-धन कई बार मिलता है; किन्तु अपना आपा कब मिलता है ?

एकने कहा—'मेरी पत्नी मेरे सत्संगमें जानेसे रुष्ट होती है।'

कई पुरुष रुष्ट होते हैं स्त्रीके सत्संगमें जानेपर। कई पिता पुत्रके सत्संगमें जानेपर रुष्ट होते हैं। मैंने कहा—'कभी स्त्रीके समीप बैठकर उसके सुख-दुःखकी बात भी सुनते हो ?'

वे—'इसके लिए समय ही नहीं मिलता'

मैं—'यही तुम्हारी भूल है। उसके पास बैठकर उसकी बात भी सुनो तो वह भी तुम्हारी बात सुनेगी। तुम चले आते हो

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon

. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Gr

सत्संगमें और उसकी उपेक्षा करते हो तो उसे कैसे अच्छा लगेगा ?'

'आत्मानं युञ्जीत' तुम सबसे तो मिलते हो, पर अपने आपसे नहीं मिलते हो। प्रतिदिन थोड़ा समय ऐसा रखो जब दूसरे किसीसे न मिलो, केवल अपने आपमें बैठो।

'सततम्'—ऐसा समय प्रतिदिन निकालो।

'रहसि'—एकान्तमें, जहाँ बातचीत करनेवाला न हो वहाँ बैठो।

'स्थितः'—चलते-चलते या लेटकर यह काम नहीं करना है।

'आसीनः सम्भवात्।'

—ब्रह्मसूत्र

बैठकर ध्यान करना चाहिए। लेटनेसे नींद आजाना सम्भव है।

'एकाकी'—असहायः। वहाँ कोई सेवक या सेवकको बुलानेके लिए घंटी नहीं होनी चाहिए।

'यतचित्तात्मा'—शरीर और मन दोनोंको स्थिर करना चाहिए।

'निराशीः'—एकान्तमें ध्यान करने बैठे तो 'यह चाहिए, वह चाहिए' का संकल्प नहीं करना चाहिए। कलके लिए कोई कामना नहीं रखनी चाहिए।

'अपरिग्रहः'—अपने आसपास सामान रख लिया कि जब आवश्यकता होगी, तब उपयोग करेंगे—ऐसा नहीं करना चाहिए। भजनके स्थानपर कुछ साथ न रखे।

Guru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalga

C-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant

इस प्रतिदिनकी साधनामें अपने जीवनमें समत्व लानेकी चेष्टा है। क्योंकि कर्मपर, भोगपर, आकृतिपर दृष्टि डालनेसे राग-द्वेष होता है और यह बहुत उथली दृष्टि है। सच्ची दृष्टि तब उत्पन्न होने लगती है, जब कर्म, भोग, आकृतिको छोड़कर तत्त्वपर दृष्टि डालते हैं।

स्त्री-पुरुष, काला-गोरा, धनी-गरीब, इसपर जबतक दृष्टि रहेगी, तबतक राग-द्वेष मिट नहीं सकता, किन्तु जहाँ यह दृष्टि आयी कि जैसे मिट्टीमें बने खिलौने गधे-घोड़े, हाथी-शेरकी आकृतियाँ हैं, वैसे ही ये सब पञ्चभूतमें बनी आकृतिमात्र हैं। इस दृष्टिके साथ ही राग-द्वेष मिटने लगेगा।

इसीसे कहते हैं कि नाम-रूपसे विनिर्मुक्त तत्त्वपर दृष्टि जानेके लिए विशेषपरसे दृष्टि हटानी पड़ती है; क्योंकि जबतक अन्तःकरणमें राग-द्वेष रहेगा, कोई सुख या शान्ति नहीं पा सकता। बेचैनी जितनी है, सब राग-द्वेषमें ही है। राग-द्वेषके ही स्थूल रूपको काम-क्रोध और सूक्ष्मरूपको 'अहम्' कहते हैं। इसके मूल कारणको भ्रान्ति या अविद्या कहते हैं।

पञ्चभूतपर, प्रकृतिपर, अविद्यापर, ईश्वरपर, आत्मापर या ब्रह्मपर दृष्टि जाय तो तत्त्वावगाहिनी दृष्टि होनेपर हमारे अन्तःकरणकी बेचैनी मिटेगी। अतः चाहे किसी भी ज्ञानसे हो—अपनी बुद्धिमें समत्वका उदय होना चाहिए।

यया कया वा विद्यया हृदि समत्वमुदीयात्।

संसारके प्रति ममता रखो तो समता नहीं आयेगी। ईश्वरने सबको सम ही उत्पन्न किया है का अर्थ है कि उपादान सम है। उस उपादानपर दृष्टि रखनी है।

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon

. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Gr

'योगी युञ्जीत सततम्'—अपने आपके साथ अपने आप[को] जोड़ो। अर्थात् दूसरेका सम्पर्क किये बिना रहो।

आप चाहते हैं कि आपसे मिलने आपका प्रियतम प्रभु आये? तब उससे मिलनेके लिए आप कहाँ रहकर उसकी प्रती[क्षा] करते हैं? किसी पार्कमें? बसके अड्डेपर या स्टेशनके प्लेटफा[र्म] पर वह प्रतीक्षा करने योग्य नहीं है।

'रहसि स्थितः'—उसके लिए अपनेको एकान्तमें रखो औ[र] वहाँ 'स्थितः' बैठे रहना, सो मत जाना।

'आये मोरे सजना, फिरि गये अँगना,

मैं बौरी रही सोय री।'

पता नहीं वह क्षण जीवनमें कब आयेगा, जब हमारे शान्[त] शुद्ध, अन्तःकरणमें अपने परम प्रेमास्पद सच्चिदानन्दघन अ[द्व]ै[त] आत्मदेव अभिव्यक्त होंगे। उसके लिए सावधान रहना चाहिए।

'योगी युञ्जीत सततम्'—आप मकान-स्त्री-पुत्रके विषयमें घं[टों] सोचते हो। अपने विषयमें भी सोचनेके लिए थोड़ा समय निकालो। तुमने सबकी अपेक्षा की; किन्तु अपनी उपेक्षा कर दी।

बचपनमें मेरे बाबाने मुझसे लोटा मलनेको कहा। मैंने उ[से] एक बार धोया, दो बार धोया, पर वह साफ ही न हो। बा[बा] बोले—'पहले अपना हाथ तो धो लो, फिर लोटा धोओ।'

हाथमें लगी मिट्टी बार-बार लोटेमें लग जाती थी। अप[ना] हाथ साफ होगा तब बर्तनको स्वच्छ कर सकोगे। अपनेको ह[म] निर्मल कर लेंगे तब पास-पड़ोसको भी निर्मल कर सकते हैं औ[र] निर्मल परमात्मासे मिल भी सकते हैं। अतः अपनेको गन्दगीमें[से] निकालना आवश्यक है।

Guru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalga

C-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant

मैंने एक कथा पढ़ी थी—एक सज्जन विदेशमें सबेरे होटलमें चाय पीने गये। मेज-कुर्सी लगी थी और दासी फर्श साफ कर रही थी। उन्होंने देखा कि संगमरमरका मेज स्वच्छ नहीं था। दासीसे उसे स्वच्छ कर देनेको कहा तो वह वही फर्श साफ करनेका कपड़ा लिये आयी और मेज पोंछने लगी। जितनी बार वह मेज पोंछती, उतनी बार गन्दी लकीरें मेजपर बन जातीं। वे बोले—'पहले कपड़ा धो ले, तब मेज साफ कर।'

वह दासी हँसने लगी और बोली—'तुम भी तो लोगोंको सुधारनेके लिए व्याख्यान देते घूमते हो, पहले अपनेको स्वच्छ कर लो।'

तात्पर्य यह है कि पहले आत्मनिरीक्षण—आत्मदृष्टि होनी चाहिए।

'आत्मानं युञ्जीत'—अपने आपसे मिलो। अभी दूसरेसे मिले हो, वहाँसे अपनेको पृथक् करो, यही अपनेसे मिलना है। यह प्रतिदिन करना है और एकान्तमें करना है।

'रहः' इसमें 'हरः' उलटा होकर छिपा है। एकान्तमें यह 'हर' मिलते हैं। दूसरोंको पृथक् कर दो तो जो तुम्हारे भीतर बैठा है, वह प्रकट हो जायगा।

यदि सहारा लेना है—आलम्बन चाहिए तो हँसते-खेलते-बोलते—जीवन्त भगवान्का सहारा लो। यदि निरालम्ब होना है तो दूसरोंको छोड़ दो। दोनों दशाओंमें एकान्तमें बैठो।

'एकाकी'—किसी दूसरेसे मत मिलो। वहाँ कोई दूसरा सहायक मत रखो।

'यतचित्तात्मा'—अपने शरीर, इन्द्रिय, मनको वशमें रखो। इनको हिलने-चलने मत दो।

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon

. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Gra

'निराशीः' भजनसे उठकर क्या करेंगे, यह आशा लेकर
बैठो।

'अपरिग्रहः' वहाँ कुछ संग्रह मत रखो।

एक सज्जन झूसीमें रहते थे। उन्हें साठ रुपये महीने पेन्
मिलती थी। यह सन् १९३४ की बात है। तब साठ रुपये क
अधिक थे। बड़ा धर्म किया था उन्होंने, एक दण्डीबाड़ा बनवा
था। ब्राह्मण थे, सन्ध्या नियमसे करते थे, त्यागसे रहते
किन्तु उनके जीवनमें रूक्षता बहुत थी। साधनका कोई फल उ
जीवनमें देखनेमें नहीं आता था।

मैंने श्रीउड़ियाबाबाजी महाराजसे पूछा—'ये धर्मात्मा हैं। इ
क्या दोष है कि इनकी साधना रसवती नहीं हो रही है?'

बाबा बोले—'यह जो अपनी पेन्शनका पैसा खाता
इसका इसे अभिमान है और साधुओंके प्रति इसकी दोषदृ
है कि ये लोग माँगकर खाते हैं। इससे इसमें रूक्षताका उदय
गया है।'

'अपरिग्रहः'—क्या हम अपनेको ईश्वरपर नहीं छोड़ सक
मेरे जीवनमें ऐसे प्रसंग आये हैं जब मेरे साथ कोई मनुष्य
था, भोजन नहीं था, वस्त्र नहीं था, पैसा नहीं था। उस
ईश्वरने शिष्य या भक्तसे अधिक सेवा की है।

जब हम ईश्वरपर भरोसा नहीं करते, तब संसारी लो
सामने दीन-हीन-कंगाल होकर हमें गिरना पड़ता है।

जब तुम एकान्तमें अपरिग्रही होकर, आशा छोड़कर, अ
मन-इन्द्रियोंको जीतकर बैठोगे तो तुम्हारे हृदयमें परमात्म
प्रकाश अभिव्यक्त होगा।

Guru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalga

C-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant

शौचात् स्वाङ्गजुगुप्सा परैरसंसर्गः।

—योगदर्शन

जब मनुष्य पवित्र होने लगता है तो अपने शरीरसे एक होनेमें उसे घृणा होती है। विष्ठा-मूत्र-हड्डी-मांस-चर्म, यूक-रक्त आदिसे एक होनेमें उसे जुगुप्सा होती है; क्योंकि ये पराये हैं। इनसे उसका असंसर्ग हो जाता है। जो पवित्र होगा, वह देहसे तादात्म्य करना कभी पसन्द नहीं करेगा। सबसे घृणित तो यह शरीर ही है।

इस शरीरसे तादात्म्य छोड़कर प्रतिदिन एकान्तमें बैठो। वहाँ नींद न आये और चिन्तन करो—

प्रातः स्मरामि हृदि संस्फुरदात्मतत्त्वं
सच्चित्सुखं परमहंसगतिं तुरीयम्।

हम प्रातः हृदयमें स्फुरित होते सच्चिदानन्द स्वरूप परमहंसोंकी गति तुरीय आत्मतत्त्वका स्मरण करते हैं।

'अपरिग्रहः'—तिजोरीमें लाखों रुपये बन्द करके चाभी पास रख ली है और कहते हो 'मुझे कुछ नहीं चाहिए' यह ढोंग है। इससे योग नहीं होता। महीनेमें ब्याज आता रहेगा—यह ठीक व्यवस्था है और कहते हो—'अब हमें कुछ नहीं चाहिए।' जमा रुपयोंका जो अभिमान है, वह अस्मिता-क्लेश है। तुम्हारा चित्त क्लेशानुविद्ध है तो समाधि कहाँसे लगेगी ?

●

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon

. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Gr

: ११

• संगति

एकान्तमे, एकाकी, मन-इन्द्रियोंको वशमें करके, निराशी अपरिग्रह होकर वैठना है तो वैठना कैसे ? इसका उत्तर दे रहे हैं।

शुचौ देशे प्रतिष्ठाप्य स्थिरमासनमात्मनः।
नात्युच्छ्रितं नातिनीचं चैलाजिनकुशोत्तरम् ॥११॥

पवित्र स्थानपर अपना आसन स्थिर स्थापित करे। वह न ऊँचा हो, न बहुत नीचा। उसमें कुशके ऊपर मृगचर्म और उसके वस्त्र बिछा हो।

जिसे किसी दिशामें योग करना हो—इस झगड़ेमें मत पड़ो हमें कर्मयोगी होना है या ज्ञानयोगी। भक्तियोग अपनाना है हठयोग। किसी भी मार्गसे आपको चलना है तो यह आवश्य कि जीवनमें जो बुरे अभ्यास पड़ गये हैं, वे छूट जायँ। दीर्घकालके अभ्यासके बिना हम छुड़ा नहीं सकते। क्योंकि स्वीकार करके हमने जीवनमें भरा है, अतः इनको निकाल दायित्व भी हमारा है।

योगाभ्यासके द्वारा हमें अपने मनका संस्कार करना अन्तःकरणका दोषापनयन करके उसमें गुणाधान करना है। कार्य एकान्तमें करना चाहिए अन्यथा लोग योगिराज क पूजा करने लगेंगे तो अपने मनमें भी अभिमान आजायगा।

Guru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalga

C-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant

यह अभ्यास एकाकी रहकर करो; क्योंकि दूसरे आदमीकी उपस्थितिमात्रसे आजाता है मनमें कि 'दूसरा देख रहा है।'

'शुचौ देशे'—वह स्थान निसर्ग-पवित्र है—जैसे गंगातट या संस्कारसे पवित्र किया जाय। पवित्रता दोनों प्रकारसे आती है।

घरमें एक पवित्र स्थान भजनके लिए बना लो। जहाँ भोजन-शयन करें, वहीं भजन नहीं करना चाहिए। जिस आसन-पर सोते हों, वही भजनके काममें नहीं लेना चाहिए। जिसपर बैठकर लोगोंसे मिलें, उसीपर भजन करने बैठ जायँ, यह ठीक नहीं है।

एक आसन, एक स्थान ऐसा होना चाहिए जहाँ भजन ही करें। उस भूमिमें—आसनमें यह संस्कार जाग्रत् करो कि जब हम यहाँ बैठेंगे तब संसारके विषयमें नहीं सोचेंगे। वह स्थान ईमानदारीसे प्राप्त और पवित्र होना चाहिए।

'प्रतिष्ठाप्य'—मकानकी प्रतिष्ठा होती है। गृह-प्रवेशसे पूर्व वास्तु-देवताकी पूजा होनी चाहिए। इसी प्रकार आसनकी भी प्रतिष्ठा होनी चाहिए।

'पृथ्वि त्वया धृता लोका देवि त्वं विष्णुना धृता।
त्वं च धारय मां देवि पवित्रं कुरु चासनम्॥'

इस प्रकार आसनकी प्रतिष्ठा होती है। आसन स्थिर होना चाहिए। कभी यहाँ, कभी वहाँ; नहीं बिछाना चाहिए। एक ही स्थानपर रखना चाहिए।

मनमें आता है—'यहाँ मन नहीं लगता, वहाँ जायँगे तब लगेगा।' मनकी यह बात सच नहीं है। वहाँ जानेपर फिर स्थान बदलनेको कहेगा।

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon

. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Gr

मन कहता है—'आज तो ध्यान नहीं लगता। आज छोड़ कल मन लगायेंगे।' यदि ऐसा सोचकर छोड़ दिया तो वह 'क कभी नहीं आयेगा। यह मनका टालमटोल है।

श्वः कार्यमद्य कुर्वीत पूर्वाह्णे चापराह्णिकम्।

जो कल करना है, उसे आज करो। जो दोपहर पीछे क है, उसे दोपहरसे पहले करो।

'आत्मनः'—आसन अपना हो, उधारका मांगा—दूसरे न हो।

बौधायन-धर्मसूत्रमें कहा गया है—पलंग, आसन, वस्त्र, प पुत्र, कमण्डलु अपने ही हों तो पवित्र होते हैं। कमण्डलु एक सा दूसरेके लिए पवित्र नहीं होता।

हिन्दूधर्म पवित्रता वस्तुनिष्ठ नहीं मानता, शासनन मानता है। हम वासनाके वेगमें आकर ही शासन-भंग करते हैं।

'नात्युच्छ्रितं नातिनीचं' आसनमें भी समता चाहि ऊँचा-नीचा आसन होगा तो मनमें समता नहीं आयेगी।

आसन बहुत ऊँचा या बहुत ऊँचे स्थानपर नहीं होना चा और बहुत नीचा या बहुत नीचे स्थानपर—गड्ढेमें भो नहीं ह चाहिए।

'चैलाजिनकुशोत्तरम्'—नीचे कुशका आसन हो, उसके मृगचर्म हो और ऊपर कपड़ा हो, जिससे नरम रहे।

बैठनेपर शरीरका निचला भाग जब दबता है तो वहाँ बढ़ जाती है। बिना अभ्यासके जो देरतक बैठने लगते हैं,

Guru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalga

C-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant

बवासीर होनेका भय होता है। वृन्दावन, हरिद्वार, हृषीकेश, उत्तर-काशीमें मुझे बहुत साधकोंसे मिलनेका काम पड़ा है, जिन्होंने बिना सीखे अपने मनसे बैठना प्रारम्भ किया। उनमें-से किसीको वातरोग और किसीको बवासीर हो गया।

पृथ्वी और शरीर दोनों सजातीय हैं। अतः साधनसे शरीरमें जो शक्ति-विद्युत् उत्पन्न होती है, उसे पृथ्वी खींच लेती है। और पृथ्वी और हमारे मध्यमें जब कुशासन रहेगा तब पृथ्वी वह विद्युत् खींच नहीं सकेगी।

कुशके आसनके ऊपर मृगचर्म होना चाहिए। यह ध्यान रखना चाहिए कि मृगचर्मपर शयन करना तथा उसपर बैठकर भोजन करना वर्जित है। मृगचर्मपर सर्प, बिच्छू, खटमल नहीं चलते। केवल भजनके लिए उसे पवित्र माना गया है। वस्तुगत पावित्र्य मृगचर्ममें नहीं है।

मृगचर्मके ऊपर वस्त्र चाहिए। वह वस्त्र रेशमी हो तो अधिक उत्तम है।

कुशासनके नीचे कोई ऐसा आसन हो जो बदला न जाय। चौकी, चबूतरा, मिट्टीकी वेदी—ऐसा कुछ हो। यह आसनका स्थान यदि नीचा होगा तो अशुद्ध जल बहकर वहाँ आयेगा। बहुत ऊँचा होगा तो गिरनेका भय रहेगा।

आसन नरम होना चाहिए। पैरके नीचे कठोर आसन हानि करता है। मेरे एक मित्र बहुत बैठते थे। उनके टखनेकी गाँठ पहले कठोर हो गयी, फिर चिपटी हुई और अन्तमें पक गयी।

'आसनम्'—स्थिरसुखमासनम्—जिसमें तुम स्थिर एवं सुखपूर्वक बैठ सको, वह आसन है। पीठ, कन्धा, घुटनें दुखें, वह आसन नहीं है।

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon

. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Gr

शरीरसे बलात्कार नहीं करना चाहिए। बैठनेके लिये सिद्धा सर्वश्रेष्ठ है। स्वस्तिकासन द्वितीय है। पद्मासन व्यायामके अ उपयुक्त है, ध्यानके उतना उपयुक्त नहीं है। उसमें शरीरमें तन अधिक होता है। वीरासन या भद्रासन भी बैठनेके उपयुक्त हैं।

बैठनेका अभ्यास धीरे-धीरे बढ़ाना चाहिए। पहले सप्ताह मिनट प्रतिदिन बैठें। प्रत्येक सप्ताहमें समय दो मिनट बढ़ा चार सप्ताहमें बीस मिनट कर लें। छः महीनेमें यथेच्छ समय जायगा।

'आस्यते अस्मिन् इति आसनम् अधिकरणम्।'

योग-दर्शनमें कहा गया।

'प्रयत्नशैथिल्यानन्तसमापत्तिभ्याम्।'

बैठनेपर यदि शरीर हिलता हो तो दो बातोंका ध्यान रखं सर्वथा नहीं हिलेगा। १. भजनसे उठकर क्या करना है, यह संक मनमें नहीं उठना चाहिए।

भजन करने बैठो तो परमात्मासे प्रार्थना करो—'प्रभु! तो तुम्हारा भजन करने बैठ गये। तुम उठाओगे तो उठेंगे। लौ हमारा अब संसारमें कोई ऐसा काम नहीं है कि उसके लिए उ आवश्यक हो।' इसका नाम है प्रयत्नशैथिल्य।

२. आपके शरीरमें—हृदयमें भगवान् शेष सिरपर पृथ्वी हैं। उनकी गोदमें भगवान् विष्णु लेटे हैं। वे हिलें तो भू आजायगा और भगवान् विष्णुकी नींद टूट जायगी। उन भगवान्की स्थिरताका ध्यान करो। इसका नाम अनन्तसमाप है। इससे आसन स्थिर हो जायगा।

Guru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalga

C-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant

: १२ :

संगति

आसनपर बैठकर करें क्या ?

तत्रैकाग्रं मनः कृत्वा यतचित्तेन्द्रियक्रियः ।
उपविश्यासने युञ्ज्याद्योगमात्मविशुद्धये ॥१२॥

उस आसनपर बैठकर चित्त और इन्द्रियोंकी क्रियाओंको संयत करके, मनको एकाग्र करके, आत्मविशुद्धिके लिए योग करे।

'तत्र उपविश्यासने'—उस आसनपर बैठकर 'योगं युञ्ज्यात्' योग करे। कैसे करे ?

'एकाग्रं मनः कृत्वा'—मनको एकाग्र करना है। अग्र अर्थात् नोक एक बनाना है। अब मान लो कि तुम किसी महात्माके

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon

In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-G

समीप गये और उन्होंने सिरपर हाथ रख दिया। तुम्हारा
एकाग्र हो गया। यह लाभ हुआ या हानि? यह हानि है
तुम्हारा साधन, तुम्हारा पौरुष तो गया। स्वप्नायित (हि
टाइज) होनेसे साधन सफल नहीं होता।

मनकी एकाग्रता चाहिए। देखो कि मनकी नोक एक दि
है या नहीं। वृन्दावनमें एक ब्रह्मचारीने अपने भजन-स्था
बीस चित्र रखे थे। श्रीराम, श्रीकृष्ण, शिव, दुर्गा, हनुमाना
चित्र थे। मैंने पूछा—'ब्रह्मचारीजी! आपने चित्र तो बहुत रखे
जप किसका करते हो?'

ब्रह्मचारी—'एक माला इनकी, दो माला उनकी। तीन म
उनकी.....।'

अब उस ब्रह्मचारीका मन कैसे एकाग्र होगा? चित्तमें
एक आकार भरा जाता है, तब उसका ठीक-ठीक निर्माण होता है
यदि खेतमें तुम क्रमशः जौ, गेहूँ, चना बोते और उलटते गये
कौन-सी खेती उगेगी? अतः अपने चित्तमें एकका लक्ष्य, ए
प्रेम होना चाहिए।

कौरव-पाण्डव दोनों बचपनमें द्रोणाचार्यसे बाण चलाना सी
थे। उनकी परीक्षाका समय आया। आचार्यने वृक्षपर ए
लकड़ीकी चिड़िया रखवायी थी। उसके बायें नेत्रमें बाण मार
था। पहले दुर्योधनने धनुषपर बाण चढ़ाया। आचार्यने उ
पूछा—'तुमको क्या दीखता है?'

दुर्योधन—'आप दीखते हैं। ये लोग दीखते हैं। वृक्ष दीख
है। पक्षी दीखता है। मुझे सब दीखता है।'

आचार्य—'ठीक है। तुम धनुष रखकर बैठ जाओ।'

Guru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalg

. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Gra

क्रमशः सबने धनुष उठाया और पूछनेपर यही उत्तर दिया। युधिष्ठिरकी वारी आयी तो उन्होंने कहा—'मुझे केवल पक्षी दीखता है।'

आचार्य—'पक्षी पूरा दीखता है?'

युधिष्ठिर—'हाँ, पूरा दीखता है।'

आचार्य—'तुम भी बैठ जाओ।'

अन्तमें अर्जुन उठे और उनसे धनुपपर वाण चढ़ा लेनेपर पूछा गया तो बोले—'गुरुदेव ! मुझे केवल पक्षीका वायाँ नेत्रमात्र दीखता है।'

अर्जुन उत्तीर्ण हुए परीक्षामें। एकाग्रका अर्थ है कि केवल लक्ष्य दीखता है।

मनका स्वभाव है कि यह वार-वार स्थूलको लक्ष्य वनाता है—

> पराञ्चि खानि व्यतृणत् स्वयम्भू-
> स्तस्मात् पराङ् पश्यति नान्तरात्मन्।

ब्रह्माने इन्द्रियोंको बहिर्मुख बनाया है। अतः ये वाहर देखती हैं, अन्तरात्माको नहीं देखतीं। इसीसे बचनेकी आवश्यकता है।

हमारी इन्द्रियाँ बहिर्मुख होकर 'व्यतृणत्' टुकड़े-टुकड़े हो गयी हैं। अपने पास एक सूतमें फूल पिरोओ तो माला वन जायगी। ऐसे ही मनमें एक ही विषयका आकार बार-बार आने दो।

काशीमें एक महात्मा विश्वविद्यालयके दूसरी ओर गंगा-किनारे रहते थे। बड़े प्रतापी थे। उनके बहुत शिष्य थे। उनके शिष्य लोगोंसे कहते—

Guru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalga

. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Gr

'राम न सकहिं नाम गुन गाई ।'

अर्थात् श्रीराम भी उस नामका गुण नहीं गा सकते हैं, अतः वह नाम 'राम' नहीं है ।

लोग पूछते—'तब वह नाम क्या है ?'

शिष्य—'यह हमारे महाराज बतलायेंगे । हम शिष्य नहीं बनाते हैं ।'

वे महात्माजी परीक्षा लेकर, यह शपथ दिलाकर कि वह किसीको नहीं बतलायेगा, तब वह नाम—'गुरु' है ऐसा बताते। इस गुरु शब्दको मनके धागेमें फूल बनाकर पिरोओ ।'

महात्माओंके अनेक ढ़ंग हैं । तात्पर्य यहाँ न निन्दा करनेमें है, न यह समर्थन करनेमें कि चौपाईका अर्थ वे ठीक करते थे । तात्पर्य यह है कि मनको एक ही विषयमें लगाओ । एक ही विषयको मनमें आने दो ।

काल क्षण-क्षण दीख रहा है । इन सेकेण्डोंको मनमें गिनते जाओ तो भी मन एकाग्र हो जायगा ।

एक आमके फलको मनमें ले लो; किन्तु मनमें दूसरा आम न आये । एक सहस्र बार वही आम मनमें आने दो, मन एकाग्र हो जायगा ।

'शान्तोदितौ तुल्यप्रत्ययौ ।'

—योगदर्शन

जो प्रत्यय शान्त हो, वही उदित हो । जो गया, वही आया। यदि ऐसा श्रीराम, श्रीकृष्ण, नारायण या शिवके साथ करें और उनमें भगवद्-बुद्धि हो तो चित्तकी अधिक शुद्धि होगी ।

Guru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalga

. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Gra

मनको भीतर जाने दो। अब देखो कि श्रीकृष्ण निकुञ्जमें बैठे श्रीराधाका ध्यान कर रहे हैं। उनके ध्यानमें जो श्रीराधा हैं, वे श्रीकृष्णका ध्यान कर रही हैं। वे ध्यानके श्रीकृष्ण श्रीराधाका ध्यान कर रहे हैं। इस क्रमको सौपीढ़ी चलाओ। इसे सालम्बयोग कहते हैं—सहारा लेकर मनको एकाग्र करना।

मनुष्य जहाँ गिरता है, वहींसे सहारा लेकर उठता है कोई वर्षामें चलते-चलते फिसलकर गिर पड़ा। चुपचाप पड़ा रहा। एकने कहा—'उठता क्यों नहीं? धरती पकड़कर उठ!'

'यस्यां भूमौ निपतितः तामालम्ब्य विमुच्यते।'

अपना मन नाम-रूपमें पड़ा है, अतः नाम-रूपका ही सहारा लेकर ऊपर उठते हैं।

कल्पना करो कि बोलते समय जो मन वैखरी वाणीमें—जीभमें था, वह वहाँसे मध्यमामें—हृदयमें गया। हृदयसे पश्यन्तीमें—नाभिमें गया। वहाँसे मूलाधारमें परा वाणीसे एक हो रहा है। परा वाणी चिद्रूपा है। वहाँ समधि लग जायगी।

मनको मूलाधारसे स्वाधिष्ठान, मणिपूर, अनाहत, विशुद्ध, आज्ञाचक्रमें होते सहस्रारमें ले जाओ तो इस क्रमसे भी मन एकाग्र हो जायगा। इस प्रकार मनको नीचे ले जाओ या ऊपर, बाहर ले जाओ या भीतर, मन एकाग्र करना उद्देश्य है।

निश्चय करो कि जहाँ बैठे हो, उस कमरेके बाहरकी किसी वस्तुकी कल्पना एक मिनट मनमें न आये। फिर शरीरके बाहरकी कोई कल्पना न आये। तब हृदयसे बाहर सिर या पैरकी कल्पना

Guru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalga

. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Gr

न आये। अन्तमें हृदयमें अपने अतिरिक्त कोई कल्पना न आये। यह हुई धारणा।

'देशबन्धश्चित्तस्य धारणा।'

—योगदर्शन

चित्तको एक स्थानमें बाँधनेका नाम धारणा है। न कोई बाहर स्थान है, न भीतर। मन पहिले है, स्थान बादमें। इन स्थानोंको मन बनाता है। दिन-रात, घंटा-मिनट मन बनाता है। संसार मनसे प्रकट होता है। ये जितने खेल दीख रहे हैं, सब मनीराम खेलते हैं। देशमें, काल, वस्तु, बाहर-भीतर, ऊपर-नीचे सब तुम्हारे मनमें दिखायी पड़ रहे हैं।

आपमें कितनी स्वतन्त्रता है, जब आप यह जान लोगे तब मनकी समस्या मिट जायगी।

आपका मन एकाग्र नहीं है—एक है। सारी अनेकता मनका स्पन्दन-मनका खेल है। यह सब मनका विकल्प है। वस्तु हुए बिना ही शब्द मात्र है। मनको न कहीं भेजना है, न मनमें कुछ लाना है।

मनःकल्पितमेवेदं जगज्जीवेन कल्पनम्।
तदेकं सम्परित्यज्य निर्वाणमनुभूयताम्॥

—भगवान् शंकराचार्य

मनका दीपक बुझ जाने दो। मन मायाका दीपक है। यह जलता है तो नाना प्रकारके देश, काल, वस्तु, जीव, ईश्वरका खेल दिखाता है। यह जादूका दीपक बुझा तो सब समाप्त।

रोगकी चिकित्सा दो प्रकारकी होती है—१. व्याधि-प्रत्यनीक और २. हेतु-प्रत्यनीक। एक तत्काल उपद्रवको रोकती है। यह

Guru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalga

. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Gra

व्याधि-प्रत्यनीक चिकित्सा है। दूसरी रोगके कारणको दूर करती है। यह हेतु-प्रत्यनीक चिकित्सा है। मनकी एकाग्रताकी जो युक्तियाँ हैं, वे व्याधि-प्रत्यनीक चिकित्साके समान हैं। शरीर या नेत्र स्थिर करनेसे, श्वास सम करनेसे, मनको कहीं ले जानेसे ऐसी एकाग्रता हो जायगी। लेकिन मनकी यह एकाग्रता केवल व्याधि-प्रत्यनीक चिकित्सा है। ये तात्कालिक उपाय हैं। लेकिन विना समझदारीके जो मनको एकाग्र करते हैं, वे—

'विषीदन्त्यसमाधानात्।'

उनका मन समाहित नहीं होता, उनके हाथ केवल विषाद लगता है। उन्हें निर्वेद होता है। दो-चार महीने वे लगे रहते हैं—फिर ढीले पड़ जाते हैं और कहते हैं—'किसीका मन एकाग्र नहीं होता।' अतः मनकी चञ्चलताके कारणका निवारण होना चाहिए।

नेत्रको चाहे अमावस्याके समान पूरा वन्द कर लें या पूर्णिमाकी भाँति पूरा खुला रखें अथवा प्रतिपदाके समान अर्धोन्मीलित रखें। ध्यानके समय नेत्रोंकी यही तीन स्थिति रखी जाती है। लेकिन इनमें किसी भी प्रकार दृष्टि रखी जाय, बाहरके विषय इन्द्रियोंके द्वारा भीतर प्रवेश नहीं करने चाहिए।

पहलेका विषय ही मनमें दीखता है। यह घड़ी बाहर है, पर मनमें दीख रही है तो क्या घड़ी बाहरसे उठकर भीतर चली गयी? नहीं, वह जहाँ-की-तहाँ है। तब क्या अन्तःकरण बाहर घड़ीके पास आगया? नहीं, वह भी जहाँ था, वहीं है। तब घड़ी हमको भीतर क्यों दीखती है? घड़ी नहीं दीखती है, वह घड़ीका आभास-प्रतिबिम्ब भीतर दीख रहा है। जैसे मनुष्य बाहर खड़ा हो और कैमरेमें उसकी छाया दीखती है।

Guru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalga

. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Gr

अन्तःकरणमें न शत्रु है—न मित्र, न स्त्री, न पुरुष, न धन, न भवन, न संसार। सबका वहाँ आभासमात्र है। अन्तःकरणमें नकली विषय दीख रहा है। वह शत्रु है तो जलन होगी। मित्र है तो स्वाद आयेगा।

'संस्कारजन्यं ज्ञानं स्मृतिः।'

शत्रुता या मित्रता संस्कारसे आयी। अथवा—

अनुभूतविषयासम्प्रमोषः स्मृतिः।

जैसा पहले अनुभव किया है, वैसी स्मृति होती है। एक संस्कारजन्य वासना होती है, एक वस्तुका आभास होता है और एक उसका ज्ञान होता है। ये तीन बातें अन्तःकरणमें होती हैं। इन्हीं तीनोंका नाम प्रकाश, वासना और विषयाभास है। जो विषयांश है, वह आभास—परछाईं है। उसकी उपेक्षा कर दो। जो वासनांश है, उसके साथ 'मैं-मेरा' मत जोड़ो। तुम तो प्रकाश-स्वरूप हो। तुम्हारा मन प्रकाश-रूप है। वह न वासना है, न विषय।

विषय केवल छाया है। वासना बहती हुई पुरानी गन्दी वस्तु है जो मनमें-से निकल रही है। वह अच्छी हो या बुरी, शुभ हो या अशुभ, गन्दी वस्तु है। केवल ज्ञान मन है और वह आत्मासे पृथक् नहीं है।

मनमें ज्ञानांश आत्मा है। वासनांश जन्म-जन्मका प्रवाह है। विषय इन्द्रियों द्वारा गृहीत होकर बाहरसे भीतर डाला गया है। अविद्याके कारण आप अनादि वासना-प्रवाहमें विषयकी छायाको 'मैं-मेरी' समझ रहे हो। जब मन वासनांश और प्रतिबिम्बसे पृथक् हो आत्मासे एक होगा, तब इसकी सच्ची एकाग्रता होगी। शेष सब-की-सब एकाग्रता झूठी हैं।

Guru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalga

. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Gr

यदि किसी विषयमें मन एकाग्र करते हैं या किसी वासनाको बार-बार दुहराते हैं तो दोनों ही मिथ्या हैं। अतः आपको मन एकाग्र नहीं करना है। मनके स्वरूपको न जाननेके कारण आपमें बेचैनी है।

न बाह्ये नापि हृदये सद्रूपं विद्यते मनः।
पदार्थप्रतिभानं तन्मन इत्यभिधीयते॥

श्रुति कह रही है कि जो विषयका प्रतिभान हो रहा है हृदयमें कि यह स्त्री है, यह पुरुष है, पशु या पक्षी है, यह कुछ नहीं है। यह मनकी ही आकृतिविशेष है। इसमें जो सुख-दुःख-बुद्धि है, यह पूर्वानुभूत वासनाका प्रवाह है। तुम्हारा मन जो प्रकाशस्वरूप है, इसमें न वासना है, न विषय हैं। यह प्रकाशरूप मन अपने स्वरूपसे पृथक् नहीं है।

ध्यान वस्तुतः लगा ही है, अज्ञानके कारण ही आपको ऐसा भासता है कि ध्यान नहीं है।

श्रीहरिबाबाजी महाराज एक पण्डितके घर कथा सुनने जाते थे। वे सिर नीचा किये जाते और कथा सुनकर वैसे ही लौट आते। एक दिन उनके सेवकने कहा—'पण्डितजी कथा तो अच्छी कहते हैं, किन्तु घरमें खूँटियोंपर शाल-दुशाले टाँग रखे हैं। यह प्रदर्शन अच्छा नहीं लगता।'

श्रीहरिबाबा—'मुझे चार महीने उनके घर जाते हो गये, मैंने देखा नहीं कि उनके घरमें दीवालकी खूँटियोंपर क्या टंगा है, तुम कथा सुनने जाते हो या घरकी दीवाल देखने ?'

हमारे अन्तःकरणमें तमोगुण, रजोगुण एवं सत्त्वगुणकी धाराएँ बहती हैं। इन तीनों गुणोंसे परे जो ज्ञानस्वरूप अन्तःकरणका

Guru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalga

. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Gr

अधिष्ठान और प्रकाशक है, वह भी उस अन्तःकरणमें ही विद्यमान है। अब देखना यह है कि तुम अपने अन्तःकरणमें इनमें-से किसे देखते हो ?

जो करके बनाया जाता है, वह बिगड़ जाता है, फिर वह ज्ञान हो, समाधि हो या उपासना हो। जो भोगा जाता है वह बाँध लेता है।

अपने स्वरूपमें न कुछ करना है, न भोगना है। शान्ति, राग-द्वेष या विषयोंकी अथवा तमस-रजसकी बहती धारामें जो अपने मनका प्रकाशांश है, उसे पकड़ो। वह तुम्हारे आत्माका स्वरूप है। ये सत्त्व, रज, तमस—ये शान्ति, वासना, विषय—इनकी झूठी धारा तुम्हारे मनमें आती-जाती है। यह भान झूठा है। इसका प्रकाशक सत्य है और वह आत्मा है। ध्यान उत्पन्न नहीं करना है, वह लगा है। उसे पहिचानना है।

आपका मन दर्पण है। जब बाहरका कोई फूल दर्पणमें प्रतिबिम्बित होता है तो दर्पण लाल, पीला, या नीला दीखने लगता है। लेकिन तब भी दर्पण लाल, पीला या नीला नहीं होता। आपके अन्तःकरणका दर्पण उपरागी है ही नहीं। जो ग्रहण लगने पर समझते हैं कि चन्द्र या सूर्यकी ज्योति नष्ट हो गयी, वे ठीक नहीं समझते। मनश्चन्द्रमें भी कोई कालिमा लगा नहीं करती है।

'ज्ञानस्वरूपं परमं निर्मलं परमार्थतः।'

बाहरकी आती-जाती छायाओंको ज्ञानका रंग मत मानिये।

एक दिन ठाकुर प्रसिद्ध नारायणसिंह मैं और ठाकुर झगरूसिंह कानूनगो ज्येष्ठकी दोपहरीमें एक महात्माके समीप जानेके लिए चल पड़े। मार्गमें मैंने श्रीप्रसिद्धनारायणसिंहसे पूछा—'कैसा है?'

Guru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalga

. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Gra

वे—'आपसे क्या बतलायें, वह तो ठसाठस ही है।' अर्थात् कदम ठोस वस्तु है।

हम लोग उन महात्माजीके समीप पहुँचे। उन्होंने कुटियाका र खोला और बोले—'बाहर धूप है, भीतर आजाओ।' फिर भी बोले—'सब ठसाठस ही है। सब ठिकवा-ठिकन्त (ठीक ही क) है।'

तात्पर्य यह है कि न आलम्बनकी कोई आवश्यकता है, न श्रयकी। ज्यों-का-त्यों सब परमार्थ है।

'यतचित्तेन्द्रियक्रियः'—चित्त और इन्द्रियोंकी क्रियासे उपरत जाओ।

क्रिया तब क्रिया होती है, जब हम 'अहं' के रूपमें अपनेको के साथ जोड़ देते हैं। जिसके साथ हम अपनेको नहीं जोड़ेंगे, मृत होगा। जब आसनपर बैठ जायँ तब चित्त एवं इन्द्रियोंकी याको उपराम हो जाने दें। उन्हें बन्द मत करो—उपरत होने । जो रामके पास बैठा है, वह उपराम है।

'आत्मविशुद्धये'—योगं युञ्ज्यात् कस्मै प्रयोजनाय? त्मविशुद्धये। योग करे—किस प्रयोजनसे? आत्मविशुद्धिके ए।

मैं पहले मुखमें कड़ी सुपारी डालता था तो वह टूटती नहीं । एक सेठके घर गया। उन्होंने सुपारीके साथ दो बादाम दिये र बोले—'पण्डित जी! पहले ये बादाम चबा लें।'

मैंने बादाम दाँतसे तोड़े तो सुपारी स्वयं घुल गयी। जबतक नहीं था कि बादाम एवं सुपारीके संयोगमें सुपारी बादामके से गल जाती है, तबतक मेरे लिए सुपारी तोड़ना कठिन था।

Guru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalga

. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Gr

जब पता लग गया तब काम सरल हो गया। इसका नाम यो युक्ति है। इसी प्रकार सीखकर ध्यान करो तो वह सरल जायगा।

'आत्मविशुद्धये'—योगका उद्देश्य होना चाहिए। एकाग्र करो; किन्तु शत्रुको सताने या प्रियको पानेके लिए योगका अर्थ है शरीरकी, मनकी पवित्रता। अपने आप जो एवं इन्द्रियोंके चक्करमें पड़ गया है, उसे ढूँढ निकालना योग है। योग होता है यह जाननेको कि हमारा स्वरूप कैसा है? वस्तुको छोड़ने या पानेके लिए योग नहीं करना चाहिए।

संसारी योगाभ्यासी और विरक्त योगाभ्यासीमें अन्तर क यह समझ लेना चाहिए। संसारी योग करता है कुछ पानेके लि न मिलनेपर विषण्ण और निर्विण्ण हो जाता है। विरक्त पुरुष पानेको योग नहीं करता। अतः वह कभी विषण्ण या नि नहीं होता। वह अपनेमें जो उलटी कल्पनाएँ हो गयी हैं हटा देनेको ही योग करता है। उसे केवल विजातीयको देना है।

हम अज्ञानी हैं, कर्ता-भोक्ता है, संसारी हैं, पापी-पुण्यात्म यह जो हम मान बैठे हैं, इसीको दूर करना है। आत्मनि करना अर्थात् जाग्रत्, स्वप्न, सुषुप्तिमें-से अपनेको निकाल इन तीनों अवस्थाओंसे न्यारा होकर जो इन तीनोंमें भर उसे आत्मारूपसे जान लेना।

तुम्हारे आत्मचैतन्यमें चाहे जितने भी भेद भासें, सब रहकर भी तुम उनसे न्यारे हो और भेद नामकी कोई वस्तु है। इस आत्मापर जो दृष्टि नहीं है, वह दृष्टि प्राप्त करनेमें योगकी आवश्यकता है। योग संयोग प्राप्त करानेको न

Guru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalga

. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Gra

...नहुएके साथ जो संयोगकी भ्रान्ति हो रही है, उसे मिटानेके लिए ...योग है।

पञ्चदशीमें एक दृष्टान्त है। एक राजा गुरुके पास ज्ञान प्राप्त ...करने गया। गुरुने पूछा—'तुम्हारी आसक्ति कहाँ है?'

राजा—'रानीमें है।'

गुरु—'रानीका ध्यान करो।'

जब वह रानीका ध्यान करने लगा, तब गुरुने पूछा—'रानी ...या है?'

राजाने रानीका रूप, श्रृंगार आदिका वर्णन किया। ...रु—'यह तो पञ्चभूत है। इसे छोड़ो। उसमें जो जीवन-तत्त्व है, ...ह रानी है।'

राजा—'हाँ, प्राण रानी है।'

गुरु—'प्राण तो वायु है। उसमें जो प्रेम है, वह रानी है।'

राजा—'ठीक, उसमें जो प्रेम भरा मन है, वह रानी है।'

गुरु—'यह ठीक नहीं है। उसमें जो ज्ञान है, वह रानी है।'

राजा—'उसकी समझ—बुद्धि रानी है।'

गुरु—'तुम अब भी नहीं समझे। उसमें जो आनन्द है, वह ...नी है।'

राजा—'ओह! उससे जो सुख मुझे मिलता है, वही ...नी है।'

गुरु—'नहीं, उसमें जो अखण्ड सत्ता, ज्ञान एवं आनन्द है, ...ह रानी है और वही तुम हो। तुमने अपने विषयमें अबतक ...चार ही नहीं किया। अखण्ड ज्ञानस्वरूप दो नहीं हो सकते।'

Guru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalga

. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Gra

एक ग्वाला गुरुके पास गया तो गुरुने पूछा—'तेरा कि
राग है ?'

ग्वाला—'अपनी मुर्रा भैंससे।

गुरु—'विचार कर कि भैंस क्या है ? उसका अन्नमय, प्राण
मनोमय, विज्ञानमय, आनन्दमय कोष देख और उनमें
आत्माको देख।'

अन्यकी ओरसे आकर्षण समाप्त करनेके लिए इष्ट-अनि
कल्पनाकी आवश्यकता है। अन्यथा अपने परम प्रेमास्पद आत्
इष्ट-अनिष्ट कल्पना है ही नहीं।

'आत्मविशुद्धिये'—योगका उद्देश्य है आत्मविशोधन।
जो 'इदं' में मिल गया है यह तिलतन्दुलायमान आत्मानात्
एकत्व हो रहा है। इसमें अनात्मा-मध्य पतित आत्मदेवको
आत्मामें स्फुरित होते अनात्माको पृथक् करना है। आत्
पूर्णतामें जो विमर्शरूप अन्यता है, उस अन्यताको विविक्त
है। दो मिली हुई वस्तुओंको पृथक् कर देना विशोधन है। आ
अनात्मामें ऐक्यका भ्रम वासनाके कारण नहीं छूटता। इ
दूर करना है।

योग करना है बुद्धिकी शुद्धिके लिए। यदि तुम देह और
जो सम्बन्धित हैं, उनके लिए कुछ कर रहे हो तो यह बु
अशुद्धि है और यदि इससे मुक्त होनेको कुछ कररहे हो तो
भी बुद्धिकी अशुद्धि है। अस्थि-मांसादिसे बने देहसे बुद्धिका
होना ही बुद्धिकी अशुद्धि है। योग इसीको दूर करनेके
करना है

●

Guru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalga

. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Gra

: १३, १४ :

● संगति

योग करना है तो कैसे बैठकर करें और क्या करें ? क्योंकि जब आसन क्या बिछाया जाय, यह बतलाया गया तो उस आसनपर बैठा कैसे जाय, यह भी बतलाया जाना चाहिए।

समं कायशिरोग्रीवं धारयन्नचलं स्थिरः।
संप्रेक्ष्य नासिकाग्रं स्वं दिशश्चानवलोकयन् ॥१३॥
प्रशान्तात्मा विगतभीर्ब्रह्मचारिव्रते स्थितः।
मनः संयम्य मच्चित्तो युक्त आसीत मत्परः ॥१४॥

Guru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalga

. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Gr

शरीर सिर, गर्दनको समान एवं अचल धारण करके स्थिर रहकर, अपने नासिकाग्रको देखते हुए, दूसरी किसी दिशामें न देखे। शान्तचित्त भयरहित होकर ब्रह्मचर्यव्रतका पालन करते हुए, मनको संयमित करके चित्त मुझमें लगाकर, मेरे परायण होकर मुझसे युक्त हो जाय।

'समं कायशिरोग्रीवं धारयान्नचलम्' शरीर, सिर और गर्दन ये बार-बार ढीले पड़ेंगे। ये टेढ़े होने और हिलानेका प्रयत्न करेंगे, अतः इनकी धारणा करो। ये हिलने न पायें। शरीर, सिर और ग्रीवा सम—एक सीधमें रहें।

समझदारी और संकल्प अपना है। अब तुम्हारा संकल्प तुम्हारी क्रिया और शरीरको कितनी देर वशमें रख सकता है—देख लो। तुम पाँच-दस, कितने मिनट बैठ सकते हो।

श्रीउड़ियाबाबाजी महाराज एक आसनपर दस-बारह घंटे के रहते थे। जगद्गुरु शङ्कराचार्य श्रीब्रह्मानन्द सरस्वतीजी सभा दस-दस घंटे एक आसनसे स्थिर, सोधे बैठे रहते थे। इस मध्य लघुशंका जाते थे, न जल पीते थे, न हिलते थे। यह अभ्यास महिमा है।

आतिवाहिकदेहोऽयं शुद्धचिद्व्योम केवलम्।
आधिभौतिकतां नीतं पश्याभ्यासविजृम्भितम्॥

शुद्ध चिद्व्योमरूप यह आतिवाहिक शरीर आधिभौतिक ब दिया, अभ्यासकी इस प्रबल लीलाको देखो।

तुम्हारा शरीर आतिवाहिक है। इसे न दीवार रोक सक है न पर्वत। न अग्नि जला सकती है, न जल डुबा सकता है। सबको 'अतिक्रम्य वहति'। लेकिन तुमने स्वभाव डाल-डालकर

Guru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalga

. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Gr

हड्डी-मांस, चर्मसे एक कर दिया। अतः इस मल-मूत्रके देहसे आतिवाहिक देहको पृथक् करनेके लिए अभ्यासकी आवश्यकता होती है।

'तत्र स्थितौ यत्नोऽभ्यासः।'

—योगदर्शन

अपने लक्ष्यमें स्थित रहनेके यत्नका नाम अभ्यास है।

'स्थिरः'—पहले मैं ध्यान करने बैठता था तो लगता था, शरीरपर मक्खी बैठ गयी है। हाथ उठाया तो देखा कि मक्खी नहीं है। अपना मन ही मक्खीका भ्रम उत्पन्न करता था। ऐसे अनेक भ्रम होते हैं। लगता है—'कोई पुकार रहा है। पक्षी बोल रहा है।' यह सब हमारे दृढ़ प्रयत्नमें बाधक हैं। इसपर बिल्कुल ध्यान नहीं देना चाहिए।

मक्खी उड़ानेकी आवश्यकता नहीं है। ऐसा लग सकता है कि बहुत प्यास लगी है या बहुत गर्मी है। झूठी लघुशंका या शौचका वेग लग सकता है। ये योगके विघ्न हैं। थोड़ी देर स्थिर रहो तो ये सब स्वतः मिट जायँगे।

सन् ३०–३१में मैं एक बार कर्णवास गया। वहाँ भजन करने बैठता तो लगता था कि मेरी माँ सामने खड़ी होकर रो रही हैं उनके नेत्रोंसे टपाटप आँसू गिर रहे हैं। यह मेरा भ्रम था। मैं एक महीने बाद घर लौटा तो माँ समझती थीं कि 'मैं चेलोंके यहां गया हूँ और खूब रुपया लेकर आऊँगा। वे तो बहुत प्रसन्न थीं।'

श्रीस्वामी योगानन्दजी कहते थे—'ये सब विघ्न हैं। ये देवता, माता-पिता, पत्नी-पुत्रादिका रूप धारण करके मनके सामने विघ्न डालने आते हैं।'

Guru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalga

. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Gr

'स्थिरः'—प्रयत्न दृढ़ रखो और मनको जाग्रत् रखो।

'संप्रेक्ष्य नासिकाग्रं स्वं'—दृष्टि अपनी नाकके अग्रभागपर रखनी है। अधखुलीं आँख रखनी हो तो नासिकाग्र भ्रू-मध्य मानना चाहिए। नेत्र वन्द रखना हो तो मुखकी ओर जो नाककी नोक है, वहाँ चित्त लगायें।

'वाराणसी भ्रुवोर्मध्ये।'

भ्रू-मध्यको देशमें काशी माना जाता है। इन्हीं पुतलियोंसे वहाँ या भीतर देखना चाहोगे तो दर्द होगा। नेत्र उलटकर ऊपर ले जानेमें प्रयत्न भी लगेगा, पीड़ा भी होगी; किन्तु सोचो कि पलक बन्द करनेपर क्या यही पुतलियाँ देखती हैं? नहीं, इन पुतलियोंको मत छेड़ो। इन्हें जहाँ-का-तहाँ छोड़ दो और मनसे ध्यान करो।

श्रीशङ्कराचार्य भगवान् कहते हैं—'यहाँ आत्मसंस्थं मनः कृत्वा न किञ्चिदपि चिन्तयेत्' कहा जा रहा है, तब यदि नासिकाग्रको देखते रहेंगे तो समस्त मन नासिकाग्रमें ही समाहित हो जायगा, अतः यहाँ नासिकाग्र देखनेका क्या अर्थ?'

मैंने बचपनमें एक कहानी सुनी—एक लड़केको एक परीसे मिलने जाना था। उसकी नानीने बतलाया—'बेटा! नाकके सीधमें जाना।' उस लड़केके मार्गमें वृक्ष पड़ा तो वह उसपर चढ़ा और फिर नीचे उतरा।

इसी प्रकार यहाँ नासिकाग्र ही देखते रहना ठीक नहीं है। नासिकाग्र प्रेक्षणका अर्थ है कि नासिकासे आगे मत देखो अर्थात् दृष्टिको नेत्र गोलकमें ही सीमित कर दो। उसे बाहर मत जाने दो।

Guru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalga

. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Gra

'दिशश्चानवलोकयन्'—पूर्व-पश्चिम, उत्तर-दक्षिण, ऊपर-नीचे मत देखो। नेत्रज्योति कहीं बाहर विषयको प्रकाशित न करे। नेत्रको किसी ओर दबाओ मत।

दोनों नेत्रोंमें जो तारे हैं, मनसे उन्हें मिलाकर एक रेखा खींची जाय और दोनों भौहोंके मध्यविन्दुसे उस रेखाके दोनों सिरे मिलाये जायँ तो त्रिभुज बनेगा। इसमें भ्रूमध्यवाले विन्दुके पीछे (भीतर) एक श्याम तिल है। उसीको शिवनेत्र, श्यामतारा या ज्ञाननेत्र कहते हैं। वहींसे दोनों नेत्रोंमें ज्योति आती है। वहाँ मनको बैठा दो।

'प्रशान्तात्मा'—एक महिलाने पूछा—'ध्यान कैसे करें?

महात्मा—'ध्यान पीछे वतलायेंगे, तनिक यह दीपक उस कमरेमें रख आओ।'

वायु चल रही थी। महिलाने दीपक उठाया, अञ्चलकी आड़ की, धीरे-धीरे पैर उठाती गयी और कमरेमें दीपक रख आयी।

महात्मा—'तुम जब दीपक ले जा रही थीं, तब कुछ याद आया।'

महिला—'उस समय तो एक ही चिन्ता थी कि कहीं दीपक वुझ न जाय।'

महात्मा—'इसीका नाम ध्यान है। अपना मन वस एक ओर लगा दो।'

राग-द्वेषके पलड़े सम हों, तव यह ध्यान लगेगा। अभी यह कमाना, यह भोगना, यह करनाका संकल्प वना है तो ध्यान कैसे होगा? शरीर, इन्द्रियाँ, मन शान्त होगा तव ध्यान होगा।

Guru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalga

. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Gr

'प्रशान्तात्मा'—अपने मनको—अन्तःकरणको शान्त कीजिए। अभी जो आपके मनमें उबाल आता है, वह इस बातका सूचक है कि, अभी आपके भीतरका रस पका नहीं है। कच्चे रस, कच्चे दूधमें ही उफान अधिक आता है।

आपके अन्तःकरणमें राग-द्वेष है। यही आपको अशान्ति देता है। जीवनमें जितना दुःख है, उसका हेतु राग-द्वेष है। न ईश्वर दुःख देता, न प्रकृति, न कर्म, न सम्बन्धी, न शत्रु या विरोधी। आपके अन्तःकरणका राग-द्वेष ही आपके दुःखका कारण है।

'पातालं व्रज याहि वासवपुरीमारोह मेरोः शिरः
पारावारपरम्परास्तर तथाप्याशा न शान्तास्तव।'
—पण्डितराज जगन्नाथ

चाहे पाताल जाओ या इन्द्रपुरी या सुमेरुके शिखरपर चढ़ जाओ अथवा अनेक समुद्रोंके पार जाओ; किन्तु इससे तुम्हारी आशा शान्त नहीं होगी।

जहाँ-जहाँ जाओगे, यही मन तुम्हारे साथ जायगा। अतः राग-द्वेष दूर करना होगा, तब अन्तःकरण प्रशान्त होगा।

यह निश्चय भविष्यके लिए भी करना होगा कि कोई हमारा चाहे जितना अपकार-उपकार करे, हम किसीके प्रति अपने अन्तःकरणमें राग-द्वेष नहीं करेंगे।

शुभ संकल्प भी ईश्वर-प्राप्तिमें, समाधिमें बाधक होते हैं, दुः संकल्पोंकी तो बात ही छोड़ दी।

'यह नहीं हुआ, यह नहीं किया' इस प्रकार अपने मन-इन्द्रियोंको अशान्त मत होने दो। संसारमें कुछ हो या मत हो, इसकी चिन्ता छोड़ दो। जो हो गया, उसे तुम लौटा नहीं सकते। जो हो रहा है

Guru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalga

. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Gra

उसे तुम रोक नहीं सकते। जो होनेवाला है, उसपर तुम्हारा वश नहीं है। अतः जहाँ हो, वहीं शान्त हो जाओ।

'विगतभीः'—एक सज्जन एक महात्माके पास पहुँचे—'मुझे ध्यान करना बतलाइए !'

महात्मा—'बैठ जाओ।'

वे बैठ गये तो महात्माने कुछ किया। उन्हें दीखा कि उनके सिरपर नंगी तलवार लटक रही है। वे डरकर नेत्र बन्द किये बैठे रहे। उठनेपर महात्माने पूछा—'ध्यान लगा ?'

वे—'महाराज ! जैसा लगना था, लगा।'

महात्मा—'क्या लगा ?'

वे—'लगा यह कि हमारे सिरपर नंगी तलवार लटक रही है।'

आपको पता हो कि इस घरमें सांप है और आप ध्यान करने बैठ जायँ तो लगता रहेगा कि अब सांप आयेगा।

राग-द्वेषकी या भयकी मनोवृत्ति रखकर ध्यान नहीं होता। भूखे-प्यासे ध्यान नहीं होता। शरीरमें दर्द न हो, चित्त स्थिर हो—वासनारहित हो, तब ध्यान होता है।

'विगतभीः'—मृत्युसे भी डरो मत। महात्मा लोग कहते थे—'मृत्यु तो प्रियतमकी दूती है। वह शरीरका वस्त्र हटाकर प्रियसे मिला देती है।'

मान लीजिए कि संसारमें आपके अनुकुल कुछ भी न हो तो भी क्या भगवान् आपकी रक्षा नहीं करेगा ?

एकान्तमें प्रायः लोग डरते हैं। अकेलेमें जब देवता भी आता है तो प्रायः मनुष्य भयभीत हो जाता है। अतः अपने जीवनमें

Guru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalga

. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Gr

भय नहीं होना चाहिए। यदि आपके मुख-सरोजमें जिह्वापर नाम नरेश विराजमान हैं तो आपको किसीका भय नहीं है। आप निर्भय होकर कहीं भी बैठ जाइए।

श्रीरामनामामृतबीजरूपा सञ्जीवनी चेन्मनसि प्रविष्टा।
हालाहलं वा प्रलयानलो वा मृत्युर्मुखं वा विशतां कुतो भीः॥

यदि श्रीरामनामामृत-रूपी सञ्जीवनी मनमें आगयी है तो हालाहल विष पी लेने, प्रलयाग्नि अथवा मृत्युके मुखमें ही घुस जानेमें भय कहाँ?

भय कहाँसे आता है? भय आता है जब साधक इष्टमें दुविधा करता है। एकने मुझसे शिवका मन्त्र लिया। पीछे श्रीकृष्णकी कथा सुनी तो मन शिवकी ओरसे हट गया। लेकिन उसने मुझे बतलाया नहीं। मन-ही-मन श्रीकृष्ण-मन्त्रका जप करने लगा। उस समय तो उसे बहुत अच्छा लगा; लेकिन थोड़े दिनोंमें मनमें सन्देह उठा—'शिवमन्त्र ठीक है या श्रीकृष्णमन्त्र?

यह बहुत अच्छा तैरनेवाला था! उसका किसी स्त्रीसे प्रेम हो गया। स्त्रीने एक दिन कहा—'नदी तटपर आना, मैं वहाँ मिलूँगी।'

उसने सोचा—'किनारे-किनारे चलनेमें देर लगेगी।' नदीमें कूद पड़ा। नदीमें तैरते समय मनमें शंका हुई—'वह इस किनारे मिलेगी या उस किनारे?' कभी इस तटकी ओर आवे, कभी उस तटकी ओर जाय। थककर उसकी बुरी दशा हो गयी।

अपने मनमें साधनके सम्बन्धमें शंका-द्विविधा सबसे बड़ा भय है; क्योंकि—

नायं लोकोऽस्ति न परं न सुखं संशयात्मनः।

Guru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Ja

. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Gra

संशय करनेवालेके लिए न यह लोक है, न परलोक। उसे कहीं सुख मिल नहीं सकता।

'विगतभीः'—विनाशका कारण जो संशय है, उससे मुक्त होकर भगवान्‌का भजन करना चाहिए।

'यह साधन करनेपर मोक्ष होगा या नहीं? ईश्वर मिलेगा या नहीं? साधन शास्त्रीय है या नहीं?' यह भय मत करो। फलपर ध्यान मत दो।

एकबार हम लोग वृन्दावनसे ग्वालियरके लिए पैदल चले। करहेके बाबा (बाबा श्री रामदासजीके गुरु महाराज) के यज्ञमें जाना था। धौलपुरसे आगे जंगल मिला। वहाँ उन लोगोंने वनमें ईंट-पत्थर आदि मार्ग-चिह्न सूचित करनेको रख दिया था। किसीने परिहासमें जहाँ मार्ग दो ओर जाता था, दोनों ओर चिह्न बना दिये। वहाँ कोई मार्ग बतलानेवाला नहीं था। हम सब एक ओर चल पड़े। उलटे मार्गसे गये थे। एक सरोवरपर पहुँचे। श्रीउड़िया-बाबाजी महाराज साथ थे। उनको उधर लोग बहुत जानते थे। कई गाँवोंके लोग वहाँ इकट्ठे हो गये। खूब सत्कार हुआ। उन्होंने ही ठीक स्थानपर पहुँचाया।

जब मार्गके सम्बन्धमें द्विविधा आयी, तब सिरमें तनाव आ गया था। अतः साधनमें शंका मत करो। शंका ही भय उत्पन्न करती है।

'ब्रह्मचारिव्रते स्थितः'—जैसे ब्रह्मचारी अकेला रहता है, उस व्रतमें अपनेको स्थित करो। अपनेमें अधूरेपनका चिन्तन ही संसार है। स्त्रीके बिना पुरुष और पुरुषके बिना स्त्री अपूर्ण नहीं है। प्रत्येक इकाई अपने आपमें पूर्ण है।

Guru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalga

. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Gra

पूर्णमदः पूर्णमिदं पूर्णात्पूर्णमुदच्यते ।
पूर्णस्य पूर्णमादाय पूर्णमेवावशिष्यते ॥

वह परम तत्त्व पूर्ण है। यह दृश्यमान जगत् भी पूर्ण है; क्योंकि उस पूर्ण परम तत्त्वसे ही इस पूर्णकी सत्ता कही जाती है। उस पूर्णमें-से इस दृश्यमान पूर्णको ले लेनेपर भी वह पूर्ण ही बचा रहता है।

जिसे पुत्रकी—संसारकी कामना है, वह अधूरा है। हमें कामनाने अधूरा किया है। प्रकृति-पुरुषका विवेक करके देखो तो दोनों—स्त्री-पुरुषमें वही पंचभूत, वही चेतन पुरुष है। एक ही परमात्मा हैं। दूसरेकी आवश्यकता अपनेको न समझनेके कारण है।

जैसे ब्रह्मचारी भोग-विवर्जित रहता है। एकाकी रहता है वैसे मनमें भोग-चिन्तन न आये। इष्टके अतिरिक्त कुछ न आये।

'मनः संयम्य'—आप संन्यासी मत बनिये। अपने मनका संयमन कीजिये।

अध्यात्मके नामपर आज उच्छृङ्खलता चल पड़ी है—'चाहे जो खाओ। चाहे जो करो। चाहे जो बोलो। चाहे जो भोगो। चाहे जैसे रहो। मन इन्द्रियोंको रोको मत।'

यह लक्ष्यहीन लोगोंकी मान्यता है। इन्हें न ईश्वरको पाना है, न और कुछ पाना। जब जीवनका कुछ लक्ष्य ही नहीं है तो साधनकी आवश्यकता भी क्या है? प्राकृत जीवन तो यही है कि कीड़ोंके समान उत्पन्न हुए और कीड़े-से मर गये। जिसे प्रकृतिपर विजय पाकर परमात्मासे एक होना है, उसे अपने आपको संयमित करना पड़ता है।

Guru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalga

. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Gra

'संयम्य'—यह योगशास्त्रका पारिभाषिक शब्द है। इसके लिए कहा गया है—

'त्रयमेकत्र संयमः।'

—योगदर्शन

त्रय अर्थात् धारणा, ध्यान, समाधि ये तीनों एक देशमें, अमुककालपर्यन्त रहें, इसे संयम कहते हैं। चाहे ध्यातामें, चाहे ध्यानमें, चाहे ध्येयमें—एक वस्तुमें संयमसे समाधि हो जाती है। वस्तु कौन-सी है—ध्येय है या ध्याता है या ध्याता-ध्येयके विचारसे रहित केवल ध्यान है, इसका महत्त्व है।

ग्रहण-समापत्ति, ग्राह्यसमापत्ति, गृहीतसमापत्ति ये तीनो जब एक विषयमें होंगे, जब ध्याता-ध्येयका भेद समाप्त हो जायगा, तब समाधि लग जायगी। समाधिका अर्थ है कि कब्रमें 'अहं' 'इदं'को दफना देना।

'मनः संयम्य'—आपका मन घोड़ा है। उसकी वृत्तियाँ उसकी पूँछके बाल हैं। उन्हें सँभालकर एकमें बाँध लीजिये। जैसे बिगड़े घोड़ेको सधाते हैं, वैसे मनको सधाना है। मनके घोड़ेपर सवारी करनी है तो सहसा नहीं कर सकते, इसे सीखना पड़ेगा।

वृत्तियोंको मारना नहीं है, नियन्त्रणमें लाना है। कालमें, स्थानमें, वस्तुमें संयम चाहिए कि इस समय, इस स्थानमें, इस लक्ष्यमें मन लगायेंगे।

'मच्चित्तः'—आपका चित्त किसमें है?

'मयि चित्तं यस्य स मच्चित्तः' वा 'अहमेव चित्तं यस्य स मच्चित्तः', 'मयि प्रत्यगात्मनि एवं चित्तं यस्य स मच्चित्तः।'

Guru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalga

. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Gr

मुझमें जिसका चित्त है वह मच्चित्त है। या मैं ही जिसका चित्त हूँ, वह मच्चित्त है। अथवा मुझ प्रत्यगात्मामें ही जिसका चित्त है, वह मच्चित्त है।

यदा विनियतं चित्तात्मन्येवावतिष्ठते।
निःस्पृहः सर्वकामेभ्यो युक्त इत्युच्यते तदा ॥
—गीता

जब नियन्त्रित किया चित्त सब कामनाओंसे निःस्पृह होकर अपने आपमें ही स्थित होता है, तब उसे युक्त कहा जाता है।

प्रदीपकी स्नेहयुक्त बत्तीमें जबतक लौ जलती रहती है, तबतक स्त्री-पुरुष, घट-पटका भेद दीखता रहता है। जब दीप-निर्वाण होता है तब लोकमें अन्धकार हो जाता है; किन्तु जब स्नेहयुक्त अन्तःकरण-वृत्तिका निर्वाण होता है, तब आत्मचैतन्यका प्रकाश छा जाता है।

'मच्चित्तः मत्परः'—श्रीशङ्कराचार्यजी इसका अर्थ करते हैं—'मुझमें चित्त लगाओ और मेरे परायण हो जाओ, यह तो एक ही बात है। नहीं, इनका अन्तर देखो। एक मनुष्यका मन स्त्रीमें लगा है। वह मनुष्य स्त्रीचित्त तो है; किन्तु स्त्रीको सबसे बड़ा नहीं समझता। वह राजाको या महादेवजीको सबसे बड़ा समझता है। इसका अर्थ है कि वह राजा या महादेवजीके परायण है। लेकिन यदि तुम्हें परमात्माकी ओर चलना है तो जैसे स्त्रीमें मन लगा, वैसे परमात्मामें मन लगाओ और जैसे राजा या महादेवको बड़ा समझते हो, वैसे परमात्माको बड़ा समझो। उसीको बड़ा समझो और उसीसे प्रेम करो।'

वेदान्तियोंमें कुछ लोग ऐसे होते हैं जो कहते हैं—'आत्माका ध्यान होता ही नहीं। जो ध्यानवृत्तिसे—ध्यातृत्वावच्छिन्न चेतन

Guru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalga

. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Gra

वह साक्षी स्वयंप्रकाश है, वह ध्यानका विषय कभी होगा ही नहीं। इसलिए निर्गुण चिन्मात्र आत्माका ध्यान नहीं हो सकता। जब ध्यानवृत्तिका विषय किसीको बनाने लगेंगे, तब वह मायोपाधिक होकर ही ध्यानवृत्तिका विषय होगा।'

जो ईश्वरको नहीं मानते और आत्मज्ञानकी चर्चा करते हैं, वे औपनिषद—शाङ्करवेदान्तसे दूर हट जाते हैं। क्योंकि यहाँ तो 'तत्' पदार्थ और 'त्वं' पदार्थकी एकता करनी होती है।

श्रीशङ्कराचार्यजी कहते हैं—'पहले परमेश्वरका ध्यान होगा। उसके बाद 'युक्त आसीत मत्परः' होगा। तब योगकी सिद्धिस्वरूप आत्मा और ब्रह्मकी एकताका बोध होगा। यह चित्त-शुद्धिका फल है और योग चित्तशुद्धिका साधन है। यहाँ जो 'मच्चित्तः मत्परः' कहा गया है, यह चित्तशुद्धिके लिए है। यह पूर्वावस्थाका वर्णन है। ब्रह्मात्मैक्य-बोध उत्तरावस्था है।'

एक सज्जन कहते थे—'मैं ध्यान करने बैठता हूँ तो दिल हिलता दीखता है। रक्तप्रवाह चलता दीखता है। नाड़ियाँ दीखती हैं; किन्तु जीव या ईश्वर तो नहीं दीखता।'

जब वे नेत्र बन्द करके बैठते हैं तो नेत्रसे तो दिलका हिलना, रक्त-प्रवाह आदि देखते नहीं हैं। शल्य-चिकित्साके समय उन्होंने जो पहले देखा है या पढ़ा है, उसीकी उन्हें स्मृति होती है। मनमें जो पहलेसे यथार्थानुभव है, उसीके कारण स्मृति होती है। यह स्मृति तो है तो यथार्थानुभवमूलक; किन्तु प्रमाण नहीं है। यह पूर्वानुभूतका संस्कार है। यह अनुभव नहीं हो रहा है।

स्मृति गृहीतग्राहक होती है। अर्थात् पूर्वानुभूत विषयको लाकर उपस्थित करती है। पूर्वानुभूतका मानस-प्रत्यक्ष कराती है।

Guru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalga

. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Gra

इसे छोड़ दीजिये। हम कह रहे हैं कि मनमें प्रकाशको देखिये। इस घड़ीको मत देखिये। घड़ी भीतर गयी है, यह कल्पना छोड़ दीजिये केवल ज्ञानस्वरूप प्रकाशको देखिये।

बाहर शिवलिङ्गका दर्शन पुण्य है, यह आप जानते हैं। वहाँ नेत्र थे, प्रकाश था, शिवलिङ्ग था, तब दर्शन हुआ था। अब नेत्र बन्द कीजिये। हृदयमें एक ज्योतिर्मय शिवलिङ्ग देखिये। वहाँ न सूर्यका प्रकाश है, न बिजलीका, न बाहरका शिवलिङ्ग वहाँ है। आप अपनी चेतनाके प्रकाशमें उसे देख रहे हैं। अब बाहर देखे शिवलिङ्गका आकार हटा दीजिये। वहाँ जो प्रकाश था, उसे भी हटा दीजिये। अब आप स्वयं रह गये। जिस प्रकाशमें आप भीतर शिवलिङ्ग देखते थे, वह प्रकाश परमेश्वरका प्रकाश है।

सगुण परमेश्वरका यह ध्यान है, जो सर्वसञ्चालक, सर्वेश्वर होकर आपके हृदयमें ही प्रकाशित हो रहा है। आपकी बुद्धिमें जो प्रकाश है, इसीको वासुदेव कहते हैं।

मेरा एक प्रेमी कहता था—

> 'चिन्ता करे बलाय हमारी, जगतीके जंजाल की।
> बलिहारी बलिहारी बोलो गिरिधारी नंदलाल की॥'

ईश्वरके प्रकट होनेका जो द्वार है, वह तुम्हारा हृदय है। जैसे समष्टिका सब प्रकाश सूर्यसे होकर निकलता है, वैसे ही समष्टिका सब ज्ञान तुम्हारे हृदयमें होकर प्रकाशित होता है। ज्ञानस्वरूप परमेश्वरकी अभिव्यक्तिका द्वार तुम हो।

'मच्चित:'—श्रीरामानुजाचार्य कहते हैं—'बार-बार मनसे मुझे छूकर मनको पवित्र करते रहो।' शास्त्रानुसार मर्यादा है कि हम मार्गमें चलते हों और कफ, विष्ठादि अपवित्र वस्तुपर दृष्टि पड़

Guru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalga

. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Gra

जाय या किसी स्त्रीपर कामयुक्त दृष्टि चली जाय तो सूर्य, गौ, ब्राह्मण, अग्नि, देवमूर्ति या महात्माको देख लेना चाहिए। कुछ न देखनेको मिले तो भगवान्‌का नाम ले लो। इसी प्रकार मनमें गन्दगी आये तो 'मच्चित्तः' अर्थात् मत्संस्पर्शः से पवित्रमना बन जाओ।

एक बच्चेने लगातार मिट्टी खायी पेटमें केंचुये हो गये। पिता वैद्यके पास ले गया वैद्यने चूर्ण दिया। पिता बोला—'जब मिट्टी खानेसे रोग हुआ है तो इस मिट्टी जैसे चूर्णके खानेसे वह कैसे ठीक होगा?'

वैद्य—'इसमें तर्क नहीं चल सकता। चूर्ण खिलाकर देखिये।'

एक ही वस्तु ग्राह्य-ग्राहक भेदसे द्विधा हो जाती है। तुम्हारे मनमें जो संसारकी वासना भरी है, वह भगवान्‌की कल्पना किये बिना निकलेगी नहीं। संसारको तुमने हृदयमें कल्पना करके भरा है। अब कल्पना करके भगवान्‌को भरो तो संसार निकल जायगा।

जहाँ प्रियतम दूसरा है और आश्रय दूसरा है, वहाँ संघर्ष हो जाता है। भगवान् ही प्रियतम हों और वही आश्रय हों अर्थात् ईश्वरके संरक्षणमें पूरा विश्वास हो।

'मच्चित्तः'—विराट्, हिरण्यगर्भ और ईश्वरका स्पर्श पाना है। आप व्यवहारमें रहकर विराट्‌का स्पर्श कर सकते हैं। ध्यानसे—भक्तिसे हिरण्यगर्भात्माका स्पर्श कर सकते हैं। समाधिमें जाकर ईश्वरका निर्वृत्तिक कारणात्माका स्पर्श कर सकते हैं। विराट् भगवदर्पित कर्म-स्पृश्य है। भगवदर्पित चित्तवृत्तिसे हिरण्यगर्भका स्पर्श होता है। शान्त चित्तवृत्तिसे सर्वकारणकारण परमेश्वरका स्पर्श होता है।

Guru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalga

. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Gr

'युक्त आसीत'—भूतको छोड़कर वर्तमानमें 'मच्चित्तः' हो जाओ। भविष्यके लिए कोई संकल्प मत रखो। 'मत्परः' हो जाओ। इस प्रकार युक्त होकर 'आसीत' आत्माको सन्मात्र ही रहने दो।

'आसीन इव न किञ्चित्कुर्वीत नचेष्टेत न मन्वीत।'

कुछ करे नहीं, हिले नहीं, कुछ सोचे नहीं।

तत्र सच्च चिच्च पृथक्पृथक् न भवेताम्।

वहाँ सत् एवं चित् पृथक्-पृथक् न हों।

सच्चिदेकं भवेत्।

वहाँ अस्ति और भाति एक हो जाय। आत्मसत्ता और अनात्म सत्ताको सर्वथा मिटा दो।

मननं च चेष्टनं च क्रियां च परिहृत्य केवलं आसीत।

मनन छोड़ों। चेष्टा छोड़ो। क्रिया छोड़ो। केवल अपने-आप बैठ जाओ।

'है'का अर्थ है सत्; किन्तु जब किसी वस्तुके विषयमें 'है' कहते हैं तो वहाँ देखनेवाला चेतन होता है या नहीं? विना देखने वाले चेतनके 'है'का अस्तित्व पता लगेगा? अतः ध्यानका अर्थ है कि 'है' और 'मैं' एक हो जायँ।

'युक्तः आसीत'—युक्तिपूर्वक आसन, प्राणायाम आदि द्वारा, देश-कालकी अनुकूलता लेकर निर्विशेष होकर बैठ जाओ।

●

Guru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalga

. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Gra

• संगति

अब इसका फल बतलाते हैं—

युञ्जन्नेवं सदात्मानं योगी नियतमानसः ।
शान्तिं निर्वाणपरमां मत्संस्थामधिगच्छति ॥१५॥

इस प्रकार दृढ़ निश्चययुक्त योगी सदात्मासे योग करता हुआ निर्वाणपरमा शान्ति जो मेरा स्वरूप है, उसे प्राप्त कर लेता है।

'युञ्जन्नेवं सदात्मानम्'—'सदात्मानम्'में 'सदा'को अव्यय मत बनाओ। सत्+आत्मानम्=सदात्मानम्। सत् होनेसे अबाधित और आत्मा होनेसे चेतन। सन् मात्र होनेसे निष्क्रिय और चेतन होनेसे निरपेक्ष। अतः 'सदात्मानं'का अर्थ है सत् - अकाल, अपरिणामी निष्क्रिय, अबाधित आत्मा अर्थात् चैतन्य—अदेश, अकाल, अविषय, स्वस्वरूप—इस प्रकार अपने स्वरूपमें 'युञ्जन' समाहित हो जाओ।

'युजिर् समाधौ।' अपने आपसे योग कर लो। 'युञ्जन'—यह जो सत्स्वरूप, अबाधित, निष्क्रिय, आत्मचैतन्य, अदेश, अकाल, अद्रव्य अपना स्वरूप है, उसके साथ योग करनेका अर्थ है अनात्माके साथ जो योग है, उसे छोड़ दो।

सदात्मानं—सश्चासौ आत्मा च सदात्मा। सत्+आत्मा=सदात्मा।

Guru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalga

. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Gra

यह आत्मासे मिलन अनात्मासे छुड़ानेके लिए है। यह स्वास्थ्य नहीं है, ओषधि है। दवा भोजनके लिए नहीं होती, रोग-निवृत्तिके लिए होती है। नाव केवल पार उतारनेके लिए है, सिरपर रखकर ढोनेके लिए नहीं। इसी प्रकार सब साधन उपाय हैं।

'उपादायाति ये हेयाः उपायास्ते प्रकीर्तिताः।'

पहले जिनको ग्रहण किया और प्रयोजन पूरा होनेपर छोड़ दिया, उनको उपाय कहा जाता है।

'योगी एवं सदात्मनं युञ्जन्'—योगी यहाँ कर्ता-भोक्ताके रूपमें नहीं है। सन्मात्र आत्मासे योग करे अर्थात् अनात्मासे तादात्म्य त्याग दे।

यहाँ केवल 'आत्मा' कहते तो क्षणिक विज्ञानकी प्राप्ति सम्भव थी। केवल 'सत्' कहते तो घट-पटादिके समान जड़ द्रव्यकी भ्रान्ति होती। अतः 'सदात्मा' अर्थात् जड़ द्रव्य जैसे कोई प्रत्यय नहीं और क्षणध्वंसी विज्ञान भी नहीं है; यह ज्ञानस्वरूप अखण्ड सत्ता है यह कहा।

'योगी युञ्जीत'—बात यह है कि—

अनात्मनस्तुशत्रुत्वे वर्तेतात्मैव शत्रुवत्।

यह कह आये हैं। जब आप अपने आपसे नहीं मिलते तो अपना आपा ही शत्रु हो जाता है। तुमने सिनेमा तो बहुत देखे नेत्रसे; किन्तु नेत्रकी साज-संभाल कभी की? दूसरोंसे राग-द्वेष बहुत किया पर अन्तःकरणकी देख-भाल नहीं की। अपनी ओर तो ध्यान दीजिए कि आप कौन हैं?

'नियतमानसः'—यह योग तब होगा, जब मन संयमित रहेगा। 'नियतमानसः—उपरतः मानसः यस्य, मन एव मान

Guru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalga

. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Gra

मनसो विकाराः मानसाः।' मनकी सब वृत्तियोंका नाम मानस है। इन सब वृत्तियोंसे उपरत हो जाना है।

दूसरेका बुरा करनेकी अपेक्षा भला करना अच्छा है। दूसरेका भला करनेकी अपेक्षा सबमें भगवान्‌को देखना अच्छा है। सबमें भगवान्‌को देखनेकी अपेक्षा अपने हृदयमें भगवान्‌को देखना अच्छा है। अपने हृदयमें भगवान्‌को देखनेकी अपेक्षा अपने आपे और भगवान्‌का एक हो जाना अच्छा है।

'नियतमानसः'—आपके मानसमें जो काम, क्रोध, लोभ, मोह या विवेक, धृति, स्मृति आदि हैं, इन सबसे उपरत होना होगा।

अपना मन ऐसा सधा बैल हो जाय कि डंडा लेकर भगाये तो भी अपने खूँटेसे न जाय।

एक अँग्रेज भारत आया। उसके साथ कुत्ता था। वह वृन्दावन गया। मैं उसे साथ लेकर मन्दिरोंमें दर्शन कराने गया। कुत्ता साथ था। मन्दिरमें कुत्ता तो जा नहीं सकता था। श्रीशाह-विहारीजीके मन्दिरमें सबसे देर लगी। मन्दिरके बाहर उसने अपनी चप्पल उतारी और कुत्तेको उसकी रखवाली करनेका संकेत किया। हम लोग लगभग पौन घण्टे दर्शन करते रहे। बाहर आये तो कुत्ता चप्पलोंपर ही बैठा था। आपका मन ऐसा सधा होना चाहिए।

'नियतमानसः'—यदा मानसं नियतं भवति तदा योगी सम्पद्यते। जब मानस नियत होता है, तब योगी हो जाता है। योगी—अधिकारी तस्य लक्षणं नियतमानसत्वम्, इसका अर्थ मनका मर जाना नहीं है। नियतका अर्थ है रूपका निश्चय होना। अर्थात्—हमारा मानस आज्ञाकारी हो। केवल बाह्य पदार्थोंको

Guru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalga

. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Gr

देखकर तदाकार न हो जाय। जैसे दर्पणमें अनेक पदार्थोंके प्रति बिम्ब पड़ते हैं, परन्तु दर्पण नियतरूपमें ही रहता है, प्रतिबिम्ब पड़ते और जाते हैं, ऐसे ही वस्तुएँ आएँ-जाएँपर मनमें अपना संस्कार न छोड़ें। न रागका उदय हो न द्वेषका, तब योग होता है।

'शान्तिं निर्वाणपरमां मत्संस्थामधिगच्छति'—नियतमानस होकर जब योगी यह योग करेगा, तब उसे निर्वाणपरमा शान्ति मिलेगी। वह शान्ति, जिसमें निर्वाण ही परम प्राप्य है, मिलेगी।

'मत्संस्थाम्'—विराट्, हिरण्यगर्भ, ईश्वर, इन तीनोंसे विलक्षण मत्संस्था शान्ति है। जहाँ दृश्य-द्रष्टाका भेद नहीं, माया या मायाका कार्य नहीं, वह 'निर्वाणपरमां' निर्वाण ही पराकाष्ठा है जिसमें ऐसी शान्ति है।

'वा गतिगन्धनयोः' इससे 'वान' बनता है। गति—उन्नति प्रगति–अधोगति, नरक-स्वर्ग ये 'वान'में हैं। गन्ध—वासना शुभाशुभ दोनों, ये भी 'वान' में हैं।

'वाणन्निष्क्रान्तः निर्वाणः।'

जिसमें किसी प्रकारकी गति नहीं है—न कालमें परिणाम, न देशमें (जैसे बम्बईमें लम्बाई चौड़ाई है) परिणाम, न वस्तु परिणामत्व है। जिसमें जाना-आना, बाहर-भीतर, पहले-पीछे अपना पराया नहीं है, वह निर्वाण है।

वाण लगनेसे व्यक्तिको दुःख होगा, मूर्च्छा होगी, मृत्यु होगी दुःख, मूर्च्छा, अज्ञान और मृत्यु हुआ वाण। आनन्दका विरोधी दुःख, चित्का विरोधी अचित्–अज्ञान्, सत्का विरोधो असत्–मृत्यु ये वाण हैं।

Guru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Ja

. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Gr

'निर्गतो वाणेभ्यो निर्वाणः।'

जीवनमें जो दुःख, अज्ञान, मृत्यु लगे हैं, इनका नाम वाण है। ये तीनों जहाँ नहीं हैं, वह निर्वाण है।

बौद्धोंमें निर्वाण, परिनिर्वाण, महानिर्वाण और अतिनिर्वाण ये चार भेद निर्वाणके मानते हैं।

निर्माण वह है जो बनाया जाता है और निर्वाण स्वतः होता है।

'निर्वाण'का अर्थ है दीपकका बुझ जाना। अन्तःकरणके दीपकमें वासनाका स्नेह भरा है। उसपर आरूढ होकर चेतनकी ज्योति जल रही है। अन्तःकरणके इस दीपकका बुझ जाना निर्वाण है।' यह बौद्धमत है।

वेदान्त कहता है—'जो अखण्ड अद्वय विभु ज्योति है, उससे पृथक् तुम्हारी वासनासे जलनेवाली ज्योति नहीं है। जैसे बल्ब बुझ जाय तो बिजली नष्ट नहीं हुई. व्यापक विद्युत्से वह अभिन्न है।'

'मत्संस्थामधिगच्छति' वह शान्ति, जिसमें निर्वाण ही परम-प्राप्य है, वह केवल 'त्वं'-पदार्थनिष्ठ नहीं है। 'तत्'-पदार्थनिष्ठ शान्ति भी वही है। अतएव—निर्वाणपरमा—बन्धनमूलभूता अविद्याका नाश हो जानेपर अविद्या-निवृत्तिरूप शान्तिसे उपलक्षित जो मुक्ति है, वह आत्मा-परमात्मा दोनोंका सच्चा स्वरूप है। उसका अधिगम हो जाता है।

'मत्संस्थामधिगच्छति'—भगवान् कहते हैं—'मुझमें जो शान्ति रहती है, वह उसे मिलती है।'

वह शान्ति कैसी है? इसका स्वरूप बतलाया 'निर्वाण-परमाम्।' वेदान्ती कहेगा—'बैठे तो आत्मामें और शान्ति मिले

Guru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalga

). In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Gra

परमात्मामें रहनेवाली, यह कैसे हो सकता है? अपनेमें बैठे तो अपनेमें रहनेवाली शान्ति मिलनी चाहिए। इससे सिद्ध है कि जो आत्मा है, वही परमात्मा है।'

मैं काशी गया था तो एक पण्डितने पूछा—'भक्ति और मुक्तिका कहाँतक साहचर्य है?

मैं—मुक्ति तो अविद्या-निवृत्तिसे उपलक्षित आत्माका स्वरूप है और भक्ति अन्तःकरणमें प्रवाहित भगवदाकार-वृत्ति है। जो अन्तःकरणाभावसे उपलक्षित अपना स्वरूप है, वह सच्चिदानन्द ब्रह्म है। यही मुक्ति है। भक्ति अन्तःकरणकी वृत्ति है। अतः ये दोनों समसत्ताक नहीं हैं—विषमसत्ताक हैं, तब दोनोंमें विरोध कहाँ है? जबतक अन्तःकरण रहे, तबतक उसमें भक्तिका प्रवाह रहे। आत्मा तो अनन्त, अखण्ड, नित्य मुक्त-स्वरूप है। पहले भी था, आगे भी रहेगा। भक्तिसे उसका क्या विरोध?

यह निर्वाणपरमा शान्ति विक्षेपके विरुद्ध है या नहीं? हमलोग जो प्राणायाम, ध्यानादिसे एक उत्पाद्य शान्तिका अनुभव करते हैं, वह तो अन्तःकरणकी एक अवस्था है और वह विक्षेपके विरुद्ध है। उस शान्तिके विरुद्ध विक्षेप है। विक्षेपके अभावका नाम शान्ति है। इस प्रकार जिस शान्ति-विक्षेपमें परस्पर विरोध है, वह शान्ति यहाँ विवक्षित नहीं है। यहाँ 'शान्ति निर्वाणपरमा' है। वह शान्ति निर्वाणकी पराकाष्ठा है। यह बात श्रीरामानुजाचार्यजीने कही है। श्रीशंकराचार्यजी कहते हैं—'उस शान्तिकी पराकाष्ठा निर्वाण है।'

●

Guru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Ja ga

In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Gr

: १६ :

• संगति

इस योगको करनेके लिए खाना क्या, छोड़ना क्या, चलना-फिरना कैसे, सोना कितना और काम कितना करना चाहिए ?

इस योगका मूल है साम्य, अतः आसन, भोजन, निद्रा, सबमें समता चाहिए।

कई लोग सोचते हैं—'हम आसन या प्राणायाम कर लेंगे तो इतना ही योग है। त्राटक योग है या नेती-धोती योग है। गुदाके रास्ते जल चढ़ा लिया तो बस्ती हो जायगी।' लेकिन योगका अर्थ शरीरकी कोई विशेष क्रिया नहीं है। योगका अर्थ है—हम जो अन्यसे एक हो गये हैं, उनसे वियुक्त होकर अपने शुद्ध स्वरूपमें स्थित हो जायँ। इसके लिए आहार-विहार ठीक करना पड़ता है।

Guru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalga

. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Gr

नात्यश्नतस्तु योगोऽस्ति न चैकान्तमनश्नतः ।
न चाति स्वप्नशीलस्य जाग्रतो नैव चार्जुन ॥१६॥

अर्जुन ! बहुत भोजन करनेवालेके लिए योग नहीं है और न सर्वथा अनशन करनेवालेके लिए है। बहुत सोनेवालेके लिए नहीं है और जागते ही रहनेवालेके लिए भी नहीं है।

'नात्यश्नतस्तु योगोऽस्ति'—यदि आपको योग करना है तो आत्मसम्मित भोजन करना चाहिए।

एक महात्मा एक बार एक दिनके अन्तरसे भोजन करने लगे। फिर दो दिनका अन्तर किया। इस क्रमसे धीरे-धीरे बढ़ाकर सात दिनका अन्तर कर ले गये। सात दिन कुछ न खायँ। केवल गंगाजल पीकर रहें। उन्हें स्वप्नमें देवी-देवता दीखने लगे। लेकिन जो बात वे देवता कह जायँ, सब झूठी हो। वे महात्मा श्रीउड़िया बाबाजी महाराजके पास आये और अपना अनुभव सुनाया। कहते थे—'दुर्गा प्रत्यक्ष होकर बोलती हैं।'

श्रीमहाराजजीने उनसे कहा—'प्रतिदिन भोजन किया करो।'

जब वे चले गये तब मैंने पूछा—'दुर्गाजी या देवताकी बात झूठी क्यों होती है?'

बाबा—'देवता नहीं बोलता। ये जो भोजन नहीं करते, इससे इनके सिरमें गर्मी चढ़ गयी है। इसीसे ये दृश्य दीखते हैं। इसीसे कोई सफलता इन्हें नहीं मिली।'

जो लोग समझते हैं कि ईश्वरपर हमारी हठ चलेगी, वे भ्रममें होते हैं। शास्त्रके अनुसार ईश्वर मनवाला नहीं माना जाता। मनवाला तो कार्योपाधिक जीव है। ईश्वर कारणोपाधिक है

Guru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalga

. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Gra

कारणरूप मायामें मनरूप कार्य नहीं है। कार्य न होनेसे संकल्प भी नहीं है। ईश्वरका अपना तो कोई संकल्प होता ही नहीं। श्रीवाचस्पति मिश्र कहते हैं—'अन्तःकरणोपाधिक जीव है और अन्तःकरणाभावोपाधिक ईश्वर है तथा भावाभावोपाधि-विनिर्मुक्त निरुपाधि ब्रह्म है। ब्रह्ममें सब उपाधियाँ अनिर्वचनीय हैं।'

जो लोग सोचते हैं कि—'हम आहार त्यागकर या श्वास रोककर ईश्वरको प्राप्त कर लेंगे'—वे भ्रममें हैं। ध्रुवने प्राणायाम किया; किन्तु विराट् विश्वके साथ तादात्म्य करके प्राणायाम किया। इससे हिरण्यगर्भका आसन डोल गया। हिरण्यगर्भने प्रार्थना की तो अन्तर्यामी नारायणका प्रादुर्भाव हुआ। ध्रुवने प्रार्थना करते हुए कहा है—

> योऽन्तः प्रविश्य मम वाचमिमां प्रसुप्तां
> सञ्जीवयत्यखिलशक्तिधरः स्वधाम्ना।
> अन्यांश्च हस्तचरणश्रवणत्वगादीन्
> प्राणान्नमो भगवते पुरुषाय तस्मै॥

जो मेरे भीतर प्रवेश करके इस सोयी हुई वाणीको तथा हाथ, पैर, श्रवण-त्वचादि दूसरी इन्द्रियों एवं प्राणको अपने प्रकाशसे संजीवित कर रहे हैं, उन अखिल शक्तिधर अन्तर्यामी पुरुष भगवान्‌को नमस्कार।

तात्पर्य यह है कि अधिक खानेसे भी योग नहीं होगा और सर्वथा न खानेसे भी नहीं होगा। आत्मसम्मित भोजन चाहिए।

यहाँ भोजनका अभिप्राय सब इन्द्रियोंके विषयोंका ग्रहण है। जैसे कोई तीन घंटे सिनेमाके पर्देपर नेत्र लगाये रहे तो उसके नेत्रोंकी ऐसी स्थिति हो जायगी कि वह योगाभ्यास नहीं कर सकेगा; क्योंकि उसने नेत्रोंके द्वारा अति भोजन किया है। ऐसे

Guru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalga

. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Gr

ही कान, नाक, त्वचा, जिह्वासे भी अति भोजन होता है। शतपथ ब्राह्मणकी श्रुति है—

'यत् आत्मसम्मितमन्नं तन्न हिनस्ति।'

जो और जितना अपनेको अनुकूल अन्न है, वह अपनेको हानि नहीं करता।

अन्नमें सौरूप्य, सौरभ्य, सुस्वात्व, सुपाच्यत्व, सौमनस्य और सौहित्य ये छः गुण होने चाहिए। अर्थात् भोजन देखनेसे मन प्रसन्न हो, देखनेसे मनमें कोई बुरा भाव न बने। भोजनकी गन्ध प्रिय लगनेवाली हो। वह स्वादमें उत्तम हो। ठीक पच जानेवाला हो। मनके लिए उत्तेजक न हो। स्वास्थ्यके लिए हितकारी हो। ऐसा भोजन भी मात्रासे अधिक न खाया जाय।

'आत्मसम्मितमन्नमतीत्याश्नाति इत्यत्यश्नन् तस्य अत्यश्नतस्तु योगो नास्ति।'

आत्मसम्मित मात्रासे जो अधिक खाता है वह अतिभोजी है। उस अति भोजन करनेवालेके लिए योग नहीं है।

संन्यासीके लिए प्रतिदिन आठ ग्रास भोजन करनेका विधान है और ये ग्रास आँवलेके बराबर होने चाहिए।

'अष्टौ ग्रासा मुनेर्भोक्ष्याः।'

जो चान्द्रायणव्रत करते हैं, वे शुक्लपक्षकी प्रतिपदासे एक-एक ग्रास घटाते हुए अमावस्याको उपवास करते हैं और फिर एक-एक ग्रास बढ़ाते हुए पूर्णिमाको पन्द्रह ग्रास खाते हैं। इस प्रकार महीने भरमें वे दो सौ चालीस ग्रास खाते हैं। आठ ग्रास प्रतिदिन खानेसे भी महीने भरमें इतना ही खाया जाता है। अतः इस भोजनको शास्त्र यति-चान्द्रायण कहता है।

Guru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalga

In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Gra

मेरे एक गृहस्थ मित्र सोलह ग्रास प्रति समय खाते थे। लेकिन केवल अन्नकी बात नहीं है। सम्पूर्ण इन्द्रियोंका आहार नियत होना चाहिये।

'अन्नं न परिचक्षीत अन्नं ब्रह्म।'—श्रुति

भले आप कोई भोजन न करें; किन्तु करें तो भोजनकी निन्दा न करें। अन्न ब्रह्म है।

जो भुज्यमान अन्नकी निन्दा न करनेका व्रत ले लेता है, उसे कभी अन्नकी कमी नहीं होती।

'अद्यादन्नमकुत्सयन्।'—मनु

मैंने एक व्यक्तिको पहले देखा था कि उसके सामने भोजनकी थाली आयी। उसमें एक रोटी कुछ जली थी। उसने उठाकर थाली फेंक दी। वही व्यक्ति है कि अब उसको भोजनका कष्ट है।

अधिक खा-लेनेसे भी अन्नका तिरस्कार होता है। जब खाया हुआ भोजन ठीक नहीं पचेगा तो वह मल बनेगा। बिना पचाये अन्नको मलावस्थामें पहुँचा देना अन्नब्रह्मका तिरस्कार ही है। इसी प्रकार सर्वथा न खाना भी अन्नका तिरस्कार है।

जितना भोजन जीवनके लिए उपयोगी हो, उसमें भी जातिदोष, आश्रयदोष, निमित्तदोषसे बचाकर खाना चाहिए।

श्रीरामानुजाचार्यजीका मत है—मांसादिमें जातिदोष है। कोई जूठा कर गया हो या केश आदि अपवित्र वस्तु पड़ जाय तो निमित्त-दोष हो गया। भोजन बनानेवाला, बनानेके बर्तन आदि ठीक न हों तो आश्रयदोष हुआ। बनानेवालेको शुद्ध और प्रसन्न होना

Guru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalga

. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Gr

चाहिए। रोते-रोते कोई भोजन बनायेगा तो उस अन्नको खानेवाला रोयेगा।

सर्वेषामेव शौचानामर्थशौचः परं स्मृतम्।
योऽर्थे शुचिर्हि स शुचिर्न मृद्वारिशुचिः शुचिः॥

—मनु

सब पवित्रताओंमें धनकी पवित्रता सबसे प्रधान है। जो धनसे पवित्र है वह पवित्र है। मिट्टी पानीसे पवित्र हुआ पवित्र नहीं है।

भोजन अपने हकका होना चाहिए। दूसरेका स्वत्व छीनकर, चुराकर, धोखेसे लेकर उससे भोजन करोगे तो मन पवित्र नहीं होगा।

पूरयेदशनेनार्धं त्वर्धं तोयेन पूरयेत्।
वायोः संचरणार्थं तु चतुर्थमवशेषयेत्॥

शुद्ध अन्न आधा पेट भोजन करे और चौथाई पेट जलसे भरे। चौथाई पेट वायु-संचारके लिए खाली रहने दे।

'न चातिस्वप्नशीलस्य'—बहुत सोनेवाला तमोगुणमें पड़ा रहता है। वह योग नहीं कर सकता। जो ठीक-ठीक निद्रा नहीं लेते, उनका मस्तिष्क विकृत हो जाता है।

एक मेरे मित्र थे। एक ही दिनमें विद्वान् होनेके लिए हनुमान्-जीका मन्त्र-साधन करने लगे। रात्रिभर जागकर साधन-जप करते रहे। प्रातः हवन करने लगे तो पता नहीं क्या देखा कि पागल हो गये।

Guru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalga

In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Gra

• संगति

हमें समत्व योगपर पहुँचना है, अतः नींद ठीक लेना चाहिए और जागना भी ठीक चाहिए। भोजन भी सन्तुलित करना चाहिए और क्रियाको भी सन्तुलित करना चाहिए।

युक्ताहारविहारस्य युक्तचेष्टस्य कर्मसु।
युक्तस्वप्नावबोधस्य योगो भवति दुःखहा ॥१७॥

नियमित आहार-विहार करनेवाले, नियमित कर्मशीलता रखनेवाले, नियमित सोने-जागनेवालेके लिए योग दुःखनिवारक होता है।

'युक्ताहारविहारस्य'—जबलपुरमें एक बड़े डाक्टर हैं। उन्होंने मुझसे कहा—'स्वामीजी ! आप अन्न खाना कम कर दो। लेकिन पेटमें भार रखनेका अभ्यास हो गया है। पेट भरा नहीं रहेगा तो सन्तोष नहीं होगा। इसलिए पेट भरे, इतना शाक खा-लिया करो।'

लेकिन योग इस बातसे सहमत नहीं है कि शाकसे पेट भर लिया करो।

'सव्यञ्जनस्यार्धम्।' अन्न भी खाओ, उसके साथ सब्जी, फल आदि व्यञ्जन भी खाओ; किन्तु सब मिलाकर आधा ही पेट भरो। फल, सब्जी आदि मिलकर भी आधे पेटसे अधिक नहीं होना चाहिए। यहाँ कहा जा रहा है—

'योगो भवति दुःखहा।'

Guru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalga

. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Gr

इसकी व्याख्यामें श्रीशंकराचार्यजी और श्रीरामानुजाचार्यजी दोनों ही कहते हैं—'सकलदु:खहा।' इसका अर्थ है कि, शरीरके सब रोगोंको तो मिटायेगा ही, मनके रोग क्रोधादिको भी मिटायेगा।

अधिक खानेसे अजीर्ण होनेपर काम-क्रोध बढ़ते हैं। ये कामादि मनके अजीर्ण हैं। भोजन सन्तुलित होनेसे शरीर सन्तुलित होगा और शरीर सन्तुलित होनेसे मन सन्तुलित बनेगा।

'विहारस्य'—इसका अर्थ है पैरसे चलना; क्योंकि 'ब्रह्मचारिव्रते स्थित:' तो पहले ही कह चुके हैं।

परिव्राजक—पर्यटनशीलके लिये कहा गया है कि पैदल चलना हो तो एक योजन (सात मील) से अधिक एक दिन न चले।

सर्वथा न चलनेसे मनुष्य आलसी हो जाता है। उसमें तमोगुण आ जाता है। अधिक चलनेसे थकान—श्रान्तिसे भी तमोगुण आ जाता है। अत: पैरसे थोड़ा प्रतिदिन अवश्य चलना चाहिए।

'युक्तचेष्टस्य कर्मसु'—कर्मका भी समय होना चाहिए और देश, कालके अनुरूप कर्म करना चाहिए।

एक सज्जन सभामें गये और वहाँ टहलने लगे। किसीने पूछा-"यहाँ बैठते क्यों नहीं ?"

वे—'हमारा टहलनेका नियम है, उसे पूरा कर रहे हैं।'

ऐसे नियम पूरा नहीं किया जाता। देश, कालको देखकर कर्म किया जाता है। अपनी शक्ति और आयुके अनुसार कर्म करना चाहिए। अपनी स्थिति और जिससे व्यवहार करना है, उसकी पात्रता देखनी चाहिए। कर्ममें अपनी चेष्टा युक्तियुक्त नहीं होगी तो योग 'दु:खहा' नहीं होगा।

Guru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalga

. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Gr

अपने शरीरमें पाँच सेर उठानेको शक्ति है और आपने पच्चीस सेर उठा लिया तो रोग होगा, दर्द होगा।

मेरे गाँवमें एक व्यक्ति था। वह श्वास रोककर अपनी छातीपर पत्थरका पटिया रखवाता था और उसपर ऊखल रखवाकर उसमें ईंट डालकर तुड़वाता था। एकदिन उसने कहा—'मैं श्वास रोककर अपनी छातीपर हाथी खड़ा कर लूँगा।

उसकी छातीपर पटिया रखवाया गया; किन्तु जैसे ही हाथीने एक पैर रखा, उसकी छातीकी हड्डियाँ टूट गईं। मुखसे रक्त निकला। वह मर गया। अतः अपनी शक्ति देखकर प्रयत्न करना चाहिए।

शनैः कन्था शनैः पन्था शनैः पर्वतलङ्घनम्।
शनैर्भुक्तिः शनैर्मुक्तिः शनैर्विद्या शनैस्तपः॥

गुदड़ी धीरे-धीरे सीना चाहिए। मार्ग धीरे-धीरे चलना चाहिए। पर्वतपर धीरे-धीरे चढ़ना चाहिए। भोजन धीरे-धीरे करना चाहिए। मुक्तिका साधन धीरे-धीरे करना चाहिए। विद्या धीरे-धीरे पढ़ना चाहिए। तप धीरे-धीरे बढ़ाना चाहिए।

बचपनमें मैं अपने पितामहसे ज्यौतिष पढ़ता था। दूर-दूरसे विद्यार्थी उनसे ज्यौतिष पढ़ने आते थे। बत्तीस-तैंतीस विद्यार्थी थे। दूसरे छात्र जितना कण्ठस्थ करते थे, मैं उनसे अधिक करता था। मैं तीस-बत्तीस श्लोक नये प्रतिदिन कण्ठस्थ कर लेता था। एकदिन मेरे बाबाने डाँटा—'जितनी शीघ्रतासे याद करोगे, ये पीछे उतनी ही शीघ्रतासे भूल जायेंगे। अतः जब एक श्लोक याद हो जाय तो उसका एक सौ आठ बार जप करके तब अगला श्लोक कण्ठस्थ करो।'

'युक्तस्वप्नावबोधस्य'—प्रकृतिने जैसे प्रकाशमय सूर्यदेवताके दिन जागनेके लिए बनाया है, वैसे चन्द्रदेवताके रात्रि विश्रामके

Guru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalga

. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Gr

लिए बनायी है। रात्रिके चार भाग करो। इसमें दूसरा और तीसरा प्रहर सोनेकेलिए है। अन्तिम प्रहर परमात्माका चिन्तन करनेके लिए है। प्रथम प्रहर भोजन एवं मनोरञ्जनके लिए है। उसमें हास्यविनोदादिसे दिनकी थकान मिट जाती है।

कोई कहते हैं कि—'रात्रि त्रियामा है। इसके तीन भाग करने चाहिए। इसमें प्रथम भाग भोजन-विश्राम-विनोदके लिए, मध्यम भाग निद्राके लिए और अन्तिम भाग परमात्माके चिन्तनके लिए है।'

काव्यशास्त्रविनोदेन कालो गच्छति धीमताम्।
व्यसनेन च मूर्खाणां निद्रया कलहेन वा॥

बुद्धिमानोंका समय काव्य एवं शास्त्र-विनोदमें बीतता है और मूर्खोंका समय व्यसनमें लगकर, नींदमें या लड़ाई-झगड़ेमें बीतता है।

निद्रा सूर्योदयसे पूर्व त्याग ही देनी चाहिए। एक नीतिकारने कहा है—

कुचैलिनं दन्तमलोपधारिणं बह्वाशिनं निष्ठुरभाषिणं च।
सूर्योदये चास्तमिते च शायिनं विमुञ्चति श्रीरपि चक्रपाणिम्॥

मैले वस्त्र पहननेवाले, दांतोंको मैला रखनेवाले, बहुत खानेवाले, निष्ठुर बोलनेवाले, सूर्योदय तथा सूर्यास्तके समय सोनेवाले स्वयं नारायण हों तो उन्हें भी लक्ष्मी त्याग देगी।

भगवान् नारायणको हृदयमें लेकर प्रकाश-चक्रवर्ती सूर्यदेव आ रहे हैं और तुम सो रहे हो? उनका आते समय और जाते समय भी स्वागत किया जाना चाहिए।

आगतं स्वागतं कुर्याद्गच्छन्तं पृष्ठतोऽन्वियात्।

Guru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalga

. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Gra

कोई सम्मानितजन आवें तो आते समय आगे बढ़कर उनका स्वागत करे और जाने लगें तो कुछ दूर उनके पीछे-पीछे जाय।

बिना द्रव्य या वस्तुके भाव नहीं बनता, इसलिए जल-पुष्प मिले तो इनसे, जल न मिले तो रेतसे सूर्यको अर्घ्य दो। एक पुष्प या पत्र देकर प्रणाम करो। संकल्प बनता है तब, जब वस्तु साथ होती है और संकल्पके बिना कर्म फलप्रद नहीं होता, यह धर्म-शास्त्रका पक्का नियम है। जैसे मन-ही-मन भोजन, कपड़ा पहिनना, स्नान, शृङ्गार आदि नहीं होते।

वस्तुमें तुम्हारी महत्त्व बुद्धि है और क्रियामें महत्त्व बुद्धि है। अतः वस्तु और क्रियाके बिना कोई काम सफल नहीं होगा।

'योगो भवति दुःखहा'—योग दुःख-सामान्यको मिटाता है। इसका अर्थ है कि बाहरसे आनेवाले दुःखको योग मिटाता है।

दुःख दो प्रकारका होता है। जैसे शरीरको चोट लग जाय या मनको चोट लग जाय। आधिभौतिक, आधिदैविक, आध्यात्मिक तीन प्रकारके ताप होते हैं। इन तीनों प्रकारके दुःखोंका योग निवारण करता है।

अनेकबार जब शरीरमें बहुत पीड़ा होती है, तब डाक्टर दवा खिलाकर या इन्जेक्शन देकर हमारे मनको सुला देते हैं। इसका अर्थ है कि जहाँ शरीरकी दवा काम नहीं देती, वहाँ मनकी दवा काम देती है। यदि हम अपने मनको ऐसा बनालें अभ्यास करके कि उसमें दुःख न घुस सके तो हमें दुःख नहीं होंगे। यह काम योगसे होता है। योगाभ्यास शारीरिक मानसिक दुःखोंको मिटानेकी कला है।

'योगो भवति दुःखहा'—योगशब्दका अर्थ भी योग्यताके अनुसार ही होता है। वैद्य जब दो ओषधियोंको मिलाते हैं तो उसे

Guru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalga

. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Gr

भी योग कहते हैं। रसिक लोग संयोग-वियोग कहते हैं। यहाँ किसके साथ योग कहा जा रहा है ?

'योगी युञ्जीत सततमात्मानम्।'
'युञ्जन्नेवं सदात्मानम्।'

ये वाक्य पहले आ चुके हैं और इनमें अपने आपसे अपने आपका योग कहा गया है।

तब प्रश्न यह है कि यहाँ योग शब्दसे कर्मयोग, अष्टाङ्गयोग, भक्तियोग, लययोग या ज्ञानयोगमें किसका तात्पर्य है ?

कर्मयोगमें क्रियाका विक्षेप है। उपासना योगमें देवताकी—अन्यकी प्रधानता है। ध्यान-योगमें अपनी वृत्तिका प्रवाह है—वृत्तिके साथ सम्बन्ध है। अष्टाङ्गयोग—निरोधमें 'मैं समाधिस्थ होता हूँ' यह अस्मिता है। द्रष्टाकी स्वरूपस्थिति—सांख्ययोगमें—लययोगमें परिच्छिन्नता है। तब ब्रह्मात्मैक्यबोध ही वास्तविक योग है।

यह जो अपना आत्मा है, जो मन-इन्द्रियोंसे तादात्म्य प्राप्त करके जाग्रतमें विषयोंका भोक्ता विश्वात्मा है, स्वप्नमें अपने अन्तरमें ही कल्पित विषयोंका भोक्ता तैजस है, सुषुप्तिमें सम्पूर्ण मन-इन्द्रियोंकी उपरामताका भोक्ता प्राज्ञ है और जाग्रत्, स्वप्न, सुषुप्ति इन तीनों अवस्थाओंमें अनुसंतत भोक्ता-भोग्यके भावसे रहित तुरीय है, इस आत्माके साथ योग करना है।

देहात्माका करो वियोग, विश्वात्मा देह नहीं है। सम्पूर्ण भूत भौतिकके साथ तादात्म्यका नाम विश्वात्मा है। देहात्मा, तैजसात्मा प्राज्ञात्मासे तादात्म्य पृथक् करके अपनेमें स्थित हो जाना यहाँ योग कहा गया है। यह योग सम्पूर्ण दुःखोंका निवारक है।

Guru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalga

. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Gra

: १८ :

• संगति

यह योग कब सम्पूर्ण होता है ?

यदा विनियतं चित्तमात्मन्येवावतिष्ठते ।
निस्पृहः सर्वकामेभ्यो युक्त इत्युच्यते तदा ॥१८॥

जब सब कामनाओंसे निःस्पृह होकर विनियन्त्रित चित्त अपनेमें ही स्थित हो जाता है, तब उसे युक्त कहा जाता है ।

'चित्तम्'—चिती संज्ञाने—घट, पट-मठ, स्त्री, पुरुष, बालक, पशु-पक्षी, वृक्ष, लता आदि नाना प्रकारकी संज्ञान—संस्कारराशिका नाम चित्त है। संसारमें जो कुछ देखा-सुना, खाया-छुआ-सूँघा, उनके ज्ञानकी राशि—उनके संस्कारराशिको चित्त कहते हैं।

'निस्पृहः सर्वकामेभ्यः'—इस चित्तको पहले काम-संकल्पसे रहित करो। स्वामी रामतीर्थ इस बातपर बहुत जोर देते थे—

Guru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalga

. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Gr

'मनके साथ खटपट मत करो। केवल तटस्थ होकर उसे देखो। इतनेसे ही मन मूर्च्छित हो जाता है।'

इस चित्तको एक स्थानपर एक भावमें या एक अभावमें, साकारमें या निराकारमें स्थापित कर दो।

सम्पूर्ण काम और संकल्पसे निःस्पृह हो जाओ। यहाँ केवल भोग छोड़नेकी बात नहीं है। श्रुति कहती है—

कामान् यः कामयते मन्यमानः
स कामभिर्जायते तत्र तत्र।

कामना सारथिका काम करती है। जहाँ-जहाँ चाहो, वहाँ-वहाँ उस-उस योनिमें ले जाती है। अतः पहली बात है कि कामनाओंसे निःस्पृह हो जाओ। संसारमें कोई देश, कोई काल, कोई पदार्थ कोई व्यक्ति प्राप्त करनेका संकल्प मत करो। कोई भी आकार चित्तमें मत आने दो। तब चित्त निराकार होकर आत्मासे अभिन्न ही रहेगा।

संकल्पमात्रसे जो मुक्तचित्त है, वह अपने आश्रय, अपने प्रकाशक, अपने अधिष्ठान स्वयंप्रकाश आत्मासे पृथक् नहीं होता। अतः इसे युक्त कहा जाता है।

पराचः कामाननुयन्ति बालाः।
अथो धीराः अमृतत्वं भजन्ते॥

बालक—अज्ञानी बाह्य विषयोंकी कामना करते हैं और विषयोंके पीछे जाते हैं। धीर पुरुष अमृतत्व चाहते हैं।

'विकारहेतौ सति विक्रियन्ते
येषां न चेतांसि त एव धीराः।'

Guru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalga

0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Gra

विकारका कारण होनेपर भी जिनका चित्त विकृत नहीं होता, वे धीर हैं।

किसीका विषयोंके साथ बन्धन नहीं होता, इन्द्रियोंके साथ बन्धन होता है। किसीका इन्द्रियोंके साथ बन्धन नहीं होता, मनके साथ बन्धन होता है। किसीका मनके साथ बन्धन नहीं होता, अहंके साथ बन्धन होता है।

अभिनिवेश, द्वेष, राग और अस्मिता—इनसे छूटे तब अपने स्वरूपमें बैठना होता है। इसके लिए दो प्रकारका वैराग्य अपेक्षित होता है—अपर वैराग्य और पर वैराग्य।

'दृष्टानुश्रविकविषयवितृष्णस्य वशीकारसंज्ञा वैराग्यम्'

—योगदर्शन

जो कुछ देखा, जो कुछ सुना—इसमें साम्राज्यादि सुखभोग—पृथ्वीके सब सुख दृष्ट हैं और स्वर्गादि लोकोंका सुखभोग आनुश्रविक सुना हुआ है, इन दोनों प्रकारके विषय-भोगोंसे जब वितृष्णा होती है तब अपर वैराग्य हुआ। इस वैराग्यके होनेपर सम्प्रज्ञात समाधि लगेगी। असम्प्रज्ञात समाधिके लिए पर वैराग्य होना आवश्यक है।

'तत्परं पुरुषख्यातेर्गुणवैतृष्ण्यम्।'

—योगदर्शन

अपने स्वरूपकी ख्याति अर्थात् सत्त्वान्विता ख्याति जब हुई कि 'मैं अन्तःकरणसे पृथक् हूँ, अन्तःकरणके साथ मेरा कोई सम्बन्ध नहीं है, तब इस निश्चयसे अन्तःकरणमें आनेवाले तमस्, रजस्, सत्त्वगुणोंसे वितृष्णा हो जाय, जाग्रत्, स्वप्न, सुषुप्ति, समाधिमें कहीं भी तृष्णा न रह जाय, अन्तःकरणकी किसी भी

Guru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalga

. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Gr

स्थितिसे अपना मेल न हो, इस विवेकख्यातिके फलका नाम है परवैराग्य। यह परवैराग्य होनेपर अपने स्वरूपका बोध होता है।

'निःस्पृहः सर्वकामेभ्यः'—इसमें व्यवहार है—

'विहाय कामान्यः सर्वान्पुमांश्चरति निःस्पृहः।
निर्ममो निरहंकारः स शान्तिमधिगच्छति ॥'
—गीता

इसमें जो 'चरति' है, वही व्यवहार है। जहाँतक कर्तव्यता, त्यक्तव्यता, भोक्तव्यताका बोझ सिरपर लदा है, वहाँतक शान्ति कहाँ? जब सम्पूर्ण कामनाओंसे निःस्पृह हो जाता है, तब युक्त कहा जाता है।

'निःस्पृहः सर्वकामेभ्यः' यह ऐसा योगी है कि 'मेरी समाधि लग जाय' यह कामना भी नहीं करता। मोक्षकी, ज्ञानकी कामना भी उसमें नहीं है।

महात्मा बैठा है। किसीसे माँगने गया नहीं। उसके मनमें कुछ पानेका संकल्प उदय नहीं हुआ। फिर भी किसीने कोई वस्तु लाकर उसके सामने रखी। अब वह कहता है—'मैंने माँगा नहीं, चाहा नहीं, फिर भी वस्तु आगयी तो बनी रहे।' इसका नाम स्पृहा है। आनेके बाद वस्तुको रख लेना स्पृहा है।

वस्तु भले कुटियामें रखी हो, पर वह अपनी नहीं है, यह 'निर्मम' है। अब वस्तुको अपनी नहीं मानता तो अहंकार आया—'मुझ-सा त्यागी कौन है?' यह अहंकार भी न हो तब निरहंकार हुआ।

कामका परित्याग, कामसे निःस्पृहता, कामसे निर्ममता और कामसे निरहंकारता हो तब—'स शान्तिमधिगच्छति' वह शान्ति पाता है।

Guru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalga

In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-G

'विनियतं चित्तम्'—चित्त विशेषरूपसे संयत होता है—देशालम्बन लेकर दूर नहीं जाता, कालालम्बन लेकर विषयमें टिकता नहीं, बाह्य विषयोंके अन्तःकरणमें प्रतिबिम्बित आकारको पकड़ता नहीं, तब विशेषरूपसे संयत है।

यह बाहर-भीतरका भेद शरीरके चमड़ेका किया हुआ है। यह मोह है। यह चमड़ा आकाशको बाहर-भीतर बना नहीं सकता। प्राणशक्ति वायुको बाहर-भीतर बना नहीं सकती। ऊष्मा-अग्निको बाहर-भीतर बना नहीं सकता। जलको बाहर-भीतर बना नहीं सकता। मिट्टीको भी बाहर-भीतर बना नहीं सकता और अखण्ड चिदाकाशको यह चमड़ा बाहर-भीतर बना देता है, यह मोहके सिवा और क्या हो सकता है?

चित्त संयत करना है। इसे प्रकृतिपर मत छोड़ना कि 'जहाँ जाता है, जाने दो।' यह हमारे धर्म, भक्ति, योग, तत्त्वज्ञान सबके विपरीत बात है। जहाँ कर्तृत्व है, वहीं धर्मकी उत्पत्ति होती है। उपासना या अभ्यासका—निरोधका फल वहाँ होता है, जहाँ कर्तृत्व आता है। जहाँ हम स्वयं श्रवण-मनन-निदिध्यासन करके अविद्याका नाश करते हैं, वहाँ ब्रह्माकार-वृत्ति होती है। यदि अविद्यानाशके पूर्व ही किसीने मान लिया कि 'हमारा कर्तृत्व मिट गया' तो वह गड्ढेमें गया।

जबतक कर्तृत्व है, तबतक साधन-भजन करना ही चाहिए। यदि तुम्हें कुछ पाना नहीं है तो कुछ मत करो; किन्तु कुछ पाना या छोड़ना है तो यत्न करना ही चाहिए।

'विनियतं चित्तम्'—विनियत चित्त है नियतद्रव्य, नियत क्रिया, नियतभाव, नियतदेश, नियतकाल और नियतरूपसे कामाभावमें स्थित चित्त।

Guru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalg

). In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Gr

देश-काल सहित जो वाह्यविषय चित्तमें प्रतिविम्बित हो रहा है, वह भ्रम भी हो सकता है और प्रमा भी हो सकती है। लेकिन ज्ञानस्वरूप आत्मा दोनोंसे पृथक् है।

'प्रमाभ्रमाभ्यां रहिते स्वरूपे।'

जब प्रमा या भ्रमरूप—पूर्व विज्ञानरूप कोई आकृति चित्तमें नहीं होती तो चित्त अपने आपमें–आत्मामें ही स्थित होता है।

'आत्मन्येवावतिष्ठते'—आपका मन क्या सोचता है? वह शरीरके बाहरकी बात सोचता है या भीतरकी?

पहले यह देखो कि शरीरके बाहरकी कोई वस्तु मनमें न आये। अब शरीरको छोड़ दो। यह देखो कि मनोवृत्तिको छोड़कर मनमें कुछ न आये। मनोवृत्तिको छोड़कर 'अहं'का चिन्तन करो। 'अहं', 'अहं' यह प्रत्येक शरीरमें भिन्न है; परन्तु सबका प्रकाशक चेतन एक अखण्ड है। 'अहं'को छोड़कर उसको देखो। इन अखण्ड, अधिष्ठान, स्वयंप्रकाश वस्तुसे पृथक् आपका चित्त कल्पना न करे तब ध्याता-ध्येयका भेद मिट जायगा। तब सम्प्रज्ञात समाधि मिटकर असम्प्रज्ञात समाधि हो जायगी।

'युक्त इत्युच्यते तदा'—तब युक्त कहा जाता है।

'स बुद्धिमान् मनुष्येषु स युक्तः कृत्स्नकर्मकृत्।'
'स युक्तः स सुखी नरः।'

इस प्रकार गीतामें बार-बार 'युक्त' होनेकी बात कही गयी है। यह 'युक्त' भगवान्‌को बहुत प्रिय है।

●

Guru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalga

In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-G

: १६ :

• संगति

भगवान्से गोपियोंने गोवर उठवाया। गोपवालकोंने उनसे ताड़के फल खानेके लिए असुर मारनेको कहा। अर्जुनने उन्हें सारथि वनाया। यह निरहंकारता है। रात्रिमें पाण्डव सोते थे युद्ध-शिविरमें और श्रीकृष्ण जागकर पहरा देते थे। आगे-आगे युधिष्ठिर चलते थे और श्रीकृष्ण उनका अनुगमन करते थे। अस्मिता उन्हें स्पर्श नहीं करती।

कामी, क्रोधीसे भगवान्को स्नेह नहीं है। वे इसीलिए कहते हैं—

ज्ञानविज्ञानतृप्तात्मा कूटस्थो विजितेन्द्रियः।
युक्त इत्युच्यते योगी समलोष्टाश्मकाञ्चनः॥

ऐसा वननेके लिए उपायरूपमें वे कहते हैं—

'युक्त आसीत मत्परः।'

इस प्रकार जो युक्त हो गया है, जिसमें 'अहं' नहीं है, 'मम' नहीं है, स्पृहा नहीं है, जो त्यागी है, निःस्पृह है, निर्मम है, निरहंकार है, उसके चित्तकी क्या स्थिति होती है, 'आत्मन्येवावतिष्ठते' यह चित्तकी कैसी स्थिति है, यह वतला रहे हैं।

Guru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalg

-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Gra

यथा दीपो निवातस्थो नेङ्गते सोपमा स्मृता ।
योगिनो यतचित्तस्य युञ्जतो योगमात्मनः ॥ १९ ॥

जैसे वायुहीन स्थानमें दीपककी ज्योति नहीं हिलती, यही उपमा संयतचित्त आत्मयोग करनेवाले योगीकी कही गयी है ।

'यथा दीपो निवातस्थः'—जैसे निर्वात स्थानमें प्रज्वलित दीपक हो । शुद्ध रश्मिमय उसका प्रकाश हो । न हिले, न कांपे ।

कब ऐसा होगा ? यह पूछना तो सत्यको कालके विकरा गालमें डाल देना है । सत्य कहाँ मिलेगा ? यह सत्यको अपने दूर फेंकना है । सत्य कैसा होता है ? यह सत्यको अपनेसे पृथ करना है । सत्य तुम्हीं हो । यह जो तुम्हारा सत्य-स्वरूप आत्मा है यही दीप्ति है ।

'ज्ञानदीपेन भास्वता ।'

निवात स्थानका अर्थ है प्राण-कल्पनाका परित्याग करके औ क्रिया-कल्पनाका परित्याग करके निष्क्रिय ज्ञानको देखो ।

उस चित्तका वर्णन सम्भव नहीं है जो आत्मामें ही स्थित है अतः उपमाके द्वारा उसका वर्णन करते हैं । जब वस्तुका स्व वर्णन सम्भव नहीं होता, तब उपमाके द्वारा उसका वर्णन कि जाता है ।

जब चित्तकी निरुद्ध दशा या उपराम-दशा होगी, उस सम वाक्प्रयोग नहीं होगा । जब वाक्प्रयोग होगा, तब चित्तकी उप दशा होगी नहीं । अतः सीधे चित्तकी उस स्थितिका वर्णन न होगा, तब चित्तकी उपमाका वर्णन होगा ।

आप दीपक देखते है । दीपकमें रंगीन प्रकाश नहीं होता रंग बाहरसे डाला जाता है । आपके ज्ञानदीपमें कोई गन्ध, र

ajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgao

In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-G

रूप, स्पर्श, शब्द न हो, इनसे मुक्त वह प्रकाश हो—यही अभीष्ट है।

श्रीउड़ियाबाबाजी महाराज कहते थे—'सात बातें चित्तमें मत रखो—शब्द, स्पर्श, रूप, रस, गन्ध और दुःख-सुख।'

वेदान्तके ग्रन्थोंमें वर्णन है कि, इन सातोंका भाव-चिन्तन या अभाव-चिन्तन भी न हो। कहीं-कहीं 'सिद्धि' तथा 'शक्ति'का भी उल्लेख मिलता है कि इनका भी संकल्प न हो। योगकी दृष्टिसे इसीका नाम एकान्त है।

'यथा दीपो निवातस्थः'—इसमें इङ्गन-कम्पन नहीं है। इसमें चित्तमें धारावाहिकता भी नहीं है। इसमें वासनाका तेल नहीं है, प्रारब्धकी बत्ती नहीं है और किसी दीपकसे जलाकर यह दीपक नहीं रखा गया है। यह स्वयंप्रकाश आत्मज्योति उपाधिमें प्रकाशित नहीं है। उपाधियाँ इससे प्रकाशित होती हैं।

'योगिनो यतचित्तस्य'—योगीका जो वशमें किया गया चित्त है, उसकी यह स्थिति है।

चित्तमें बाह्य संस्पर्श न हो। चित्त अपने आपमें भी हिलता न हो। ज्ञानमें जाति न हो और धारा न हो।

बल्ब चाहे छोटा हो या बड़ा और चाहे रंगीन हो, लेकिन वह प्रकाश नहीं है। बल्बमें जो प्रकाश आता है, वह विद्युत्की धारा है। इसीलिए यूनिट बनती है। धारा न हो तो यूनिट न बने। आपके भीतर जो प्रकाश है, उसमें धारा नहीं है। वह हृदयकी उपाधिसे नहीं है। वह हृदयकी उपाधिका प्रकाशक है।

हमारे एक नेता ज्ञानका बड़ा सुन्दर वर्णन करते थे; किन्तु उनका यह दृढ़ आग्रह था—'यह ज्ञान कन्याकुमारीसे हिमालय-

Guru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalg

-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Gra

पर्यन्त इस भारत राष्ट्रमें ही प्रकट हुआ है। सृष्टिका प्रारम्भ भारतसे हुआ है।'

बड़ी दृढ़ राष्ट्रोन्मता थी उनमें, यह ठीक। उनका कहना था— 'इसी देशमें, सत्ययुग कालमें, जिस गोत्रमें मैं उत्पन्न हुआ हूँ, उसी गोत्रमें ही मेरे किसी पूर्वजके हृदयमें इस ज्ञानका पहले आविर्भाव हुआ।'

बात उत्तम है; किन्तु ज्ञानके सच्चे स्वरूपको जानना हो तो जानना होगा कि ज्ञानमें स्थानका, कालका, वस्तुका प्रकाश होता है। यह भी झूठे अधिकरण अधिकृत भावकी कल्पना होती है। ज्ञान अमुककाल, अमुकदेश, अमुकव्यक्तिमें नहीं होता। यह राष्ट्र, काल और हमारे महर्षि जिस ज्ञानसे प्रकाशित हो रहे हैं, वह ज्ञान हमारा अपना स्वरूप है। उसमें न देश है, न काल, न वस्तु और न व्यक्ति। यदि देश, काल, पूर्वजका मोह छोड़कर ज्ञानके स्वरूपका विचार नहीं करोगे तो ज्ञानका स्वरूप नहीं जान सकोगे। ज्ञान अखण्ड तत्त्व है। उसमें देश, काल, वस्तु, व्यक्ति केवल भानमात्र हैं।

'युञ्जतो योगमात्मनः'—आत्मनो योगं युञ्जतः—तुम किसको चाहते हो? तुम्हारा ईश्वर कहाँ रहता है? यदि तुमसे अभिन्न होकर तुम्हारी हृदयगुहामें ही तुम्हारा ईश्वर नहीं रहता तो उसे कहाँ ढूँढ़ोगे? अतः तुम अपने आपसे मिलनेका प्रयत्न कर रहे हो। तुम्हारा ईश्वर तुमसे अभिन्न होकर ही रहता है।

योग करने बैठें तो चार बातोंका ध्यान रखें—

यदा न लीयते चित्तं न च विक्षिप्यते पुनः।
अनिङ्गनमनाभासं सम्पन्नं ब्रह्म तत्तदा॥

ajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalga

In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-G

जब चित्त लीन नहीं होता और न विक्षिप्त होता, तब कम्पन-हीन, आभासहीन होनेपर ब्रह्म ही हो जाता है—अपने स्वरूपमें स्थित हो जाता है।

लये सम्बोधयेच्चित्तं विक्षिप्तं शमयेत्पुनः।
सकषायं विजानीयात् समप्राप्तं न चालयेत् ॥

यदि चित्त लीन होने लगे तो सोने मत दो, उसे जगा लेना चाहिए। परमब्रह्म परमात्मामें चित्तका सो जाना परमार्थ नहीं है। चित्तमें विक्षेप हो तो उसे शान्त कर लेना। मनोराज्य मत करना। स्वप्न-जैसी दशामें मत जाना। राग-द्वेषका उदय हो जाय तो चित्तको मलिन समझे। जागतेमें सावधानोमें ये मित्र-शत्रु सता रहे हैं तो जब मरने लगेंगे तब तो ये अवश्य हमारे चित्तपर—बुद्धिपर छा जायेंगे अतः इस दोषको पहचान लो। जब लय-विक्षेप, राग-द्वेषमें चित्त न जाय, ज्ञानकी समता नष्ट न हो तो चित्तको विचलित न करे।

अनिङ्गनमनाभासं सम्पन्नं ब्रह्म तत्तदा।

चित्तमें लय न हो, विक्षेप न हो, अपनेमें हिले नहीं और किसीका प्रतिबिम्ब न पड़े। यह काँचका काम है कि दूसरेकी चमक लेकर रंगीन हो जाता है। हीरा चमकता है, किन्तु दूसरेकी छाया नहीं पकड़ता। यदि तुम संसारको बुराई देखकर भागने लगोगे और अच्छाई देखकर उसे पकड़ने लगोगे तो तुम्हारा पूरा जीवन भागने-पकड़नेमें ही बीत जायगा। कभी सुख-शान्तिका दर्शन नहीं होगा। अतः अपने आपमें बैठ जाओ।

Guru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalg

-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Gra

: २०-२१-२२-२३

• संगति

मेरे एक मामा थे। छोटी-सी उनकी जमीदारी थी। एक झों डाल ली थी। भाँग पीकर पड़े रहते थे। कहते थे—'संसारमें दो सुख हैं—चभन्त (भोजन)का सुख और लेटन्त (निद्रा) का सुख यह तमोगुणी सुख है।

यदग्रे चानुबन्धे च सुखं मोहनमात्मनः।
निद्रालस्यप्रमादोत्थं तत्तामसमुदाहृतम् ॥

जो प्रारम्भमें और परिणाममें भी अपनेको मोह—अज्ञान, वेहो डालनेवाला हो, वह निद्रा, आलस्य या प्रमादसे प्राप्त सुख तामस क जाता है।

ajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgao

In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-G

शरीरमें मूढ़ हो रहे हैं। हाथ-पैर हिलाना न पड़े, खूब खाओ और पड़े रहो, यह सुख दोकड़ी चपत लगे तो भाग जायगा। जबतक चोर-डाकू, सर्प या विरोधी नहीं आता, तभीतक तमोगुणी लोग सुखी रहते हैं। उनके सुखमें कोई तत्त्व—कोई स्थिरता नहीं।

विषयेन्द्रियसंयोगाद् यत्तदग्रेऽमृतोपमम्।
परिणामे विषमिव तत्सुखं राजसं स्मृतम्॥

इन्द्रियोंका विषयोंसे संयोग होनेपर जो सुख होता है, यह पहले तो अमृत-जैसा लगता है; किन्तु इसका परिणाम विषके समान होता है, यह राजस सुख कहा गया है।

पहले लगता है कि बड़ा मजा आया; किन्तु जिस सुखके भोगनेके बाद थकावट आती हो अर्थात् परिणाममें तमोगुण आता हो, जिसमें रोग, अपयश, हानि आदिका भय हो, वह राजस सुख है।

अभ्यासाद् रमते यत्र दुःखान्तं च निगच्छति।

अभ्यासके कारण जिसमें सुख मिलता है और उससे दुःख मिट जाता है, ऐसा सुख सात्त्विक है।

सूर्य-नमस्कार करने लगे, अभ्यास हो गया, आनन्द आने लगा। लेकिन जिस दिन नहीं कर सके, 'आज शरीरमें दर्द है'—यह कहते हैं।

मेरे एक पितामह लगते थे। पहलवान थे। बुड्ढे हो गये तो पेटके बल लेट जाते थे। अपने शरीरपर मुझे चढ़कर खूब पैरसे दबानेको कहते थे। उनके पूरे शरीरमें दर्द होता था।

जबतक अभ्यास बना रहता है, तबतक सुख देता है; किन्तु छूटने लगता है, तब बड़ा दुःख देता है।

Guru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalg

. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Gr

स्वरूप-सुख न तो आलस्य, प्रमाद, निद्रा, मोह-जनित है, न विषयेन्द्रियसंयोग-जन्य, न अभ्यास-जन्य है; क्योंकि वह तो अप स्वरूप है।

लोग सुख पाना चाहते हैं और दुःख कोई पाना नहीं चाहता; किन्तु दुःखसे बचने और सुख पानेकी विद्या वे सीखते नहीं। कोई मरना नहीं चाहता, सब जीना चाहते हैं; किन्तु जीवनकी कलाको सीखते नहीं।

यहाँ यही विद्या बतलायी जा रही है जो आपको बड़े-से-बड़े दुःख बचायेगी और आपको अपने सुखस्वरूपमें स्थित रखेगी।

ज्यौतिषके बहुत बड़े विद्वान् पण्डित गंगाधर शास्त्रीने मेरी कुंड बनायी थी। मेरे पिताजी उनसे पढ़ते थे। मेरे पितामह स्वयं ज्यौति थे। पण्डित अयोध्यानाथ शास्त्री-जैसे कई बड़े विद्वान् एवं काशीके स बड़े ज्यौतिषियोंको मेरी कुण्डली दिखलायी गयी थी। सबका मत था मेरा अल्पायु योग है। इसीलिए मेरा विवाह शीघ्र किया गया, जि वंश चले।

मेरे मनमें इससे जो यह भय बैठ गया कि 'मैं शीघ्र मर जाऊँगा', इस कारण मैं महात्माओंमें घूमने लगा। मुझे आशा थी कि सम्भव महात्माओंकी कृपासे मृत्यु टल जाय। लेकिन सिद्धि दिखलानेवाले पास मैं नहीं गया। काशीमें एक महात्माके सम्बन्धमें प्रसिद्ध था कि मरा पक्षी जीवित कर देते हैं। नेत्रसे केवल देखकर पत्थर तोड़ देते हैं उनके बहुत धनी और विद्वान् भक्त थे। उसके द्वारके सामनेसे मैं सैक वार निकला होऊँगा; किन्तु उस द्वारके भीतर नहीं गया। उन्हें पा ब्रिण्टनने 'बनारसका जादूगर' लिखा है; किन्तु मुझे चमत्कार नहीं चा था। टोना-टोटका, भूत-प्रेत, यक्षिणीसिद्धि आदि चमत्कारोंको ओर मे कोई आकर्षण नहीं था।

Guru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalga

. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Gra

मैं ब्रह्मवेत्ता महात्माओंके पास गया। उन्होंने कहा—'यह बात हम तुम्हें दो टूक बतलाते हैं कि कि यदि मृत्यु होनेवाली होगी तो उसे हम रोक नहीं सकते; परन्तु हम तुमको ऐसी बुद्धि दे सकते हैं जिससे तुम्हारे मनसे मृत्युका भय निकल जाय।'

उन महात्माओंने मृत्युभय-निवारणकी, अज्ञान-मिटानेकी, दुःख न आनेकी विद्या बतलायी।

'प्रज्ञापराधमित्येष दुःखमिति यत्।'

जिसे आप दुःख कहते हो, यह आपकी बुद्धिका दोष है। जब किसी कारणसे दुःख होता है, तब उस कारणको गाली देनेकी आवश्यकता नहीं है। कारण तो बाहर है और दुःख हृदयमें है। अतः भीतर ही कोई-न-कोई विकार बना है, जिससे दुःख उत्पन्न होता है।

दूसरा हमें गाली न दे, यह नहीं हो सकता। गाली तो उसके मुखसे निकलती है। उसे हम कैसे रोकेंगे। तुम अपना चित्त ऐसा बनाओ कि गाली सुनकर वहाँ विकार न हो।

भगवान् इसी दुःख मिटानेवाली विद्याका यहाँ वर्णन कर रहे हैं।

यत्रोपरमते चित्तं निरुद्धं योगसेवया।
यत्र चैवात्मनात्मानं पश्यन्नात्मनि तुष्यति ॥२०॥

सुखमात्यन्तिकं यत्तद्बुद्धिग्राह्यमतीन्द्रियम्।
वेत्ति यत्र न चैवायं स्थितश्चलति तत्त्वतः ॥२१॥

यं लब्ध्वा चापरं लाभं मन्यते नाधिकं ततः।
यस्मिन्स्थितो न दुःखेन गुरुणापि विचाल्यते ॥२२॥

Guru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalga

. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Gr

तं विद्याद्दुःखसंयोगवियोगं योगसंज्ञितम् ।
स निश्चयेन योक्तव्यो योगोऽनिर्विण्णचेतसा ॥२३॥

जहाँ योगके सेवनसे निरुद्ध चित्त उपराम हो जाता है, जहाँ अपनेको अपनेमें अपनेसे ही देखता हुआ सन्तुष्ट होता है, जो आत्यन्तिक सुखबुद्धि-ग्राह्य और अतीन्द्रिय है, जिसे जानता है, जहाँ स्थित होकर यह तत्त्वतः चलित नहीं होता, जिसे पाकर उससे अधिक कोई लाभ नहीं मानता, जिसमें स्थित होकर बड़े भारी दुःखसे भी विचलित नहीं किया जाता, उस दुःखके संयोगसे वियोगका नाम योग जानना। उस योगका निश्चय-पूर्वक अनिर्विण्ण चित्तसे सेवन करना चाहिए।

'यत्रोपरमते चित्तम्'—जहाँ चित्त उपराम हो जाता है। उपराम हो जानेका अर्थ है कि कहीं जानेकी रुचि ही नहीं है फिर—

'योगसेवया निरुद्धं सत् यत्र आत्मना आत्मनि आत्मानं पश्यन् तुष्यति।'

योगके सेवनसे निरुद्ध होकर उपरत होता है। स्वयंमें स्वयंसे स्वयंको देखकर सन्तुष्ट होता है। देखनेवाला, दीखनेवाला और देखनेका उपकरण तथा अधिष्ठान सब स्वयं है। वही देख रहा है, वही नेत्रोंकी ज्योति बन रहा है, वही प्रियतममें प्रकाश बना है, वह अद्वय ज्योति रह गयी।

संसारमें जिस किसी पुस्तकमें जो कुछ लिखा है, जिस किसी जीभपर जो शब्द आता है, जिस किसी हृदयमें जो भाव उठता है, वह सब मुझमें, मुझसे, मेरे लिए है।

एक महात्माने कहा—'मेरे मन! यदि तुम्हारा संसारमें ही जानेका जी है तो जाओ। वह भी मेरा स्वरूप ही है।'

Guru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalga

. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Gr

'यदा निरुद्धं सत् उपरमते।'

यह रोकते-रोकते रुके रहना चित्तका स्वभाव बन गया। हम रोकें, यह आवश्यक नहीं रहा। वह उपराम हो गया।

'योगसेवया निरुद्धं चित्तं यत्र उपरमते।'

निरन्तर योगके सेवनसे चित्त रोक दिया गया। इधर-उधर चित्तका भटकना बन्द हो गया। पिंजड़ेमें बन्द चिड़िया पहले फड़फड़ाती है। किन्तु जब वहीं भोजन-पानी मिलने लगता है तो अभ्यस्त हो जाती है। फड़फड़ाना छोड़ देती है।

'पुरा निरुद्धं पश्चादुपरमते'—पहले रोकना पड़ता है, फिर स्वयं उपराम हो जाता है।

इसमें योगसेवन साधन है। निरुद्ध अवान्तर स्थिति है। उपरामता फल है।

उपरामता वह स्थिति है कि पिंजड़ा खोल देनेपर भी पक्षी उड़कर कहीं जाता नहीं। जो तोता पहले पिंजड़ेको चोंचसे काट डालना चाहता था, अब वही पिंजड़ेसे निकालनेपर स्वयं पिंजड़ेमें घुस जाता है। अब उसे दूसरे तोतोंसे मिलना नहीं है। अन्यत्र चारा चुगना नहीं है। कहीं घूमना नहीं है।

ऐसा अभ्यास करो कि चित्त पहले निरुद्ध हो। क्षिप्त, विक्षिप्त, एकाग्र भूमि-का परित्याग करके चित्त निरुद्ध भूमिमें चला जाय। फिर उपराम हो जाय अर्थात् आसन, प्राणायाम, धारणा, ध्यानमें-से कुछ करो या न करो, मनीराम जहाँ-के-तहाँ पड़े रहें।

हमारे कोकिलसाईंसे किसीने कहा—'चलिए, कश्मीर देख आयें।'

Guru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalga

. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Gr

साईं—'मेरे नेत्र बन्द करनेपर जिसे गोलोकके दर्शन होते हैं, कश्मीरका सौन्दर्य उसके किसी तुच्छातितुच्छ अंशके समान भी नहीं है। करोड़ों कश्मीर उसपर न्यौछावर करके फेंक दें।'

'यत्र चैवात्मनात्मानं पश्यन्नात्मनि तुष्यति।'

आप अपनेको नेत्रसे या मनसे मत देखिये। दर्पणमें देखना हो तो नेत्र चाहिए, किन्तु अपना स्वरूप देखना है तो नेत्रसे मत देखिये नेत्र देखिये। मनसे मत देखिये, मन देखिये। बुद्धिसे मत देखिये, बुद्धि देखिये। अहंसे मत देखिये, अहंको देखिये। नेत्र, मन, बुद्धि, अहंको मत देखिये—अपनेको देखिये। इसका अर्थ है कि देखनेवाला, देखनेके कारण और दीखनेवाला, ये भिन्न नहीं हैं।

'तुष्यति'—सन्तुष्ट है। एक सज्जनने दस वर्ष 'ॐ नमः शिवाय' इस मन्त्रका जप किया। फिर एक महात्माके पास गये और बोले—'मैं जो जप करता हूँ, वह ठीक है या नहीं?'

यह हुआ संशय और—'संशयात्मा विनश्यति।' भले तुम दस वर्ष या दस हजार वर्ष जप करो; किन्तु यदि गुरु, मन्त्र, इष्टमें संशय हो जायगा तो साधनकी नींव हिल जायगी।

'तुष्यति'—सम्पूर्ण सन्तोषके साथ अपने आपमें–अपने आपसे अपने आपको देखो। अर्थात् हृदयमें बैठकर मनकी ज्योतिसे मनके किसी विषयको मत देखो।

'कश्चित् चक्षुर्भ्यां मञ्जूषायां रत्नं पश्यति।'

कोई आँखसे पेटीमें रत्न देखता है। यहाँ रत्न रखा है पेटीमें और आँखसे दीखता है; किन्तु—

यत्र रत्नमपि नास्ति मञ्जूषापि नास्ति, चक्षुषी अपि न स्तः तत्र आत्मनि आत्मनैवात्मानं पश्यति।'

Guru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalga

. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Gra

वहाँ रत्न भी नहीं हैं, पेटी भी नहीं है और नेत्र भी नहीं हैं। वहाँ तो अपनेमें ही, अपनेसे ही, अपनेको ही देखता है। वहाँ पेटी, रत्न, नेत्र सबके स्थानपर अपना आपा है।

बाहरकी वस्तु देखनेमें तीन वस्तुएँ आवश्यक हैं—नेत्र, पेटी, रत्न। लेकिन यदि नेत्र बन्द करके भीतर देखें तो अपने हृदयमें सम्पूर्ण दृश्य दीखता है। यहाँ मन ही देखनेवाला है और गाय-बैल, स्त्री-पुरुष आदि पूरा संसार दीखता है। इसमें भी—

'अनात्मन्यनात्मनानात्मानं पश्यति।'

हृदयरूप अनात्मामें, मनरूप अनात्मासे, जगद्-रूप अनात्माको आप देख रहे हैं। अतः इसे भी छोड़ दीजिये।

'अब क्या है?'

'कुछ नहीं है।'

'कुछ नहीं है' यह ज्ञान तो है? यह ज्ञान ही आपका स्वरूप है।

आप हृदयमें बैठकर देखनेवाले नहीं हैं। हृदय आपमें ही प्रतीत हो रहा है। आप अनुभवके विषय नहीं हैं। अनुभव स्वरूप हैं। अपनेको अनुभव करने—अनुभवका विषय बनानेका प्रयत्न मत कीजिये। अपनेको अनुभव-स्वरूप जान लीजिये। सचमुच परमार्थ-सुख यही है।

अखण्ड अद्वयतत्त्वमें यहाँ-वहाँ, आज-कल, यह-वह, गुरु-शिष्य, जिज्ञासु-ज्ञानी, कर्ता-कर्म, उपलब्धा-उपलब्धिका भेद नहीं है। यह अखण्डता ही परम सुख है। ज्ञानसे पृथक् होकर सुख सुख ही प्रतीत नहीं होगा।

Guru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalga

. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Gr

तमोगुणी सुख, रजोगुणी सुख और सत्त्वगुणी सुखको जब पृथक् कर देंगे, तब सुख-स्वरूप आत्माका पता लगेगा।

आप ज्ञानसे जिस वस्तुको पृथक् कर देंगे, वह जड़ हो जायगी और उसकी जानकारी नहीं होगी। तब वह है भी, इसका क्या प्रमाण होगा?

'सुखमात्यन्तिकम्'—अभ्याससे जो वस्तु बनती है, वह कालमें रहती है और कालमें मिट जाती है।

'यज्जन्यं तदनित्यं यद्दृष्टं तन्नष्टम्।'

यही बात गाँवके लोग इस प्रकार कहते हैं—

'जो फरा सो झरा, जो बरा सो बुताना।'

सात्त्विक सुख अभ्यासजन्य है; किन्तु जब अभ्यास करके तुमने उसे जीवनमें अनुप्रविष्ट किया तो अभ्यास शिथिल पड़नेपर वह तुम्हें छोड़ देगा।

मेरे एक मित्रने चालीस वर्ष गीता-पाठ किया। पूरी गीता उन्हें कण्ठस्थ थी। श्लोकोंकी संख्या भी स्मरण थी। लेकिन वृद्ध हुए तो वे श्लोक अशुद्ध बोलते थे। तात्पर्य यह है कि अभ्यास सदा नहीं टिकता है। अतः आत्यन्तिक कहकर इसे सात्त्विक सुखसे विलक्षण बतलाया।

विषयेन्द्रिय-संयोगसे जो सुख हुआ, वह विषयेन्द्रिय-वियोग होनेपर नहीं रहेगा। सुखमें यदि कोई निमित्त है तो यह नियम है—

निमित्तापाये नैमित्तिकस्याप्यपायः।

निमित्तसे जो सुख होगा, निमित्तके नष्ट होनेपर वह नष्ट हो जायगा।

Guru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalga

. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Gra

आग तापने या बर्फ लगानेसे जो सुख होगा, वह आग बुझने या बर्फके गल जानेपर नहीं रहेगा।

समाधिमें आत्माका जो सुख अनुभवमें आता है, वह समाधि-जन्य नहीं है।

एक मनुष्य वनमें गया। वहाँ उसे एक पुराना मन्दिर मिला। मन्दिरमें कबूतरोंकी बीटका ढेर लगा था। उससे सोचा—'मन्दिर तो अच्छा है। यहाँ एक शिवलिंग होता तो उत्तम होता।'

लोगोंने उसे बतलाया—'कबूतरोंकी बीटसे दबा, उसके नीचे पहलेसे एक स्वयम्भू शिवलिंग विद्यमान है।'

उसने वहाँसे कबूतरोंकी बीट उठाकर फेंक दी तो पहलेसे विद्यमान शिवलिंग प्रकट हो गया। ऐसे ही समाधि लगाना है।

समाधिनिर्धूतमलस्य चेतसो
निवेशितस्यात्मनि यत्सुखं भवेत्।
न शक्यते वर्णयितुं गिरा तदा
स्वयं तदन्तःकरणेन गृह्यते॥

समाधिके द्वारा निर्मल किये चित्तको आत्मामें लगा देनेसे जो सुख होता है, उसका वर्णन उसकी वाणी भी नहीं कर सकती। केवल वह उसके अन्तःकरणके द्वारा गृहीत—अनुभूत होता है।

(समाधि मनके मैलको धोनेके लिए लगायी जाती है। सुखरूप शिवलिंगको उत्पन्न करनेके लिए समाधि नहीं लगायी जाती। यह सुख तो अनादि, अनन्त है।)

'बुद्धिग्राह्यम्'—जो निद्रा-आलस्य-प्रमादका सुख है, वह मोह-जन्य है। वह बुद्धिग्राह्य नहीं है। बुद्धिग्राह्यका अर्थ है कि वह सुख तमोगुणी नहीं है।

Guru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalga

. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Gr

बुद्धिग्राह्यका यह भी अर्थ है कि उसे प्राप्त करनेके लिए स्वर्ग, वैकुण्ठ, गोलोकादिमें जाना नहीं पड़ता है। वह देशान्तर या कालान्तरमें नहीं है। वह क्रियाके द्वारा प्राप्त नहीं होता। केवल अज्ञान दूर होनेसे ही वह मिलता है।

आजकल स्वयम्भू आचार्य बहुत हो गये हैं। जिन्होंने न उपनिषद् देखा, न गुरुकी शरण ली, वे कहते हैं—'अपनी बुद्धि रोक दो। बुद्धिसे कुछ मत सोचो। जो है, सो है।'

लेकिन ऐसा करनेसे आपका अज्ञान नहीं मिटेगा। आप मान-कारीमें फँस जाते हैं और जानकारीका तिरस्कार कर देते हैं।

वेदान्त—औपनिषद-सम्प्रदाय सब मानते हैं कि उपनिषदोंके श्रवणसे एक बुद्धि उत्पन्न होती है। हम तो बुद्धि देकर आपको सत्यका साक्षात्कार कराना चाहते हैं।

यदि आप 'बुद्धिग्राह्य' सत्के स्वरूपको नहीं समझेंगे तो कहीं असत्को ही सत् मान बैठेंगे, तब असत्के चक्करमें फँस जायँगे। अतः सत्को बुद्धिग्राह्य करके उसके सम्बन्धमें भ्रमको मिटा दीजिये। जबतक भ्रम नहीं मिटता, तबतक आप स्वयं सत् हैं यह कैसे समझेंगे?

आप चित्को—ज्ञानस्वरूपको समझें। कोई कहते हैं—'विषय, इन्द्रिय, मन, बुद्धिको छोड़कर चुप बैठ जाओ तो ज्ञानस्वरूपका साक्षात्कार हो जायगा।'

ऐसा नहीं है। पहले बुद्धिसे समझिये कि ज्ञान होता कैसा है? यदि बुद्धिसे समझनेसे पहले ही कुछ मान बैठेंगे तो वह भ्रम दूर नहीं होगा। श्रुति कहती है—

दृश्यते त्वग्र्यया बुद्ध्या सूक्ष्मया सूक्ष्मदर्शिभिः।

Guru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalga

. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Gr

एकाग्र और सूक्ष्म बुद्धिसे परमात्माका दर्शन होता है। भगवान् प्रसन्न होकर भी बुद्धियोग ही देते हैं—

'ददामि बुद्धियोगं तं येन मामुपयान्ति ते।'

आप यदि सचमुच सुख पाना चाहते हैं तो उसमें बुद्धिको नष्ट करनेकी आवश्यकता नहीं है। बुद्धि सुषुप्तिमें नहीं रहती। जो कहता है—'इन्द्रियोंसे विषयोंका ग्रहण छोड़ो। मनसे वस्तुका संकल्प छोड़ो। बुद्धिको लीन हो जाने दो। देखो कि तुम द्रष्टा हो।' उसके द्वारा कही यह स्थिति क्या हुई? यह सुषुप्ति है या नहीं? सुषुप्तिमें मन, बुद्धि, इन्द्रियाँ लीन हो जाती हैं। वहाँ न विषय रहते, न संकल्प, न सुषुप्तिका ही सुषुप्तिरूपमें पता लगता है।

समाधिमें यही दशा नहीं है। इससे विलक्षण दशा है। यद्यपि समाधिमें भी विषयग्रहण नहीं है और संकल्प नहीं हैं।

मैंने अपनी आँखसे पूछा—'ओ मेरी आँख! तू रूपकी है या मेरी?'

आँख—'हूँ तो तुम्हारी।'

मैं—'मेरी है तो रूपको छोड़ दे।'

आँख—'सो तो नहीं छोड़ सकती।'

मैं—'तू तो मुझे पकड़कर रूपके पास ले जाती है। मुझसे कहती है कि जिस रूपमें मेरी आसक्ति है, तुम उसकी सेवा करो। तूने तो अपने स्वामीको विषयके परतन्त्र कर दिया। आँख! तेरा यही धर्म था? तू तो पराधीन हुई ही, अपने स्वामी जीवात्माको भी रूपके पराधीन कर दिया। यह तूने मेरे साथ बड़ा अन्याय किया। अतः जा, तू रूपके साथ ही रह।'

Guru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalga

. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Gr

आँख—'आपके बिना तो मेरी सत्ता ही नहीं है।'

श्रीगौड़पादाचार्यजीने कहा है—

'लीयते तु सुषुप्ते तत् निगृहीतं न लीयते।'

स्वाभाविक सुषुप्तिमें बुद्धिका लाभ हो जाता है; किन्तु निरोधमें—समाधिमें बुद्धिका लय नहीं होता। मन जागता रहता है; किन्तु सुषुप्तिकी भाँति न लय है, न स्वप्नकी भाँति विक्षेप है, न जाग्रत्के समान कषाय–राग-द्वेष हैं। अहंका रसास्वाद भी नहीं है। तब क्या है—'बुद्धिग्राह्यम्।'

जैसे अज्ञान-कालमें आप असत्को ही समझ बैठे हैं, अचित्को ही चित् समझ बैठे हैं, वैसे ही दुःखको ही सुख समझ बैठे हैं। यह जो योगसे सुख होता है, वह वस्तुतः दुःख ही है। जब आप कहते हैं—'हमारा मन नहीं मानता' तब आप मनकी आज्ञा मानते होते हैं या गुरु-शास्त्रकी आज्ञा ? मनकी आज्ञा मानकर आप कहाँ जाओगे ?

अनित्यको नित्य, अशुचिको शुचि मान लेना (योगदर्शनकी दृष्टिसे शरीर ही अशुचि है) यह अज्ञान है। इससे अनात्मामें आत्मबुद्धि हो गयी है। दुःखमें ही सुखबुद्धि हो गयी है। इसीका नाम अविद्या है।

गौड़ देशसे अपने गुरु श्रीशुकदेवजीके समीप एक सहस्र योजन पैदल चलकर हिमालयमें जानेसे गौड़पाद नाम पड़ा; क्योंकि वे सिद्धिद्वार, आकाशमार्गसे भी जा सकते थे। यह बात गुरुजन परम्परामें आयी है कि गुरुके प्रति दृढ़ श्रद्धाके कारण पैरसे चलकर इतनी लम्बी यात्रा उन्होंने की। ऐसे समर्थ गुरुभक्त श्रीगौड़पादाचार्यने कहा है—

Guru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalga

. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Gra

स्वस्थं शान्तं सनिर्वाणमकथ्यं सुखमुत्तमम् ।

एक ऐसा सुख है जो इन्द्रियग्राह्य नहीं है। वह स्वस्थ है—अपनेमें ही वह है। उत्तम सुख वही है जो विषयादिसे उधार लिया न हो, अपनेमें हो।

शान्तम्—विक्षेपका सुख उत्तम नहीं है। जैसे हाथ उठाकर खाते हैं तब सुख होता है, यह विक्षेपका सुख है।

सनिर्वाणम्—उसमें वासना बुझ जानी चाहिए। वासनाको बढ़ानेवाला सुख उत्तम नहीं हो सकता।

अकत्थ्यम्—ऐसा सुख अनिर्वचनीय होगा। वह केवल बुद्धिग्राह्य है।

'अतीन्द्रियम्'—वह इन्द्रियातीत है अर्थात् रजोगुणी सुख नहीं है।

जब गाय या भैंसको आदत पड़ जाती है कि उन्हें एक ही व्यक्ति दुहे, तब दूसरा व्यक्ति दुहने बैठनेपर उसे वे लात मार देती हैं। ऐसे ही हमारी इन्द्रियोंका अभ्यास जब बिगड़ जाता है कि 'हमको यही विषय चाहिए' तब वह अभ्यास पीछे विष बन जाता है। वह बहुत कष्ट देता है।

यह जो विषयेन्द्रिय-संयोगसे सुख होता है, वह हममें आत्म-सुखका उदय नहीं होने देता। क्योंकि हमने तो अपनेको बाहर जोड़ दिया है।

'अतीन्द्रियम्' अर्थात् विषयान्तरमें यह सुख नहीं है। यह विषय—द्रव्यपरिच्छिन्न नहीं है, वह इन्द्रियोंको अतिक्रम करके स्थित है।

Guru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalga

. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Gr

इन्द्रियजन्य सुख इन्द्रदेवताक होता है। किसी इन्द्रियसे जब हम कर्म करते हैं, तब उससे अपूर्वकी उत्पत्ति होती है। उस कर्मके फलरूप सुखको प्राप्ति होती है। हमारी इन्द्रियोंको जितना भी शब्द, स्पर्श, रूप, रस, गन्ध-रूप भोग मिलता है, इसमें आत्मा न इन्द्रिय है, न इन्द्रियका विषय। अतः यह सुख न दूसरे देशमें है, न दूसरे कालमें, न दूसरी वस्तुमें।

'यत्तद्'—सृष्टिमें जो कुछ है, सब अनिर्वचनीय है।

यहाँ 'आत्यन्तिकम्'से काल अपरिच्छिन्न एवं सात्त्विक सुखसे विलक्षण कहा, क्योंकि 'अन्तं अतिक्रान्तः' जिसका अन्त कभी न होता हो, यह देशसे भी अपरिच्छिन्नता बतलाता है। 'अतीन्द्रियम्' से वस्तुसे-विषयसे अपरिच्छिन्नता तथा राजस सुखसे विलक्षण बतलाया। 'बुद्धिग्राह्यम्'से तामस सुखसे विलक्षण सूचित किया।

'वेत्ति'—वह अज्ञात नहीं है। ज्ञानस्वरूप है। सुख और ज्ञान पृथक्-पृथक् नहीं हैं। अज्ञात सुख तो सुख ही नहीं है। सुख हृदयमें रहता है। सुखकी सत्ता परोक्ष नहीं होती। अतः आप यदि सच्चा सुख चाहेंगे तो वह जब अपने-आपमें मिलेगा, तभी होगा।

जबतक आपसे बाहर कहीं सुख है, तबतक आप सुखके कंगाल हैं।

सुख यदि उत्पन्न किया है तो वह नष्ट हो जायगा। अतः सुख ज्ञानस्वरूप अपना आत्मा ही है।

'वेत्ति'—यहाँ वेद्यरूपसे दूसरा कुछ नहीं रहता। जैसे आपका रूपया, आपकी पत्नी आपसे पृथक् हैं, ऐसे ही क्या आपका होना और आप पृथक्-पृथक् हैं? आप और आपकी सत्ता एक ही है।

Guru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalga

. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Gr

जैसे आप मकानको जानते हैं, वैसे क्या आपका होना और आपका जानना पृथक्-पृथक् है? आपका होना और आपका जानना एक है। आप सच्चिद्रूप हैं।

जैसे आपका होना और आपका जानना आपसे पृथक् नहीं हैं, वैसे ही आपका सुख भी आपसे पृथक् नहीं है।

आपने अपना सुख जो रसगुल्लेमें, कपड़ेमें, स्त्रीमें, मकानमें, कुर्सीमें रख दिया है, वह सुख नहीं है। जिसके पास वैसा भोजन, वैसा वस्त्र, वैसी स्त्री नहीं है, वह भी सुखी है।

यदि आप प्रशंसामें सुख मानते हैं तो संसारमें कोई ऐसा नहीं हुआ, जिसकी निन्दा न हुई हो।

वस्तुतः आप जो हैं, वही सुख है, आप ही सुखस्वरूप हैं।

हमलोग मैसूर-महाराजकी कलाशाला देखने गये। वहाँ कोई चित्र देखकर क्रोध आता था, कोई चित्र देखकर करुणा होती थी, वहाँ कोई वीभत्स चित्र था और कोई ललित चित्र। अब हम वहाँ चित्र देखकर दुखी-सुखी हो रहे थे या चित्रोंका आनन्द ले रहे थे?

जब सिनेमाका दृश्य देखकर या उत्तम काव्य पढ़कर रोना आता है, तब हम दुखी होते हैं या रसास्वाद लेते हैं?

जब हम मैसूरकी चित्रशाला देखकर निकले या सिनेमा देखकर निकलते हैं तो हम अपनेको सुखी अनुभव करते हैं या दुखी?

जैसे चित्र सिनेमाके पर्दे पर होते हैं, वैसे ही ये चित्र जगत्के रूपमें अपने ज्ञानस्वरूप आत्माके पर्देपर दीख रहे हैं। ये दिन-रात, यह देश-काल, ये वस्तुएँ, सब सिनेमाके पर्देपर दीख रहे हैं। यह हमारा आनन्द है।

Guru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalga

. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Gr

यह जो अपना आपा सबको प्रकाशित करनेवाला है, वही सबका अस्तित्व—होना है। इसकी स्वतन्त्रताके अतिरिक्त सुख नामकी और कोई वस्तु नहीं है। मनु कहते हैं—

> सर्वं परवशं दुःखं सर्वमात्मवशं सुखम्।
> एतद् विद्यात् समासेन लक्षणं सुखदुःखयोः॥

सब परवश दुःख है और सब स्ववश सुख है। यह थोड़ेमें सुख-दुःखका लक्षण समझ लो।

एक दम्पति सिनेमा जानेको तैयार हुए। श्रीमान् मोटरमें बैठ गये। श्रीमतीने शृंगार कर लिया, साड़ी पहन ली; किन्तु चलते समय साड़ीके रंगसे मैच करते रंगकी चप्पल ढूँढ़नेपर भी मिली नहीं। वे हताश होकर बैठ गयीं। पति-पत्नीमें झगड़ा हुआ। इसीका नाम पराधीनता है। उस दिन एक चप्पलने परिवारको दुःखमय बना दिया।

सुख कड़ाहीमें या कारखानेमें नहीं बनता सुख आपके भीतर है। आप सुख-स्वरूप नहीं हैं तो आपको कोई संसारमें सुख दे नहीं सकता।

हमारा धर्म, हमारी भक्ति, हमारा योग, हमारा वेदान्त यही आपको स्वतन्त्रता आपको देता है। इस स्वतन्त्रताको केवल जानना है।

'न चैवायं स्थितश्चलति तत्त्वतः'—यहाँ स्थित होकर फिर गिरना नहीं रहता। यह अच्युत स्वभाव है।

आप सुखके इस स्वरूपको जान लें तो तत्त्वतः इससे कभी विचलित नहीं होंगे।

यदि वस्तु हमसे भिन्न है तो उसे जानकर पकड़ना होगा। ऐसे ही ध्यानमें कुछ देखकर सुख लेना चाहेंगे तो मनसे उसे

Guru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalga

. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Gr

पकड़ना होगा। 'तत्वत: न चलति'का अर्थ है कि जैसे आकाशमें बादल या धूलि आनेसे आकाश मैला नहीं होता, वैसे ही दु:खका दृश्य आनेसे आपका स्वरूप उससे लिप्त नहीं होता।

एक महात्मा एक सेवकपर रुष्ट हुए। दूसरे संत बोले—'इस समय तुमको क्रोध आया है, पर यह क्रोध ऐसा ही रहेगा या तीन दिन बाद ठंढा पड़ेगा? तीन महीने पीछे स्मरण आयेगा कि क्रोध क्यों आया था?'

पहले महात्मा—'नहीं स्मरण आयेगा।'

संत—'तब ऐसी बातपर ऐसा क्रोध जो दो घंटेमें ठण्डा पड़ जायगा और दो दिनमें बात भूल भी जायगी, उसे इस समय इतना महत्त्व क्यों देते हो? यह तो बाहरकी परछाईं है।'

दर्पणमें मोटर या हाथी दीखा तो क्या दर्पण फोड़कर उसे निकालोगे? अरे, वह तो छाया है, आने-जानेवाली है। बाहरी तूफानके आने-जानेपर भी तुम अच्युत असंस्पृष्ट रहोगे।

जब जान जाते हैं कि आत्मा ही परमानन्द है—जब इसमें स्थिति हो जाती है, तब इसमें-से विचलित होनेकी कोई बात ही नहीं रहती।

'यं लब्ध्वा चापरं लाभं मन्यते नाधिकं तत:।'

त्रिगुणातीत अद्वय अपने आत्मस्वरूप सुखके मिलनेपर इससे बड़ी कोई वस्तु नहीं रह जाती।

आत्मलाभान्न परं विद्यते।

श्रुति कहती है—'आत्मलाभसे श्रेष्ठ कुछ नहीं है।' संसारमें सबसे बड़ी प्राप्ति है आत्मलाभ।

Guru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalga

. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Gr

यह सुख क्या है ? यह उपलब्धिमात्र है। अपने आपको पानेका नाम ही ब्रह्मविद्या है। जब यह लाभ हो जायगा—जो अपने आपको पा लेगा, वह इससे बड़ा लाभ नहीं मानता। जबतक अपने आपको नहीं पाया, तबतक क्या पाया ? रुपया पाया, मकान पाया, कुर्सी पायी, परिवार पाया, पर यह सब तुमसे छूटने वाला है। इसका पाना न पाना बराबर है। अपने आपको पाना ही ईश्वरके सच्चे रूपको पाना है।

साधो, आवै-जाय सो माया।
निराकार साकार रूप धरि आयो कइ एक बारा।
सपने होइ-होइ मिटि गये, रह्यौ सार कौ सारा॥

जब तुम अपने आपको जान लोगे तब स्वयं तुम्हें साक्षात्कार होगा कि सचमुच इससे बड़ी दूसरी कोई वस्तु नहीं है।

एक बार श्रीउड़ियाबाबाजी महाराजसे किसीने पूछा—'ज्ञान बड़ा या भक्ति ?'

बाबा—'भक्ति बड़ी है।'

'तब ज्ञान क्या है ?'

बाबा—'ज्ञानमें छोटा-बड़ा भेद नहीं होता।'

'यस्मिन् स्थितो न दुःखेन गुरुणापि विचाल्यते।'

बड़ा भारी दुःख आजाय तो भी इसमें स्थित विचलित नहीं होगा।

'गुरुणापि न विचाल्यते'—देवगुरु वृहस्पति आकर कहने लगें समझाने लगें—'तुम सुखस्वरूप नहीं हो' तो भी विचलित नहीं होता।

दुःखेन न विचाल्यते गुरुणापि न विचाल्यते।' दुःखसे भी विचलित नहीं होता और गुरुके विचलित करनेपर भी विचलित नहीं होता।

Guru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalga

In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-G

श्रीउड़ियाबाबाजी महाराज कहते थे—'यदि ब्रह्मा भी आकर कहें कि 'तुम नित्य शुद्ध-बुद्ध मुक्त परमब्रह्म नहीं हो' तो क्या विचलित हो जाओगे? वह ब्रह्मा तो तुम्हारे स्वप्नका एक दृश्य है।

वह देश भाग्यशाली होगा, वह काल भाग्यशाली होगा, जब अन्तःकरणमें वृत्तिव्याप्ति होकर अविद्याका निषेध होगा।

'यस्मिन् स्थितः'—बड़ा दुःख आया तो भी कुछ करना नहीं है। 'स्थितः' बैठे ही रहना है।

'मेहमानोंसे चोर नहीं पकड़ा जाता।'

डाकू या चोर आते हैं तो समयपर न पड़ोसी आते हैं, न पुलिस। एक सज्जन दादासे रेडियो माँग ले गये। उनके यहाँसे चोर चुरा ले गया। उन्होंने पुलिसमें रिपोर्ट लिखायी तो पुलिस-वालोंने उन्हें ही थानेमें बैठा लिया—'लाइसेन्स लाओ।' दादाने जाकर उन्हें छुड़ाया। तात्पर्य यह कि दूसरेसे सुख-सुरक्षा नहीं मिलती। यदि अपने भीतर सुखका स्रोत खुल गया तो बड़े-से-बड़े दुःखके आनेपर कहोगे—'यह पाँच मिनटमें जाने ही वाला है।'

वृन्दावनमें एक सज्जन थे। उनकी कोई निन्दा करता था। वे श्रीउड़ियाबाबाजी महाराजके पास आये—'महाराज! वह मेरी बड़ी निन्दा करता है। मेरा मन उससे बदला लेनेका होता है।'

बाबा बोले—'बेटा! बदला क्या लेना। वह तो अब छः महीनेके भीतर मर जायगा।'

वह मनुष्य अभी जीवित है। उन सज्जनके चले जानेपर मैंने पूछा था—'आपने यह क्या कहा?'

Guru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalg

-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Gra

बाबा—'यह तो प्रसन्न हो गया कि मेरी निन्दा करनेवाला छः महीनेमें मर जायगा। इससे इसका क्रोध शान्त हो गया। छः महीना बीतनेतक 'इसे स्मरण भी नहीं रहेगा कि वह मेरी निन्दा करता था।'

राग-द्वेषके पहले झटकेको सह लो। उसके साथ बहो मत। फिर वह प्रभावहीन हो जायगा।

'तं विद्याद् दुःखसंयोगवियोगं योगसंज्ञितम्।'

विद्याद्—जानीयाद्—इसे समझो। 'दुःखसंयोगवियोगं योगम्' संसारमें सर्दी पड़े-गर्मी पड़े, भूकम्प आये, मौत आये, बीमारी आये, अपमान आये—चाहे जो आये; किन्तु दुःखके संयोगका तुमसे वियोग बना रहे, इसका नाम है योग।

योगका अर्थ किसीसे मिलना नहीं है। अन्यसे मिलकर हम सुखी होंगे, यह विचार यहाँ नहीं है। इसमें कोई आसन, प्राणायाम, प्रत्याहार नहीं है। चाहे जैसे बैठो, चाहे जैसे चलो। कहींसे मन खींचना नहीं है।

यत्र यत्र मनो याति तत्र तत्र समाधयः।

जहाँ-जहाँ मन जाता है, वहीं-वहीं समाधि है। किसी कालमें मन बाँधकर ध्यान नहीं करना है। 'तं विद्यात्' केवल जानना है।

एक बार मैं एक महात्माके पास गया तो वे बोले—'हम पहले ब्रह्म थे, अब नहीं हैं,' यह कल्पना छोड़ो। यह कल्पना भी छोड़ो कि 'अभी ब्रह्म नहीं हैं, आगे हो जायेंगे।' जैसे मानसिक पूजा की जाती है, ऐसे एकबार झूठमूठकी ही कल्पना करो कि मैं ऐसा अद्वय तत्त्व हूँ जिसमें देश, काल, वस्तुका अस्तित्व नहीं है। अब तुम देखो कि तुम्हारी अखण्डतामें प्रपञ्च, माया, अविद्या, जीव कहाँ हैं?

ajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgao

In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-G

अविद्याकी कल्पना सर्वथा झूठी है। अतः ब्रह्मकी झूठी कल्पना उससे मुक्त करनेवाली है।

याद्दशी शीतला देवी तादृशो वाहनो खरः।

तुमने अपनेको जीव भी तो सुनकर ही माना है। कुछ अपना जीवत्व देखकर तो माना नहीं है। अब यदि अद्वय ब्रह्मतत्त्वकी कल्पना करते हो तो सुख-दुःख, आना-जाना, पाप-पुण्य, स्वर्ग-नरक, जन्म-मृत्यु आदि सब कट जायँगे। जिसकी कल्पनामें इतनी शक्ति है, उसका यदि तुम साक्षात्कार कर सको तब तो पूछना ही क्या ?

गीतामें किसी एकांगी योगको भगवान् योग नहीं कहते हैं। 'योगः कर्मसु कौशलम्' कर्म करनेकी उस कुशलताका नाम योग है—जिसमें आपकी समता बनी रहे।

'सिद्ध्यसिद्ध्यो समो भूत्वा समत्वं योग उच्यते।'

इसी प्रकार यहाँ 'दुःखसंयोगवियोग'का नाम योग कहा गया।

ऐसा नहीं कि आप ऐसे मूर्च्छित हो जायँ कि कोई आपका हाथ काट ले तो पता न लगे। एक सज्जन मेरे पास आये और बोले—'मेरा योग जैसा सिद्ध होना चाहिए वैसा नहीं हो रहा है।

मैं—'क्या बात है ?'

वे—'वैसे तो शरीरपर मक्खी बैठती है, मच्छर या चींटी काटती है, तब भी हम चुपचाप बैठे रहते हैं, उससे अपना आसन नहीं हिलाते, परन्तु अभी ऐसी स्थिति नहीं आयी कि कोई सुई चुभा दे और पता न लगे।'

मैं—'ऐसी स्थिति प्राप्त करनेकी युक्ति तो है।'

वे—'क्या करना होगा ?'

Guru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalg

-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Gran

मैं—'डॉक्टरसे एक इन्जेक्शन ले लो तो सुई चुभनेका पता नहीं लगेगा। यदि तुम योगाभ्याससे ऐसी स्थिति पाना चाहते हो तो यह कोई उच्च स्थिति नहीं है।'

ऐसी स्थितिका नाम योग नहीं है। संसारका सुख या दुःख अपनेको प्रभावित न कर सके और हम जागते रहें, काम करते रहें, इस स्थितिका नाम योग है।

तुम बिना नमकके पानी तो पीते हो। एक दिन दालमें नमक नहीं पड़ा तो उसे क्यों नहीं खा सकते? तुम संसारको अपनी इच्छाके अनुसार बनाना चाहते हो, यह तो अत्यन्त संसारी व्यक्तिका काम है। मिठाई मिले तो उसका आनन्द लो और न मिले तो सोच लो—'डाक्टर तो चीनीको विष कहते हैं।' प्रत्येक अवस्थामें सुख लेनेकी विद्या सीखो।

जहाँ अपने चित्तमें समता आती है और कर्म करनेका कौशल आता है, वह योग है। कर्म करनेका कौशल क्या? यही कि जब ईश्वरीय आदेश कर्म बन्द करनेका आया तब बन्द कर दिया। अपना हठ कहीं नहीं है।

'दुःखवियोगसंज्ञितं योगम्' नहीं है। दुःख न होनेका नाम योग नहीं है। दुःख खूब हो, पर वह अपनेको छू न सके, इसका नाम योग है।

'स निश्चयेन योक्तव्यो योगः'—यह योग निश्चयके द्वारा प्राप्त होता है। तुम इस निश्चयपर पहुँच जाओ। निश्चय करो कि तुम वह ज्ञान हो। जिसे अज्ञान कभी स्पर्श नहीं करता। तुम वह तत्त्व हो, जिसमें जन्म-मरण होता ही नहीं। तुम वह आनन्द हो—रस हो, जिसे दुःख कभी छूता नहीं। अब यदि संशय-विपर्ययसे तुम निश्चय न कर सको तो तुम्हारी दुर्बलता।

ajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgao

In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-G

'अनिर्विण्णचेतसा'—निश्चय नहीं होता है तो तुम्हारे चित्तमें कोई वासना—कोई कामना है। इसीसे तुम निश्चय नहीं कर पाते हो। उस वासनाको छोड़ो। थको मत। हारो मत। बारम्बार निश्चय करो।

बारम्बार अविद्या कहे—'तुम तो नरक-स्वर्गमें आने-जानेवाले, मरने-जन्मनेवाले, सुखी-दुखी होनेवाले जीव हो।' तो इसे स्वीकार मत करो।

अपने चित्तमें निर्वेद मत आने दो। यदि कोई दिनभर तुम्हें एक सहस्र बार पशु कहे तो क्या तुम अपनेको पशु मान लोगे? इसी प्रकार कोई तुम्हें हजार बार पापी-पुण्यात्मा, परिच्छिन्न कहता है तो उसे कहने दो। अपने चित्तसे अपने निश्चयके विरुद्ध हार मानकर विपर्ययको स्वीकार मत करो।

पक्का—दृढ़ निश्चय चाहिए। यदि निश्चय न हो तो ऊबे बिना इसका बार-बार अभ्यास करो।

हम अपना न जन्म देखते हैं, न मरण। दूसरोंके शरीरको जन्मते-मरते देखते हैं। शरीरको ही आत्मा मानते हैं। अतः अपना जन्म-मरण मान लेते हैं। विचार करके देखो तो आप अजन्मा, अजर, अमर हो। आप परम सुन्दर, परम मधुर, ज्ञानस्वरूप हो। यह तो—'मानि मानि बन्धनमें आयो।'

जन्म लेना उसका सफल है जो जन्म लेकर ऐसी विद्या प्राप्त कर ले जिससे फिर जन्म न लेना पड़े। मरना उसका सफल है, जिसके बाद फिर मरना न पड़े।

•

Guru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalg

-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Gra

: २४-२

• संगति

यह कैसे होगा ? इस योगको पानेका उपाय क्या है ? यही
आगे बतलाते हैं ।

संसारका कोई मनुष्य आपका कुछ छीन ले तो उसके प्रति विरो
आपके मनमें है या नहीं ? यदि आप दूसरेकी मनोवृत्तिका विरोध
हैं तो यह सोचें कि हमारे मनमें छीननेकी वृत्ति आयेगी, चोरी

ajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgao

In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-G

छूटनेकी वृत्ति आयेगी तो उसका विरोध नहीं करेंगे ? दूसरा छीनना चाहेगा तो आप उसका विरोध करेंगे और अपनी छीननेकी वृत्तिका विरोध नहीं करेंगे तो आप मानवताके मार्गसे च्युत हो जायेंगे। आपके जीवनमें तब कोई धर्म नहीं रहेगा।

अतः जब चोरी, वेईमानी, अनाचारकी वृत्ति मनमें आये तो जैसे आप दूसरोंके इन कामोंको नापसन्द करते हैं, अपने मनको भी नापसन्द कीजिये और उससे छुटकारा पानेका प्रयत्न कीजिये।

दूसरा आपको चपत लगा दे, गाली दे दे, तो आपके मनमें उसका विरोध है या नहीं ? जब आप दूसरेका विरोध करते हैं तो अपने मनमें किसीको गाली देने या मारनेकी इच्छा हो और आप अपने मनका विरोध न करें तो आप परमार्थके मार्गपर नहीं चल सकते।

आपका जिस अंशमें दूसरेके मनका विरोध है, उस अंशमें यदि अपने मनके साथ भी विरोध रखेंगे, तब आप ऊपर उठेंगे।

(आपका, आपके सम्बन्धियोंका और आपकी वस्तुओंका, जैसा कोई भोग-उपयोग करना चाहे, वैसा करनेकी छुट्टी आप देंगे ? यदि नहीं और उसकी मनोवृत्तिका आप विरोध करेंगे तो जब वैसी मनोवृत्ति आपकी हो, तब आपको अपनी मनोवृत्तिका भी विरोध करना चाहिए। यही धर्म है।)

आपके मनसे आपके प्रियका स्मरण मिटाकर कोई बार-बार आपके शत्रुकी याद कराना चाहे तो आप उद्विग्न होंगे या नहीं ? आप शत्रुकी याद जब अपने लिए नापसन्द करते हैं तो दूसरोंको उनके शत्रुकी याद मत दिलाइये। उनके शत्रु मत बनिये।

आप इष्टाकार वृत्ति कीजिये। अनिष्टाकार वृत्तिसे बचिये। आपको केवल ही श्रम इष्ट नहीं है, विश्राम भी चाहिए। धर्म-निर्णयके सम्बन्धमें

Guru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalg

-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Gra

एक कसौटी रखिये, अपने और दूसरे सबके लिए। यह हमारी भारती संस्कृति, वैदिक दर्शनका पहला दृष्टिकोण है।

'न तत्परस्य सन्दध्याद् प्रतिकूलं यदात्मनः।'

जो अपने लिए प्रतिकूल है, वह दूसरेके लिए नहीं जुटाना चाहिए।

अपने लिए यदि आपको दूसरेका कोई चरित उलटा पड़ता है आप भी अपने चरितको दूसरेके प्रतिकूल मत होने दीजिये।

दूसरेकी कड़वी बात आपको बुरी लगती है तो आप कड़वी बा किसीसे मत बोलिये। दूसरा आपकी वस्तु उठाता है और आपको बु लगता है तो आप भी दूसरेकी वस्तु मत उठाइये।

यदि आप यहाँसे अपने जीवनका निर्माण प्रारम्भ नहीं करेंगे परमार्थके मार्गमें नहीं चल सकेंगे। अतः आप अपने मनको—शैतान संसारका राजा मत बनाइये। उस ईश्वरको संसारका राजा बनने दीजि जो सबका स्वामी है और सबके हृदयमें रहता है।

इसके लिये भगवान् अभ्यासका क्रम बतलाते हैं।

संकल्पप्रभवान्कामांस्त्यक्त्वा सर्वानशेषतः।
मनसैवेन्द्रियग्रामं विनियम्य समन्ततः ॥२४॥
शनैः शनैरुपरमेद् बुद्ध्या धृतिगृहीतया।
आत्मसंस्थं मनः कृत्वा न किञ्चिदपि चिन्तयेत् ॥२५॥

संकल्पसे उत्पन्न होनेवाली समस्त कामनाओंको सम्पूर्ण-रूपसे छोड़ मनके द्वारा इन्द्रिय-समूहको चारो ओरसे भलीप्रकार नियन्त्रित क धृतिसे पकड़ी गयी बुद्धिके द्वारा धीरे-धीरे उपराम हो जाय। म आत्मामें स्थित करके फिर कुछ न सोचे।

ajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgao

In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-G

'संकल्पप्रभवान् कामांस्त्यक्त्वा सर्वानशेषतः ।'

नाना प्रकारकी जो कामनाएँ हैं, उनको पूरी तरह छोड़ दीजिये। इसके लिए पहले कामनाओंको पहिचान लें। कामके पिताका नाम है संकल्प।

'संकल्पप्रभवान् कामान्'—जहाँ आपके मनमें आया—'यह साड़ी बढ़िया है, उसमें सम्यक्त्वकी कल्पना हुई, वहीं उसे पानेकी कामना होगी।

बाजार गये थे किसी कामसे। मिठाईकी उत्तम दुकान दीखी। मिठाई अच्छी लगी। लेकर खाया। पेटको तो खानेकी आवश्यकता थी नहीं।

जब वस्तुको देखकर मनमें संकल्पका उदय होता है कि—'यह श्रेष्ठ है, उपयोगी है' तो उसे पानेकी कामना होती है। ऐसी कामनाको पूरा करना आवश्यक नहीं होता।

जब आप घरमें बैठे हों, कोई वस्तु अपने लिए या घरके लिए आवश्यक लगे तो ले आइये। आपने अपने सौन्दर्य, माधुर्य, अच्छाईको तो देखना छोड़ दिया और और दूसरेका सौन्दर्य, माधुर्य, अच्छाई देखने लगे तो संकल्प होने लगा। इसका फल ही है कि एक अच्छा लगेगा तो दूसरा बुरा लगेगा। आसक्ति मस्तिष्कको सर्वथा असन्तुलित कर देती है। अतः हमारा मन पक्षपात और क्रूरतासे आक्रान्त हो जाता है। इससे हमारे मनका मुक्त होना चाहिए।

संकल्प केवल ग्रहणका ही नहीं होता, त्यागका भी संकल्प संकल्प ही है। जन्म-जन्मान्तरमें या इस जन्ममें किसी वस्तुकी

Guru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalg

-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Gra

प्रशंसा सुनी होती है या उसका सुख अनुभव किया होता है, तब उस वस्तुको पानेका संकल्प होता है। इस जन्ममें या पूर्व जन्ममें किसी वस्तुकी निन्दा सुनी होती है या उससे दुःख अनुभव किया होता है तो उसे त्यागनेका संकल्प उठता है।

ग्रहण और त्यागका संकल्प बाहरी वस्तुके सम्बन्धमें होता है। अपने-आपके ग्रहण या त्यागका संकल्प नहीं होता। जहाँ-जहाँ आपके मनमें ग्रहण या त्यागका संकल्प होगा, वहाँ-वहाँ उस संकल्पके पेटमें जो वस्तु भरी है, प्रिय या अप्रिय, वह बाहरसे डाली गयी है।

चाहे कोई गृहस्थ हो या संन्यासी, उसे अपने मनके पेटको खाली करना चाहिए। सब कामनाएँ, क्योंकि संकल्पसे उत्पन्न होती हैं, बाहरसे आयी हैं। जंगलमें भी जानेसे ये छूट नहीं सकतीं।

मुनेरपि वनस्थस्य यतेरेकान्तवासिनः।
उत्पद्यन्ते त्रयः पक्षा मित्रोदासीनशत्रवः॥

संन्यासी हैं, मौन हैं; एकान्तमें वनमें रहते हैं; परन्तु वहाँ भी किसीसे मित्रता, किसीसे शत्रुता और किसीसे उदासीनता हो जाती है।

मन ऐसा है कि इसे तो ठीक करोगे, तभी ठीक होगा। आध्यात्मिक साधनाका अर्थ ही यह है कि अपने आपकी ओर देखो। दूसरेकी ओर मत देखो।

आपके जीवनमें बार-बार क्रोध आता है? महारुद्रमें एक ही बार क्रोध आता है। ईश्वरमें एक साथ एक संकल्पमें काम, लोभ और क्रोध अर्थात् सृष्टिकी उत्पत्ति, पालन और संहारका संकल्प आता है। ब्रह्माके मनमें एक बार सृष्टिका संकल्प आता है,

ajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgao

In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-G

इसीसे सृष्टि होती रहती है। विष्णुके मनमें एक बार पालनका संकल्प आता है और पालन होता रहता है। रुद्रके मनमें एक बार संहारका संकल्प आता है और संहार होता रहता है।

तुम जिसका ध्यान करोगे, तुम्हारा चित्त तदाकार हो जायगा। तुम वही बन जाओगे।

लोग अनजानमें ही अपने शत्रुकी इच्छा पूरी करते हैं। शत्रु पृथ्वीपर रहेगा तो हम नहीं रहेंगे। यह कहकर आत्महत्या कर ली तो संकल्प किसका पूरा हुआ—तुम्हारा या तुम्हारे शत्रुका ?

तुम जिस वस्तुका चिन्तन करोगे, उसीका मिलेगा संग, चित्त-पर चढ़ेगा उसीका रंग और तुम्हारे इष्टके ध्यानमें पड़ेगा भंग।

जिसका संग होगा, उसके प्रति होगा काम, वह वस्तु अनुकूल हुई तो उसे पानेका काम और प्रतिकूल हुई तो छोड़नेका काम उत्पन्न होगा। काम आता है तो राम छिप जाते हैं।

काम एष क्रोध एष रजोगुणसमुद्भवः।
महाशनो महापाप्मा विद्ध्येनमिहवैरिणम्॥

काम महाशन है। इसका पेट कभी नहीं भरता। क्रोध महापापी है। ये दोनों रजोगुणसे उत्पन्न होते हैं। इनको अपना शत्रु समझो।

धूमेनाव्रियते वह्निर्यथादर्शो मलेन च।
यथोल्वेनावृतो गर्भस्तथा तेनेदमावृतम्॥

जैसे धूएँसे आग, मैलसे दर्पण या झिल्लीसे गर्भ ढका रहता है, वैसे ही कामसे अपना स्वरूप ढक जाता है।

इसी काम-क्रोधके कारण तुम्हारी जीभ गन्दी हो जाती है। उसपर बुरे वचन आते हैं, इसीके कारण तुम्हारे हाथ गन्दे हो जाते

Guru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalg

-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Gra

हैं। उनसे बुरा काम होता है। इसीके कारण तुम्हारा मन गन्दा हो जाता है। उसमें बुरे संकल्प आते हैं।

कोई आपके घर आकर छिलके डाले तो कहोगे—'इसने घर गन्दा कर दिया।' आप अपना कमरा तो क्या, बाथरूम भी गन्दा नहीं सह सकते और अपना गन्दा दिल सहते हो ?

'रजोगुणसमुद्भवः' यह काम रजोगुणसे उत्पन्न है। यह जो तुम्हारा जीवन रजोगुणी हो गया है, इससे जीवनमें राग-द्वेष आगया। इसे छोड़ो।

कुछ लोग कहेंगे—'परोपकारकी कामना तो उत्तम है। गरीबों-को अन्न-वस्त्र बाँटनेके लिए चन्दा करनेमें क्या आपत्ति है ?'

ठीक बात है—वह धर्म है; किन्तु जिसे अपने मनको समाधिस्थ करना हो, वहाँ यह उपकार भी उसके लिए विक्षेप ही है।

बड़ा काम है अपने मनको शान्त करके अपने आपमें रखना। मनको एकाग्र करना है तो अच्छा-बुरा सब संकल्प छोड़ना होगा। अच्छे काम, अच्छे संकल्पमें भी तो विक्षेप होगा ही।

'मनसैवेन्द्रियग्रामं विनियम्य समन्ततः।'

कामनाओंका सम्पूर्ण रूपसे त्याग कर दो तो भी इन्द्रियाँ चञ्चल हो सकती हैं। वह शरीर इन्द्रियोंका गाँव बसा है। इस इन्द्रियग्रामका नियमन करो।

पहिले संकल्पसे उदित होनेवाले कामका त्याग करके, तब इन्द्रिय-ग्रामका विनियन्त्रण पहिले कहा गया था—

तस्मात् त्वमिन्द्रियाण्यादौ नियम्य भरतर्षभ।
पाप्मानं प्रजहि ह्येनं ज्ञानविज्ञाननाशनम्॥

—गी० अ० ३। ४१

ajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgao

In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-G

भरतश्रेष्ठ ! इसलिए तुम पहले इन्द्रियोंको नियन्त्रित करके इस ज्ञान विज्ञानका नाश करनेवाले पापी कामको त्याग दो।

'इन्द्रियाणि पराण्याहुरिन्द्रियेभ्यः परं मनः।
मनसस्तु परा बुद्धिर्यो बुद्धेः परतस्तु सः॥
एवं बुद्धेः परं बुद्ध्वा संस्तभ्यात्मानमात्मना।
जहि शत्रुं महाबाहो कामरूपं दुरासदम्॥'

—गी० अ० ३। ४२, ४३

आत्मज्ञानसे यह पापी काम मरेगा और इन्द्रियोंके नियन्त्रणसे यह छूटेगा, यह क्रम तृतीय अध्यायमें है।

वहाँ बाहरसे प्रारम्भ करनेको कहा कि इन्द्रियोंको विषयोंमें मत जाने दो। मनमें विषयोंकी कल्पना मत होने दो। बुद्धिसे विषय-भोगको हितकारी मत समझो। अपने आपको जानो और अपने आपको जानकर कामको मार डालो।

मेरे गाँवसे लगभग दो मीलपर गंगाकिनारे नरौली नामक गावँ है। यह मल्लाहोंकी बस्ती है। नौकासे व्यापार यहाँसे पहिले बर्मा (रंगून) तक होता था। वहाँ एक सिकड़िया बाबा रहते थे। नौकासे गंगा पार करना हो तो मैं वहाँ जाता था। वे बाबा कमरमें पीतलकी जंजीर बाँधे रहते थे और पीतलका एक पट्टा लंगोटीके स्थानपर था, उसमें ताला लगाये रहते थे। यह उनका इन्द्रिय-निरोध था; किन्तु ऐसे इन्द्रिय-निरोध नहीं होता।

'मनसैवेन्द्रियग्रामं विनियम्य'—मनसे ही इन्द्रियोके समूह-को चारो ओरसे रोकना है। मन शान्त हो जायगा तो इन्द्रियाँ स्वतः शान्त हो जायँगी।

Guru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalg

. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Gr

एक सज्जनने मुझे बचपनमें सिखलाया—'ध्यान करने बैठनेपर बाहरके शब्द कानमें आते हैं, अतः कानोंमें गुटिका लगा लिया करो।'

यह गुटिका लकड़ीकी नहीं होती। वैसे तुलसीकी गुटिका भी कुछ लोग काममें लेते हैं। उन्होंने तो केशर, कस्तूरी, जायफलका चूर्ण बनाकर कपड़ेमें बाँधकर गुटिका बनवायी थी। इस गुटिकाको थोड़े दिन लगानेका फल यह हुआ कि गुटिका निकाल देनेपर कानोंमें 'गूं-गूं' शब्द होने लगा, अतः मैंने उसे लगाना छोड़ दिया।

ऐसे उपायोंसे किसी इन्द्रियको रोका नहीं जा पाता। जब हम मनको शान्त-स्थिर कर देते हैं, तब इन्द्रियाँ रुकती हैं।

आप यदि स्वयं नहीं चाहते और मनपर अधिकार नहीं करते तो आसन या बलप्रयोग काम नहीं देगा। आपके मनमें जो सुख-बुद्धि बैठी है, वह न नेत्र बन्द करनेसे, न कान बन्द करनेसे जायगी। आपकी बुद्धिमें जब परिवर्तन होगा, तब वह जायगी।

बुद्धिमें परिवर्तन होगा सत्संग से, श्रवण-मनन-विचारसे। जब बुद्धि ठीक हो जायगी तब मन ठीक होगा। जब मन ठीक होगा तब इन्द्रियाँ ठीक होंगी। जब इन्द्रियाँ ठीक होंगी तब कर्म और भोग पवित्र होगा।

साधनका एक यह भी मार्ग है कि पहिले इन्द्रियोंको रोको, तब मन रुकेगा। मन रुकेगा तब बुद्धि ठीक होगी।

एक तीसरा मार्ग है कि मनको भगवान्‌में लगा दो, तो वहाँ बुद्धिको स्वाद आनेपर हित-बुद्धि हो जायगी और इन्द्रियाँ संयमित हो जायँगी।

Guru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalga

In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-G

इन्द्रिय, मन, बुद्धिका एक साथ संयम-नियमन करो, यह चौथा साधन-मार्ग है।

आप मनसे अन्तरंग वस्तु चाहते हैं या बाहरकी वस्तु चाहते हैं? बाहरकी वस्तु चाहेंगे, तो मन-इन्द्रियोंका संयम कैसे होगा? यह तो उलटी बात है। जैसे चाहो तो पड़ोसीके घरकी वस्तु और द्वार बन्द करके बैठो। यह अन्तर्द्वन्द्व उत्पन्न करना है।

करना चाहते हैं विवाह और दम्भ करते हैं ब्रह्मचर्यका, ऐसे लोग पागल हो जाते हैं।

कर्मेन्द्रियाणि संयम्य य आस्ते मनसा स्मरन्।
इन्द्रियार्थान्विमूढात्मा मिथ्याचारः स उच्यते॥

—गी० अ० ३। ६

कर्मेन्द्रियोंको रोककर जो मूर्खबुद्धि मनसे इन्द्रियोंके विषयोंका चिन्तन करता है, वह मिथ्याचार-दम्भ करनेवाला है।

तुमको कश्मीर देखना है तो बम्बईमें हठ करके मत बैठो।

यदि तुमको ईमानदारीसे अन्तरकी वस्तु चाहिए, आत्मासे मिलना है, तब मनसे इन्द्रियोंको रोको। मनके भीतरकी वस्तु चाहिए तो मनके मुड़ने—अन्तर्मुख होनेपर पागलपन नहीं होगा।

यस्त्विन्द्रियाणि मनसा नियम्यारभतेऽर्जुन।
कर्मेन्द्रियैः कर्मयोगमसक्तः स विशिष्यते॥

—गी० अ० ३। ७

जो मनसे इन्द्रियोंको संयमित करके अनासक्त रहकर कर्मेन्द्रियोंसे कर्मयोग करता है, वह विशेषता पाता है।

Guru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalg

. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Gr

प्रश्न यह है कि जिसके विषयमें तुम्हारे मनमें संकल्प उठता है, उसे पाना चाहते हो या नहीं? यदि सचमुच उसे नहीं पाना चाहते, तो छोड़ दो।

जो अपने तईं स्वयं ईमानदार होकर आत्म-साक्षात्कार करना चाहेगा, उसके लिए इन्द्रियग्रामका निरोध सरल हो जायगा। उसे निरोध अशान्ति या द्वन्द्व नहीं देगा।

इन्द्रियग्रामका निरोध कैसे?

मेरे गाँवमें एक बार एक योगी गुरु आये थे। वे सबको एक-एक पत्थर देते थे। कहते थे—'इसे सामने रखकर इसपर त्राटक करो।'

यह वस्तुके आश्रयसे निरोध है। कोई लोग दवा खिलाते हैं—यह द्रव्यमूलक निरोध है। ऐसा निरोध साधनमें अभीष्ट नहीं है; क्योंकि जब उस दवाका प्रभाव समाप्त हो जायगा, तब आप सुस्त पड़ जायँगे। अतः वस्तुमूलक एकाग्रता झूठी है।

आसनसे बैठकर प्राणायाम करें तो देह क्रियामूलक मनको स्थिरता होगी। इसमें क्रियामूलक श्रान्ति होती है। अतः न नशा पिओ, न आसन बाँधो, न श्रम करो।

'मनसैव—अत्र मनोऽतिरिक्तमन्यत् किञ्चित्साधनं नापेक्ष्यत इत्यर्थः।'

मनसैव कहनेका तात्पर्य है कि यहाँ मनको छोड़कर दूसरे किसी साधनकी अपेक्षा नहीं है। अर्थात् मनसे कोई काम मत लो। मनको जहाँ-का-तहाँ छोड़ दो।

एकसे पूछा—'आजकल क्या साधना चल रही है?'

Guru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalga

. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Gra

बोले—'आजकल जिह्वाको वशमें कर रहे हैं। केवल तीन पदार्थ खाते हैं।'

मैं—'और दूसरी इन्द्रियाँ ?'

वे—'अभी औरोंपर ध्यान नहीं देते।'

ऐसे इन्द्रियाँ वशमें नहीं हुआ करतीं।

एक कहते हैं—'जिह्वासे केवल भगवन्नाम लेते हैं।'

मैं—'व्यवहार कैसे चलता है।'

'हाथसे लिखकर।'

जब हाथसे शब्द लिखे जाते हैं तो वे मनमें आते ही हैं। तब केवल जीभसे न बोलनेसे क्या बनेगा ? अतः 'इन्द्रियग्रामं'का अर्थ है कि सब इन्द्रियोंको मनसे पृथक् कर दीजिये।

यदि तुम संसारमें किसीकी मनोवृत्तिका विरोध करते हो तो अपने मनपर भी दृष्टि रखना आवश्यक है। यदि तुम संसारसे सर्वथा तटस्थ हो—कोई जो चाहे सो तुम्हारे सम्बन्धमें कहे या करे, तुम ध्यान नहीं देते तो अपने मनसे भी तटस्थ हो जाओ। संसारसे तो अपेक्षा और मनकी उपेक्षा, यह बात नहीं चलेगी।

'इन्द्रियग्रामम्'—सब इन्द्रियोंपर एक साथ दृष्टि रखनी होगी।

इन्द्रियोंको रोकनेके लिए बाहरी वस्तुकी सहायता मत लो। मनसे ही उनको रोको। न दवा खाओ, न कुछ दुहराओ, न शब्द-स्पर्श-रूप-रस-गन्धका सहारा लो, न सुखका स्वाद लो, न दुःखसे शत्रुता करो। मनको मनमें रहने दो।

'शनैः शनैरुपरमेद्'—योगवाशिष्ठमें आया है कि जन्म जन्मान्तरकी जो अभ्यस्त वासना है, उसे निवृत्त करनेके लिए शीघ्रता मत करो।

Guru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalga

-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Gr

एकने एक महात्मासे कहा—'आज ही भगवान्‌का दर्शन मुझे करा दो।'

महात्मा—'तुमको आज भगवान्‌का दर्शन हो जायगा तो कलसे क्या करोगे?'

वह—'दूकान करेंगे।'

महात्मा—'कलसे दूकान ही चलानी है तो आजसे ही चलाओ। भगवान्‌को बीचमें क्यों डालते हो?'

एकसे पूछा—'तुम्हें भगवान् मिल जायँगे तो फिर क्या करोगे?'

वह—'प्रेमसे भगवान्‌का भजन करेंगे।'

'जीवन भर यही करना है?'

'हाँ, यही करना है।'

'तब आजसे ही भजनमें लग जाओ।'

भोजनको तेज अग्निपर पकाओगे तो वह जल सकता है। उसे धीरे-धीरे पकाओ तो स्वादिष्ट बनेगा। इसी प्रकार किसी विषयकी भी जल्दबाजी कामको बिगाड़ देती है।

'उपरमेत्'—तुमको प्रवृत्तिमें स्वाद आता है या निवृत्तिमें यहाँ 'कुर्याद्' नहीं है और 'भवेत्' भी नहीं है। करना भी नहीं और होना भी नहीं है। धीरे-धीरे मनको शान्त कर देना है।

'दास कबीर जतनसों ओढ़ी
ज्योंकी त्यों धरि दीन्हि चदरिया।'

यदि तुम विषयके समीप पहुँच गये हो तो उससे तादात्म्य करके विषय मत बनो, उपराम बनो। विषयाराम या इन्द्रियाराम मत बनो।

ajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalga

. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Gra

'शनैः शनैरुपरमेद्'—संसारसे उपराम होना है तो शीघ्रता नहीं करनी चाहिए। जैसे व्यवहारमें जो धन कमाना चाहता है, वह यदि नोट दुगुने करवाने या सोना बनवानेके लालचमें पड़ता है तो ठगा जाता है।

एक बार एक मनुष्य मेरे पास आया। वह काम चाहता था। जिनके पास वह दस-पन्द्रह वर्ष रहा था, उनसे मैंने पूछा—'यह आदमी कैसा है?'

वे—'आदमी तो अच्छा है, पर इस समय यह एक दिनमें ही करोड़पति होनेकी धुनमें है।'

अब वह आदमी विश्वसनीय है?

जैसे व्यवहारमें जो लोग धैर्य छोड़कर शीघ्र धनी होना चाहते हैं, वे झूठ, चोरी, जुआ आदिके मार्ग अपना लेते हैं अथवा ठगे जाते हैं, ऐसे ही परमार्थके मार्गमें भी त्वरा नहीं करना चाहिए। धीरे-धीरे अपने मनको परिपक्व करना चाहिए।

यदि आपके मनमें धन कमाने या भोगकी तृष्णा है तो ढोंग करनेकी आवश्यकता नहीं है। न धन कमाना पाप है, न भोग भोगना। केवल यह करो कि ईमानदारीसे धन कमाओ और धर्मके अनुसार भोग भोगो। इतना करनेसे भी आप योगकी दशा प्राप्त कर लेंगे।

एक व्यक्तिका वृन्दावनमें श्रीविहारीजीसे बड़ा प्रेम था। उसका कारखाना चल निकला। उसका भागीदार सोचने लगा—'यह मर जाय तो पूरा कारखाना मेरा हो जायगा।'

वह भागीदार ऊपरसे बड़ा प्रेम दिखलाता था। एक दिन कोई एसिड धातु साफ करनेको मंगाया गया। साथमें पान भी मंगाया।

Guru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalga

-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Gra

भागीदार ही दोनों वस्तुएँ ले आया। वे सज्जन पान लेने लगे तो भागीदार बोला—'आप बिना हाथ धोये पान मत लो। मुख खोलो, मैं पान मुखमें दे देता हूँ।'

उन्होंने मुख खोलकर पान मुखमें ले लिया। इसी समय अचानक एसिडकी शीशीका कार्क उछला और उनके पान लेते खुले मुखमें चला गया। फलतः उन्होंने कार्कके साथ पान थूक दिया; क्योंकि कार्कमें तो एसिड लगा था। थूकते ही दीखा कि पानमें तो पारा पड़ा है।

वह भागीदार कदाचित उन्हें पहले भी थोड़ा पारा खिला चुका था; क्योंकि वह पहले प्रतिदिन पूछता था—'आपका स्वास्थ्य कैसा है? कान कैसा है? नेत्रोंसे तो ठीक दीखता है? आप सुस्त क्यों लगते हो?'

भगवान्‌ने उन्हें विषसे बचा ही दिया, उस गुप्त शत्रुकी पहचान भी करा दी। इसलिए भगवान्‌पर विश्वास करके धैर्यपूर्वक साधनाके मार्गमें लगो।

आप बेईमानीसे धन एकत्र करनेका प्रयत्न मत कीजिये। भोग उतना ही भोगिये, जितना न्यायोचित हो। जिस वस्तुके खाने-पीने या जो काम करनेसे आपकी बुद्धि आपके नियन्त्रणमें न रहे, उसका सेवन मत कीजिये।

जिसके मनमें ईश्वरपर विश्वास है—जो ईश्वरको पाना चाहता है, योगका मार्ग उसके लिए है। अनदेखी वस्तुपर विश्वास करके सर्वथा उसपर निर्भर हो जाना बहुत बड़े आत्मबलकी बात है। आस्तिकता आत्मबलकी जननी है। लेकिन आस्तिकता ही भक्ति नहीं है।

ajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgao

. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Gr

हमारे बड़े-बूढ़े ईमानदार थे। वे भगवान्‌का नाम लेते थे। झूठी गवाही नहीं देते थे। बेईमानी नहीं करते थे। भगवान्‌से और धर्मसे डरते थे। लेकिन वे भक्त नहीं थे। वे आस्तिक थे।

भगवान्‌की भक्ति कब आती है? जब भगवान् अपने बन जाते हैं। उनके वियोगमें दुःख और संयोगकी भावनामें रसका उदय होता है। यह भक्ति भगवान्‌को अपने हृदयमें प्रकट करती है और संसारसे वैराग्य कराती है। तब भगवान् नामकी कोई वस्तु है, इसमें दृढ़ निष्ठा हो जाती है। दृढ़ निष्ठा होनेपर उसके साक्षात्कारकी रुचि होती है। इसके लिए धीरे-धीरे उपराम होना पड़ता है।

हमारी गाय-भैंस कितना बोलते हैं? आप भी उतना ही बोलो, जितना बोलना आवश्यक हो। आप दूसरेके हृदयमें सुख-जगानेके लिए बोलो। अपनी या दूसरेकी हानि न हो, इसके लिए बोलो। योगकी पहिली भूमिका यह है कि गाय जैसे अपनी वाणी व्यर्थ नहीं बिखेरती, आवश्यक होनेपर ही बोलती है, वैसे ही आप भी अपनी वाणीको व्यर्थ न बिखेरें।

'गोपश्वादिवद्वाङ्‌निरोधः।'

यह बात केवल वाणीके विषयमें नहीं है। यह नेत्र-कर्ण, हाथ-पैर आदि शरीरकी सभी इन्द्रियोंके विषयमें है। प्रयोजनके अनुसार ही शरीरका व्यवहार करें। यह योगकी प्रथम भूमिका है। यदि आप जीभ या हाथ व्यर्थ क्रियासे नहीं रोक सकते तो मनको कैसे रोक सकेंगे?

योगको दूसरी भूमिका बालक की है। जैसे शिशु बालक अन्यमनस्क-दशामें रहता है, वैसे रहो। शिशुको भूख लगी, प्यास

Guru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalga

-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Gra

लगी या मच्छर आदि काट गया तो रो पड़ा, नहीं तो अन्यमनस्क रहता है।

तीसरी भूमिका है कि जैसे तन्द्रामें अहंकारकी भी स्फूर्ति नहीं होती, वैसे रहो।

चौथी भूमिका यह है कि सुषुप्ति न आवे, चेतना लुप्त न हो; किन्तु जागर्ति या बहिर्ज्ञान न हो।

'शनैः शनैरुपरमेद्'—जैसे घड़ा बनता है तो उसमें जो आकाश होता है, वह उसमें डाला नहीं जाता। ऐसे ही जब चित्त उत्पन्न होता है तब चित्तकी उत्पत्तिके साथ ही इसमें आत्म-चैतन्य होता है। घड़ेमें आकाश तो है, पर उसमें जल, गेहूँ, शक्कर आदि कुछ रखना हो तो बाहरसे डालना पड़ता है। ऐसे ही चित्तमें आकाशके समान आत्मचैतन्य भरपूर है। यह स्वयंप्रकाश अधिष्ठान स्वरूप है। जैसे बिना आकाशका घड़ा हो नहीं सकता, वैसे ही आत्मचैतन्यपूर्वक ही चित्त है।

अब चित्तमें जो बाहरसे संसारकी वस्तुएँ तुमने भर दी हैं, उन्हें निकाल दो। इसे निकालना भी नहीं है, केवल समझना है कि जैसे दर्पणमें दीखता हाथी उसमें नहीं है, ऐसे ही चित्तमें संसारकी कोई वस्तु नहीं है।

मैं श्री उड़िया बाबाजीके साथ खन्ना रहनेवाले महात्मा श्री त्रिवेणीपुरीजी महाराजके पास गया। श्री हरि बाबाजी, श्री आनन्दमयी माँ भी गयी थीं। वे महात्मा नंगे रहते थे। लोगोंके आनेपर कम्बल ओढ़ लेते थे। मैंने देखा कि वे रातको चारों ओर घूम रहे हैं। मैंने पूछा—'आप क्या कर रहे हैं?'

वे बोले—'सब लोग रामलीला देखनेमें लगे हैं, इसलिए मैं चौकीदारी कर रहा हूँ। इधर सब इस समय सूना पड़ा है।'

ajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalga

. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Gra

एक ही तख्तपर श्री उड़िया बाबाजी महाराजके साथ वे बैठे थे। मैंने इलायचीकी पुड़िया उठाकर पूछा—'यह क्या है ?'

हँसकर बोले—'ब्रह्म है।'

सवेरे मेरी नींद टूट गयी तो मैं जाकर उनके पास बैठ गया। लगा जैसे कलेजेमें आनन्दका प्रबल फुहारा छूटने लगा है। सर्वत्र आनन्द ही आनन्द लगा। लगभग बीस मिनट यही अवस्था रही।

उन्हीं महात्माने कहा था—'तुम अपने विचारमें-से मिट्टी और मिट्टीसे बनी वस्तुएँ निकाल दो।'

ऐसा करनेपर होगा यह कि नामरूपात्मक जगत् होगा ही नहीं। आप सोचो कि जब सृष्टि बननेवाली थी, पर मिट्टी नहीं बनी थी, तब क्या अवस्था रही होगी। तब केवल जल ही जल था। उस तरंगायमान अपार जलराशिमें न पर्वत है, न लता-वृक्ष और न कोई शरीर।

एक बार श्री उड़िया बाबाजी महाराजने दोनों हाथोंसे रेत उठायी और बोले—'शान्तनु देख! जबतक यह रेत तुझे ब्रह्म न दीखे, तबतक समझना कि अभी वेदान्तका ककहरा नहीं आया।' केवल 'नेति' 'नेति' परमार्थ नहीं है। ब्रह्मातिरिक्त दूसरी कोई वस्तु नहीं है।'

श्री उड़िया बाबाजी महाराज कहते थे—'बरफ मत देखो। मोती मत देखो। जल देखो। तुमको आभूषण पहनना हो तो मोती चाहिए। शीतलताके लिए बरफ चाहिए; किन्तु तत्त्वतः दोनों जल है।'

इस तत्त्वदृष्टिकी प्राप्तिके लिए व्यवहार दृष्टिसे—बहिर्मुखतासे धीरे-धीरे उपराम हो जाओ।

Guru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalga

-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Gra

'बुद्ध्या धृतिगृहीतया'—वशमें करना है इन्द्रियग्रामको; किन्तु उनको छेड़ो मत। मनसे ही उनको शान्त हो जाने दो।

मनकी शान्तिसे इन्द्रियाँ कैसे शान्त होंगी ?

बुद्धि जहाँ बता देती है कि 'सुख वहाँ हैं, मन वहाँ बार-बार जाता है। जहाँ मन बार-बार जाता है, वहीं इन्द्रियाँ जाती हैं। जहाँ इन्द्रियाँ बार-बार जाती हैं, वहाँ जाकर हम फंस जाते हैं।

इन्द्रियोंके फँसनेका कारण है मनमें स्वादका आना और स्वाद वहाँ आता है, जहाँ सुखबुद्धि होती है।

भोगमें सुख मिलता है और ब्रह्मचर्यका महत्त्व ज्ञात है तो बुद्धि चञ्चल है। बुद्धि भी तीन प्रकार की होती है—

प्रवृत्तिं च निवृत्तिं च कार्याकार्ये भयाभये।
बन्धं मोक्षं च या वेत्ति बुद्धिः सा पार्थ सात्त्विकी॥

—गीता अ० १८। ३०

आपकी बुद्धि आठ बातोंको ठीक-ठीक समझती है या नहीं? १—कहाँ प्रवृत्त होना चाहिए। २—क्या काम करना चाहिए ३—कहाँसे निवृत्त होना चाहिए। ४—क्या काम करने योग्य नहीं है। बोलना क्या और चुप कहाँ रहना। ५—कहाँ भय है ६—कहाँ अभय है। ७—बन्धन क्या है। ८—मोक्ष क्या है।

संसारमें प्रवृत्त होना दुःखका मार्ग है और संसारसे निवृत्त होना सुखका मार्ग है। निवृत्ति कर्तव्य है। प्रवृत्ति कर्तव्य नहीं है। प्रवृत्तिमें भय है। निवृत्ति अभय है। प्रवृत्तिमें बन्धन है। निवृत्ति मोक्ष है। आपकी बुद्धि यह जानती है ?

धृति भी तीन प्रकारकी होती है—

ajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgao

In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Gr

धृत्या यया धारयते मनःप्राणेन्द्रियक्रियाः ।
योगेनाव्यभिचारिण्या धृतिः सा पार्थ सात्त्विकी ॥

—गीता अ० १८ । ३३

योगमें स्थित जिस अव्यभिचारिणी धृतिसे मन, प्राण, इन्द्रियोंकी क्रियाका धारण होता है, वह सात्त्विकी धृति है।

धृतिका अर्थ है पकड़—रोकनेकी शक्ति। सबको एक स्थानपर रुकना पड़ता है। पापीको पाप करते-करते भी अपनेको रोकना पड़ता है। पुण्यात्माको पुण्य करते-करते भी अपनेको रोकना पड़ता है। बिना अपने मनोवेगको रोके किसीका जीवन चल नहीं सकता। अतः अन्तःकरणमें बल होना चाहिए। इस बलको ही सत्त्व कहते हैं।

'क्रियासिद्धिः सत्त्वे वसति महतां नोपकरणे।'

महान् पुरुषोंके सत्त्व—मनोबलमें कर्मसिद्धि रहती है। वे उपकरणों—साधनोंपर निर्भर नहीं होते।

मनको उपराम होने दो कि वह विषय-सुख न ले, आत्मोन्मुख हो। ऐसा कैसे होगा ?

पहले बुद्धिसे समझो। बुद्धिको भी अनियन्त्रित मत छोड़ो। उसमें भी धृति चाहिए।

बुद्ध्या विशुद्धया युक्तो धृत्यात्मानं नियम्य च।
शब्दादीन् विषयांस्त्यक्त्वा रागद्वेषौ व्युदस्य च ॥
विविक्तसेवी लघ्वाशी यतवाक्कायमानसः।
ध्यानयोगपरो नित्यं वैराग्यं समुपाश्रितः ॥
अहंकारं बलं दर्पं कामं क्रोधं परिग्रहम्।
विमुच्य निर्ममः शान्तो ब्रह्मभूयाय कल्पते ॥

—गीता १८।५१–५३

Guru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalga

-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Gra

विशुद्ध बुद्धिसे युक्त होकर, धृतिसे मनको नियन्त्रित करके शब्द-स्पर्शादि विषयोंका राग एवं द्वेष नष्ट कर दे। एकान्तमें रहे। थोड़ा खाय, शरीर, मन, वाणीको संयमित रखे। ध्यानयोगमें सदा लगा रहे। वैराग्यवान् बना रहे। अहंकार, बलका घमण्ड, काम, क्रोध और संग्रहको छोड़ दे। इससे ममताहीन, शान्त, ब्रह्मभूत हो जाता है।

इसका नाम ज्ञाननिष्ठा है। श्रीभूदेवशर्मा कहते थे—'मैं श्रीअच्युतमुनिजीसे पञ्चदशी पढ़ता था, तो एक प्रकरण पूरा होनेपर कहता—'अब बस कीजिये। मैं कृतकृत्य हो गया अब पढ़नेकी क्या आवश्यकता है?'

वे कहते—'तुम्हें ज्ञान हो गया तो क्या हुआ? कुछ दूसरा प्रकरण पढ़नेसे अज्ञान तो होगा नहीं। दूसरा पढ़ लो। कुछ तो करना ही है।'

दूसरा प्रकरण पढ़ता तो कहता—'महाराज! मुझमें कुछ कमी तो थी, पर वह यह दूसरा प्रकरण पढ़नेसे दूर हो गयी। अब पढ़नेकी आवश्यकता नहीं है।'

इस क्रमसे पूरी पञ्चदशी पढ़ी गयी। मुझे प्रत्येक प्रकरण पूर्ण होनेपर लगता कि अब कुछ पढ़ना अनावश्यक है; किन्तु नया प्रकरण पढ़नेपर लगता कि इतनी कमी थी, जो इस प्रकरणसे दूर हुई।'

बौद्धिक ज्ञान ही पर्याप्त नहीं है। ज्ञाननिष्ठा होनी चाहिए। इसके लिए धृतिगृहीता बुद्धिके द्वारा हमें उपराम होना है।

ajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgao

. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Gra

'आत्मसंस्थं मनः कृत्वा न किञ्चिदपि चिन्तयेत्।'

आप चिन्तन करो कि प्रलयके समय भूमि नष्ट हो गयी है। केवल जल ही जल है। वह जल भी लुप्त हो गया। केवल प्रकाश है। ऐसा प्रकाश जो द्रवित होकर जल बना था। सूर्य, चन्द्र आदिके प्रकाशको मत देखो। देखो कि केवल गति है, जिसके संघर्षसे प्रकाश उत्पन्न होता है। ऊर्जा ही है। वह जहाँसे उठती है, वह गति और गतिका आधार है शान्ति।

श्रीमोकलपुरके बाबा कहते थे—'गुरु! तुम बैठे हो तो शान्ति है। यही आकाशतत्त्व है। चलो, हिलो तो गति—वायुतत्त्व है। चलनेसे शरीरमें उष्णता आयी, यह अग्नि है। उष्णतासे पसीना आया, यह जल है। पसीना सूखा तो मैल जमा, यह पृथ्वी है।'

मिट्टीको पानीमें, पानीको अग्निमें, अग्निको गतिमें, गतिको आकाशमें, आकाशको मनमें, मनको ज्ञानमें लीन होने दो और ज्ञान अपना स्वरूप है। 'मैं टुकड़ा हूँ' यह सोचना बन्द कर दो।

'आत्मसंस्थं मनः कृत्वा'—संस्थाका अर्थ है मौत। मनको आत्मामें मर जाने दो।

मन है और उसे मारना होगा, ऐसा नहीं है। मन आत्मासे भिन्न नहीं है। मनको रोकना या मारना नहीं है। वास्तविकताको समझना है। मन न शरीरके भीतर है, न बाहर। बाहर-भीतर, पहले-पीछे, यह-वह, मैं-तुम आदि ये भेद मनने ही बनाये हैं। मन बाहर-भीतर, पहले-पीछे, यह-वह, मैं-तुम नहीं है। यह यहाँ-वहाँ, अब-तब, मैं-तुमकी प्रतीति ही मन है। अखण्ड आत्मवस्तुमें भेद नहीं है। ये भेद केवल प्रतीतिमात्र हैं।

Guru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalga

-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Gra

'आत्मव्यतिरिक्तं किञ्चिदपि नास्ति अतः न चिन्तयेत्।'

आत्माके अतिरिक्त कुछ भी नहीं है, अतः कुछ न सोचे।

मेरी आयु बीस वर्षकी उस समय थी। तब साधन करते समय जो नवीन बात मुझे ज्ञात होती थी, उन्हें मैंने सूत्रोंमें लिखा था। उसका नाम मैंने 'तत्त्वरसायनम्' रखा था। उसका एक सूत्र था—

'अचिन्तनं चिन्तनम्।'

आत्मचिन्तन क्या है? कुछ चिन्तन न करना ही आत्म-चिन्तन है।

मैंने बड़े उत्साहसे मोकलपुरके बाबाको यह बतलाया। उन्होंने बड़े प्रेमसे वे सूत्र सुने। सुनकर बोले—'गुरु! सफेद कागजको क्यों काला करते हो?'

मैं—'अच्छा, फाड़ देता हूँ।'

वे—'फेंको मत। अभी तो तुम्हें बहुत लिखना पड़ेगा।'

उसे तो मैंने फाड़कर गंगामें फेंक दिया। मुझे क्या पता था कि सचमुच मुझे इतना अधिक लिखना होगा। कई सहस्र पृष्ठ तो मैंने गीताप्रेस रहकर ही लिखा।

'अचिन्तनं चिन्तनम्'—अचिन्तन दशामें जो साक्षी है वह देश, काल, वस्तु, वृत्ति और वृत्त्यभाव सबका साक्षी, कूटस्थ, स्वयंप्रकाश, प्रत्यक्‌चैतन्याभिन्न ब्रह्म है।

यदि हम जानबूझकर चिन्तनसे मनको मना करेंगे तो उसमें भी कर्तृत्त्व होगा और कर्तृत्त्वसे अदृष्टकी उत्पत्ति होती है। उसका फल मिलता है। यहाँ जानबूझकर कुछ चिन्तन न करनेका निषेध नहीं है। चित्तमें जो संसारका चिन्तन है, उसे निकाल देना है।

ajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgao

. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Gra

'आत्मसंस्थं मनः कृत्वा'—इसका अर्थ ऐसा है जैसे घटाकाश महाकाशमें स्थित हो। जैसे घटकी दीवार महाकाशसे घटाकाशको पृथक् करती लगती है, वैसे ही मन अखण्ड चैतन्यसे आत्माको पृथक् करता लगता है। उस दीवारके विषयमें ही सोचो। वस्तुतः दीवार नहीं है। आकाशवत् आत्मा-परमात्मा एक ही हैं। इस अखण्ड आत्मामें न वृत्तिका उदय-विलय है, न वृत्तिशाबल्य है, न वृत्ति-सन्धि है, न वृत्तिकी शान्ति है। वृत्तिकी पाँचों अवस्थाएँ आत्म-चैतन्यमें नहीं। आत्माकी अखण्डतामें वृत्तिका अस्तित्व ही नहीं है।

बृहदारण्यक उपनिषद्में वर्णन है—एक वृत्ति श्वेत भेंड़-जैसी होती है, एक लाल, एक नीली, एक पीली। यह वृत्तिमें पीला, लाल, सफेद, नीलापना आदि कभी भीतर रंग-रूपमें भी दीख सकता है, किन्तु ये सब रंग प्रातीतिक—मानसिक हैं। आप स्वयं-प्रकाशके साथ इन रंगोंका कोई सम्बन्ध नहीं है।

अभी आपका मन व्यक्तित्वके बन्धनमें पड़ा है। इस बन्धनसे बँधकर आप अपनेको परिच्छिन्न मान रहे हैं। इस परिच्छिन्नमें 'मैंपने'से छूटना है।

जब मनको एकाग्र करने लगते हैं, तब बड़े-बड़े तमाशे होते हैं। कभी जब शरीरसे मन ऊपर उठना चाहेगा, तब मन प्राणसे तो पृथक् होगा नहीं, अतः मनोमिश्रित प्राण शरीरसे एक हो जायगा। इससे शरीर स्तम्भ-सा जड़ हो जायगा। हिलानेसे हिलेगा नहीं।

यदि मन प्राणद्वारा जलीय धातुसे एक हो जाय तो अश्रुपात या स्वेद हो सकता है अथवा शरीर बरफ-जैसा शीतल हो जा सकता है।

Guru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalga

-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Gra

जब मन प्राणके द्वारा तेजस् तत्त्वसे एक होता है तो गर्मी लगती है, विवर्णता या चमक आती है। शरीरमें जलन हो सकती है।

मन-प्राण यदि शरीरमें वायुसे एक हो गये तो शरीरमें कम्प होता है।

यदि मन-प्राण आकाशसे एक हो गये तो अनेक प्रकारके शब्द भीतर सुनायी पड़ सकते हैं अथवा मुखसे कुछ शब्द निकलने लगते हैं।

ऐसा लग सकता है कि हम ऊपर उठ रहे हैं या फैल गये हैं। यदि चित्तमें चित्त ही रहे तो तमस्की प्रधानतासे मूर्च्छा होती है। रजस्की प्रधानतासे हर्ष या दुःखका विकास होता है। सत्त्वकी प्रधानतासे शान्तिका अनुभव होता है। यह सब अपने अन्तःकरणमें ही होता है।

कभी मन शरीरसे मिलकर मूढ़ हो जाता है तो लोगोंको समाधिका भ्रम हो जाता है।

मन स्वर्ग या नरक पहुँच गया और देवदूत, देवता अथवा यमदूत दीखने लगे, यह मनकी क्षिप्त दशा है। मनमें स्वर्ग या नरक आया नहीं है।

मूढ़, क्षिप्त, विक्षिप्त और एकाग्र ये मनकी अवस्थाएँ हैं। वृत्तियोंकी धारा बनी है तो एकाग्रता है। यह समाधि नहीं है। व्यक्तिके उत्कर्षका नाम समाधि नहीं है। जहाँ व्यक्ति अव्यक्तसे एक होता है, वहाँ समाधिका प्रारम्भ होता है।

मनका एक स्थान ऐसा है, जहाँ वह विषयाकार होकर शान्त हो जाता है और मनका ही एक स्थान ऐसा है, जहाँ वह आत्माकार

ajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgao

. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Gra

होकर शान्त हो जाता है। मनका एक स्थान ऐसा भी है, जहाँ न विषयाकारता है, न आत्माकारता है, मन अपने 'स्व'में स्थित है। लेकिन जबतक द्रष्टा पुरुषकी सत्त्वान्यताख्याति नहीं होगी; अर्थात् 'यह अन्तःकरण न मैं हूँ, न मेरा है' यह ज्ञात नहीं होगा, तबतक द्रष्टाकी सच्ची समाधि नहीं लगेगी। तात्पर्य यह कि द्रष्टाकी स्वरूपस्थिति ही सच्ची समाधि है। तब ख्याति भी लुप्त हो जायगी; क्योंकि ख्याति भी विकल्पमात्र ही है।

अब किसीको भगवान्का दर्शन हुआ। कैसे हुआ? भगवान् वस्तुके रूपमें दीखे तो यह वितर्क हुआ। किसी भावके रूपमें भगवान् दीखे तो यह विचार है। भगवान् परमानन्द रूपमें दीखे, यह आपका रस है। यदि भगवान् 'मैं'के रूपमें दीखे तो यह आपकी 'अस्मिता' है।

जहाँ ध्येयमें भगवान् दीखे वहाँ भी और जहाँ ध्यातामें भगवान् दीखे वहाँ भी सच्ची समाधि नहीं है।

'आत्मसंस्थं मनः कृत्वा' आपको सत्यको देखनेके लिए करणको आवश्यकता होती है? आप कहीं 'इदं' दीखनेवाली वस्तुको 'अहं' तो नहीं समझ बैठे? किसी अन्य वस्तुको आप सच्ची मान बैठते हैं? देश, काल, वस्तुको आप अपने भीतर आरोपित तो नहीं कर बैठते?

योगके मतमें देश-काल विकल्प हैं। वस्तुओंमें आत्मभाव भी विकल्प है। वस्तुओंमें जो परस्पर सम्बन्ध ज्ञात होता है, जैसे दूधका दही हो जाना, यह भी विकल्प है।

क्या आप गृहीत ग्राहक वृत्तिको पकड़ते हैं? सब वृत्तियाँ जो निद्रालु हो जाती हैं, उसे आप सच मानते हैं? तब आप विकल्पमें हैं।

Guru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalga

-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Gra

आपके मनमें मृत्युका भय आता है ? आपके मनमें किसीसे द्वेष होता है ? आप किसीके रागमें फँसे है ? क्या आपका परिच्छिन्नमें अहंकार है ? परिच्छिन्नमें अहंकार जिस मूलसे होता है, वह मूल है आपमें ? तो आप क्लेश-ग्रस्त हैं।

मूल अविद्या, परिच्छिन्नमें अहंकार, अस्मिता, राग-द्वेष, भयमें आपकी वृत्ति गयी तो किञ्चित्का चिन्तन हो गया। प्रमाण, विपर्यय, विकल्प, स्मृति और निद्रा, इनमें-से कोई वृत्ति आना किञ्चित्का चिन्तन है। वृत्ति क्लिष्ट आवे या अक्लिष्ट, धर्मानुकूल आवे या धर्मके प्रतिकूल, वृत्ति तो वृत्ति ही है। वृत्तिमात्रका उदय किंचित्का चिन्तन है और भगवान् कह रहे हैं—'न किञ्चिदपि चिन्तयेत्।'

'आत्मसंस्थं मनः कृत्वा'—मन वह है, जो विषयोंका ग्रहण करता है। जिसमें विषयोंके संस्कार रहते हैं। जिसमें विषय कभी भासते हैं और कभी नहीं भासते। जो विषयाकार बनता है।

आकाशकी दृष्टिसे न घड़ेमें लम्बाई है, न चौड़ाई और न वजन है। एक घड़ेकी दृष्टिसे ही दूसरा घड़ा है। ऐसे ही चिदाकाशमें तुम्हारा 'अहं' सत्ताहीन है। अब तुम केवल निरोध करोगे तो विकल्प-वृत्तिका उदय होगा। यदि विवेकख्याति करके तुम इन वृत्तियोंसे पृथक् होकर अपने स्वरूपमें स्थित हो जाओगे तो ये बाधित हो जायँगी।

'न किञ्चिदपि चिन्तयेत्'—कुछ चिन्तन करे, यह भी तो एक निषेध ही है। हम लोग श्री उड़ियाबाबाजो महाराजसे पूछते थे—'आप ब्रह्माकारवृत्तिका बहुत वर्णन करते हैं तो ब्रह्मज्ञानी पुरुष हैं, अपनेको अकर्ता-अभोक्ता, असंसारी ब्रह्म जान गया, उसके लिए ब्रह्माकारवृत्ति करनेका विधान कैसे हो सकता है ?'

ajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgao

In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-G

बाबाके उत्तरकी सदा यही विशेषता होती थी कि हम लोग जैसा उत्तर प्रश्नका सोचते थे, वैसा उत्तर वे कभी नहीं देते थे।

'ज्ञानी पुरुष ब्रह्म ही है, कर्ता नहीं है तो ब्रह्माकारवृत्ति करेगा कैसे? भोक्ता नहीं है तो ब्रह्माकार वृत्तिका सुख कैसे लेगा? संसारी नहीं है तो बदलती वृत्तिसे उसका तादात्म्य कैसे होगा? परिच्छिन्न नहीं है तो वृत्तिका आभास कैसे होगा?' ये बातें मेरे मनमें थीं।

बाबा बोले—'तुम बताओ कि ब्रह्माकारवृत्ति ज्ञानी न करे, यह निषेध कहाँ है? जिसके लिए विधि नहीं होती, उसके लिए निषेध भी नहीं होता। तब उसमें करने, न करनेमें स्वातन्त्र्य आ जाता है। यह स्वातन्त्र्य ही वस्तुतः ब्रह्माकारवृत्ति है। ब्रह्माकार-वृत्ति करना या न करना ब्रह्माकारवृत्ति नहीं है।'

एक बार किसीने पूछा—'ब्रह्म तो सर्वथा अविषय है। उसे वृत्तिका विषय कैसे बनायें?'

बाबा—'कहाँ सुनकर आया है कि ब्रह्म वृत्तिका अविषय है? वृत्तिका अविषय है, यह जानना ही वृत्तिका विषय होना है।'

'न किञ्चिदपि चिन्तयेत्'—व्यवहार जैसे दो प्रकारका है—एक सदाचारीका, एक दुराचारीका, वैसे ही व्यवहारमें ब्रह्म भी दो प्रकार का है—एक सदाचारीका, एक दुराचारीका, ऐसा नहीं है। ब्रह्म वह है जहाँ सदाचार, अनाचार, विषय-अविषय, वृत्ति-अवृत्ति दोनों नहीं हैं। अतः इसमें मनको स्थित करना है।

●

Guru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalg

-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Gra

: २६ :

• संगति

एक बड़े दार्शनिक थे। उनका नौकर कहीं चला गया था। गायका बछड़ा बाहर बँधा था। वे उसे रस्सी पकड़कर घरमें ले जाने लगे। बछड़ा बाहर खींचे और वे भीतर खींचे। देरतक यह खींचतान चलती रही। इतनेमें नौकर आ गया। उसने कहा—'आप रहने दें। मैं इसे भीतर ले आता हूँ।'

नौकरने बछड़ेके मुखमें अंगुली डाल दी। बछड़ा अँगुली चाटने लगा। अब नौकर चला तो बछड़ा अँगुली चाटते साथ चलकर घरमें आ गया; क्योंकि उसे नौकरकी अँगुलीमें स्वाद आ गया था।

तुम्हारा इष्ट—अभीष्ट यदि बाहर है तो तुम्हें मनको रोकनेमें कष्ट होगा। जिसके जीवनमें लक्ष्य नहीं है—अन्तर्मुखता लक्ष्य नहीं है, वह साधक दिग्भ्रान्त हो जायगा।

ajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgao

In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-G

दूसरी बात यह है कि मनका अभ्यास बिगड़ गया है। बार-बार मन बुरी जगह जाता है, इससे हार नहीं मानना चाहिए। जैसे बुरा अभ्यास करनेसे पड़ा है, अच्छा काम करने लगोगे तो अच्छा अभ्यास पड़ जायगा। यदि मान लोगे कि जीवनमें जो बुरा अभ्यास पड़ा है, वह छूट ही नहीं सकता तो आप जहाँ-के-तहाँ रह जाओगे।

जड़ वस्तुओंमें विकासकी दृष्टि मुख्य है और आन्तर वस्तुओंमें विकारकी दृष्टि मुख्य है। सांख्य-योगके आचार्य कहते हैं—'अन्तरमें ईश्वर है। मन उससे जितना विमुख होता है, उतना ही विकृत होता है।'

जड़वादी मानते हैं—'हमारा इष्ट भोग है और भोग बाहर है। अतः हमारा मन जब बाहर जाता है तो विकसित होता है।'

जो अर्थ और भोगको ही पुरुषार्थ मानते हैं, उनका पथ पृथक् है और भगवत्प्रेमीका पथ पृथक् है।

अब अन्तर्मुख होने—भगवान्‌की ओर चले तो मनका स्वभाव है कि वह भागनेका प्रयत्न करता है। वह धृतिगृहीता बुद्धिसे नियन्त्रित होकर झटपट आत्मसंस्थ नहीं होता। अतः—

यतो यतो निश्चरति मनश्चञ्चलमस्थिरम्।
ततस्ततो नियम्यैतदात्मन्येव वशं नयेत् ॥२६॥

चञ्चल और अस्थिर मन जहाँ-जहाँ निकलकर घूमने चला जाय, वहाँ-वहाँसे नियन्त्रित करके उसे अपने ही वशमें ले आये।

यतो यतो निश्चरति—मनमें 'निश्चरत्' एक दशा होती है और 'निश्चलत्' दूसरी दशा होती है।

Guru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalg

-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Gra

'निश्चरत् निश्चलत् चित्तमेकीकुर्यात् प्रयत्नतः'

ध्यानके चार दोष हैं—लय, विक्षेप, कषाय और रसास्वाद। चित्तमें बाहरका कुछ न दीखना भी दोष है और भीतर कुछ दीखने लगना भी दोष है। चित्तका हिलना भी दोष है और चित्तमें स्वाद लेना भी दोष है। निरर्थक मनोराज्यका नाम विक्षेप है और स्वादु मनोराज्यको रसास्वाद कहते हैं।

आपका मन शरीरसे बाहर जाता है, यह 'निश्चरत्' है और शरीरके भीतर ही हिलता है, चलता है, यह 'निश्चलत्' है। शक्तिका एक सजातीय प्रवाह होता है और एक विजातीय प्रवाह होता है, एक स्वगत प्रवाह होता है। स्वगत प्रवाहका यह अर्थ है कि चित्तकी वही-वही धारा बनी रहे। विषय-विषयीका भेद न स्फुरित हो; किन्तु धारा बनी रहे। ऐसा चित्त 'निश्चरत्' नहीं है, पर 'चलत्' है। जैसे सर्प दूसरेको छूता न हो, परन्तु स्वयं शरीर हिलाता हो। ऐसे चित्तको 'एकीकुर्यात् प्रयत्नतः' बोधपूर्वक अपने स्वरूपमें एक कर दो।

'यतो यतो निश्चरति'—इसका दो अर्थ है—जिस-जिस कारणसे मन निकलता है और निकलकर जहाँ-जहाँ जाता है मनकी चञ्चलताका कारण मनकी चञ्चलताका विषय।

आपका मन, मन ही मन कहाँ जाता है ? यह ऐसा ही है, जैसे कोई पूछे—'यह सड़क कहाँ जाती है ? सड़क तो कहीं नहीं जाती किन्तु उसपर मनुष्य, पशु, सवारियाँ जाती हैं। ऐसे ही मन भी कहीं नहीं जाता। मनमें भी कोई वस्तु घुसती नहीं। मनकी चञ्चलताका कारण ही नासमझी है। मनमें केवल वस्तुओंके प्रतिबिम्ब पड़ते हैं। जैसे सिनेमाके पर्देपर चित्रोंके प्रतिबिम्ब पड़ते हैं।

ajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgao

In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-G

वासनाओंकी फिल्म है जो आपके ज्ञानरूप प्रकाशमें आपके अन्त:करणके पर्देपर संसारके रूपमें दीख रही है, जैसे पर्देपर नदी, पर्वत, स्त्री-पुरुष आदि कुछ नहीं होते, वैसे ही मनके भीतर कुछ नहीं है। यदि फिल्ममें पर्देपर कोई मरेगा तो आप रोवेंगे? पर्देपर कोई विवाह होगा तो आप सुखी होंगे? वहाँ रोना-हँसना जो दीखेगा, वह भी फिल्मका होगा।

'निपुणं निरीक्ष्यमाणोः रज्जूरगः स्वयमुपशाम्यति।'

ध्यानसे देखनेपर रस्सीमें प्रतीत होता सर्प स्वयं मिट जाता है।

जहाँ वस्तु नहीं है और किसी भी कारणसे दीख रही है तो उसे गौरसे देखना है। गौरसे देखनेपर केवल पर्दा दीखेगा। आपका मन जो फिल्म दिखलाता है, उसे पकड़नेको जब आप रोते हैं तब बच्चेको भी मात देते हैं।

'निश्चरति वासनामनुसृत्य तत्तदाकारेण भाति।'

निश्चरतिका अर्थ है कि मन वासनाका अनुसरण करके उन-उन रूपोंमें प्रतीत होता है।

'न तत्र रथाः, न रथयोगाः, न पन्थानः, अथ रथान्-रथयोगान् पन्थानं सृजते।' —श्रुति

वहाँ न रथ हैं, न वहाँ घोड़ा, न सवार, न सड़क। आपने स्वप्नमें सड़क देखी है? वहाँ सड़क, नगर आदि जैसे मन दिखाता है, वैसे ही जाग्रत्में भी सब मन ही दिखाता है।

'साधो आवै जाय सो माया।
नहिं प्रतिपाल काल नहिं जाके,
ना कछु गया, न आया॥'

Guru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalg

. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Gr

वस्तुतः सत्तात्मक ज्ञान और ज्ञानात्मक सत्ताके अतिरिक्त मनमें कुछ नहीं है। निपुणतासे देखेंगे तो और कुछ नहीं मिलेगा। लेकिन ज्ञानज्ञानका विषय नहीं होता। जैसे एक दीपकसे दूसरा दीपक नहीं देखा जाता, वैसे ही एक ज्ञानसे दूसरा ज्ञान नहीं देखा जाता। तुम ज्ञानको देखनेवाले नहीं हो। तुम्हीं ज्ञान हो। ज्ञानस्वरूप तुममें न प्रकाश दीखता है न अन्धकार। जो कुछ दीखे उसीको ध्यानसे देखो तो ज्ञात होगा कि आत्मचैतन्यके अतिरिक्त कुछ नहीं है। केवल आपका आत्मा ही भिन्न-भिन्न रूपमें दिखायी पड़ रहा है। यह भिन्नता वासनासे आयी है। मनका जाना, आना कुछ नहीं है, आप-ही-आप हो।

'ततस्ततो नियम्यैतदात्मन्येव वशं नयेत्।'

क्योंकि वासनानुविद्ध मनमें चंचलता भासती है, इसलिए ज्ञान अस्थिर भासता है। अतः मनको अपने आपमें रहने दो।

जहाँ संसार है ही नहीं, पर प्रतीत होता है, वहाँ संसारको निकालनेके लिए आपको न दवा खानी पड़ेगी, न व्यायाम करना पड़ेगा, न प्रार्थना करनी पड़ेगी, न ध्यान करना पड़ेगा।

एक व्यक्तिको रस्सीमें सर्पका भ्रम हुआ। वह चिल्लाने लगा और लोगोंको पुकारने लगा। प्रार्थना करने लगा। एक व्यक्ति आया, उसने पूछा—'चिल्लाते क्यों हो? यह तो रस्सी है।' उसने रस्सी उठाकर दिखा दी। अतः केवल यह जानना पड़ेगा कि जो दिखायी पड़ रहा है, वह इस अधिष्ठानमें नहीं है। अन्यथा भान ही दुःखका हेतु है।

●

Guru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalga

. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Gra

: २७ :

• संगति

चंचल, अस्थिर मन जहाँ-जहाँ जाता है, वहाँ-वहाँसे नियन्त्रित करके उसे अपने वशमें ले आये—जान लिया कि मन कहीं आता-जाता नहीं है। इसमें केवल प्रतिविम्व दीखते हैं। इसका फल क्या ?

प्रशान्तमनसं ह्येनं योगिनं सुखमुत्तमम् ।
उपैति शान्तरजसं ब्रह्मभूतमकल्मषम् ॥२७॥

प्रशान्तमानस, शान्तरजस्, अकल्मष इस ब्रह्मभूत योगीको उत्तम सुख प्राप्त होता है।

'प्रशान्तमनसम्'—इस श्लोकमें अकल्मषम्, शान्तरजसम्, प्रशान्तमनसम् इन तीन बातोंपर ध्यान दो। आप योग करो अपने आपसे और सुख मिलेगा। 'ब्रह्मभूत' यदि आप ही ब्रह्म नहीं हैं तो

Guru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalga

. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Gr

अपनेसे मिलनेपर ब्रह्मसुख कैसे मिलेगा ? जिससे मिलेंगे उसका ही सुख तो मिलेगा।

'आत्मानं युञ्जन् ब्रह्मभूतं सुखमुपैति।'

'मोहनसे मिलो तो सोहनसे मिलनेका सुख मिलेगा।' यह बात कोई कहे तो उसकी बात तभी ठीक होगी, जब मोहनका ही नाम सोहन भी हो। इसी प्रकार यह आत्मयोग ही ब्रह्मयोग है, क्योंकि आत्मा और ब्रह्म दो नही हैं (यह जो देश, काल, वस्तुका साक्षी, अधिष्ठान एवं प्रकाशक है, यही स्वयंप्रकाश, अपरिच्छिन्न, अखण्ड आत्मा है।)

इस आत्मयोगसे बड़ा सुख और कोई नहीं है। इसमें कल्मष, रजस तथा अशान्ति नहीं है। प्रशान्तमनसम्—मन प्रशान्त है। शान्तरजसम्—रजस् शान्त है। अकल्मषम्—कल्मष, तमोगुण नहीं है। सत्त्वगुण नहीं है, वृत्तिका चाञ्चल्य नहीं है। रजोगुण नहीं है; क्रिया नहीं है। तमोगुण नहीं है, द्रव्य नहीं है। अर्थात् इसमें ज्ञान नहीं है, क्रिया नहीं है, द्रव्य नहीं है। वस्तु, क्रिया, वृत्तिसे रहित यह सुखस्वरूप आत्मा अद्वितीय ब्रह्म है।

श्रीउड़ियाबावा जी महाराज एक श्लोक बोलते थे—

(आकाशकोशतन वस्तनवो महान्त-
स्तस्मिन्पदे विगतचित्तलवा हसन्ति॥)

(महात्मा मानता है कि यह सम्पूर्ण आकाश जिसमें कोटि-कोटि सूर्य, चन्द्र, तारे, ब्रह्माण्ड हैं—वह चिदाकाश मेरा शरीर है। मेरा शीरर यह पञ्चभूतका पुतला नहीं है।)

'प्रशान्तमनसम्'—राग-द्वेष छूटनेपर भी मनोराज्य रहता है, उससे ऊपर उठो।

Guru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalga

. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Gra

'सुखमुत्तमम्'—सुख तो सब चाहते हैं; किन्तु आप कैसा सुख चाहते हो ?

वस्त्र सब पहनते हैं, किन्तु स्वच्छ, सुन्दर वस्त्र तो सब नहीं पहनते।

भोजन किसीको मिर्च-मसालेयुक्त पसन्द है, किसीको सादा।

इसी प्रकार सुख भी सब भिन्न-भिन्न प्रकारका चाहते हैं। यदि आप तिजोरी या बैङ्कमें रुपया बढ़ानेका सुख चाहते हो तो जड़का सुख चाहते हो। तब आप जड़से एक होते हैं। यदि स्त्री-पुत्रादिका सुख चाहते हैं तो दूसरेसे सुख चाहते हैं। इसमें पराधीनता है। यदि स्वर्ग जाकर या इष्ट देवतासे सुख चाहते हैं तो उसमें दूरी है। यदि समाधिका सुख चाहते हैं तो उसमें देरी है।

उत्तम सुख वह है, जिसमें जड़ता न प्राप्त होती हो, पराधीनता न हो, दूरी न हो और देरी भी न हो।

श्रुतिका सिद्धान्त है कि यदि आप स्वच्छ, निर्मल, निर्बाध, सुख ही सुख चाहते हैं, जहाँ सुखके अतिरिक्त दूसरी कोई वस्तु न हो तथा जहाँ आपा और सुख पृथक् न हो वह उत्तम सुख है।

'अकल्मषम्'—ऐसे सुखके लिए तुमने जो मिलावट की है, उसे दूर करो। तुमने उसमें कल्मष मिला दिया है। यह कर्मका ही कल्म बन गया है।

'कर्माणि कल्मानि स्यति इति कल्मषः।'

जो हमारे कर्मको गन्दा कर देता है, उसका नाम कल्मष है। हाथसे किसीको मार दिया तो हाथ गन्दा हो गया। जीभसे किसीको गाली दे दी तो जीभ गन्दी हो गयी। चोरी करने गये तो

Guru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalga

. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Gr

पैर गन्दे हो गये अतः उत्तम सुख वह होगा जिसे पानेके लिए कोई बुरा काम आपको न करना पड़े।

शान्तरजसम्—बुरा काम तो नहीं करते; किन्तु मनमें बुरी वासनाएँ हैं। इससे आपके मनमें रजस् आता है। जहाँ रजोगुण रहेगा, वहाँ काम-क्रोध अवश्य आयेंगे।

'काम एष क्रोध एष रजोगुणसमुद्भवः।'

रजोगुणसे ही ये काम-क्रोध उत्पन्न होते हैं। रजस्का अर्थ है खण्ड-खण्डकी वासना। वासना भी करते रहो और भोग भी भोगते रहो तो आपको उत्तम सुख कैसे मिलेगा?

एक मतने कहा—'अकल्मषम्' कर्म ठीक कर लो, सदाचारसे रहो, फिर वासना मनमें आती है तो आने दो।' यह कर्मकी अतिशयतापर जोर है। यह धर्मका पक्ष है।

दूसरे मतने कहा—'प्रशान्तरजसम्' वासना शुद्ध हो जायें तो कर्म चाहे जैसे हों, होने दो।' यह मनकी अतिशयताका लक्षण है। यह उपासनावालोंका मत है।

इन दोनोंमें पूरा समन्वय नहीं है। श्रुतिका मत है—कर्म भी ठीक हों और वासना भी ठीक हों।

'प्रशान्तमनसम्'—यह तीसरा मत है कि 'मनको शान्त करो। यदि हमारा मन शान्त हो जाय, घण्टे-आध-घण्टेकी समाधि लग जाय तो सब ओरसे निश्चिन्त हो गये। फिर कर्म हों या न हों, वासना आवे या न आवे।' यह योगियोंका मत है।

शान्तिको पकड़कर कर्म और वासनाकी उपेक्षा कर देना, वासनाको पकड़कर कर्म और शान्तिकी उपेक्षा कर देना, कर्मको पकड़कर शान्ति और वासनाकी उपेक्षा कर देना, ये सब एकांगी

Guru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalga

. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Gra

मत हैं। भक्तिमार्गमें अशास्त्रीय भक्तिमार्गी ही वासना या भावको लेकर कर्मकी उपेक्षा करते हैं। शास्त्रसम्मत भक्तिमार्गी ऐसा नहीं करते।

> वेदशास्त्रपुराणादि पाञ्चरात्रागमं विना।
> ऐकान्तिकी हरेर्भक्तिरुत्पातायैव केवलम्॥

वेद, शास्त्र, पुराण तथा पाञ्चरात्रागमको छोड़कर जो अनन्या भगवद्भक्ति है, वह केवल उत्पातका ही कारण होती है।

श्रीरूपगोस्वामीजी-जैसे कट्टर वैष्णवने यह श्लोक उद्धृत किया है।

जहाँ अपने जीवनको, कर्मको सुधारनेकी भावना नहीं है, वहाँ न वेद है, न शास्त्र, न पाञ्चरात्र-विधि। वहाँ तो भक्तिके नामपर उत्पात-अनाचार होता है।

मैं एक महात्माके पास गया तो वे बोले—'मन दो प्रकारका होता है, एक सैलानी और एक मुस्तकिल।'

मन अपना ही दो भाग कर लेता है। एक भावसे अपनेमें द्रष्टापनका भाव कर लेता है और एक भागसे दृश्य बन जाता है। तब भ्रम उत्पन्न होता है कि—'दृश्यमें चाहे जो हो, मैं द्रष्टा हूँ।' यह द्रष्टापनकी कल्पना जितनी देर रहती है, उतनी देर द्रष्टा और दृश्यपना रहता है। जब कल्पना छूट जाती है, तब द्रष्टा-दृश्यका विभाग भी लुप्त हो जाता है। अतः यह नहीं समझना चाहिए कि मुस्तकिल मन आत्मा है और सैलानी मन मन है। आप यदि अपनेको मुस्तकिल मनसे एक करके सैलानी मनको छोड़ दोगे कि वह चाहे जहाँ जाय, तो गड़बड़ी होगी। अतः हमारा कर्म, हमारी वासना और हमारी स्थिति भी शुद्ध होनी चाहिए, यही वैदिक मत है।

Guru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalga

-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Gra

'योगिनं सुखमुत्तमम्'—कल्मष-पाप छोड़ देनेपर जो सुख मिलेगा, वह उत् सुख होगा। गाली देनेपर, शत्रुको मार देनेपर या उसे पीडा देकर जो सुख होता है, वह तामस सुख है। इससे बड़ा सुख है पापको छोड़ देनेपर होनेवाला सुख।

उत्तर सुख हुआ वासना छोड़नेपर जो होता है। जिससे काम-क्रोधका वेग बढ़े, ऐसा चिन्तन छोड़ दो।

उत्तम सुख तब होगा जब मन चंचलता छोड़ दे।

'ब्रह्मभूतम्'—चाहे अपनेको चेतन, स्वयंप्रकाश, साक्षी आप समझ लो; किन्तु जबतक परिच्छिन्न शरीरके साथ तादात्म्य बना है, तबतक आपका सुख उत्तम होनेपर भी क्षणिक है। अतः भगवान्‌ने कहा—'ब्रह्मभूतम्' जब जन्म-मरण, संयोग-वियोग सब सुख हो जाय, सुख-दुःखका, अपने-परायेका भेद न रहे, तब सुख उत्तम है। जिस अज्ञानके कारण द्रष्टा-दृश्यका विभाग हुआ है, वह अज्ञान मिट जाय, तब अद्वितीय, अविनाशी सुख प्राप्त होता है।

'उपैति—योगी सुखं न उपैति किन्तु सुखमेव योगिनमुपैति।'

योगी सुखके पास नहीं जाता, सुख ही योगीके पास आता है। अपना स्वरूप कहाँ आवे जाय?

'यस्मात्परं नापरमस्ति किञ्चिद्
नातो ज्यायो नाणीयोऽस्ति
किञ्चिद्।' —श्वेताश्वतर उपनिषद्

इससे न कोई ऊपर है, न नीचे। इससे कोई बड़ा नहीं है और इससे कोई छोटा भी नहीं है। अर्थात् यह अद्वितीय है।

'एनं योगिनम्'—यह जो आत्मयोगी है, इसकी परिभाषा हो गयी—'युञ्जन्नेवं सदात्मानम्' संसारके धन-भवन, स्त्री-परिवार, पद-प्रतिष्ठा, सब मिलती है, पर विशुद्ध अपना आपा नहीं मिलता।

ajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgao

. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Gr

हम कौन? यह पूछनेपर आप कहते हो—'हम धन या भवनवाले। अमुक पद या वंशवाले हैं।' आप अपनेको दूसरेके साथ मिलाकर ही देखते हैं। शुद्ध रूपमें अपनेको नहीं देखते। जो शुद्ध रूपमें अपने आपसे ही मिलता है, वह यह योगी है।

घरसे एक दिनको सब लोग कहीं चले जायँ तो घर जैसे काटने दौड़ता है। वही घर, वही दीवारें, वही सामग्री है; किन्तु एकान्तमें रहनेका स्वभाव नहीं है। दूसरोंके साथ मिलकर रहनेका स्वभाव पड़ गया है।

'योगिनो विभ्यति ह्यस्मादभये भयदर्शिनः।'

—श्रीगौड़पादाचार्य

क्योंकि इस योगमें किसीसे मिलना नहीं है, अतः जो मिलकर रहनेके अभ्यस्त हैं, वे इस अभयपदमें भी रहनेसे डरते हैं।

'अकल्मषम्'—इसे प्राप्त करनेके लिए अपनेको कर्मसे पृथक् करो। यह कर्मकी राख है, जो हमारे साथ चिपक गयी है।

यह शरीर भी कर्मकी राख ही है। कर्मानुरूप ही शरीरकी प्राप्ति होती है। कर्म, कर्मफल, करण और कर्ता, इन चारोंसे छूटोगे तब कर्मसे छूटोगे।

स्थूल कर्मफल शरीर है। यह पूर्व कर्मके फलसे मिला है। सूक्ष्म कर्मफल हैं जीवनमें आनेवाले सुख-दुःखके निमित्त।

जड़ द्रव्यसे एकता, कर्मका विक्षेप, सुख-दुःखको वृत्ति और वृत्तिकी शान्ति, यह सब कल्मष ही है। कर्म होता है द्रव्यसे। इससे ऊपर उठो तो राग आता है। इसे त्यागनेके लिए कहा—'शान्तरजसम्।' राग-द्वेष छूटनेपर मनोराज्य रहता है, उसे त्यागनेको कहा—'प्रशान्तमनसम्।'

Guru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalga

-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Gra

'ब्रह्मभूतम्'—अविद्या-निवृत्तिसे पूर्व भी हमारे चित्तकी ऐसी स्थिति हो जाती है कि उसमें क्लेश प्रकट न हों। जैसे लय हो; किन्तु विक्षेपका भय हो। भय होना अभिनिवेश है; परन्तु विक्षेपका भय अक्लिष्ट वृत्ति है। इसी प्रकार द्वेषसे द्वेष है। राग-द्वेष हमारे मनमें न आवें, यह अक्लिष्टवृत्ति है।

'मैं द्रष्टा हूँ' इत्याकारक वृत्ति है, यह विपर्यय है; किन्तु यह अक्लिष्ट वृत्ति है।

क्योंकि अपनी अखण्डताका बोध नहीं है, परिच्छिन्नता है, अविद्या है। लेकिन 'मैं दृश्यसे न्यारा हूँ' यह भेद विकल्प होनेपर भी अक्लिष्ट वृत्ति है।

यद्यपि ये प्रमाण, विपर्यय, विकल्प, निद्रा, स्मृति, सबके सब वृत्ति हैं; किन्तु इनका एक रूप क्लेशदायी होता है और एक रूप क्लेशदायी नहीं होता। अतः जबतक समाधि-विक्षेपका भेद मिट न जाय, तबतक भोक्ता-भोग्य, कर्ता-कर्म, द्रष्टा-दृश्य आदिका भेद बना रहेगा।

'उपैति'—उपासक ब्रह्मसे सायुज्य मानते हैं। जीवात्मा जाकर आराध्यमें लीन हो जाता है। जैसे घड़ा फूटनेपर मिट्टीमें मिल जाता है अथवा जल जाकर समुद्रमें मिल जाता है।

यहाँ वृत्तिमें ब्रह्म आनेपर—ब्रह्माकार-वृत्ति होनेपर वृत्ति नष्ट हो गयी। जाकर मिलना यहाँ नहीं है। यहाँ न किसीसे कोई मिलता है, न पृथक् होता है। अज्ञानके कारण जो पृथक्ता भासती है, वह अज्ञान-निवृत्तिसे निवृत्त हो जाती है।

ajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgao

. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Gra

: २८ :

• संगति

इसका अभ्यास क्या है ? अनुभवका स्वरूप क्या है ? एकताका बोध ही इस अनुभवका पर्यवसान है ।

कर्तव्य तीन प्रकारके होते हैं—१. शारीरिक कर्तव्य क्रियाके द्वारा पूरे किये जाते हैं ।

२. मानसिक कर्तव्य भावनाके द्वारा पूरे किये जाते हैं ।

३. ये यौगिक कर्तव्य निवृत्ति, शान्ति तथा समाधिके द्वारा पूरे किये जाते हैं ।

इन तीनोंमें कर्तृत्व रहता है, तब कर्तव्य होता है । बिना कर्तृत्वके कोई कर्तव्य नहीं होता । जब ब्रह्मात्मैक्य-बोध हो जाता है, तब कर्तृत्व, कर्म, करण और जिस आश्रयमें कर्म होते हैं, वह द्रव्य और कर्मफल तथा भोक्तृत्व अखण्ड ब्रह्ममें बाधित हो जाता है ।

Guru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalga

-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Gra

अतः जो चित्तसे भी मुमुक्षा धारण करके आत्माके सच्चे स्वरूपको जानना चाहते हैं, उनके लिए यह प्रक्रिया बतलाई जा रही है।

युञ्जन्नेवं सदात्मानं योगी विगतकल्पषः।
सुखेन ब्रह्मसंस्पर्शमत्यन्तं सुखमश्नुते ॥२८॥

इस प्रकार विगतकल्मष योगी सदा आत्मयोग करता हुआ सुखपूर्वक ब्रह्मसंस्पर्श-रूप आत्मन्तिक सुखका उपभोग करता है।

'विगतकल्मषः'—कर्मका संस्कार कल्मष है। 'यह करेंगे और यह पावेंगे। यह संस्कार जिसके मनमें है, वह कर्तृत्वसे मुक्त कैसे हो सकता है?

जहाँ कर्म है, वहाँ भोग है। जहाँ भोग है, वहाँ कर्म है। कर्म और भोगसे मुक्ति तो निवृत्तिके बिना नहीं मिलेगी।

'नास्त्यकृतः कृतेन।—श्रुति

कर्मके द्वारा मोक्ष नहीं मिलता।

'युञ्जन्नेवं सदात्मानम्'—सत्+आत्मानं युञ्जन्' यह जो तुम्हारा सत्—होना है, वह स्वयंप्रकाश चिदात्मासे एक है या पृथक्? यदि चिद्रहित सत् है तो जड़ है और सद्रहित चिद् है तो क्षणिक है। अतः ऐसा सत् मत पकड़ना जो चिद् न हो और ऐसा चिद् मत पकड़ना जो सत् न हो। चेतनसे पृथक् सत्ता मुर्दा है। सत्तासे पृथक् चेतना मरणशील है।

पहले उपादानताको ले जाना पड़ता है सत्पर्यन्त, जिसमें निद्रा होती है और चित्ताको ले जाना पड़ता है प्रकाशपर्यन्त, जिसमें निद्रा कभी स्पर्श नहीं करती। जब दोनों एक हैं, तब स्वयंप्रकाश चित्में निद्रा नहीं है और स्वयंप्रकाश सत्में विनाश नहीं,

ajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgao

. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Gra

है। अर्थात् देश, काल, वस्तुके परिच्छेदसे रहित यह ब्रह्म है। यह अनात्मयोगका त्याग ही आत्मयोग है।

'सुखेन ब्रह्मसंस्पर्शम्'—विगतकल्मष होगा और सदा अनात्मयोगका त्याग होगा तो ब्रह्मसंस्पर्श होगा।

इसीलिए श्रीगौड़पादाचार्यजी कहते हैं—

'अस्पर्शयोगो नामैषः।'

यही अनिर्वचनीयताकी महिमा है। स्पर्श न हो तो प्रवृत्ति ही न हो और स्पर्श हो तो विषय है। विषय और इन्द्रियोंके स्पर्श सुख देनेवाले हैं—

'मात्रास्पर्शास्तु कौन्तेय शीतोष्णसुखदुःखदाः।'

गीताने इन स्पर्शोंको त्याग देनेको कहा है—

'स्पर्शान् कृत्वा बहिर्बाह्यान्।'

—गीता २, १४

संस्पर्श—सम्यक् स्पर्श है। बाह्यस्पर्श-त्यागपूर्वक आत्माकी ब्रह्मताकी विषयता है। वह 'अत्यन्तं सुखमश्नुते—अन्तान् त्रिविध-परिच्छेदानतिक्रान्तमत्यन्तम्।' देश, काल, वस्तुके त्रिविध परिच्छेदका अतिक्रमण करके जो संस्पर्श होता है, वह अत्यन्त है।

'अत्यन्तम्'—ब्रह्मसंस्पर्श ही आत्यन्तिक सुख है। इससे परे या इससे महान् कोई सुख नहीं है। ब्रह्मसंस्पर्शकालके अनन्तर कोई सुख होगा, ऐसा नहीं। अत्यन्तं—इसका अन्त नहीं है। इसका देशमें भी अन्त नहीं है कि यह अन्तर्देशमें होता है तो बहिर्देशमें कोई और बड़ा सुख होगा, इस सुखके अतिरिक्त भी कोई और सुखकी रेखा होगी, ऐसा भी नहीं है। अत्यन्तं का अर्थ है कालातिक्रान्त, देशातिक्रान्त और वस्त्वतिक्रान्त।

Guru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalga

-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Gra

'ब्रह्मसंस्पर्शम्'—यह सुख अल्पस्पर्शरूप नहीं है।

'यो वै भूमा तत्सुखं नाल्पे सुखमस्ति।'—श्रुति

जो व्यापक है, वही सुखस्वरूप है। अल्पमें सुख नहीं है।

काल, देश या वस्तुके घेरेमें जो सुख है, वह तो सुख ही नहीं है। किसी अल्प-क्षुद्रमें सुख नहीं है। सुखस्वरूप आत्मामें ही सुख है।

ये हि संस्पर्शजा भोगा दुःखयोनय एव ते।

—गीता ५, २२

जो इन्द्रिय-विषयके स्पर्शरूप भोग हैं, वे सब तो निश्चय ही दुःखको उत्पन्न करनेवाले हैं।

'सुखेन'—जब यह अल्प और अन्तवाला सुख नहीं है तो इतने बड़े सुखका साधन बहुत कठिन होगा, इस आशंकाका निवारण करते हैं, 'सुखेन—अनायासम्' जो सुख देशानन्तरमें है, उसके पास जाना पड़ेगा। जो सुख कालान्तरमें है, उसकी प्रतीक्षा करनी होगी। जो सुख वस्त्वन्तरमें है, उसके लिए क्रिया करनी होगी। जिसमें निर्वृत्तिक होकर चित्तमें बैठना हो, वह बहुत कठिन है। लेकिन जो अपना स्वरूपभूत सुख है, उसके लिए क्या करना है?

'प्रत्यक्षावगमं धर्म्यं सुसुखं कर्तुमव्ययम्।'

यह तो प्रत्यक्ष जाननेका, सहज धर्म और सरलतासे प्राप्त होनेवाला है और करनेपर फिर इसका विनाश नहीं होता?

'यद्यत् कर्म करोमि तत्तद खिलं शम्भोतवाराधनम्।'

भगवान् शिव! मैं जो-जो कर्म करता हूँ, वह सब आपकी आराधना ही है।

प्रत्यभिज्ञाचार्य श्रीअभिनवगुप्तने कहा—

ajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgao

In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Gr

यस्त्वात्मानं सर्वगतं न पश्यति तस्मात् परमात्मा पलायितः।'

जिसको सृष्टिमें सर्वत्र परमात्माका दर्शन नहीं होता, उसे क्या परमात्मा दीखता है? उससे तो मानो परमात्मा दूर भाग गया है।

'सुखेन'—का अर्थ है कि जहाँ हो वहीं, जब हो तभी, जो हो वही परमात्मा है।

'यत्र यत्र मनो याति तत्र तत्र समाधयः।'

जहाँ-जहाँ मन जाता है, वहाँ-वहाँ समाधि ही है।

'सुखेन'—कर्मोपासनायोगादिनिरपेक्षम्, न कर्मकी आवश्यकता है, न उपासना की और न योगादि किसी अन्य साधन की।

यह सुख अत्यन्त है—सीमित नहीं है। यह ब्रह्मसंस्पर्श है—अल्प नहीं है। यह अनायास लभ्य है।

'अश्नुते'—ब्रह्मसंस्पर्श भी कल्पित है। इसका प्रकाशक आत्मा जब इस कल्पित ब्रह्म-संस्पर्शसे तादात्म्यापन्न होता है, तब इसकी पृथकता भस्म हो जाती है।

'अशूङ्-व्याप्तौ, ब्रह्म संस्पर्शमपि आत्मसात् करोति।'

यह अश् अनन्त ब्रह्मसुखको आत्मासे अपृथक् रूपमें अनुभव करता है।

'अश्नुते'—यह सुख तुम्हारा भोग्य बनकर तुम्हारे सामने नहीं खेलेगा। इससे तुम एक हो जाओगे। जैसे कि स्वप्नमें जो कुछ दीख रहा है, उसमें तुम व्याप्त हो।

●

Guru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalga

-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Gra

: २६ :

• संगति

सोपाधिक और निरुपाधिक दो प्रकारका योग होता है। इसमें सर्वात्मभाव सोपाधिक योग है और निर्नामरूप जो निरूपाख्य-योग है वह निरुपाधिक योग है। व्यतिरेकी योग निरुपाधिक है। अन्वयमें सर्वात्म-भाव है। व्यतिरेकमें सर्वातिरिक्त भाव है।

पूर्णवैराग्य होनेपर निरुपाधिक योग चल सकता है। वैराग्यमें किञ्चिन्न्यूनता होनेपर सोपाधिक योग ही हो सकता है।

ब्रह्म सोपाधिक है या निरुपाधिक ?

सोपाधिक ओर निरुपाधिक दोनों योग हैं। 'योगः संहननोपायः' कई वस्तुओंके मिश्रणका नाम योग है। किसी फलकी प्राप्तिके लिये जो उपाय किया जाय, उसका भी नाम योग है। ब्रह्मात्मैक्य-ज्ञान अपना स्वरूप है। यह योग नहीं है।

चाहे दृश्यसे अपनेको पृथक् कर लो कि 'मैं द्रष्टा, चेतन, साक्षी, विषय-विषयी भावसे शून्य निर्मल हूँ।' इस भावनामें बैठ जाओ। यह भावना ही है। कर्ताके द्वारा होनेवाली, समय विशेषमें होनेवाली और मिट जानेवाली है। चाहे यह भावना करो, चाहे सबसे अपनेको मिला दो कि—'मैं ही सब हूँ। मेरे बिना कुछ नहीं है।' लेकिन यही ब्रह्मका

ajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgao

In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Gr

स्वरूप नहीं है। जो किसीसे व्यतिरिक्त है, वह ब्रह्म नहीं है और जो किसीमें अन्वित है, वह भी ब्रह्म नहीं है।

श्री सुरेश्वराचार्य कहते हैं—'जिसमें अन्वय-व्यतिरेककी पहुँच नहीं है, वह ब्रह्म है। वह साक्षादपरोक्ष है।'

'यदनीदृगतादृक् च।'

साहित्य-राहित्य दोनों उपाधियाँ हैं।

यदि आप निष्क्रिय निर्वृत्तिक सन्मात्रमें बैठते हैं तो आपकी समाधि लग जायगी। लेकिन वह सन्मात्र स्वयंप्रकाश चेतन है या नहीं? यदि आप अपनेको स्वयंप्रकाश सर्वावभासक चेतनके रूपमें अनुभव करते हों तो सम्पूर्ण सृष्टि आपके प्रकाशसे प्रकाशित स्वप्नवत् है।

सन्मात्रको अपनेसे पृथक् करो तो वह जड़ हो जायगा। चेतनको अपनेसे पृथक् करोगे तो वह सर्वज्ञ ईश्वर होकर भासेगा। आनन्दको अपनेसे पृथक् करोगे तो वह भजनीय हो जायगा।

सन्मात्र अपनेसे पृथक् है तो उससे असंग होना पड़ेगा। अपनेसे पृथक् कोई सर्वज्ञ-चिन्मात्र है तो उसकी शरणागति लेनी होगी। अपनेसे पृथक् आनन्द है तो उससे प्रेम करना होगा।

यदि अपना आपा ही सत् है, चित् है, आनन्द है तो करना भला क्या है?

'यस्तु सर्वाणि भूतानि आत्मन्येवानुपश्यति।
सर्वभूतेषु चात्मानं ततो न विजुगुप्सते॥
—श्रुति

यस्मिन् सर्वाणि भूतानि आत्मैवाभूद्विजानतः।
तत्र को मोहः कः शोक एकत्वमनुपश्यतः॥
—श्रुति

Guru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalga

-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Gra

यदि आप जान जायँ कि सबमें मै हूँ और मुझमें सब है, तब 'मैं' लुप्त हो जायगा। यदि यह 'मैं' नहीं लुप्त होता है तो आप 'सबमें मैं और मुझमें सब' का अर्थ नहीं समझते हैं। अधिष्ठान-अध्यस्तका भेद यह श्रुति मिटाती है। इस सत्यको जान लेनेपर 'मैं-मुझ'का भेद नहीं रहता। अन्यमें न प्यार है, न द्वेष है। अन्यसे भय नहीं है; क्योंकि अविद्यामूलक अन्यताकी कल्पना ही नष्ट हो गई है।

सर्वभूतेषु चात्मानं सर्वभूतानि चात्मनि।
सम्पश्यन्नात्मयाजी वै स्वाराज्यमधिगच्छति॥

—मनुस्मृति, अ० १२

'अहं'की बलि देकर, अविद्याका नाश होते ही 'मैं' का राग और रागास्पदका बलिदान चढ़ेगा।

श्रुति-स्मृतिकी यही बात गीतामें यहाँ कही जा रही है। गीताके ये अगले तीन श्लोक मिलकर महावाक्य है।

'सर्वभूतस्थमात्मानम्' इसमें 'त्वं' पदार्थ अहंपदार्थका निरूपण है।

'यो मां पश्यति सर्वत्र' इस श्लोकमें 'तत् पदार्थ' ब्रह्मपदार्थका निरूपण है।

'सर्वभूतस्थितं यो माम्' इस श्लोकमें 'अस्मि' पदार्थ है।

इस प्रकार इन तीन श्लोकोंमें 'अहं ब्रह्मास्मि' अथवा 'तत्त्वमसि' इन महावाक्योंका निरूपण है।

सर्वभूतस्थमात्मानं सर्वभूतानि चात्मनि।
ईक्षते योगयुक्तात्मा सर्वत्र समदर्शनः ॥२९॥

सर्वत्र समदर्शी योगयुक्तात्मा सब भूतोंमें अपनेको और अपनेमें सब भूतोंको देखता है।

ajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgao

In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Gra

'सर्वभूतस्थमात्मानम्'—सांख्य और योग राग-द्वेषको मिटाना चाहते हैं और मानते हैं कि जिस विवेकसे राग-द्वेष मिट जाय, वह विवेक धर्म है। संसारके सब पदार्थ प्रकृतिसे ही निकलते हैं और प्रकृतिमें ही लीन होते हैं। अतः उन्होंने कहा—'कार्यको कारणमें लीन कर दो और कारणमें-से कार्यको प्रकट कर लो। इस विवेकसे देखो कि 'सब घोड़ा-हाथी, गधा, स्त्री-पुरुष, चीनीके खिलौने या मिट्टीके बर्तनोंके समान एक ही तत्त्वके बने हैं। अतः राग-द्वेष किससे करना ?'

इस प्रक्रियामें उन्होंने सत्त्व, रजस्, तमस् अर्थात् ज्ञान, क्रिया और शरीर, इन तीनोंकी उत्पत्ति प्रकृतिसे मानी है।

देह-भेद नहीं है, वृत्ति-भेद नहीं है, क्रिया-भेद नहीं है, तीनों प्रकृतिमें लीन हुए और प्रकृतिसे उत्पन्न हुए। इस कार्य-कारण-भावकी दृष्टिसे जो विचार करेगा, सृष्टिमें उसका राग-द्वेष नहीं रहेगा।

आत्मा निर्विकार, द्रष्टा, एकरस है। यहाँ भी लय-उदयका बल नहीं है। बल है एकत्व-ज्ञान का। नहीं तो कारणावस्थामें एक होनेपर सुख मिलेगा और कार्यावस्थामें विक्षेप होगा। लेकिन कार्य-कारण दोनोंमें एकही तत्त्व है, इस ज्ञानसे ही राग-द्वेषकी निवृत्ति होती है।

भक्तोंने बल और ज्ञान दोनोंको मिलाकर अखण्ड कर दिया तो वह ईश्वर हो गया। वही बलांशेन जगतका उपादान है और ज्ञानांशेन निमित्त है।

यह उपादान-निमित्तता और दोनोंके एकत्वके ज्ञानका बल भी कर्तृत्व-भोक्तृत्वसे सर्वथा मुक्त नहीं है। संकल्प—फलके समान ज्ञानसे

Guru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalga

-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Gra

शून्य धर्म, ज्ञानरहित भक्ति, ज्ञानरहित समाधिसे कोई लाभ नहीं होता; अतः ज्ञान ही सच्चा आनन्द है। ज्ञानमें आनन्द नहीं है। ज्ञान आनन्द एक ही हैं।

सर्वभूतस्थमात्मानं—सर्वं अर्थात् सब भूत—भवन्ति इति भूतानि—जो होते हैं, हो रहे हैं, होंगे।

भूतानि अनेकविधानि भवन्ति, परन्तु सर्वत्र भूः—सत्ता एकैव। पूर्वाणि भूतानि नश्यन्ति वर्तमानि भूतानि तिष्ठन्ति भविष्यन्ति भूतानि भविष्यन्ति च नश्यन्ति च इति भूतानि। यान्येव भवन्ति तान्येव नश्यन्ति। यान्येव नश्यन्ति तान्येव भवन्ति। 'यद्दृष्टं तन्नष्टं यज्जन्यं तदनित्यम्।'

भूत अनेक प्रकारके होते हैं; किन्तु सर्वत्र सत्ता एक ही है। पहलेके भूत नष्ट हो गये। वर्तमानके भूत हैं, पर नष्ट होंगे। भविष्यमें होनेवाले भूत होंगे, फिर नष्ट होंगे। जो भूत होते हैं, वही नष्ट होते है और जो नष्ट होते हैं, वही फिर होते हैं; क्योंकि नियम है—जो दृश्य है, वह नाशवान है। जो उत्पन्न होता है, वह मरता है।

'तत्रस्थः कः ? निवृत्तगतिः कः ? कः तिष्ठति ? 'स्था गति-निवृत्तौ'

इनमें वह कौनसी वस्तु है जो कहीं गयी नहीं, स्थित है, मरी नहीं, बनी नहीं, उत्पन्न नहीं हुई, वही 'स्थ' है। वही हैं—'सर्वभूतस्थ आत्मा।'

मरणदशायामपि वर्तमानदशायामपि भवनदशायामपि तिष्ठति इति सर्वभूतस्थः कः आत्मानम्।'

(वह मरणदशामें, वर्तमानदशामें, भवनदशामें भी स्थित रहनेसे सर्वभूतोंमें स्थित आत्मा है।)

ajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgao

In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Gra

आपके घर अतिथि आया और खा-पीकर चला गया; किन्तु आप ज्योंके त्यों हैं। इसी प्रकार संसारके जितने भी दृश्य हैं—जाग्रत्‌में, स्वप्नमें या सुषुप्तिमें—सब आते हैं, रहते हैं, जाते हैं, अतः सब भूत हैं।'

अशरीरं शरीरेष्वनवस्थेष्ववस्थितम् ।
महान्तं विभुमात्मानं मत्वा धीरो न शोचति ॥

धीर पुरुष शरीरोंमें अशरीरी, अनवस्थितोंमें अवस्थित, महान्, विभु अपने आत्माको जानकर शोक नहीं करता।

सबसे बड़ी भूल साधनाके क्षेत्रमें यह है कि जैसे चमड़ेके भीतर हड्डीको हम 'मेरी' कहते हैं, वैसे पूरे शरीरको 'मैं' मानते हैं। इसी प्रकार आत्माको 'मेरी' कहते हैं। शरीरके भीतर आत्माको सीमित करके फिर चाहे धर्म करो या समाधि लगाओ या तदाकार वृत्ति करो, पर ऐसा समझनेवाला कुछ नहीं जानता।

'मैं साधन करके मुक्त हो गया। शेष सब बद्ध हैं।' यह मानना अज्ञानीकी पहिचान है। अपने शरीर की, मन की, बुद्धि की, समाधि या शान्तिकी या वृत्तिकी विशेषतासे यदि अपनेको अन्य शरीरोंमें स्थित आत्मासे कोई विशेष मानता है तो यह भेद-ज्ञानी बद्ध ही है।

'भूतेषु'—भूत वह जो होते हैं और नष्ट होते हैं। ये देशमें होते हैं और इनके होने तथा नष्ट होनेमें कालक्रम है। आप इन होने, नष्ट होनेवाले भूतोंको, इनके देश और कालको देख रहे हैं तो आप इनमें स्थिर हैं। आप भूतोंमें, देश-काल सबमें एक हैं, स्थिर हैं। आप वह आत्मा हैं जो जन्मता-मरता नहीं। नरक-स्वर्ग आता-जाता नहीं। मनुष्य-पशु आदि नहीं होता। जिसमें सृष्टि-प्रलय नहीं है।

Guru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalga

-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Gra

'आत्मा—सर्वेषु भवत्सु नश्यत्सु सातत्येनाधिगच्छति ।'

समय बीत रहा है। प्राणी मर-जी रहे हैं; किन्तु आप एक-रस हैं।

'सर्वभूतेषु चात्मानम्'—इन सर्वभूतोंको देखनेवाला कौन है? आत्मा। आपके विना किसको दीखेगा? किस पर्देपर दीख रहा है? अपने भीतर ही दीख रहा है।

'सर्वभूतानि चात्मनि'—पर्दा भी यह स्वयंप्रकाश सर्वाव-भासक आत्मदेव ही हैं।

यानि भूतानि नश्यन्ति तान्यात्मन्येव नश्यन्ति, यानि भूतानि भवन्ति तान्यात्मन्येव भवन्ति, तिष्ठन्ति भूता-न्यात्मन्येव ।'

जो भूत नष्ट होते हैं, वे आत्मामें ही नष्ट होते हैं। जो होते—जो भूत होते—जन्मते हैं, वे आत्मामें ही जन्मते हैं। स्थित भूत आत्मामें ही हैं।

आत्मा ज्ञानस्वरूप है। ज्ञानके बिना कोई दूसरी वस्तु दीखती नहीं और ज्ञान ही सर्वाधार, सर्वाधिष्ठान है। ज्ञानका अधिष्ठान दूसरा नहीं है, अर्थात् ज्ञानस्वरूप अधिष्ठानमें यह सब भूतों की उत्पत्ति, स्थिति, प्रलय अध्यस्त है।

'ईक्षते योगयुक्तात्मा'—यदि वस्तुकी उत्पत्ति-प्रलयको देखो तो आप सन्मात्र हो और यदि वस्तुकी प्रतीति—अप्रतीतिको देखो तो आप चिन्मात्र हो।

'योगयुक्तात्मा'—यह साधन-दशा है। 'सर्वत्र समदर्शनः'—यह व्यवहार-दशा है। दोनों में तुम देखो कि यह देश-काल-वस्तु जो प्रतीत हो रही है, उसमें केवल 'मैं' ही परमार्थ है।

ajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgao

In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Gra

व्यवहार है तो सर्वत्र समदृष्टि है। समाधि है तो योग-युक्तात्मा है। अथवा कहो कि जो योग-युक्तात्मा है, वह सर्वत्र समदर्शन है।

'यो हि योगयुक्तात्मा भवति स सर्वत्र समदर्शनो भवति'

उसका ईक्षण क्या अयथार्थ ईक्षण है ?

'तदपश्यत् तदभवत् तदासीत्।'

—शुक्ल यजुर्वेद सं० अ ३४

उसको देखा, वही हो गया, क्योंकि वही था।

योग युक्तात्माका अर्थ है वियोग युक्तात्मा। यहाँ योग संज्ञा किसकी है ?

'तं विद्याद्दुःखसंयोगवियोगं योगसंज्ञितम्।'

दुःखके निमित्त पाप-पुण्य, दुखाकार वृत्ति, दुःखका अधिकरण अन्तःकरण, अहं दुःखी इत्याकारक अभिमान जिसका स्पर्श नहीं करते, उस आत्मासे जब तुम एक हुए तो सब सम हो गया। तब तुम समदर्शन हो गये।

'नश्यत्सु भूतेषु भवत्सु च भूतेषु स्थितमात्मानमधिष्ठानतया स्वप्रकाशतया च पश्यत्।'

नष्ट होते भूतोंमें, उत्पन्न होते भूतोंमें भी स्थित आत्माको अधिष्ठान रूपसे, स्वप्रकाश रूपसे देखता है। तब आत्माके अतिरिक्त कुछ नहीं है।

●

Guru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalga

-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Gra

• संगति

अब भगवान् बतलाना चाहते हैं कि 'जो तुम हो, वह मैं हूँ और जो मैं हूँ, वह तुम हो।' यह बात तब बनेगी जब दोनोंका लक्षण एक होगा। लक्षण एक हुए बिना दोनोंकी एकता हो नहीं सकती। जैसे सर्वभूत आत्मामें और सर्वभूतोंमें आत्मा है, ऐसा ही परमात्मा हो तो दोनोंकी एकता बनेगी।

वस्तुको पूर्णतः देखना है तो उसे सब ओरसे देखना पड़ता है। एक कोणसे लिया फोटो वस्तुके समग्र रूपको नहीं दिखला सकता।

हम देखते हैं, संसार दीखता है। हम द्रष्टा हैं, संसार दृश्य है। जैसे हम स्वप्न देखते हैं तो स्वप्नका कण-कण मुझसे ही अनुस्यूत है, मेरे अतिरिक्त कुछ नहीं है, वैसे ही जाग्रत्‌में भी मेरे अतिरिक्त कुछ नहीं हैं। सब दृष्टिमात्र ही है।

तब यह भेद क्यों प्रतीत होता है ?

आत्मा भिन्न-भिन्न है नहीं और न विषय भिन्न-भिन्न हैं। द्रष्टाकी दृष्टिके भेदसे विषयमें भेद आया है; किन्तु विषय भिन्न-भिन्न क्यों भासते हैं ?

जैसे प्रत्येक शरीरमें एवं अन्तःकरणकी उपाधिमें स्थित होकर ज्ञाता ज्ञेयको जानता है, वैसे ही प्रत्येक ज्ञेयकी उपाधिमें स्थित होकर चेतन ज्ञेयको प्रकाशित करता है। ज्ञेयगत जो बीज है, उस व्यष्टि-बीजकी उपाधिसे एक ही चैतन्य वहाँ पृथक्ताको प्रकाशित कर रहा है।

आममें, अंगूरमें, इमलीमें जो स्वाद है वह द्रष्टाकी दृष्टि है तो उसमें यह स्वाद-भेद कहाँसे आया ?

ajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgao

In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Gra

वासनासे। तब पहले स्वाद या पहले वासना? वासना डालनेवाला स्वादु पदार्थ भी तो होना चाहिये।

पदार्थोंके बीजमें भी चेतन है, अन्यथा विषयके भेदका प्रकाशन द्रष्टामेंसे नहीं निकलेगा। जैसे अन्तःकरणमें वासनाका भेद होता है, वैसे ही विषयमें भी गुणका भेद होता है।

तब विज्ञानवादी बौद्ध कहते हैं—'बाह्य पदार्थके बिना अन्तःकरणमें वासना-भेद हो ही नहीं सकता। बाह्यार्थका अवधूनन करके धीवृत्ति हो नहीं सकती।'

दृष्टिकी उपाधिसे चैतन्यको देखो तो अखण्ड आत्मचैतन्य और विषयकी उपाधिसे चैतन्यको देखो तो अखण्ड ईश्वर-चैतन्य है। यहाँ दोनों प्रकारसे विचार किया गया है।

'सर्वभूतस्थमात्मानम्' यह अपनी ओरसे विचार और 'यो मां पश्यति सर्वत्र' यह परमेश्वरकी ओरसे है। इन दोनोंका वर्णन करके तब दोनोंके एकत्व का वर्णन करेंगे।

यो मां पश्यति सर्वत्र सर्वं च मयि पश्यति।
तस्याहं न प्रणश्यामि स च मे न प्रणश्यति ॥३०॥

जो मुझे सर्वत्र देखता है और सबको मुझमें देखता है, उसके लिये न मैं प्रणष्ट होता हूँ और न मेरे लिए वह प्रणष्ट होता है।

'यो मां पश्यति सर्वत्र' एक महात्मा कनखलमें रहते थे। इतने कट्टर थे कि ब्रह्मसूत्रके शांकर-भाष्यको छोड़कर दूसरे भाष्य भी नहीं मानते थे। एक जिज्ञासु उन महात्माके पास गया तो वे बोले—'तुम्हीं ब्रह्म हो।'

जिज्ञासु—'यह तो मैंने बहुत पढ़ा है। आपने नया क्या बतलाया?'

Guru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalga

-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Gra

महात्मा—'दूसरे महात्माके पास जाओ।'

जिन महात्माका नाम उन्होंने बतलाया था, उनके पास वह गया। वे समझ गये और बोले—'ऐसे कुछ बतलाया नहीं जाता। हमारे यहाँ गायें हैं, गोशाला है। बारह महीने गोबरके उपले बनाओ। तुम्हारा अन्तःकरण शुद्ध होगा, तब बतलावेंगे।'

जिज्ञासा सच्ची थी। वह उपले बनानेमें लग गया। अन्तमें वर्ष पूरा होनेपर वे महात्मा बोले—'जो ब्रह्म है सो तू है, जो तू है वह ब्रह्म है।'

जिज्ञासु—'यह बात तो उपले बनानेसे पहले ही गुरुजीने बतला दी थी।'

महात्मा—'तुमने गुरुजीकी बात नहीं मानी, उसका यह प्रायश्चित तुमको करना पड़ा है।'

श्रीउड़िया बाबाजी महाराज कहते थे—'ज्ञान हो जानेपर भी ब्रह्माकार वृत्ति करो।'

मैं—'ब्रह्म किस वृत्तिका विषय है?'

बाबा—'ब्रह्म वृत्तिका विषय नहीं है, यह जानना ही ब्रह्माकार वृत्ति है। कोई वृत्ति न करना ही ब्रह्माकार वृत्ति करना है।'

'यो मां पश्यति सर्वत्र'—परमात्माका साक्षात्कार हो जानेपर यही स्थिति होती है—

> सम्पूर्णं जगदेव नन्दनवनं सर्वेऽपि कल्पद्रुमा
> गाङ्गं वारि समस्तवारिनिवहाः पुण्याः समस्ताः क्रियाः।
> वाचः प्राकृत संस्कृताः श्रुतिशिरो वाराणसी मेदिनी।
> सर्वावस्थितिरस्य वस्तुविषया दृष्टे परे ब्रह्मणि॥

ajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgao

In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Gra

सम्पूर्ण जगत ही नन्दनवन—देवोद्यान लगने लगता है। सब वृक्ष कल्पवृक्ष जान पड़ते हैं। समस्त जल गंगाजलके समान पवित्र प्रतीत होता है। सब क्रियायें पवित्र हो जाती हैं। सामान्य वाणी, गाली-गलौज, संस्कृत भाषादि सब शब्दमात्र वेदमन्त्र लगने लगते हैं। पूरी पृथ्वी काशीके समान मोक्षदायिनी हो जाती है। सब अवस्थाएँ ब्रह्मस्थिति हो जाती हैं, जब परम ब्रह्मका साक्षात्कार हो जाता है।

जहँ जहँ चलौं सोइ परिकरमा,
जो जो करों सो पूजा।

'यो मां पश्यति सर्वत्र'—धर्म कहता है—'सबमें जीव देखो' सबका भला करो। यही धर्मका सार है।'

क्रुध्यन्तं न प्रतिक्रुध्येत्
आक्रुष्टः कुशलं वदेत्।

क्रोध करनेवालेपर भी क्रोध न करे। कोई गाली दे, निन्दा करे, तो भी उससे अच्छी बात करे।

उपासनाका सार है सबके भीतर भगवान्का दर्शन करना। सबको भगवद्रूप देखना।

मैं एक बार ध्यान करने बैठा था। ऐसा लगा कि प्रलय-समुद्र और मैं उसमें कमर भर जलमें खड़ा हूँ। चारो ओर जल ही जल है। सामने वटवृक्ष है और उसके एक पत्रपर बालमुकुन्द पैरका अँगूठा मुखमें लिए मन्द-मन्द मुस्करा रहे हैं।

मनमें आया—'ये एक क्यों हैं? इन्हें तो सर्वत्र होना चाहिए।'

Guru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalga

-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Gra

लगने लगा कि वटवृक्षके सभी पत्तोंपर वही बालमुकुन्द हैं। फिर मनमें आया—'ये पत्रोंपर ही क्यों हैं ? इन्हें तो सर्वत्र होना चाहिए।'

ऐसा लगा कि न वटवृक्ष है, न जल है, अणु-अणुमें वही नन्हा नन्हा मन्द-मन्द मुस्कराता शिशु ही है।'

मनमें अब आया—'ईश्वर तो एक है। यह अनेक हैं तो यह ईश्वर कैसा ?'

तत्काल सब कुछ दीखना बन्द हो गया। एक प्रकाश—चिज्ज्योतिमात्र।

मनमें फिर आया—'यह दीखनेवाला और मैं देखनेवाला क्या दो हैं ?'

तब विचारकी गति अवरुद्ध हो गई। कुछ समय तक कुछ प्रतीत नहीं हुआ। फिर वही चिज्ज्योति, फिर अणु-अणुमें बालमुकुन्द, फिर वटवृक्षके पत्र-पत्रपर, फिर एक पत्रपर और फिर मैं तो ध्यान करने बैठा हूँ।

'यो मां पश्यति सर्वत्र'—आपको जो भी दीखता है, वहीं परमात्माको देखना प्रारम्भ कर दीजिए। यह 'पश्यति' परमार्थ वहीं है। मूल धातु 'दृक्' है। 'पश्' तो आदिष्ट है। यह 'पश्यति' सकर्मक क्रिया है। यहाँ धातुका अर्थ विवक्षित नहीं है। ज्ञानमात्र विवक्षित है। सबमें अपने आपको देखना एक साधन है और सबमें परमात्माको देखना भी एक साधन है।

सर्वत्र—अध्यस्तेषु पदार्थेषु मां स्वप्रकाशाधिष्ठानतया परमात्मानं पश्यति।

सर्वत्रका अर्थ है कि अध्यस्त पदार्थोंमें मुझ स्वयंप्रकाश परमात्माको अधिष्ठानरूपसे देखता है।

ajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgao

). In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Gra

साँपको मत देखो, रस्सीको देखो। नीलिमा मत देखो, विशाल गगन देखो। दृश्य मत देखो, दृष्टिको देखो।

प्रकृतधीः परिणाममुदीक्षते,
क्षपितकल्मषधीस्तु विवर्तताम्।

—संक्षेप शारीरक

सामान्यबुद्धि लोग संसारको प्रकृतिका परिणाम देखते हैं। जिसकी बुद्धि शुद्ध है वह ब्रह्मका विवर्त देखता है। जिसकी अविद्या नष्ट हो गई, उसके लिए न परिणाम है, न विवर्त। जगत्‌के रूपमें परमात्मा बन गया है, या जगत्‌के रूपमें परमात्मा दीख रहा है, यह दोनों उसके लिए नहीं है। उसके लिए तो यह परमात्मा ही है।

श्रीरामानुजाचार्यने ब्रह्मसूत्रका भाष्य बोधायनवृत्तिका आलम्बन लेकर किया है और श्रीशंकराचार्यने ब्रह्मसूत्र-भाष्य सूतसंहिताका आलम्बन लेकर किया है। उस सूत-संहितामें आया है—

यानि सर्वाणि कर्माणि विहितानि श्रुतौ स्मृतौ।
तानि शम्भोर्महापूजा एतज्ज्ञानं महामखः॥
यानि सर्वाणि कर्माणि निषिद्धानि श्रुतौ स्मृतौ।
तानि शम्भोर्महापूजा एतज्ज्ञानं महामखः॥
यानि सर्वाणि कर्माणि अनिषिद्धानि श्रुतौ स्मृतौ।
तानि शम्भोर्महापूजा एतज्ज्ञानं महामखः॥
यानि सर्वाणि कर्माणि अविहितानि श्रुतौ स्मृतौ।
तानि शम्भोर्महापूजा एतज्ज्ञानं महामखः॥

यहाँ विहित और निषिद्धके भेदका मन्थन करके सार-सार रख दिया कि कर्ममात्र परमात्माकी पूजा है।

Guru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalga

C-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant

संसार को—स्त्री-पुरुषको क्यों देखते हो? भगवान् को देखो। वस्तुतः आप 'पश्यति' क्रिया के कर्ता नहीं हैं। आप तो निरपेक्ष दृङ्मात्र हैं।

यो मां पश्यति सर्वत्र—सबमें 'मां को—'अहमित्यर्थः' को देखो। सबको मुझमें—परमात्मा में देखो।

आत्मज्ञान—आत्मामें स्थिति योगसे होती है। परमात्मज्ञान, परमात्मामें स्थिति-भक्तिसे होती है और आत्मा-परमात्माका भेद मिटता है—तत्त्वज्ञान से।

'यो माँ पश्यति सर्वत्र—भगवान कहते हैं कि 'जो मुझे सर्वत्र देखता है और सब में मुझको देखता है, उसके लिये मेरा अदर्शन कभी नहीं होता।'

जहाँ देखता हूँ, वहीं तू ही तू है।

'तस्याहं न प्रणश्यामि—तस्य अहं प्रणश्यामि यः मां सर्वत्र न पश्यति।

जो मुझे सर्वत्र नहीं देखता, उसके लिये मैं मर जाता हूँ।' यह फलितार्थ निकलेगा 'तस्याहं न प्रणश्यामि' इस वाक्य से।

भगवान्को सर्वत्र न देखना और सब में भगवान्को न देखना, यह भगवान्का मरना है। अदर्शन ही भगवान् की मृत्यु है। जिसे भगवान् दीखते नहीं, उसकेलिये भगवान् कहाँ जीवित हैं?

जैसे कोई स्त्री पतिको घर से निकाल दे, उसे भूल जाय, दूसरे पुरुषसे विवाह कर ले तो उसके लिये तो पहिला पति मर ही गया। ऐसे ही जो भगवान् को भूलकर संसारमें आसक्त हो गया है, उसके लिये भगवान् कहाँ जीवित हैं?

यहाँ यह 'प्रणश्यामि' क्रियाका प्रयोग कितनी बड़ी चोट है!

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon

C-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant

'स च मे न प्रणश्यति'—भगवान् कहते हैं—वही मेरे लिए जीवित है।

'सर्वं मयि न पश्यति, सर्वत्र मां न पश्यति स मे प्रणश्यति।'

'वह मेरे लिए मर गया,– उसका होना, न होना मेरे लिए बराबर है। जो सर्वत्र मुझे नहीं देखता और सबको मुझमें नहीं देखता।

'यही नहीं कि वही मुझे देखे, मेरे लिए भी उसका अदर्शन कभी नहीं होता, जो सर्वत्र मुझे और सबको मुझमें देखता है। मैं उसको देखता हूँ, वह मुझको देखता है। वह मेरा द्रष्टा है, उसका द्रष्टा हूँ मैं। मैं उसका दृश्य हूँ, वह मेरा दृश्य है।'

दृश्य-दृश्यमें भेद नहीं और द्रष्टा-द्रष्टामें भेद नहीं, यही तो अभेद है।

जातीयताका सर्वोत्तम विकास यह है कि जाति, देश, धर्म आदिका भेद त्यागकर सबमें मानवताका दर्शन किया जाय।

जीवभावका सर्वोत्तम विकास है कि मनुष्य पशु, पक्षी, खटमल, मच्छर, सबमें जीव देखा जाय, किसीको भी दुःख न दिया जाय।

मनुष्यत्व-सामान्यसे जीवत्व-सामान्य श्रेष्ठ है।

यो मां पश्यति सर्वत्र—यथार्थं पश्यति अयथार्थं वा पश्यति ?

जो मुझे सर्वत्र देखता है, वह यथार्थ देखता है या अयथार्थ देखता है ?

श्रीराधा श्रीकृष्णसे मिलने वनमें गयी। वहाँ श्रीकृष्ण नहीं मिले तो वियोगके आवेशमें सर्वत्र श्रीकृष्ण दीखने लगे। वे तमालवृक्षोंसे

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon

C-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant

लिपटने लगीं—'ये कृष्ण हैं ! ये कृष्ण हैं !' यह यथार्थ दर्शन है या नहीं ? क्या यह 'यो मां पश्यति' है ?

इसी प्रकार क्या 'यो मां पश्यति सर्वत्र' यह एक मानसिक भावना यहाँ गीतामें बतलायी गयी है? यह कर्तृत्वमूलक कल्पना है?

'पश्यति' और 'कल्पयति' में अन्तर है या नहीं ? यह परमात्मा-को देखना आभासभास्य है या साक्षिभास्य ?

आप नेत्र बन्द करके एक मोटर देख लो तो वह मोटर अन्तः करणमें दीखी, एक मोटर आप सड़कपर देखते हैं। अब परमात्माको देखो। यह सड़कपर दीखनेवाली मोटरके समान दीखते हैं या अन्तः करणमें जो मोटर दीखी, वैसा दीखते हैं ? ये दोनों रीतियाँ ठीक नहीं हैं; क्योंकि परमात्मा न आभासभास्य है, बाहर दीखनेवाली मोटरके समान और न यह साक्षि-भास्य है, अन्तःकरणमें दीखने-वाली मोटरके समान, वस्तुतः तो दोनों मोटरें अन्तःकरणमें ही दीखती हैं।

आपको सड़कपर चलते हुए आगे गेरुआ वस्त्र दीखता है। आप समझते हैं, कोई महात्मा आ रहे हैं। समीप आने पर कोई देवीजी निकलती हैं। पहिले जो महात्माके दर्शन होरहा था, वह महात्मा सड़कपर था या आपके अन्तःकरणमें था ? उस समय महात्मा-वच्छिन्न चैतन्य और अन्तःकरणावच्छिन्न चैतन्य दोनों एक थे।

भ्रम हो या प्रमा, अन्तःकरणका संस्कार उदय होकर प्रमात्वेन अथवा भ्रमत्वेन भासता है।

स्मृति यदि यथार्थमूलक हो तो प्रमा है और अयथार्थमूलक हो तो भ्रम है।

हम जो परमात्माका दर्शन करते हैं, क्या वह पूर्वानुभवका स्मरण है ? अथवा आगे होनेवाले अनुभवकी कल्पना है ?

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon

C-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant

परमात्मा न द्रष्टाकी दृष्टि है और न प्रमाताने प्रमाणके द्वारा परमात्माको देखा है। परमात्मा कैसे देखा जायगा, वह तो प्रमाताका आत्मा है।

शाङ्करभाष्यमें आया है—

'अन्वेष्टव्यात्मविज्ञानात् प्राक्प्रमातृत्वमात्मनः।'

—जिसे तुम ढूँढ़ रहे हो, उसे जबतक नहीं पहचानते तबतक वह ढूँढ़नेकी वस्तु प्रमेय है और तुम ढूँढ़नेवाले प्रमाता हो। ढूँढ़ लेनेपर तो वह अपना आत्मा ही है। उसमें भूख-प्यास, जन्म-मरण, आना-जाना, देश-काल-वस्तु नहीं है। वह अखण्ड अद्वितीय ब्रह्म है। जब-तक उसे पा नहीं लेते, तभीतक दूसरा समझकर ढूँढ़ रहे हो।

'न दृष्टेः द्रष्टारं पश्येः।'

जिसको तुम देख रहे हो वह नहीं है, जो देख रहा है वह है।

'मां प्रत्यक्चैतन्याभिन्नमहं सर्वत्र इति नास्ति, पश्यति—दर्शनं नास्ति, दृङ्मात्रमात्मानमेव पश्यति।'

मुझ प्रत्यक्चैतन्याभिन्नको आत्मरूपमें अनुभव करता है। इसमें 'सर्वत्र' नहीं है और देखनेकी क्रिया भी नहीं है। 'पश्यति'का अर्थ है दृक्मात्र आत्मानुभव करता है।

परमात्माको देखना हो तो पहले सामूहिक रूपसे देखना मत प्रारम्भ करना। पहले अकेलेमें उसे देख लेना। यह 'पश्यति'में एकवचनकी प्रेरणा है।

'पश्यति—एकः पश्यति, अधुनैव पश्यति, पुरस्तात् पश्यति, यत् किञ्चिद्वस्तु पश्यति।'

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon

C-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant

एकः 'पश्यति' क्रियापद बोला गया तो उसका कर्ता एक है। स्थान यहीं है। समय यहीं है। कुछ-न-कुछ देख रहा है। इतनी बातें इसमें सन्निहित हैं।

'सर्वत्र मां पश्यति, सर्वस्मिन् वस्तुनि, सर्वस्मिन् देशे, सर्वस्मिन् काले मां पश्यति।'

परमात्माको सब देशमें, सब कालमें, सब वस्तुओंमें देखो।

'अन्तर्बहिश्च तत्सर्वं व्याप्य नारायणः स्थितः।'

सब देश-पूर्व-पश्चिमादि पृथक्-पृथक् हैं, सर्वकाल भूत-भविष्यादि, पृथक्-पृथक् हैं, सर्व वस्तु गौ-अश्वादि, घटपटादि पृथक्-पृथक् हैं; किन्तु भगवान् एक हैं, तो देश, काल, वस्तुसे भगवान् अपरिच्छिन्न, अभिन्ननिमित्तोपादान कारण हैं।

'यः पश्यति स पश्यति'—ऐसा जो देखता है, वही देखता है अर्थात् जो ऐसा नहीं देखता, वह अन्धा है।

'सर्वत्र मां पश्यति'—यह भगवान्की महिमा तो है, लेकिन आपकी दृष्टि भी तो सर्वत्र पहुँचनेवाली है।

सबमें भगवान्का अर्थ है कि आधार सब और आधेय भगवान्, जैसे घड़ेमें जल। तब कम-से-कम यह मानना होगा कि जितना बड़ा सब, उतना ही बड़ा भगवान्। इसलिए कह दिया—'सर्वं च मयि पश्यति।'

अब 'मयि' अधिकरण हो गया और 'सर्वं' अधिकृत हो गया।

'मम सर्वमधिकरणं परन्तु सर्वस्याहमधिकरणम्।'

मेरा अधिकरण सब है; किन्तु सबका अधिकरण मैं हूँ। इसमें अधिकरण-अधिकृत-भाव कट गया। एकत्व सम्पन्न हो गया। श्रुति कहती है—

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon

C-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant

'ब्रह्मैवेदं विश्वमिदं वरिष्ठम् ।'
'स एवेदं सर्वम् ।'
'आत्मैवेदं सर्वम् ।'
'अहमेवेदं सर्वम् ।'

'सर्वं च मयि पश्यति'—जैसे अध्यस्त अधिष्ठानमें है, परन्तु अधिष्ठानसे न्यारा नहीं है। अध्यस्तके कण-कणमें सर्वत्र अधिष्ठान है।

यह सब दृश्य अपनेमें ही दीख रहा है, अतः अपना आपा अधिष्ठान है और सब अध्यस्त है। अपने आपसे सब दीख रहा है, अतः अपना आप प्रकाश है और शेष सब प्रकाश्य है। प्रकाश्य-प्रकाशकका, अध्यस्त-अधिष्ठानका किञ्चित् भी भेद नहीं है।

आप सर्वत्रको भी देखते हैं और परमात्माको भी तो दोनों आपकी दृष्टिमें हैं। 'पश्यति'से व्याप्त 'मां' और 'मां' से व्याप्त 'पश्यति' अर्थात् दर्शन और भगवान् एक हैं।

'तस्याहं न प्रणश्यामि'—मरता कौन है?

'बुद्धिनाशात् प्रणश्यति ।'

जिसकी बुद्धिका नाश हो गया, वह मर गया। अपनेको नाशसे बचाना है तो बुद्धिको बचाकर रखो।

'तस्याहं न प्रणश्यामि'का अर्थ होगा कि उसकी बुद्धि मेरे सम्बन्धमें कभी भ्रष्ट नहीं होती। एक वार जिसने तत्त्वमस्यादि महावाक्यके द्वारा प्रत्यक्चैतन्याभिन्न परमात्मतत्त्वका साक्षात्कार कर लिया, उसके लिए परमात्माका अदर्शन नहीं होता। उसकी बुद्धि भ्रष्ट नहीं होगी।

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon

C-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant

वेदान्त मानसिक वस्तुकी अज्ञात सत्ता नहीं मानता। जैसे किसीसे पूछें—'तुम्हें सुख है या नहीं ?'

वह कहे—'पता नहीं चलता कि सुख है या नहीं।'

तब आप मानोगे कि इसे सुख नहीं है।

'तस्याहं न प्रणश्यामि'—का अर्थ है कि उसके लिए परमात्माकी अज्ञात सत्ता नहीं है और परमात्माके लिए आत्माकी अज्ञात सत्ता नहीं है। तात्पर्य यह कि दोनों अखण्ड ज्ञान-स्वरूप हैं।

परमात्मा यदि अपनी आत्माके अतिरिक्त कुछ हो तो कभी ज्ञात होगा ? कभी नहीं। लेकिन जब परमात्मा अपना आपा ही होगा तो वह कभी अज्ञात नहीं रहेगा। इसीसे कहते हैं—

तस्याहं न प्रणश्यामि स च मे न प्रणश्यति।

इसमें परोक्षता है ही नहीं। देशकृत, कालकृत, वस्तुकृत व्यवधानका अतिक्रमण करके सर्वथा अपरोक्षता हो गयी।

त्वं स्त्री त्वं पुमानसि त्वं कुमार उतवा कुमारी जीर्णो दण्डेन वञ्चसि।'
—श्रुति

सब रूपोंमें भगवान् हैं—यह जो देखता है, उसके लिए संसारमें कुछ कटु-अप्रिय नहीं रहा। सब उसके लिए अमृतमय—मधुमय हो गया।

'मधु वाता ऋतायते मधु क्षरन्ति सिन्धवः'
'इयं पृथिवी सर्वेषां भूतानां मधु।'

उसके लिए पृथ्वी, पानी, आग, हवा, आकाश सबका एक-एक कण, कालका एक-एक क्षण मधुमय हो गया।

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon

C-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant

• संगति

वस्तु या व्यक्तिका जहाँ भी लक्षण एक हो जाता है, वहाँ नाम दो होनेपर भी व्यक्ति एक ही होता है।

जैसे कोई कहे—'एक पण्डित शान्तनुविहारी द्विवेदो' थे। वाराणसी जिलेमें जन्म हुआ था। 'कल्याण'के सम्पादन-विभागमें काम करते थे। अमुक रूप-रंगके थे। एक स्वामी अखण्डानन्द सरस्वती हैं। जन्म वाराणसी जिलेमें हुआ है। 'कल्याण'के सम्पादन विभागमें काम करते थे। अमुक रूप-रंग है।' अब लक्षण एक ही है तो वस्त्र श्वेत हो या गेरुआ, व्यक्ति एक ही हो गया।

एकका नाम आत्मा और एकका नाम परमात्मा; किन्तु दोनोंकी पहचान क्या बतलायी गयी?

'सर्वभूतस्थमात्मानं सर्वभूतानि चात्मनि'

आत्मा सबमें है और सब आत्मामें हैं अर्थात् जो सबमें है और जिसमें सब है, उसका नाम आत्मा है।

'यो मां पश्यति सर्वत्र सर्वं च मयि पश्यति।'

भगवान्‌का 'मां' सबमें है और सर्व भगवान्‌के 'मां' में है।

आत्माकी जो पहचान बतलायी गयी, वही पहचान परमात्माकी बतलायी गयी, तब दोनों एक ही हैं।

'लक्षणैक्ये लक्ष्यैक्यम्।'

लक्षण एक ही हों तो लक्ष्य एक ही होता है।

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon

C-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant

'सर्व' बदलनेवाले और भूत पैदा होनेवाले हैं। 'सर्व' कहनेसे द्रव्य आ गये और भूत कहनेसे देश, काल, वस्तु आगयी। इनमें अपना आत्मा 'स्थ' है। सर्वकी अनेकतामें आत्मा अनेक नहीं है। 'स्थ'का अर्थ है न चलनेवाला। बदलनेवालोंमें न बदलनेवाला।

एक दर्पण है, उसमें हजारों वस्तुएँ दीखती हैं। कभी बच्चा दौड़ता दीखता है, कभी मोटर। कभी कोई मुख देखता है, कभी कोई। लेकिन दर्पण एक ही है। ऐसे ही आत्मा एक है और यही लक्षण परमात्माका है कि वह सबमें है, पर एक है। बदलनेवालोंमें न बदलनेवाला है।

'सर्वभूतानि चात्मनि' आश्चर्य यह है कि जिस दर्पणमें सब दीख रहा है, वह दर्पण सबमें है।

'विश्वं दर्पणदृश्यमाननगरीतुल्यम्'

दर्पणको तोड़ो तो उसमें-से कुछ निकलेगा? जो लोग समझते हैं कि हमारे दर्पणमें किसीका प्रतिबिम्ब ही न पड़े, वे दर्पणपर रंग पोतकर उसे अन्धा बनाना चाहते हैं।

'जब कुछ नहीं दीखेगा, तब हम आत्मा या तब हम ब्रह्म' यह समाधिका अन्धापन वे आत्मामें जोड़कर ब्रह्म होना चाहते हैं। वे चेतन आत्माको अनात्मा बनाना चाहते हैं।

तुम्हारे प्रकाशमें समाधि-विक्षेप दोनों प्रकाशित होते हैं। जो जड़ताको प्रकाशित न करे वह चेतन कैसा?

सबमें मैं, मुझमें सब। अतः जो दर्पणसे कहेगा—'तुममें गायका प्रतिबिम्ब पड़ना चाहिए, सुअर या गधेका नहीं पड़ना चाहिए।' वह मूर्ख है।

सबमें आत्मा और सबमें परमात्मा। सब आत्मामें और सब परमात्मामें। यह लक्षण एक है।

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon

-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Gra

'ईक्षते'—एक देवमन्दिर दीख रहा है। एक गन्दा नाला दीख रहा है; किन्तु योगयुक्तात्मा रूप जो दर्पण है, वह जानता है, वह समदर्शन है। वह जानता है कि मुझमें न मन्दिर है, न गन्दा नाला। दोनों में ही दीख रहा हूँ।

'पश्यति'—वहाँ आत्माका ईक्षण है तो परमात्माका भी ईक्षण ही है। एक दिन एक बच्चा गाँवके खलिहानमें अकेला शामको अँधेरा होनेपर बैठा था। रातमें उसका बड़ा भाई आया तो छोटे भाईको छकानेके विचारसे काला कम्बल लपेटकर चौपायेके समान चलता हुआ आने लगा। आठ-नौ वर्षका बच्चा डरने लगा कि कहीं रीछ तो नहीं आगया। अचानक उसे कम्बलमें-से एक निकली लाठी दीख गयी। उसने पहचान लिया कि लाठी तो भैयाकी ही है। रीछ तो लाठी बगलमें दबाकर चलता नहीं। फिर पैरमें जूता भी दीख गया। अब बालक ताली बजाकर हँस पड़ा—

'भैया ! मैं तुमको पहचान गया।'

जबतक हम लोग पहचानते नहीं कि यह सम्पूर्ण दृश्य परमात्मा है, तभीतक डरते हैं। जहाँ आप व्यक्तिगत सुख, व्यक्तिगत स्वार्थ, व्यक्तिगत संकल्प छोड़ दोगे, वहाँ आपका संकल्प ईश्वरका संकल्प हो जायगा।

जब अपने और ईश्वरका भेद मिट जायगा, भावनात्मक एकता न रहकर वास्तविक एकता हो जायगी, तब संकल्प करनेकी आवश्यकता ही नहीं रहेगी।

सर्वभूतस्थितं यो मां भजत्येकत्वमास्थितः।
सर्वथा वर्तमानोऽपि स योगी मयि वर्तते ॥ ३१ ॥

जो सर्वभूतस्थित मुझको एकत्वमें स्थित होकर भजता है, सर्वथा व्यवहारमें रहते भी वह योगी मुझमें ही वर्तता है।

ajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgao

-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Gra

'यो'—यः कश्चन अधिकारी, जिसने सबमें आत्माको और आत्मामें सबको एवं सबमें भगवान्‌को और भगवान्‌में सबको जान लिया है, अब अद्वैतानुभूति ही उसका भजन है।

'सर्वभूतस्थितम्'—जो सर्व भी है, भूत भी है और उसमें स्थित भी है। अनेकमें एक है। भूतमें अभूत है। अस्थितमें स्थित है। अमाम् में 'मां' है। उससे एक हो जाओ।

तुम शरीरसे एक न होकर विराट्‌से एक हो जाओ। यह शरीर तुम्हारा शरीर नहीं है, आकाश तुम्हारा शरीर है। आकाश तुम्हारा शरीर नहीं है, चित्ताकाश तुम्हारा शरीर है। चिन्ताकाश तुम्हारा शरीर नहीं है, चिदाकाश तुम्हारा शरीर है। शरीर-अशरीरी भाव नहीं है, तुम अद्वय हो।

'सर्वभूतस्थितम्'—अर्थात् सर्वभूताधिष्ठाता जैसे रस्सीमें सर्प दीखता है, वैसे सारा संसार जिसमें दीख रहा है, उस परमात्मा-को—'मां' वही मैं हूँ अर्थात् मैं हो सर्वावभासक, स्वयंप्रकाश, सर्वाधिष्ठान परमात्मा हूँ। 'एकत्वमास्थितः' इस एकत्वमें जो स्थित हो गया है।

'भजत्येकत्वमास्थितः'—एक संख्या होती है। एक+एक= दो होता है। एकका आधा होता है। संख्या गुण है, तत्त्व नहीं है। लेकिन यहाँ एकत्वका अर्थ अद्वैत है। अद्वैतका आधा नहीं होता। अद्वैत+अद्वैत=दो अद्वैत नहीं होगा। अद्वैत संख्या या गुण नहीं है। यह तत्त्व है। इसमें आस्था होने दो।

यह अद्वैतमें आस्था त्याग, वैराग्य, उपासना, योग या समाधि नहीं है। यह ज्ञान है। इसका अर्थ है कि जन्म-मरण, नरक-स्वर्ग प्रतीतियोंमें इस उदासीन अद्वय-तत्त्वको अपने आपके रूपमें जानो।

ajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgao

-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Gra

'भजत्येकत्वमास्थितः'—उसके विषयमें गीतामें ही अन्यत्र भगवान्‌ने कहा—

'स सर्वविद् भजति मां सर्वभावेन भारत।'

वही सर्वविद् है और सर्वभावसे वह मेरा भजन ही करता है।

आप अंगूर खायें और उसमें मिठास न हो तो वह अंगूर आप खायेंगे? आप मिर्च खायें और उसमें तीखापन न हो तो वह मिर्च आप खायेंगे? जैसे वस्तुओंमें उनका स्वाद ही उनका रस है, इसी प्रकार संसारकी सभी वस्तुओंमें, चाहे उनका कोई रूप हो, उनमें कोई भी गुण प्रतीत हो, उनमें जो सत्ता है, प्रकाश है, रस है, वह परमात्मा ही है। उपाधिके कारण जो रसमें भेद होता है, उसके कारण कोई वस्तु द्वेष या राग करने योग्य नहीं है। मनुष्यको कभी हर्रे या त्रिकटु भी खाना पड़ता है। उस कटु वस्तुके स्वाद, गुण, नाम, रूपमें क्या परमात्मा नहीं है? अतः भेदको मत देखो, एकताको देखो।

प्रायः हमलोग अपने जीवनमें भेद ही प्रकट करते रहते हैं। यह भेद 'मेरा-तेरा' बनाता है।

एक गाँवके पास एक हनुमानजीकी मूर्ति मिली। गाँवके लोगोंने मिलकर खड़ी कर दी। एक महात्मा आये। वे गाँवके लोगोंसे बोले—'तुम सब बड़े पापी हो। हनुमानजीको धूपमें खड़ा कर रखा है।'

महात्माकी प्रेरणासे लोगोंने वहाँ छप्पर डाल दिया। वे महात्मा चले गये। थोड़े दिनोंमें दूसरे महात्मा आये। वे बहुत बिगड़े और बोले—'तुम सब बड़े मूर्ख हो। छप्परमें कभी आग लग जायगी तो अनर्थ हो जायगा। यह छप्पर यहाँसे हटाओ।'

ajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgao

C-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant

दोनों महात्माओंका प्रेम हनुमानजीसे था; किन्तु दोनोंकी बुद्धिमें भेद हुआ। यही बुद्धि-भेद राग-द्वेष उत्पन्न करता है। यही दुःख-दायी है।

हम भेद देखते हैं, अभेद नहीं देखते। अध्यात्मशास्त्र कहता है—'तुम इन्द्रियोंके कारण भेद ही भेद देखने लगे हो, अतः तुम संसारमें पड़े हो। जो पार्थक्य है, उसे मत देखो। एकत्व देखो।'

पत्नी, माता, बहन ये सब एक ही पुरुषका भला चाहती हैं। पत्नी पतिकी, बहन भाईकी, माता पुत्रकी भलाई चाहती है। जब तीनों एकका ही भला चाहती हैं तो उनमें परस्पर प्रेम होना चाहिए। लेकिन उनका 'अहं' संघर्ष उत्पन्न करता है।

'सर्वभूतस्थितम्'—जो सबमें एक है, वह दृष्टिमें नहीं आता। वेदान्त कहता है—'यह भेद नाम, रूप, गुणके कारण है, पर सत्ता, चित्ता, आनन्दमें भेद नहीं है।'

जब तुम इस एकत्वको देखोगे, तब क्या होगा? श्रीरामानुजाचार्यजी कहते हैं—'तब तुम्हारे ज्ञानका आकार विशाल हो जायगा। वृत्ति जब घटाकार होती है, तब घड़े जितनी लगती है और जब अखिल जगतके निमित्तोपादानकारण परमात्माका आकार ग्रहण करेगी, तब तुम्हारा ज्ञान नारायणाकार हो जायेगा। तब प्राकृत ज्ञानके कारण जो तुम्हारे ज्ञानमें अल्पता है, वह मिट जायगी। तुम श्रीनारायणसे एक होकर बैठ जाओ।

तुम अपने दुःखकी सृष्टि स्वयं करते हो। ईश्वरके आनन्दमय हाथोंसे दुःखका निर्माण नहीं होता।

> 'यो मामेवमसम्मूढो जानाति पुरुषोत्तमम्।
> स सर्वविद् भजति मां सर्वभावेन भारत ॥'

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon

-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Gra

जो असम्मूढ इस प्रकार मुझे पुरुषोत्तम जानता है, वह सर्वविद् है। वह सर्वभावसे मेरा भजन करता है।

'जो दीख रहा है, सो भगवान्। जो मनमें उठ रहा है सो भगवान्। यह सर्वभावेनका अर्थ है।' श्रीवल्लभाचार्यजी और गोविन्दभाष्यके कर्ता श्रीबलदेव विद्याभूषण जो अचिन्त्यद्वैताद्वैत सिद्धान्तके प्रवर्तक हैं, दोनोंने ब्रह्मसूत्र-भाष्यके प्रारम्भमें एक ही वाक्यका प्रयोग किया है—'अहम् इदं सर्वं च ब्रह्मैव।'

सब आचार्य इसमें एकमत हैं कि 'जो सृष्टि दिखलायी पड़ रही है, इसमें परमात्माके अतिरिक्त दूसरी कोई वस्तु नहीं है।'

जितनी वस्तु या भाव हैं, सब परमात्मामें हैं, परमात्माके लिए हैं, परमात्माके रूप हैं।

मतवादिनसों अरज यही।
अपने-अपने इष्टदेवकौं व्यापक मानत हौ कि नहीं ?
यदि तुम व्यापक नाहिन मानत, जीव दसा तहँ आइ रही॥

—श्रीकाष्ठ जिह्वा स्वामी।

अतः एकता सच्ची है और अनेकता केवल प्रतीति है। झूठी है।

जब एकत्व ही सत्य है, अपने बड़प्पनका अहंकार कहाँ ? सब एक ही है तो राग-द्वेष-भय किससे ? तब शत्रु-मित्र कैसे ? वास्तविक भजन यहाँ होगा। इस भजनमें न भय है, न राग है, न द्वेष है। न यहाँ अस्मिता है, न अविद्या है। इस भजनका अर्थ है सबमें, सब दशामें सब रूपमें उसी परमात्माको देखना।

मैं-तुम, यह-वह सब वाग्व्यवहारमात्र है। एक अद्वय परमेश्वर है। इस एकत्वमें आस्था ही भजनका स्वरूप है।

ajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgao

C-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant

'अस्थितः—निष्ठितः' इस निष्ठामें दृढ़ हो जाओ।

इहैव तैर्जितः सर्गो येषां साम्ये स्थितं मनः।
निर्दोषं हि समं ब्रह्म तस्माद् ब्रह्मणि ते स्थिताः॥

जिनका मन समत्वमें स्थित हो गया, इस जीवनमें ही उन्होंने संसारको आवागमन-चक्रको जीत लिया। क्योंकि ब्रह्म सम एवं निर्दोष है, अतः वे ब्रह्ममें स्थित हैं।

'सर्वथा वर्तमानोऽपि'—यह बात योग नहीं कह सकता। ऐसा स्वीकार करनेपर उसकी धर्ममेघ समाधि नष्ट हो जायगी। सांख्यकी असंगता भी नष्ट हो जायगी 'सर्वथा वर्तमानोऽपि' माननेपर। यह स्थिति आ नहीं सकती जब तक सब अपना स्वरूप न हो।

'तदधिगमे उत्तरपूर्वाघयोरश्लेषविनाशौ तद्व्यपदेशात्।'
—ब्रह्मसूत्र

उस (परमात्मतत्त्व) का अधिगम हो जानेपर आगे होनेवाले पापोंका संस्पर्श नहीं होता और पहले किये पाप नष्ट हो जाते हैं। ऐसा श्रुतिने कहा है।

तत्त्वज्ञानियोंमें कोई वसिष्ठजीके समान ज्ञानोपदेश करता रहता है। कोई शुकदेवजीके समान समाधिमें रहता है। कोई दत्तात्रेयकी भाँति रहता है। कोई श्रीरामकी भाँति मर्यादा पालन करता रहता है और कोई श्रीकृष्णकी भाँति सर्वतन्त्र-स्वतन्त्र रहता है।

'सर्वथा वर्तमानोऽपि' अर्थात् चाहे जैसे रहो। कोई पूछे—'भांगके नशेमें क्या होता है?' अरे! एक भाँग पीकर सो जाता है

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon

-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Gra

तो दूसरा भोजन करने बैठता है और ढेर-सा भोजन करता जाता है। एक गाना प्रारम्भ कर देता है और एक ध्यान करने बैठता है। भाँग तो एक ही है, तब नशेका सबपर भिन्न-भिन्न प्रभाव क्यों? इसलिए कि सबकी अपनी-अपनी प्रकृति होती है। उसके अनुसार वह व्यवहार करता है। ऐसे ही ज्ञानी भी अपनी प्रकृतिके अनुसार व्यवहार करता है। ज्ञानीकी रहनी मत देखो। रहनी एक प्रकारकी नहीं होती।

'एवंभूतो य एकत्वमास्थितः भजति, स भजन् पुरुषः कदापि सर्वथा वर्तमानो न भवति। यदि कदाचित् सर्वथा वर्तमानो भवति तथापि मयि वर्तते।'

'इस प्रकार जो एकत्वमें स्थित पुरुष भजन करता है, वह भजन करता पुरुष कभी भी चाहे जैसा आचरण नहीं करता। यदि कदाचित् चाहे जैसा आचरण करे तो भी वह मुझमें ही व्यवहार करता है।' ऐसा अर्थ श्रीमध्वाचार्यजीने किया है।

श्रीशंकराचार्यजी कहते हैं—

'न केनचित् कर्मणास्य मोक्षः प्रतिबध्यते।'

किसी भी कर्मसे इसके मोक्षमें प्रतिबन्ध नहीं होता।

चाहे वह ज्ञान होनेपर याज्ञवल्क्यकी भाँति संन्यास लेकर रहे या वसिष्ठकी भाँति गृहस्थ रहकर पौरोहित्य करे अथवा दत्तात्रेयके समान अवधूत रहे या श्रीकृष्णके समान भोगोंमें रहे।

कृष्णो भोगी शुकस्त्यागी नृपौ जनकराघवौ।
कर्मनिष्ठा वसिष्ठाद्याः सर्वे ते ज्ञानिनः समाः॥

श्रीकृष्ण भोगी हैं, शुकदेव त्यागी हैं, जनक और श्रीराम राजा हैं, वसिष्ठादि कर्मनिष्ठ हैं; किन्तु ये सब समान ज्ञानी हैं।

ajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgao

C-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant

योगिनो भोगिनो रागिणश्चेतरे।
दृश्यते ज्ञानिनां नैकरूपा गतिः॥

कोई योगी है, कोई भोगी है, कोई रागी है। ज्ञानियोंका एक प्रकारका व्यवहार नहीं देखा जाता।

श्रीउड़ियाबाबाजी महाराज एक श्लोक बोलते थे—

'क्वचिच्छिष्टः क्वचिद्भ्रष्टः क्वचिद् भूतपिशाचवत्।
नानारूपधरो योगी विचचार महीतले॥

योगी-ज्ञानी नानारूप धारण करके पृथ्वीपर विचरण करते हैं। वे कहीं शिष्ट वेशमें रहते हैं, कहीं भ्रष्ट वेशमें रहते हैं और कहीं भूत-पिशाचके समान पागलरूपमें रहते हैं।

यथा ईश्वरः सृजति बिभर्ति संहरति। सृजन्नपि बिभ्रदपि संहरन्नपि ईश्वरस्वरूपे एव वर्तते, तथायमपि योगी सर्वथा वर्तमानः।'

जैसे ईश्वर सृष्टि करते हुए भी स्रष्टा नहीं होता, पालन करके भी पालक नहीं होता, संहार करके भी संहारक नहीं होता, अपने स्वरूपमें ही रहता है, वैसे ही यह योगी भी सब प्रकार व्यवहार करता हुआ भी अपने स्वरूपमें ही रहता है। वह आश्रम बना दे, शिष्योंका पालन करे या सब उजाड़ दे, तब भी कुछ नहीं करता।

'मयि वर्तते—सर्वथा वर्तमानोऽपि समाधिस्थो भवति।'

क्या वह सर्वथा वर्तमान रहते भी—सब व्यवहार करते भी समाधिस्थ हो जाता है? नहीं।

'मयि वर्तते—व्यवहारं करोति।'

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon

C-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant

वर्ततेका अर्थ विद्यमान रहना नहीं है। 'वृतु वर्तने' व्यवहार करता भी वह परमात्मामें ही है।

'यदा वर्तमानो न भवेत् स्वस्थ एव भवेत् समाधिस्थ एव भवेत् तर्हि का कथा !'

यदि वह व्यवहारमें न लगा हो, स्वरूपमें स्थित हो, समाधिमें हो तब तो पूछना ही क्या ?

काशीमें एक महान् विद्वान् संन्यासी थे स्वामी विशुद्धानन्द सरस्वती। उनका मठ दशाश्वमेध घाटपर है। एक राजा उनका दर्शन करने आया। उसने देखा कि स्वामीजी राजाकी भाँति वैभवमें रहते हैं। उसने पूछा 'संन्यासीका लक्षण क्या है ?'

महात्माने सेवकको बुलवाया और राजाको मठसे बाहर निकलवा कर द्वार बन्द करवा दिया। सर्दीके दिन थे, किन्तु राजा श्रद्धालु, था वह द्वारके बाहर फाटकपर हाथ जोड़े शीतसे काँपता पूरी रात खड़ा रहा। सवेरे फाटक खुला। स्वामीजीने राजाको भीतर बुलाया और बोले—'इसका नाम संन्यासी है, जो तुम्हारे जैसे राजाको भी कुछ गिनता नहीं।'

जिस समय मनुष्य अपनेको सम्पूर्ण परिच्छिन्नताओंसे युक्त जान लेता है, उस समय परिच्छेदोंके नियन्ता और परिच्छेदाभाव की उपाधिसे विद्यमान जो चैतन्य ईश्वर है, वह स्वयं उस अपरिच्छिन्नकी सेवामें लग जाता है।

'पीछे पीछे हरि फिरैं कहत कबीर कबीर।

उसका जो भी व्यवहार है, सब भगवान्‌में है।

●

Raj Guru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon

C-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant

: ३२ :

• संगति

भगवान् अब दो विभाग कर देते हैं—१. अपरम योगी और २. परम योगी।

विभाग जितने होते हैं, सब अज्ञानीकी दृष्टिसे होते हैं। ज्ञानीकी दृष्टिमें कोई विभाग नहीं होते।

एक बार सेठ श्रीजयदयालजी गोयन्दकाने सत्संगमें कहा—'यदि ज्ञानी और अज्ञानी दोनोंका आचरण एक-जैसा होगा तो दोनोंमें भेद ही क्या होगा।'

मैंने कहा—'सेठजी! यदि ज्ञान होनेपर ज्ञान और अज्ञानका भेद रह गया तो ज्ञान हुआ ?'

सेठजी हँस गये। भेद अज्ञानी बनाता है। ज्ञानी भेद नहीं बनाता।

एक दिन श्रीउड़ियाबाबाजी महाराज रातको हाथरस पधारे। जिनके घर पहुँचे थे, उन्होंने खिला-पिलाकर पूछा—'आप शयन कहाँ करेंगे ? आप-जैसे पवित्रात्माके लिए तो मेरे घर कोई नवीन वस्त्र, बिस्तरा आदि नहीं है।'

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon

C-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant

बाबा उसीके पलंगपर जाकर सो गये। उस गृहस्थकी दृष्टिमें उनके योग्य कुछ नहीं था; किन्तु उनकी दृष्टिमें तो योग्य-अयोग्यका प्रश्न ही नहीं था।

मोक्ष माननेवालोंमें तीन दल हैं।

१. जो केवल ध्वंसको मोक्ष मानते हैं। इनमें चार्वाक शरीरके नाशको ही मोक्ष मानता है। जैन मनके नाशको मोक्ष मानते हैं। बौद्ध मानते हैं कि संवृतिका टूटना मोक्ष है। न्याय-वैशेषिकादि भी इक्कीस प्रकारके दुःखोंका ध्वंस मोक्ष मानते हैं। सांख्य और योग प्रकृति तथा प्रकृतिके बन्धनका विध्वंस मोक्ष मानते हैं। पूर्वमीमांसक प्राकृत-सम्बन्धके लयको मोक्ष मानते हैं।

२. शैव, शाक्त, सौर, गाणपत्य, प्रत्यभिज्ञा, वैष्णव अर्थात् वेदान्त दर्शनको माननेवाले सब दर्शन मानते हैं कि मोक्षके पश्चात् कुछ मिलता है। परमेश्वरकी प्राप्ति होती है।

३. अद्वैत वेदान्ती कहते हैं कि सकल अनर्थकी निवृत्ति होकर परमानन्दकी प्राप्ति मोक्षका स्वभाव है।

पुरुषार्थ भी दो प्रकारका होता है—एक दृष्ट सुखके लिए हम वस्तुको चाहते हैं और दूसरे अदृष्ट सुखके लिए वस्तुको चाहते हैं। दृष्ट सुखके लिए वस्तुको चाहना अर्थ है। मरनेके पश्चात् स्वर्गादि हमें मिले, यह चाहना धर्म है; क्योंकि यह धर्मसे मिलेगा। अन्य इच्छासे स्वाधीन इच्छा है सुखकी प्राप्ति। उसके लिए अर्थ या धर्मकी इच्छा होती है।

हम धन इसलिए चाहते हैं कि इस जीवनमें सुख मिले। धर्म इसलिए चाहते हैं कि अगले जीवनमें सुख मिले।

यह सुख भी दो प्रकारका होता है, नित्य और अनित्य। कामनासे जो सुख मिलता है, वह अनित्य है। अपनी इच्छापूर्तिसे सुख चाहना काम पुरुषार्थ है।

नित्य सुख चाहना मोक्ष पुरुषार्थ है। यह सुख त्यागमूलक है।

Raj Guru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon

C-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant

भक्त कहते हैं—'हम इष्टसे मिल गये। अब संसार रहे या न रहे।'

अद्वैत वेदान्त कहता है—'हमें जब अपने स्वरूपके अद्वैतका अनुभव होता है, तब द्वैत बाँधित हो जाता है। नित्य निवृत्त द्वैतकी निवृत्ति अविद्या-निवृत्ति द्वारा होती है और नित्य प्राप्तकी प्राप्ति अपनी अद्वितीयताका साक्षात्कार है।'

जो भी मोक्ष माननेवाले हैं, उनमें अद्वैत वेदान्तियोंके अतिरिक्त सब विदेह मुक्ति ही मानते हैं। वे कहते हैं—'जबतक शरीरमें श्वास रहे, तबतक वृत्ति इष्टाकार बनाते रहो, अन्यथा जो दशा राजा भरतकी हुई थी, वही तुम्हारी हो जायगी।'

अद्वैत वेदान्त कहता है—'एकबार आत्माका ब्रह्मरूपसे साक्षात्कार होनेपर वृत्ति, वृत्तिका विषय, वृत्तिमान् प्रमाता, प्रमाण, प्रमेय तीनों बाधित हो जाते हैं, अतः शरीरसे कुछ भी करनेकी आवश्यकता नहीं रहती।'

इस जीवनमुक्तकी स्थिति दो प्रकारकी—एक तो 'सर्वथा वर्तमान' और दूसरा व्यवहारमें मर्यादानुरूप लगा हुआ अथवा एक समाधिमें निरत और एक व्यवहारमें लगा। इनमें पहला व्यवहार-दृष्टिसे अपरम योगी है। परम योगीकी स्थिति अब बतलाते हैं।

वासना-क्षय, मनोनाशपूर्वक जो तत्त्वज्ञानमें स्थित होकर व्यवहार कर रहा है, उसका नाम जीवन्मुक्त परमयोगी है।

आत्मौपम्येन सर्वत्र समं पश्यति योऽर्जुन।
सुखं वा यदि वा दुःखं स योगी परमो मतः॥३२॥

अर्जुन! जो अपने समान ही औरोंका सुख एवं दुःख देखता है, वह योगी परम योगी है।

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant

अर्जुन—सरल, अर्जनशील—ज्ञानके लिए तत्पर जिज्ञासु—ज्ञानार्जनशील। सरल—शुद्धान्तःकरण।

'आत्मौपम्येन'—स्वयं उपमा, स्वयं उपमेय।

काशीमें एक औघड़ संत रहते थे श्री आनन्दबाबा। उन्होंने मुझसे पूछा—'बाबाजी! खुदा माने क्या?' फिर स्वयं बोले—'जो खुद आये। स्वयंप्रकाश, स्वयंभू चिन्मात्र वस्तु।'

तुमको कटु शब्द सुनकर दुःख होता है और मीठा बोलनेसे सुख होता है। यह ईश्वरने तुमको सिखा रखा है कि दूसरेके साथ कैसा व्यवहार करना चाहिए। जैसा व्यवहार अपने साथ तुमको अच्छा लगता है, दूसरेको भी वैसा ही व्यवहार अच्छा लगेगा। जैसा व्यवहार तुमको बुरा लगता है, दूसरेको भी वैसा व्यवहार बुरा लगेगा। जब तुम अपने लिए सुख चाहते हो तो दूसरेको भी सुख दो।

श्रीकृष्णने योगी शब्दका प्रयोग बहुत किया है। अन्तमें कह दिया 'स योगी परमो मतः।' परम योगी कहा तो कोई निर्विकल्प निर्वीज समाधि होगी, ऐसा कुछ यहाँ नहीं है।

'आत्मौपम्येन'—यह योगी अपनेको नहीं देख रहा है, दूसरेको देख रहा है। आत्मा तो यहाँ उपमा है। जैसा अपना सुख-दुःख देखता है, वैसे ही औरोंका सुख-दुःख देखता है।

'सर्वत्र'—सब कहीं देखता है, देशमें भी और कालमें भी। उसके सम्मुख देश भी है, काल भी है और दूसरा भी है।

'समं पश्यति'—दुःख और सुख दोनोंके विषयमें समान व्यवहार करो। तुमको रोटी नहीं मिलती तो कैसा लगता है? दूसरेको

Raj Guru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon

C-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant

भी रोटी न मिलनेपर वैसा ही लगेगा, यह रहस्य इस योगीको ज्ञात है।

सुख-दुःख है। मन निर्विषय नहीं है। सुख-दुःखका भेद भी है। काँटा चुभता है तो हमें दुःख होता है। दूसरेको काँटा चुभेगा तो उसे भी दुःख होगा। यहाँ सीधे लोक-व्यवहार है।

जो लोग इतनेसे प्रसन्न हैं कि—'हमारी आत्मा नित्य शुद्ध-बुद्ध मुक्त है। मरेंगे तब भी मुक्त हैं, जीवित हैं तब भी मुक्त हैं। अब देह, इन्द्रिय, मन चाहे जैसे रहें, उनके वर्तावसे हमारा कोई प्रयोजन नहीं है। हमारी आत्मा नित्य, शुद्ध, बुद्ध, मुक्त, देश-काल वस्तुसे अपरिच्छिन्न, परमार्थ ब्रह्मस्वरूप है। मैं ब्रह्म हूँ। ब्रह्मके अतिरिक्त दूसरा जो कुछ है, वह वस्तुतः है ही नहीं।' इस निश्चय-के पश्चात् जो देह, इन्द्रिय, मनको छोड़ देते हैं, उनकी स्थिति दूसरी है।

मनोनाशका अर्थ यही है कि ब्रह्मातिरिक्त दूसरी कोई वस्तु नहीं, यह जो निश्चय हुआ, इस निश्चयके कारण कुछ ब्रह्माति-रिक्त है, यह बात उसके मनमें नहीं आयेगी। वासना-क्षयका अर्थ है कि प्रबल निमित्त सामने आनेपर भी राग-द्वेषका उदय न हो। यह स्थिति भी है।

एक क्रम है—वासनाक्षयसे मनोनाश एवं मनोनाशसे तत्त्वज्ञान और दूसरा क्रम है तत्त्वज्ञानसे मनोनाश एवं मनोनाशसे वासना-क्षय।

ये क्रम अपने सम्बन्धमें हैं। यहाँ जिस परमयोगीकी बात है, वह अपने सुख-दुःखके समान ही दूसरोंका सुख-दुःख देखता है।

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon

-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Gra

: ३३ :

• संगति

श्रीकृष्णने समताका योग ही अबतक बतलाया है। जीवनमें समता सरलतासे आती नहीं है। अतः अर्जुनने प्रश्न किया।

अर्जुन उवाच

योऽयं योगस्त्वया प्रोक्तः साम्येन मधुसूदन।
एतस्याहं न पश्यामि चञ्चलत्वात्स्थितिं स्थिराम् ॥३३॥

ajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgao

C-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant

मधुसूदन ! यह जो आपने साम्यके द्वारा सम्पन्न होनेवाला योग बतलाया, मनके चञ्चल होनेके कारण इसमें स्थिर-स्थिति होना मैं देखता नहीं हूँ।

अर्जुन बोले—प्रश्नकर्ता अर्जुन, सरल होना चाहिए। छल-कपट रखकर परीक्षा लेनेके लिए प्रश्न नहीं करना चाहिए।'

मैं वाराणसी गया था तो एक पण्डित मेरे पास आये। बोले—'एक श्लोक मुझे नहीं लगता, आप उसका अर्थ बतला दें।'

उन्होंने श्लोक सुनाया तो मैंने कहा—'यह श्लोक श्रीवल्लभाचार्यजीके तत्त्वदीप-निबन्धका है और श्रीमद्भागवतके दूसरे स्कन्धके सम्बन्धमें है।'

वे पण्डित हँसने लगे। बोले—'अब अर्थ बतलानेकी आवश्यकता नहीं है। आप तो इसका पता—ठिकाना जानते हैं।'

तात्पर्य यह कि वे परीक्षा लेने ही आये थे। यह प्रश्न करनेकी उचित रीति नहीं है।

'मोहिं कपट छल छिद्र न भावा।'

यहाँ प्रश्नकर्ता अर्जुन—सरलमन है।

'योऽयं योगस्त्वया प्रोक्तः साम्येन'—श्रीकृष्णने जो 'आत्मौपम्येन सर्वत्र समं पश्यति' कहा, उसपर अर्जुन कहता है—तुमने जो यह हमको परम योग बतलाया है, इसमें समताका वर्णन किया है। अपनी इच्छाके समान ही दूसरेकी इच्छा समझनेको कहा है।

'समत्वं योग उच्यते।'
'सिद्ध्यसिद्ध्योः समो भूत्वा।'

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon

-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Gra

इस सबको अर्जुन ठीक-ठीक समझ गया है।

संगीतका स्वाद तब आता है जब 'सम' अपने स्थानपर हों। यदि 'सम' ठीक स्थानपर न हो तो संगीत बेसुरा हो जाता है। ऐसे ही कर्मका आनन्द तब है, जब उसमें अपना मन सम बना रहे।

'योऽयं योगः'—योगका अर्थ है हमारे चित्तकी समताका बना रहना। चाहे सामनेसे शत्रु निकल जाय या मित्र सामने आ जाय, हमारे चित्तमें द्वेष—पक्षपात न आये।

हृदय बिगड़ गया तो साधनसे क्या लाभ हुआ? जीभ कड़वी हो जाय तो कुछ भी भोजन करो, कड़वा लगेगा। अतः साधनका अर्थ है कि हृदय कड़वा न हो।

दुःख किसे कहते हैं? धन जाने या किसीके बिछुड़नेका नाम दुःख नहीं है। भवन या वन दुःख नहीं है। मरण या हरण दुःख नहीं है। हृदयका कटु होना दुःख है; क्योंकि दुःख कहीं बाहर नहीं होता। न चाँदीको दुःख होता, न सोनेको। न शत्रुको दुःख होता, न मित्रको। दुःख तो अपने हृदयको होता है।

'दुष्टानि खानि यस्मिन् तद् दुःखम्।'

जिसमें हमारी इन्द्रियाँ दूषित हो जाती हैं, वह दुःख है।

'दुष्टं खं हृदयाकाशं यस्मिन् तद्दुःखम्। सुष्ठु खं यस्मिन् तत् सुखम्।'

जिसमें हमारा हृदयाकाश दूषित हो जाता है, वह दुःख है और जिसमें हृदयाकाश सुष्ठु रहता है, वह सुख है।

ajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgao

C-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant

हृदय ठीक हो तो संसार ठीक है, अध्यात्म-योग संसार परिवर्तित करनेका योग नहीं है। समाज सेवी, सुधारक, भोगी, वैज्ञानिक संसारमें परिवर्तन करते हैं। साधनाके मार्गमें चलनेवाला अपना हृदय परिवर्तित करता है। योगका अर्थ है अपने हृदयके परिवर्तन-की युक्ति।

सूर्योदयके साथ हमारे कर्म प्रारम्भ होते हैं। सन्ध्याका अर्थ है कि हम प्रकाशका आदर करनेको प्रस्तुत हैं। सूर्यास्त होता है तो हाथ जोड़कर सूर्यको विदा करना होता है। इस प्रकार हमारे कर्मकी परम्परा ज्ञानके आदरके साथ प्रारम्भ होती है और चलती है। जब अन्धकार होता है, तब हम भी विश्राम करते हैं। दिनमें हमारे लिए कर्म है, रात्रिमें हमारे लिए विश्राम है।

हमारे जीवनके दो पहलू हैं—जागरण और निद्रा। दोनों प्राकृत—नैसर्गिक हैं, कर्म करना और विश्राम करना, इन्हीं दोनोंको हम ठीक मार्गपर ले चलें तो जीवन ठीक चलेगा। जैसे जीवनकी सफलताके लिए काम करना आवश्यक है, वैसे ही जीवनके लिए विश्राम भी आवश्यक है। इसी प्रकार परमार्थ तत्त्वके साक्षात्कारके लिए भी काम करना और विश्राम करना आवश्यक है।

योगका अर्थ है, हमारे जीवनकी विवेकपूर्ण शैली। कर्म ऐसा करें जो आत्माके सम्मुख हमको कर दे। हृदयाकाशको स्वच्छ कर दे। विश्राम भी ऐसा करें कि उसमें मलिनता न आये।

जब हम सोते हैं, निद्राकी मलिनता हमें अभिभूत कर लेती है। हम अज्ञानान्धकारमें डूब जाते हैं और जब कर्म करते हैं तो वस्तुओं एवं भोगकी वासनासे आक्रान्त हो जाते हैं। जब हम

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon

-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Gra

वासनापूर्वक कर्म करते हैं, तब वासना हमारे कर्मको मलिन कर देती है। कर्मके समय वासना—रजोगुण कर्मको और शयनके समय तमस् हमारे विश्रामको मलिन कर देता है।

तब ऐसी क्या युक्ति हो सकती है कि हमारे कर्ममें वासना न हो और हमारे विश्राममें अन्धकार न हो। जब विश्राममें तमस्का अन्धकार न होगा तो उसका नाम होगा समाधि। जब कर्ममें वासना नहीं रहेगी तो उसका नाम होगा निष्काम कर्म, हमारे जीवनके लिए ये दोनों नैसर्गिक साधन-परम्परा हैं।

थोड़ा प्रयत्न करनेसे हम प्रकृतिसे पार परमार्थ-तत्त्वमें स्थित हो जाते हैं और संशोधन न करनेपर हम संसारमें डूब जाते हैं।

इस साधनकी जो पद्धति श्रीकृष्णने बतलायी, वह है साम्य—समताका व्यवहार, समतामें स्थित हो जाना। अपनेको जो वस्तु, जो भाव, जो क्रिया जैसी प्रिय या अप्रिय लगती है, दूसरोंको भी वैसी ही लगेगी, यह समझ लो।

मधुसूदन—तुम मधुसूदन हो, अतः ऐसा योग कर लेते हो, किन्तु दूसरे के लिए यह बहुत कठिन है।

मधुका अर्थ है राग। मधुसूदन = रागनाशक। मधु-कैटभ ये दैत्य थे। दुर्गासप्तशतीमें आया है—

'विष्णुकर्णमलोद्भूतौ हन्तुं ब्रह्माणमुद्यतौ।'

ये कानकी मैल हैं। राग-द्वेषका अधिकांश सुनकर मनमें उत्पन्न होता है और ये हमारे अन्तःकरणका ही सत्यानाश करनेको उद्यत हो जाते हैं।

भगवान् विष्णुसे भी जो हारे नहीं। अन्तमें योगमायाकी प्रेरणासे मोहित होकर इन्होंने ही विष्णु भगवान्से वरदान माँगनेको

ajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgao

C-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant

कहा। भगवान्‌ने माँगा कि 'तुम दोनों मेरे हाथसे मारे जाओ' तो इन्होंने कहा—

आवां जहि न यत्रोर्वी सलिलेन परिप्लुता।

हमको वहाँ मारो, जहाँ पृथ्वी जलमें भीगी न हो। अर्थात्, जहाँ रस न हो, वैराग्य हो, वहाँ राग-द्वेष मरेंगे। विषय-वैराग्य ही राग-द्वेषकी मृत्यु है।

अर्जुन कहता है—'तुम तो मधुसूदन हो। तुमने राग-द्वेष,—मधु कैटभको मिटा दिया है, अतः तुम सबमें समताका व्यवहार कर सकते हो, किन्तु मैं नहीं कर सकता।

एतस्याहं न पश्यामि चञ्चलत्वात्स्थितिं स्थिराम्।

इस साम्ययोगकी मैं स्थिर स्थिति नहीं देखता, क्योंकि मन चंचल है।

यहाँ चञ्चलका अर्थ है रागका निमित्त आनेपर राग और द्वेषका निमित्त आनेपर द्वेषका उदय हो जाता है।

यद्यपि सब परमात्मा है, यह बात हम जानते हैं और हमारे मनमें बारम्बार 'परमात्माके अतिरिक्त कुछ नहीं है यह वृत्ति रहती है। हम जानते हैं कि हमारा स्वरूप नित्य, शुद्ध, मुक्त ब्रह्म है। लेकिन निमित्त-विशेषकी उपस्थिति होनेपर राग-द्वेषका उदय हो ही जाता है और तब समताके स्थानपर विषमता आजाती है।

यह जो संस्कारमूलक वासनाओंके उदयसे राग-द्वेष आजाता है, इसके कारण इस साम्ययोगमें अपनी स्थिति मैं नहीं देखता

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon

-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grar

: ३४ :

• संगति

यह तो जब मैंने वेद-वेदान्त पढ़ा था, तभी जान लिया था कि व्यवहारमें समत्व ही योग है। इसीलिए मैं धर्मकी रक्षा और अपने स्व-धर्म पालनके लिए युद्ध करने आया था। इसीलिए तुमको दोनों दलोंके मध्य रथ खड़ा करनेको भी मैंने कहा था; किन्तु जब रथ मध्यमें खड़ा हुआ तो मेरा मन चञ्चल हो गया और उसमें सब सम्बन्धी दीखने लगे।

चञ्चलं हि मनः कृष्ण प्रमाथि बलवद्दृढम्।
तस्याहं निग्रहं मन्ये वायोरिव सुदुष्करम् ॥३४॥

श्रीकृष्ण! क्योंकि मन चञ्चल है, मथ देनेवाला है और हठी है, अतः उसका निग्रह मैं वायु-निग्रहके समान अत्यन्त कठिन मानता हूँ।

'हि'—यतः, यह बात प्रसिद्ध है कि मन चञ्चल है।

श्रीशंकराचार्यजी कहते हैं—

'कृष्णेति कृषतेर्विलेखनार्थस्य रूपं भक्तजनपापादिदोष-कर्षणात् कृष्णः।'

ajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgao

C-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant

'कृष् विलेखने' धातुसे कृष्ण शब्द बना है। भक्तोंके पाप-दुःख:-वासनादिको नष्ट कर देनेके कारण भगवान्का नाम कृष्ण है।

'मन चञ्चल है तो चञ्चल रहने दो।'

'केवल चञ्चल ही नहीं है। इसे छोड़ दिया जाय तो यह इन्द्रियोंको मथ देता है। प्रमाथी है।'

'प्रमाथी'—मन केवल चञ्चल ही हो, यह बात तो नहीं है। यह तो इन्द्रियोंको मथ डालता है। क्रोध आवे तो मुखसे गाली निकलने लगती है। हाथ-पैर चञ्चल होते हैं। काम आवे तो शरीरका रक्त मथ उठता है। तब क्या मनको क्रियापर्यन्त छुट्टी दोगे ?

'नहीं। क्रियापर्यन्त छुट्टी मत दो। बलपूर्वक रोको।'

बलवद्—बड़ा बलवान् है। रोका नहीं जा पाता है।

'तब इसे समझाओ।'

'दृढम्'—अपने स्वभावपर बड़ा दृढ़ है—हठी है। समझानेसे नहीं मानता।

'तस्याहं निग्रहं मन्ये वायोरिव सुदुष्करम्।'

अर्जुनने तो पहले ही धनुष-बाण डाल रखा था। अतः कहते हैं—'जैसे वायु एक प्राकृत पदार्थ है। समग्र वायुको रोकनेकी सामर्थ्य किसीमें नहीं है, ऐसे ही मन भी वायुके समान है। इसका निग्रह भी मैं अत्यन्त कठिन मानता हूँ।'

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon

-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Gra

• संगति

बच्चा जैसा उत्पन्न होता है, उसे वैसा ही छोड़ दिया जाय, माता-पिता उसकी देखभाल न करें, उसे ठीक-ठीक शिक्षा-दीक्षा न दें तो उसकी क्या गति होगी ? इसकी कल्पना आप कर सकते हैं।

बच्चेमें जो गुण प्रकट नहीं हुए हैं, उन्हें प्रकट करनेके लिए शिक्षा, संस्कार, अभ्यास आवश्यक होते हैं। ऐसे ही मनको प्रकृति और उसके विकारोंके हाथ नहीं छोड़ा जा सकता।

जो जड़ होना चाहते हैं या कीट-पतंग, पशु-पक्षी होना चाहते हैं, वे अपने मनको अनियन्त्रित छोड़ दें कि प्रकृति जहाँ ले जाय, वहाँ जायँगे; किन्तु जो प्रकृतिकी धारामें-से स्वयंको निकालकर परमेश्वरके पास जाना चाहते हैं, उनको चित्तके संस्कार-परिष्कारका मार्ग अपनाना होगा।

जैसे बच्चेको सिखलाना पड़ता है, वैसे ही मनको भी सिखलाना पड़ता है और उसका अभ्यास करना पड़ता है।

शरीरके वाहरका क्रियाकलाप दूसरेको अनुकृति करके भी सीखा जा सकता है, जैसे किसीके घर गये, वहाँ कोई अपरिचित भोजन सामने आया तो देखते हैं कि दूसरे उसे कैसे खाते हैं ? वैसे ही हम भी खा लेते हैं। लेकिन मनको वशमें करनेमें दूसरेकी अनुकृतिसे कुछ नहीं आयेगा। इसे तो सीखना होगा।

धर्म-सम्वन्धी ज्ञान शास्त्राध्ययनसे मिल सकता है। उपासना सम्वन्धी ज्ञान आपके गुरुदेव परलोकवासी हो गये हों तब भी उनके ध्यानसे प्राप्त

ajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgao

C-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant

हो सकता है। गुरु चाहें तो अपने संकल्पसे शिष्यके मनमें योगाभ्यासका संचार कर सकते हैं; किन्तु तत्त्वमस्यादि महावाक्यका अर्थ तो प्रत्यक्ष सत्संगसे ही प्राप्त करना एकमात्र उपाय है।

मन बाहरकी वस्तु चाहता है और उसमें हठ करता है। मनके चञ्चल होनेमें दोष नहीं है, यदि वह इन्द्रियोंको विकृत न करे; किन्तु वह इन्द्रियोंको मथ देता है। इसे भी सहा जाय यदि वह मनानेसे मान जाय; किन्तु वह मानता नहीं। मन बलवान् हो यह दोष नहीं है; किन्तु वह दुराग्रही है। समझानेसे मानता नहीं। ऐसी दशामें वह चाहे जितना बलवान् हो, उसका निग्रह चाहे जितना कठिन हो; किन्तु उसे छोड़ तो दिया नहीं जा सकता। परमात्माकी ओर जाना है तो धैर्यपूर्वक मनका संस्कार करना ही होगा।

श्रीभगवानुवाच

असंशयं महाबाहो मनो दुर्निग्रहं चलम्।
अभ्यासेन तु कौन्तेय वैराग्येण च गृह्यते ॥३५॥

महाबाहु कौन्तेय! सन्देह नहीं कि मन चञ्चल है और कठिनाईसे नियन्त्रणमें आनेवाला है; किन्तु अभ्याससे और वैराग्यसे पकड़ा जाता है।

'महाबाहो'—अर्जुन अपार पराक्रमी है। उसने देवताओंके लिए भी अजेय निवातकवच नामक दैत्योंको पराजित किया और अपने पराक्रमसे किरात-वेशधारी शिवको सन्तुष्ट कर दिया है।

भगवान् कहते हैं—'युद्धमें तुम इतने महान् योद्धा और मनके सामने तुमने घुटने टेक दिये? साहस मत हारो! तुम महान् पराक्रमी हो।'

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon

-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Gra

'असंशयं महाबाहो मनो दुर्निग्रहं चलम् ।'

यह बोलनेका शिष्टाचार है—'आप जो कहते हैं, वह ठीक है ।'

महाबाहु अर्जुन ! डरनेकी कोई बात नहीं है । तुम जो कहते हो, वह बात ठीक है कि मन दुर्निग्रह और चञ्चल है ।

श्रीउड़ियाबाबाजी महाराज स्वयं रोटी बाँटा करते थे । कोई कहता—'मुझे पाँच रोटी दो ।'

उसे कहते—'नहीं, चार खाओ ।'

कोई कहता—'तीन रोटी दो ।'

उसे कहते—'नहीं, तुम पाँच खाओ ।'

एकने पूछा—'आप अपने हाथसे रोटी क्यों बाँटते हैं ? रोटी बाँटनेवाले तो और लोग बहुत हैं ।'

बाबा—'हम रोटी नहीं बाँटेंगे तो लोग हमसे बकवाद करायेंगे । इस रोटी बाँटनेमें श्रम नहीं है ।'

वे खानेवालेकी शक्ति और स्वास्थ्य देखकर उसे रोटी देते थे । उसके मनके अनुसार नहीं देते थे ।

'अभ्यासेन तु कौन्तेय'—मनको मारना नहीं है । बन्दी भी नहीं बनाना है । केवल पकड़ना है ।

किसीने एक भयंकर कुत्ता पाल रखा था । एक चोरके मनमें उसके घरमें चोरी करनेकी बात आयी । दिनमें वह उसके घर जाय तो कुत्ता उसे भूँकता दौड़े । चोर एक टुकड़ा मांस कुत्तेको डाल दे । कई दिन उसने ऐसा किया । अब उसके आनेपर कुत्ता भूँकता नहीं था । फिर वह रातको भी आने लगा । कभी कुत्तेको गुड़ डाल जाता था, कभी मांसका टुकड़ा । अब वह आता तो कुत्ता उसके

ajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgao

C-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant

पीछे-पीछे पूँछ हिलाते चलने लगा। इसी प्रकार मनको धीरे-धीरे पकड़ना है।

अभ्यासमें बड़ी शक्ति है। एकने ऐसा अभ्यास किया था कि मुखसे चारपाई पकड़कर उसे उठाकर खड़ा हो जाता था। एक व्यक्तिको मैंने देखा कि वह दस सेर दूध पी जाता था।

अच्छा अभ्यास डालो। ऐसा कौन-सा काम है कि तुम अभ्याससे नहीं कर सकते। श्रीउड़ियाबाबा जी महाराज योगवासिष्ठका एक श्लोक बोलते थे।

'जन्मकोटिचिराभ्यस्ता राम संसारवासना।'

यह संसारकी वासना करोड़ों जन्मोंके अभ्याससे पुष्ट हुई है। चिरकालतक अभ्यास नहीं करोगे तो यह छूटेगी नहीं।

'आतिवाहिकदेहोऽयं राम चिद्व्योम केवलम्।
आधिभौतिकतां नीतः पश्याभ्यासविजृम्भितम्॥'

यह शरीर आतिवाहिक है, केवल चिदाकाश है, किन्तु अभ्यासकी महिमा देखो कि उसने इसे आधिभौतिक बना दिया है।

फिरसे अभ्यास संभाल लो तो जड़ताका अभ्यास छूट जायगा। तुम अपनेको चेतन अनुभव करने लगोगे।

पहले दिन मनुष्य साइकिलपर बैठने लगता है तो गिर पड़ता है। दो-चार दिन लगा रहे तो इसे बैठना आजाता है। मार्गमें चलते हुए गिर पड़ना अपराध नहीं है, किन्तु गिरकर न उठना अपराध है। गिरो तो उठो और फिर उधर ही चलो जिधर जा रहे थे।

मनको ठीक करनेके लिए काम चाहिए। उस कामका धीरे-धीरे अभ्यास करो।

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon

0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Gra

प्रारभ्यते न खलु विघ्नभयेन नीचैः
प्रारभ्य विघ्नविहता विरमन्ति मध्याः ।
विघ्नैः पुनः पुनरपि प्रतिहन्यमानाः
प्रारभ्य चोत्तमजनाः न परित्यजन्ति ॥

नीच लोग विघ्न पड़ेगा, इस भयसे काम प्रारम्भ ही नहीं करते । मध्यम कोटिके लोग प्रारम्भ तो करते हैं; किन्तु विघ्न आनेपर उनका साहस छूट जाता है, वे काम छोड़ देते हैं । उत्तम लोग वे हैं जो काम प्रारम्भ करके उसे पूरा किये बिना छोड़ते नहीं, फिर चाहे जितने भी विघ्न बीचमें क्यों न आयें ।

निम्न प्रकृतिके लोगोंकी पहचान यह है कि वे बैठे-बैठे सोच लेते हैं—'यह काम करेंगे तो यह हानि होगी ।' वे यह नहीं समझते कि हमारी बुद्धि प्रमादके वश होकर आलस्यका समर्थन कर रही है ।

बद्रीनाथ-यात्राका विचार हुआ तो मैं समझता था कि वहाँ जानेपर मुझे जुकाम होगा । लेकिन वहाँ जानेपर बरफकी हवा लगी तो भीतर जमा कफ बह गया । शरीर स्वस्थ हो गया ।

आलसी लोग भविष्यका भय सोचकर अच्छा काम प्रारम्भ ही नहीं करते । कई लोग जो मध्यम कोटिके हैं, काम तो प्रारम्भ कर देते हैं, पर विघ्न आनेपर घबड़ा जाते हैं । घरमें-से निकले, किसीने छींक दिया तो लौट आये । उत्तम पुरुषका यह लक्षण है कि चाहे जितने विघ्न आयें, अपने निश्चयपर अडिग रहते हैं ।

कौन्तेय—अर्जुनने मान लिया था कि 'मेरे मनमें समता नहीं आयेगी; 'क्योंकि मेरा मन चंचल है ।' भगवान् कहते हैं—'तुम कुन्तीके पुत्र हो, अत्यन्त तीक्ष्णबुद्धि माताके पुत्र हो । तुम्हें हताश नहीं होना चाहिए ।'

ajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgao

C-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant

अभ्यासका यहाँ अर्थ है कि तुम्हारा शत्रु, शत्रु नहीं है और मित्र, मित्र नहीं है, दोनोंमें एक ही ईश्वर है, यह देखनेका अभ्यास करो।

यहाँ सबके प्रति समताके वर्तावका योग है। अतः यहाँ आसन, प्राणायाम, प्रत्याहार, धारणा, ध्यानके अभ्यासकी बात नहीं है।

सब वस्तु तुम माँके पेटसे लेकर नहीं आये। हाथसे उठाकर खाना, दाहिने हाथसे खाना, धोती पहनना, पढ़ना आदि सब सीखनेसे आगया या नहीं? अभ्याससे जैसे जीवनकी सब बातें आयीं; वैसे ही मनकी भी अच्छाईका अभ्यास डालिये।

एक बार मैं हरिबाबाके बाँधपर गया था। कथा कहकर कुटियामें आया तो भूमिपर पेटके बल लेट गया। श्रीउड़ियाबाबाजी महाराज अचानक आगये। मैं उठ गया। वे बोले—'पेटके बल नहीं सोना चाहिए।'

तात्पर्य यह है कि अभ्यास सदा अच्छा ही डालना चाहिए। अच्छे कामको बार-बार दुहरानेका नाम अभ्यास है।

'आम्रेडितम्'—क्रियाको बार-बार दुहराना अभ्यास है।

'वैराग्येण च'—केवल अभ्याससे समता नहीं आयेगी। इसके लिए राग-द्वेष छोड़ना भी आवश्यक है।

राग या द्वेषमें पड़ना ही पराधीनता है। यदि हम अभ्यास करके बलपूर्वक इन्द्रियोंको रोकेंगे; किन्तु विषयोंमें राग होगा तो जीवनमें उद्वेग उत्पन्न होगा।

विगत राग—वैराग्य—जब राग-द्वेष विगतकी—भूतकालकी वस्तु हो गये। संसारमें किसीके लिए पक्षपात या जलन न हो, यह वैराग्य है।

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon

0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Gra

यदि हम अन्तरकी वस्तु चाहते हैं तो इन्द्रियोंको रोकनेसे उद्वेग नहीं होगा; किन्तु यदि चाहते हैं संसारके भोग और इन्द्रियोंको बलपूर्वक रोकते हैं तो यह मिथ्याचार होगा। इससे मनमें संघर्ष होगा। ऐसे लोग ही पागल होते हैं।

तुमको राम, कृष्ण, नारायण या शिव चाहिए? तुमको अन्तर्यामीसे एक होना है? इन्द्रियोंको रोकनेसे कोई संघर्ष नहीं होगा।

यदि बाहरसे है वैराग्य और भीतरकी वस्तु चाहते हो तो इन्द्रियोंको रोक लो। बाहर राग-द्वेष है नहीं तो एकाग्रता सहज है। समचिन्तन प्राप्त हो गया।

गंगा-किनारे ऐसे-ऐसे अवधूत रहते हैं जो कमंडलु भी नहीं रखते। गंगासे ही अंजलि भरकर जल पी लेते हैं। रोटी माँगकर खा लेते हैं। लंगोटी भी नहीं रखते। लेकिन उनका मन भी उनके वशमें नहीं होता। उनमें क्या वैराग्यकी कमी है?

वैराग्य तो उनमें हैं; किन्तु अभ्यासकी उनमें कमी है। उन्होंने मनको वशमें करनेके लिये उपासना, योगाभ्यास आदि अभ्यास नहीं किया।

बड़े-बड़े सेठ साहूकार कहते हैं—'हमने आसन किया, इतना प्राणायाम किया, इतना जप किया; किन्तु हमें कोई सफलता नहीं मिली।'

इनमें अभ्यास है; किन्तु वैराग्य नहीं है। उधर भोग पाने, रुपया जुटानेको व्याकुल हो रहे हैं इधर आसन लगाकर प्राणायाम किया है। अब चाहते हैं कि मन वशमें हो जाय तो ऐसे कैसे मन वश में हो। वह तो चला गया दूकानमें, बाजारमें या किसीके घरमें।

ajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgao

C-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Gran

वैराग्यके बिना केवल अभ्याससे मन वशमें नहीं होता और अभ्यासके बिना केवल वैराग्यसे भी मन वशमें नहीं होता इसीलिए महर्षि पतञ्जलिने योगदर्शनमें कहा—

'अभ्यासवैराग्याभ्यां तन्निरोधः।'

अभ्यास और वैराग्य दोनों होनेपर मनका निरोध होता है।

१—'गृह्यते'—तुम चोरी करके, अनाचार करके, हत्या करके, लड़ाई करके आओगे और नेत्र बन्द करके बैठोगे, तो मन एकाग्र होगा ?

इसलिए मनोनिग्रह करना है तो कर्म अच्छा करना चाहिए।

२—'आहारशुद्धौ सत्त्वशुद्धिः।'

तुम शराब पीकर बैठोगे तो समाधि लगेगी ? जूठा, अपवित्र भोजन करनेसे मन अपवित्र होता है। इसलिए आहार शुद्ध होना चाहिए।

३—किसीसे अधिक मित्रता या शत्रुता न करके अपने मनमें सद्भाव जाग्रत् करना चाहिए।

४—मनको थोड़ा-थोड़ा दबा कर एक स्थानपर रखना चाहिए।

५—बुद्धिसे सत्-असत्‌का भेद करके सत्‌को समझनेका प्रयत्न करना चाहिए।

ये पाँच बातें हों तो मन आपके नियन्त्रण में रहेगा।

●

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon

0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Gra

• संगति

मनको संयमित करनेके लिए जीवनमें संयम और अन्त:करणमें वैराग्य साथ-साथ चलना चाहिए। यदि ऐसा न कर सकें तो ?

असंयतात्मना योगो दुष्प्राप इति मे मतिः।
वश्यात्मना तु यतता शक्योऽवाप्तुमुपायतः ॥३६॥

भगवान् कहते हैं—'मैं ऐसा समझता हूँ कि यह योग असंयतचित्तके लिए दुष्प्राप्य है और जिनका मन वशमें है, वे उपायपूर्वक प्रयत्न करते हुए इसे प्राप्त कर लें ऐसा शक्य है।'

'मे मतिः'—भगवान् श्रीकृष्ण कहते हैं कि 'यह मेरा अनुभव है। मैं ऐसा समझता हूँ।'

'असंयतात्मना योगो दुष्प्रापः'—यदि संयम नहीं करोगे तो मन तुम्हारे वशमें नहीं होगा।

असंयमी पुरुषको यह साम्ययोग प्राप्त नहीं होगा। जब संसारमें बहुतसे शत्रु-मित्र बनाये रहोगे तो भगवान्में कैसे लग सकोगे। साम्यमें कैसे स्थिति होगी।

मनसे शत्रु, मित्र, भय और अहं, ये चार बातें निकाल दो तो मन साम्यमें स्थित हो जायगा।

ajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgao

C-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant

आप मनके दास नहीं हो, मनके स्वामी हो। मेरे एक परिचित आफीसर थे। उनका नौकर उनपर अपनी आज्ञा चलाता था। मैंने पूछा—'इस नौकरसे तुम इतना दबते क्यों हो ?'

वे बोले—'इसीके द्वारा शराब मँगाकर पीता हूँ। इसीके हाथसे घूस लेता हूँ। यह कहता है कि 'मेरी बात नहीं मानोगे तो मैं सब प्रकट कर दूँगा।'

इसी प्रकार जब मनसे तुम अनुचित काम लेते हो वह तुमपर आज्ञा चलाने लगता है। इसे हाथ जोड़ोगे कि 'हे मन! अब तुम वशमें हो जाओ!' तो यह सिरपर चढ़ेगा। इसे आज्ञा दो और आज्ञा मानना सिखलाओ। जैसे मदारी बन्दरको आज्ञा मानना सिखलाता है।

जिनके मनमें वैराग्य नहीं है, दृढ़ता नहीं है, वे मनसे हार जाते हैं। मनको वशमें करनेके लिए तुममें संयम चाहिए।

संयम क्या ? धारणा, ध्यान, समाधि तीनोंका एकत्र होना संयम है।

'त्रयमेकत्र संयमः।' —योगदर्शन

धारणा—जैसे नया बैल खरीदा है तो उसे दृढ़ रस्सीसे बाँधो, नहीं तो वह भाग जायगा।

ध्यान—उस बैलको खिलाया-पिलाया और उसपर हाथ फिराते रहे। थोड़े दिनोंमें वह अपने यहाँ रहनेका अभ्यस्त हो गया। अब बिना बाँधे छोड़ दिया तो भी घूम-फिरकर, चरकर अपने स्थानपर स्वयं आजाता है।

समाधि—बैल अपने खूँटेपर रहनेका इतना अभ्यस्त हो गया कि डंडा लेकर भगाते हैं कि चरने चला जाय, तो भी हटता नहीं है।

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon

0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Gra

यह मन ही बैल है। पहले इसे बलपूर्वक रोककर साधनमें लगाये रहना पड़ता है। अभ्यस्त हो जानेपर यह स्वयं लग जाता है।

'वश्यात्मना तु यतता'—अपनी इन्द्रियोंको वशमें रखो। मन वशमें हो जायगा तब इन्द्रियोंको वशमें करेंगे, यह क्रम ठीक नहीं है, साधना बाहरसे उत्पन्न होती है।

एक चोरसे महात्माने कहा—'चोरी मत किया करो।'

चोर—'ऐसे आपके कहनेसे क्या होगा। जब हमारे मनसे लोभ चला जायगा, तब चोरी करनेकी इच्छा नहीं होगी। तब चोरी स्वयं छूट जायगी।'

महात्मा—'मूर्ख मत बनो। पहले हाथसे चोरी न करनेका निश्चय करो। जब यह निश्चय पक्का हो जायगा कि चोरी नहीं करनी है तब मनमें चोरीकी वासना नहीं आयेगी। जब वासना नहीं आयेगी तब लोभ मिटेगा।'

साधना बाहरसे भीतर ले जाने—अन्तर्मुख करनेकी होती है।

'यतता'—योग कैसे प्राप्त होगा? इसके लिए प्रयत्न करो। प्रयत्नमें लगे रहो।

'उपायतः'—प्रयत्न करनेसे भी सफलता नहीं होती तो उपाय करो। किसी अनुभवीसे पूछो।

जिस कामको लोग बहुत कठिन समझते हैं, ठीक उपाय मिल जाय तो वह बहुत सरल हो जाता है। भारी-भारी पत्थर लोग युक्तिसे खिसकाते दूर ले जाते हैं और कई-कई मंजिल ऊपर चढ़ा देते हैं। ऐसे ही मनको भी वशमें करनेकी युक्तियाँ होती हैं। युक्ति जानने वालोंसे उन्हें सीखना पड़ता है। •

ajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgao

C-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant

: ३७ :

• संगति

अभ्यास-वैराग्यसे मन वशमें हो सकता है, यह बात तो ठीक है और यह भी ठीक है कि उपाय जानकर प्रयत्न करनेसे इस स्थितिको पाना शक्य है; किन्तु यदि कोई प्रयत्न न करे तो ?

प्रयत्न करनेसे इसी जीवनमें स्थिति प्राप्त हो सकती है, यह बात अर्जुनने मान ली है। ऐसा न होता तो प्रश्न ही न उठता। प्रश्न तो प्रयत्न त्याग देनेवालेके सम्बन्धमें उठा है।

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon

0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Gra

अर्जुन उवाच

अयतिः श्रद्धयोपेतो योगाच्चलितमानसः ।
अप्राप्य योगसंसिद्धिं कां गतिं कृष्ण गच्छति ॥ ३७ ॥

अर्जुन पूछता है—'कृष्ण ! जिसका मन योगसे विचलित हो गया है; किन्तु जिसमें श्रद्धा है, वह योगकी संसिद्धि न पाकर किस गतिको जाता है ।

अर्जुन—सरल पुरुष है । उसे लगता है कि मुझमें श्रद्धा तो है; किन्तु मैं साम्यसे विचलित हो गया । मुझे मोहने आक्रान्त कर लिया । अब यदि युद्धमें कहीं मारा जाऊं तो योग-संसिद्धि तो मुझे मिली नहीं, फिर मेरी क्या गति होगी ?

'अयतिः'—कोई साधन तो छोड़ दे । 'योगाच्चलितमानसः' योगसे उसका मन चलित हो गया तो साधना छूट गयी; किन्तु योगमें श्रद्धा बनी है ।

आप कहीं पहुँचना चाहते हैं, पहुँचनेकी इच्छा बनी हुई है; किन्तु आपने मोटर चलाना बन्द कर दिया । आलस्य आगया ।

योग जहाँ पहुँचाता है, उस स्थितिमें श्रद्धा बनी है 'श्रद्धयोपेतो' गुरुमें, मन्त्रमें, साधनामें श्रद्धा तो है; किन्तु साधन छोड़ दिया तो उसकी क्या गति होती है ?

ajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgao

C-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Gran

: ३८ :

● संगति

योगकी वासना उसे ले जाती है भगवान्‌की ओर और भोगकी वासना ले जाती है संसारकी ओर। योगकी वासना थी; किन्तु संगदोषसे या पूर्वसंस्कार-वश भोगकी वासना जाग गयी। अब ऐसी दशामें उसका जन्म कहाँ होगा ?

कच्चिन्नोभयविभ्रष्टश्छिन्नाभ्रमिव नश्यति।
अप्रतिष्ठो महाबाहो विमूढो ब्रह्मणः पथि॥ ३८॥

महाबाहु! कहीं वह दोनों ओरसे भ्रष्ट होकर बादलके छोटे टुकड़े-सा नष्ट तो नहीं होता; क्योंकि ब्रह्मके मार्गमें विमूढ़ होनेसे वह प्रतिष्ठित नहीं हुआ।

'विवेकभ्रष्टानां भवति विनिपातः शतमुखः।'

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon

C-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant

जो विवेकभ्रष्ट हो गया है, उसका सैकड़ों मार्गोंसे बराबर पतन ही होता जाता है।

'ब्रह्मणः पथि विमूढः'—ब्रह्मके मार्गमें—अपने स्वरूपके साक्षात्कारमें तो वह विमूढ़ हो गया; क्योंकि 'अयतिः' प्रयत्न उसने छोड़ दिया है। अतः 'अप्रतिष्ठः' उसकी प्रतिष्ठा—स्थिति कहीं मिली नहीं।

जब कोई दोषसे संचालित होने लगता है, तब वह कहाँ पहुँचकर रुकेगा, इसका कुछ पता नहीं होता।

'छिन्नाभ्रमिव'—शरद ऋतुमें जब आकाशमें मेघोंके विरल खंड होते हैं, तब यह दृश्य देखा जा सकता है। एक बड़े बादलसे एक छोटा टुकड़ा पृथक् हुआ। वह दूसरे टुकड़ेकी ओर बढ़ता है; किन्तु वहाँतक पहुँचनेसे पहले ही फैलकर आकाशमें अदृश्य हो जाता है।

'नश्यति'—मेघका खण्ड अदृश्य हो जाता है; किन्तु नष्ट तो होता नहीं। इस अदृश्य होनेको ही अर्जुनने उसका नाश होना माना है।

योगके प्रति श्रद्धा है अतः संसारमें भी वह आ नहीं सकता और 'ब्रह्मणः पथि'में विमूढ़ होकर अप्रतिष्ठ रह गया, तब क्या वह भी उस छिन्न हुए मेघ-खण्डके समान अदृश्य एवं किसी हीन अकल्पित गतिको पाता है—नष्ट हो जाता है?

'महाबाहो'—आपकी भुजाएँ विशाल हैं। आप दयामय हो और समर्थ हो। आप उसकी सहायता करते, उसे बचाते हो या नहीं?

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon

C-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Gran

: ३८ :

● संगति

'यह शंका इस समय युद्धभूमिमें मत करो। इसका समाधान युद्धके पश्चात् किसी ऋषि-महर्षिसे कर लेना। यह इसके समाधानके उपयुक्त अवसर नहीं है और हम अध्यात्मशास्त्रके 'समत्वयोग'का उपदेश कर रहे हैं, जिसमें आना-जाना है ही नहीं। तुम्हें जीव कहाँ जायगा, कहाँ जन्म लेगा, यह जानना है तो किसी पूर्व-मीमांसाके ज्ञातासे पूछना।' इस प्रकारका कोई उत्तर श्रीकृष्ण न दें, इस आशंकासे अर्जुन कहते हैं—

एतन्मे संशयं कृष्ण छेत्तुमर्हस्यशेषतः।
त्वदन्यः संशयस्यास्य छेत्ता न ह्युपपद्यते ॥ ३९ ॥

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon

C-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant

कृष्ण ! यह मेरा संशय है और इसे सम्पूर्ण रूपसे तुम्हें मिटा देना चाहिए। तुमको छोड़कर इस संशयको नष्ट करनेवाला दूसरा उपयुक्त पात्र नहीं है।

'एतन्मे संशयम्'—यह मेरा संशय है। मेरे अपने संबन्धमें ही यह संशय है। अतः जबतक यह मिट न जाय, मेरे चित्तको शान्ति नहीं होगी। मैं एकाग्र मनसे युद्ध अथवा तुम्हारी आज्ञाका पालन इस संशयके मिटे बिना नहीं कर सकूँगा।

'कृष्ण'—तुम अपने जनोंके पाप-दुःख एवं अज्ञानको कर्षित कर लेनेवाले हो। तुम मेरे संशयकी उपेक्षा मत करो।

'छेत्तुमर्हस्यशेषतः'—इस संशयको जड़-मूलसे नष्ट कर देना तुम्हें उचित है। उस अयति; किन्तु श्रद्धावानकी क्या गति होती है, वह कहाँ-कहाँ जाता है, कैसे फिर उसका उद्धार होता है, यह पूरी बात मुझे बतलाओ।

'त्वदन्यः संशयस्यास्य छेत्ता न ह्युपपद्यते।'

तुमने कहा है—

'भोक्तारं यज्ञतपसां सर्वलोकमहेश्वरम्।'

समस्त यज्ञ और तपका मैं भोक्ता हूँ। सब लोकोंका महेश्वर हूँ। तब तुमसे अधिक जीवकी गतिको समझने, जाननेवाला दूसरा कोई कैसे हो सकता है।

यहाँ युद्धमें दूसरेके पास शंका-समाधान करने जानेका समय नहीं है। शंका मेरी है। तुमसे अधिक उपयुक्त कोई इसका समाधान करनेवाला मिल नहीं सकता, अतः तुम्हीं इस संशयका समूल उच्छेद करो।

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon

C-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant

• संगति

भगवान्‌ने अर्जुनके अनुरोधको स्वीकार कर लिया। अर्जुनकी आशंका अकारण है, यह समझा रहे हैं—

श्रीभगवानुवाच

पार्थ नैवेह नामुत्र विनाशस्तस्य विद्यते।
न हि कल्याणकृत्कश्चिद्दुर्गतिं तात गच्छति ॥४०॥

श्रीभगवान् बोले—पार्थ! इस लोक और परलोकमें भी उसका विनाश नहीं है। भाई! कल्याण करनेवालेकी दुर्गति नहीं हुआ करती।

'पार्थ नैवेह नामुत्र विनाशस्तस्य'

पार्थ—प = परेश्वर + अर्थ = परमेश्वरको चाहनेवाला। तुम तो परमेश्वरको चाहनेवाले हो। इस लोकमें या परलोकमें उसका विनाश नहीं है, जो परमेश्वरको चाहता है।

'न हि कल्याणकृत्कश्चिद् दुर्गतिं गच्छति'

'तात'—प्यारे भाई! अच्छा काम करनेवालेकी कभी दुर्गति नहीं होती।

बुरा काम करोगे तो बचानेवाला कोई नहीं है; किन्तु—

'स्वल्पमप्यस्य धर्मस्य त्रायते महतो भयात्।

इस धर्मका तो थोड़ा भी अंश बड़े भयसे छुटकारा दे देता है।

जो इस साम्यकी धारामें एक बार पड़ गया, वह डूब नहीं सकता।

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon

C-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant

: ४१ :

• संगति

उसका विनाश नहीं होता तो वह कहाँ जाता है ? 'कां गतिं गच्छति' क्योंकि अभी वह 'ब्रह्मणः पथि' अप्रतिष्ठ है, मुक्त तो हुआ नहीं। उसका जन्म होना है, अतः कहाँ जन्म होगा उसका ?

प्राप्य पुण्यकृतांल्लोकानुषित्वा शाश्वतीः समाः।
शुचीनां श्रीमतां गेहे योगभ्रष्टोऽभिजायते ॥४१॥

पुण्य करनेवालोंके लोकोंको पाकर, वहाँ बहुत वर्ष निवास करके तब योगभ्रष्ट पवित्र धनवानोंके घर जन्म लेता है।

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon

C-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant

'योगभ्रष्टः' पहले योग किया था, फिर किसी कुसंग या पूर्व जन्मके संस्कारसे साधन छूट गया। साधनके मार्गसे च्युत हो गया। उसने जो परमार्थका साधन किया था, वह पुण्य तो था ही। अन्तःकरणकी शुद्धि अथवा परमेश्वरकी प्राप्तिके लिए किया गया साधन सात्त्विक था, निष्काम था, भगवदर्पित था। अतः वह किसी भी बड़े-से-बड़े पुण्यसे महान् था।

'प्राप्य पुण्यकृतां लोकान्'—उस साधनरूप महान् पुण्यके फलसे उसे पुण्यात्माओंके लोक स्वर्ग, ब्रह्मलोकादि मिलते हैं।

साधन कर्त्तृत्वपूर्वक ही होता है। विना कर्त्तृत्वपूर्वक शरीरसे हुई क्रिया साधन नहीं है। जैसे नींदमें हाथ हिल जाय तो यह कर्म कोई साधन नहीं। इससे मच्छर मर जायें तो पाप नहीं। जब कर्म कर्त्तृत्वपूर्वक हुआ तो उससे अपूर्वकी उत्पत्ति होती है। वह अपूर्व अपना फल देता है।

'उषित्वा शाश्वतीः समाः' उसके साधनसे जो अपूर्वकी उत्पत्ति हुई, वह अविद्या नष्ट हो गयी होती तो नष्ट हो जाता; किन्तु अविद्या नष्ट हुई नहीं, वह साम्ययोगमें स्थित नहीं हुआ, अतः साधनके पुण्यफलसे पुण्य करनेवाले लोगोंके उत्तम लोकोंमें जाकर वहाँ 'शाश्वतीः समाः' बहुत अधिक वर्षोंतक रहता है। दीर्घकालतक वहाँके सुखभोग करता है।

'शुचीनां श्रीमतां गेहेऽभिजायते।' जब पुण्य इतने कम हो हो जायँ कि उनका भोग पार्थिव शरीरमें भोगा जा सके, तब पवित्र श्रीमन्तके घरमें वह जन्म लेता है।

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon

-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant

: ४२ :

संगति

तब क्या पुण्यात्मा, योगभ्रष्ट धनी ही होकर उत्पन्न होते हैं ?

'अनेकजन्मसंसिद्धः' भगवान् कहने ही वाले हैं। ऐसी अवस्थामें क्या धन और अध्यात्म अनिवार्य-रूपसे साथ-साथ रहते हैं ? लोकमें तो देखा जाता है कि अनेक महापुरुष अत्यन्त दरिद्र घरोंमें उत्पन्न हुए थे। भगवान् इस शंकाको दूर करते हैं—

अथवा योगिनामेव कुले भवति धीमताम् ।
एतद्धि दुर्लभतरं लोके जन्म यदीदृशम् ॥४२॥

अथवा वह योगभ्रष्ट बुद्धिमान् योगियोंके कुलमें उत्पन्न होता है। लोकमें इस प्रकार जन्म होना अत्यन्त दुर्लभ है।

'अथवा योगिनामेव'—योगके मार्गमें चलेगा तो भ्रष्ट नहीं होगा। जहाँ उसे साधन, सत्संगकी प्रेरणा मिले, वहाँ जन्म पायेगा।

'शुचीनां श्रीमताम्' और 'योगिनां धीमताम्'—धनवान और पवित्र हो, योगी और बुद्धिमान् हो।

जीवनमें यदि दरिद्रताके साथ साधन है, संतोष है और धनके साथ पवित्रता है तो परलोकका मार्ग प्रशस्त है।

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon

C-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant

दरिद्र हो; किन्तु चोरी-बेइमानीकी इच्छा न हो। मनुष्य जब पवित्र होता है, तब अहंकार हो जाता है, पुजाने लगता है। अपने इस अहंकारसे बचनेकी बुद्धिमानी हो। पवित्र तो हो, पर दरिद्र-त्यागी रहे, ऐसा मनुष्य कभी दुःखी नहीं होता।

'एतद् हि दुर्लभतरं लोके जन्म यदीदृशम्।' संसारमें इस प्रकारका जन्म प्राप्त होना दुर्लभ ही नहीं, दुर्लभतर—अत्यन्त दुर्लभ है।

धनवान हो और पवित्र हो ऐसा कदाचित् ही होता है। मनुने कहा—

नानुपहृत्य भूतानि भोगः सम्भवति।

प्राणियोंको सताये बिना भोग एकत्र नहीं होता। अतः धन पवित्रतासे, ईमानदारीसे आया हो और धन आनेपर भी धनके दोष मनमें, जीवनमें न आये हों, ऐसा धनी लोकमें दुर्लभतर है।

धन आनेपर गर्व आता है। भोगोंमें प्रवृत्ति आती है। यह गर्व न आया हो। सदाचार बना हो। इन्द्रियाँ संयमित हों, जीवन और मन पवित्र हो, अध्यात्मके मार्गमें प्रवृत्ति हो, ऐसा धनी—श्रीमन्त घर दुर्लभ है।

गृहस्थ हो, दरिद्र हो; किन्तु त्यागी हो। उसमें असन्तोष न हो। साथ ही बुद्धिमान् हो। अपने त्याग-तपका गर्व न हो। अपने साधनका ही मूढ़ाग्रह न हो। लोकमें पुजानेकी प्रवृत्ति न हो। ऐसा योगी गृहस्थ भी लोकमें दुर्लभतर है।

योगभ्रष्टको लोकमें इस प्रकारका दुर्लभतर जन्म सुलभ होता है।

●

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant

संगति

माता-पिता पवित्र धनी हों तो उनका पुत्र भी पवित्र ही रहे, यह आवश्यक तो नहीं है। धनीके घर जन्म लिया तो जन्मसे सब सुविधा मिली। अधिक सम्भावना है, लोकमें अधिकांश देखा जाता है कि धनियोंके लड़के दुर्व्यसनोंमें पड़ जाते हैं।

बुद्धिमान् योगीके घर जन्म हुआ तो पुत्र भी बुद्धिमान् ही हो, कोई आवश्यक है ? अच्छे महापुरुषोंके भी कुपुत्र हुए हैं। फिर माता-पिता जो साधन-भजन करते होंगे, पुत्र भी उसीकी प्रेरणा पायेगा।

इन दोनों दुर्लभतर जन्मोंमें भी योगभ्रष्टका क्या लाभ हुआ ? वह अपने पथसे तो गिर ही गया। ऐसा नहीं है।

तत्र तं बुद्धिसंयोगं लभते पौर्वदेहिकम्।
यतते च ततो भूयः संसिद्धौ कुरुनन्दन ॥ ४३ ॥

वहाँ वह पूर्व जन्मका बौद्धिक संयोग प्राप्त करता है। अर्जुन ! फिर संसिद्धि प्राप्त करनेके लिए वह प्रयत्न करता है।

'तत्र'—वह पवित्र धनी गृहस्थके घरमें उत्पन्न हो या बुद्धिमान् योगीके घरमें; किन्तु पूर्व जन्ममें जो अभ्यास उसने किया था, उस समय जो बुद्धि उसे प्राप्त हुई थी, वह बुद्धि उसे प्राप्त होती है।

उसे उतनी बुद्धि जो पूर्व जन्ममें प्राप्त थी, स्वतः प्राप्त हो जाती है। अर्थात् फिर प्रारम्भसे उसे साधन नहीं प्रारम्भ करना पड़ता। जहाँ उसने साधन छोड़ा था, वहींसे उसे वह आगे बढ़ाता है।

'यतते च ततो भूयः'—फिर वह 'संसिद्धि' के लिए, सफलता-प्राप्तिके लिए प्रयत्न करनेमें लग जाता है। •

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon

C-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant

• संगति

उसे पूर्व जन्मकी बुद्धि प्राप्त होती है; किन्तु वह उसकी उपेक्षा कर दे ? इस जन्ममें प्रारम्भसे ही कुसंग मिल जाय ? ऐसी आशंका नहीं है।

पूर्वाभ्यासेन तेनैव ह्रियते ह्यवशोऽपि सः ।
जिज्ञासुरपि योगस्य शब्दब्रह्मातिवर्तते ॥ ४४ ॥

उसी पूर्व जन्मके अभ्याससे वह विवश होकर खींचा जाता है। योग-का जिज्ञासु भी शब्दब्रह्म—वेदका अतिवर्तन कर लेता है।

'पूर्वाभ्यासेन'—उसने पूर्व जन्ममें जो अभ्यास किया था, जहाँसे वह योगभ्रष्ट हुआ था, वह पूर्व जन्मका अभ्यास उसे अपनी ओर खींचता है।

'ह्यवशोऽपि'—वह न चाहे तो भी वह अभ्यास उसे खींचकर साधनमें लगा लेता है। जैसे कोई बहुत दिनोंसे शराब पीनेका अभ्यासी हो और शराब न पीनेका निश्चय करे तो शराबकी दूकानके सामने जानेपर उसके पैर विवश होकर उसे दूकानमें ले जाते हैं।

पूर्वाभ्यासके कारण धनी श्रीमन्तके यहाँ उत्पन्न होनेपर वह सत्प्रेरणा ग्रहण करता है। उसे व्यसन और कुसंग आकर्षित नहीं करते।

बुद्धिमान् योगीके घर उत्पन्न होनेपर वह वहाँ सत्संग, साधनकी प्रेरणा तो लेता है; किन्तु अपने पूर्व जन्मवाले साधनमें ही लगता है और माता-पिता बुद्धिमान् होनेके कारण उसके सहायक होते हैं, बाधक नहीं बनते।

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon

C-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant

'शब्दब्रह्मातिवर्तते'—शास्त्रकी सब बात सबके लिए नहीं है। व्यापारी कहे कि 'हमारे लिए शब्दब्रह्म नहीं है तो भूल करेगा। जो परमब्रह्मको पा चुका, वह शब्दब्रह्मके पार हो चुका तो आश्चर्य नहीं है।

वेद-पुराण-इतिहासादि शास्त्र शब्दब्रह्म हैं। जो योगका जिज्ञासु है, वह अनात्मासे पृथक् होकर आत्मयोग चाहता है। अपने आपका योगी है, दूसरेका योगी नहीं है। यदि आप दूसरेसे मिलना चाहते हैं तो आप शब्दब्रह्मके अधीन हैं। यदि आप अपनेसे मिलना चाहते हैं तो शब्दब्रह्मसे आप अतीत हैं।

'आज्ञा बिना प्रवेश निषिद्ध है।' यह द्वारपर लिखा है। यदि वह दूसरेका घर है तो इस बातको मानना आवश्यक है, किन्तु अपना घर है तो इसे मानना आवश्यक नहीं है।

आप दूसरोंसे सम्बन्ध रखना चाहते हैं तो शब्दब्रह्म—नियम-कानूनकी मर्यादा मानना आवश्यक है। आपको धन चाहिए, भोग चाहिए तो शब्दब्रह्म मानना होगा। यदि आपको कुछ नहीं चाहिए, अपने आपसे ही मिलना है तो शब्दब्रह्म मानना आवश्यक नहीं है।

शास्त्र बाहर जानेको—संसारमें प्रवृत्त होनेमें विधि-निषेध करता है। अन्तर्मुख होनेको शास्त्र मना नहीं करता।

स्वर्ग जाना चाहते हो, पुत्र चाहिए, धन चाहिए तो शास्त्र कहेगा—'यह करो, यह मत करो। ऐसे करो, ऐसे मत करो।'

तुम्हें अपने आपको ही पाना है तो तुम शब्दब्रह्मका अतिक्रमण कर गये। अपने घरमें भी हम पैर धोकर जूता उतारकर जाते हैं, ऐसे ही जिज्ञासु भी मनको पवित्र करता है।

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon

C-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant

संगति

पूर्वाभ्यास अपनी ओर खींचता है, जैसे धारामें पड़े मनुष्यको धारा वहाती है; किन्तु उस मनुष्यको स्वयं भी प्रयत्न करना चाहिए। पूर्वाभ्यास रुचि, प्रवृत्ति देता है; किन्तु स्वयं प्रयत्न न किया जाय तो वह प्रवृत्ति नष्ट हो जायगी। इसलिए सब कुछ पूर्वाभ्यास ही करा लेगा, यह मानकर नहीं वैठना चाहिए। अपना प्रयत्न करना चाहिए।

प्रयत्नाद्यतमानस्तु योगी संशुद्धकिल्विषः।
अनेकजन्मसंसिद्धस्ततो याति परां गतिम् ॥४५॥

प्रयत्नपूर्वक साधन करते रहनेसे योगीके सब किल्विष शुद्ध हो जाते हैं। इस क्रमसे अनेक जन्मोंमें उसे सफलता मिलती है और वह परमगति पाता है।

'प्रयत्नात्'—प्रयत्न करो। तुम भोगके लिए कितने व्यस्त रहते हो। व्यापारके लिए कितना प्रयत्न करते हो वासनापूर्तिके लिए क्या-क्या नहीं करते। भगवान्‌की प्राप्ति, समाधि या ब्रह्म-ज्ञान ही सबसे गया बीता है कि तुम उसके लिए कोई प्रयत्न नहीं करना चाहते। यदि तुम प्रयत्न नहीं करना चाहते हो तो परमार्थमें तुम्हारी रुचि नहीं है। व्यक्तिके मनमें इच्छा होती है, तब वह प्रयत्न अवश्य करता है। 'जहाँ चाह, वहाँ राह।'

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon

C-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant

यदि आपके मनमें परमार्थ-प्राप्तिकी इच्छाका उदय हो जायगा तो कहीं-न-कहींसे आपको मार्ग मिलेगा। यदि राह नहीं मिलती तो समझना कि आपकी चाह दुर्बल है।

आपके मनमें अपने स्वरूपके साक्षात्कारकी समाधि लगानेकी या ईश्वरसे मिलनेकी चाह है? चाह है तो प्रयत्न करो।

जब मनुष्य प्रयत्न करता है, तब 'संशुद्धकिल्बिषः' उससे पाप छूट जाते हैं। उसका चित्त शुद्ध हो जाता है। वासनाएँ दूर हो जाती हैं।

'अनेकजन्मसंसिद्धः'—एक जन्ममें नहीं तो अनेक जन्मोंमें; किन्तु लक्ष्य प्राप्त होता है।

'जनम कोटि लगि रगरि हमारी।
बरौं सम्भु न त रहउँ कुमारी॥'

हमारा यह दृढ़ आग्रह है कि हम परमात्माको अवश्य पाकर रहेंगे।

मनुष्य-जीवनमें भूलें होती ही हैं। भूल होना अपराध नहीं है। भूल न सुधारना दोष है।

बचपनमें मैं पढ़ने जाता था। गाँवका पगडण्डीका मार्ग था। वर्षामें कई बार फिसलकर गिर पड़ता था। जब गिरनेपर घर लौट आता तो डाँटा जाता था। यदि गिरनेपर उठकर स्कूल चला जाता तो अध्यापक मेरे गीले, कीचड़ लगे कपड़े देखकर अपना गमछा ही पहननेको दे देता कि—'अपने कपड़े सूखनेको डाल दो।'

इसी प्रकार गिरते-उठते अनेक जन्मोंमें हम पहुँच ही जायँगे। परमगतिको प्राप्त करके ही रहना है।

•

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon

C-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant

: ४६ :

• संगति

अब भगवान् इस योगकी महिमा बतलाते हैं—

तपस्विभ्योऽधिको योगी ज्ञानिभ्योऽपि मतोऽधिकः ।
कर्मिभ्यश्चाधिको योगी तस्माद्योगी भवार्जुन ।।४६।।

मेरे मतसे योगी तपस्वीसे अधिक है, ज्ञानीसे अधिक है और कर्मीसे भी अधिक है, इसलिए अर्जुन ! तुम योगी बनो ।

'तपस्विभ्योऽधिको योगी'—तपस्यामें मदका निवास होता है, यह दोष है । शाप देने लगे, वरदान देने लगे, अपनेको बड़ा समझने लगे । यह 'अस्मिता' है । इसका सम्पूर्ण नाश अद्वैतमें होता है ।

एतावानव्ययो धर्मः पुण्यश्लोकैरुपासितः ।
यो मूढः शोकहर्षाभ्यामात्मा शोचति हृष्यति ।।

पुण्य कीर्ति महात्माओं द्वारा सेवित अविनाशी धर्म इतना ही है कि जो मूढ़ हैं, उनके शोकमें उनके साथ रो लो । कोई हँसता है तो उसके साथ हँस लो । अपने लिए हर्ष नहीं और अपने लिए शोक नहीं ।

यहाँ योगीका अर्थ समत्वयोगी है, जो खाते-पीते, चलते, व्यवहार करते समतामें स्थित है ।

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon

C-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant

'ज्ञानिभ्योऽपि मतोऽधिकः'—जैसे परीक्षा देनेपर विशारद, रत्न, एम. ए., आदिकी उपाधियाँ मिलती हैं, वैसे ही पञ्जाबमें एक 'ज्ञानी' परीक्षा है। उसे उत्तीर्ण होनेपर ज्ञानीकी उपाधि मिलती है।

यहाँ ज्ञानीका अर्थ है शास्त्रज्ञानी परोक्षज्ञानी। श्रीमध्वाचार्यजीने एक उद्धरण दिया है—

ध्यानं कोटिगुणं प्रोक्तमधिकं वा मुमुक्षताम्।
अज्ञात्वा ध्यानिनो ध्यानाद् ज्ञानमेव विशिष्यते॥
ज्ञात्वा ध्यानं ज्ञानमात्राद् ध्यानादपि च दर्शनम्।
दर्शनादपि भक्तिभ्यो न किंचित्साधनादिकम्॥

मुमुक्षुके लिए दूसरे साधनोंसे ध्यान कोटि गुण अधिक महत्त्वका है। एक ध्यान करता है, पर जानता नहीं, उसका ध्यान उत्तम नहीं है। एक जानता है, पर ध्यान नहीं करता, उसका ज्ञान उत्तम नहीं है। बिना ज्ञानका ध्यान अपूर्ण है और बिना ध्यानका ज्ञान अपूर्ण है। ज्ञान और ध्यान दोनोंसे भगवान्का दर्शन श्रेष्ठ है। भगवान्के दर्शनसे भी भक्ति श्रेष्ठ है। वही भक्तका सर्वस्व है।

'कर्मिभ्यश्चाधिको योगी'—यज्ञादि कर्मकाण्डमें लगे लोगोंसे भी योगी श्रेष्ठ है।

'तस्माद्योगी भवार्जुन !'—जैसे कटहल काटने लगे तो उसका दूध हाथमें चिपकता है, किन्तु कड़वा तेल हाथमें लगा लें तो नहीं चिपकता। ऐसे ही दुःख आवें और चिपकें नहीं, इसका नाम योग है। ऐसा योग अर्जुनको करनेके लिए भगवान् कह रहे हैं।

●

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon

C-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant

: ४७ :

संगति

यहाँ तकका योग आत्माकी प्रधानतासे बतलाया गया। श्रीरामानुजाचार्यादि परतत्त्ववादी कहते हैं—'यहाँतक आत्माकी बात कही गयी। अगले सातवें, आठवें, नौवें अध्यायमें जो बात कही जानेवाली है, अब भगवान् उसका उपक्रम करते हैं।'

जैसे पाँचवें अध्यायके अन्तमें छठें अध्यायकी भूमिका आयी थी—'प्राणापानौ समौ कृत्वा' आदि, वैसे ही छठे अध्यायके अन्तमें यह सातसे बारहवें अध्याय तक की भूमिका आयी है।

योगिनामपि सर्वेषां मद्गतेनान्तरात्मना।
श्रद्धावान्भजते यो मां स मे युक्ततमो मतः॥ ४७॥

ॐ तत्सदिति श्रीमद्भगवद्गीतासूपनिषत्सु ब्रह्मविद्यायां योगशास्त्रे श्रीकृष्णार्जुनसंवादे आत्मसंयमयोगो नाम षष्ठोऽध्यायः।

समस्त योगियोंमें भी जो मुझमें अन्तरात्मा लगाकर श्रद्धापूर्वक मेरा भजन करता है, मेरे मतमें वह युक्ततम है।

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon

C-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant

'योगिनामपि सर्वेषाम्'—कर्मयोगी, ज्ञानयोगी, भक्तियोगी आदि सब योगी हैं। सूर्य, शक्ति, गणेश, शिव, विष्णुकी उपासना करनेवाले सब योगी हैं। परन्तु—

'सर्वेषां योगिनां मध्ये मद्गतेनान्तरात्मना'

सब योगियोंमें अपनी अन्तरात्मा जिसने मद्गत कर दी है।

वेदान्तकी दृष्टिसे अन्नमय, प्राणमय, मनोमय, विज्ञानमय, आनन्दमय-सब कोषोंसे पृथक् हो जाओ। पृथक् होनेपर इन कोषोंके दोष-गुणका संस्पर्श तुम्हारे साथ नहीं होगा। तुम द्रष्टा, साक्षी हो।

'हम तीन लोकके द्रष्टा, साक्षी, तटस्थ, कूटस्थ, असंग, उदासीन हैं।' यह सब ठीक; किन्तु अभी जो देहके कारण तुम अपनेको पृथक् समझते हो, यह पृथक्ताकी समझ गयी या नहीं? यह भूल कब मिटेगी?

'मद्गतेनान्तरात्मना।'

'दुनियां से जौक रिश्तये उल्फत को तोड़ दे।
जिस सरका है ये वाल उसी सर में जोड़ दे॥'

अपनी आत्माको परमात्मासे एक कर दो। स्थूल, सूक्ष्म, कारण देहसे अपनेको पृथक् करो। यह पहली भूमिका है। दूसरी भूमिका है, अपनेको परमात्मासे एक कर दो। तीसरी भूमिका है—यह जगत्, जिसे तुम छोड़कर पृथक् हुए थे, इस जगत्के साथ उस परमात्माको मिला दो, जिसके साथ तुम एक हुए थे। विश्वको परमात्माकी अखण्डतामें समा जाने दो।

यदि तुम शरीरको पकड़े रहोगे तो न परमात्मासे मिलोगे और न परमात्मासे अतिरिक्त जो द्वैत है, वह बाधित ही होगा। अतः

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon

C-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant

आत्मा-परमात्मा एक। परमात्मा-जगत् एक। तब आत्मा-जगत् भी एक।

'तद्भिन्नाभिन्ने तद्भिन्नं नियमः।'

एक बूँद जल, तरंगसे अभिन्न है। तरंग समुद्रसे अभिन्न है तो बूँद समुद्रसे अभिन्न है।

'श्रद्धावान् भजते यो माम्'—साधन केवल बुद्धिमानोंके लिए ही नहीं है। कम बुद्धिवालोंके लिए भी साधन है। आदिवासियों, पिछड़ी जातियोंके लिए भी साधन है और अनपढ़ोंके लिए, बच्चोंके लिए भी साधन है। अनपढ़, बच्चे, मूर्खजनोंको भी परमात्मा मिलता है। उनके लिए यह बात है।

श्रद्धासे भगवान्‌का भजन करो। या तो जानो या तो मानो। समझ सकते हो तो समझ लो। यदि समझते हो कि यह तत्त्व तुम्हारी समझसे बाहर है तो जैसा कहा जाता हैं, उसे मान लो।

श्रद्धा मान्यताका मार्ग है। जैसे ज्ञानसे परमात्माकी प्राप्ति होती है, वैसे श्रद्धासे भी परमात्माकी प्राप्ति होती है।

'श्रद्धया सत्यमाप्यते।'

बारहवें अध्यायके अन्तमें भगवान्‌ने कहा—

'भक्तास्तेऽतीव मे प्रियाः।'

वे भक्त मुझे अत्यन्त प्रिय हैं। जो जानकार हैं, उन्हें प्रेम करनेकी आवश्यकता नहीं है। वे अपनी जानकारीसे ही सब कुछ प्राप्त कर लेंगे, पर जो जानकार नहीं हैं, वे मुझमें श्रद्धा करते हैं और मैं करता हूँ उनसे प्रेम। वे भक्त मुझे अत्यन्त प्रिय हैं।

हम विश्वास करें, श्रद्धा करें, केवल मानें तो भी भगवान्‌का प्रेम हमें प्राप्त होता है।

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-

एक अध्यापक एक छात्रके घर गये। उसके पिताने पूछा—'मेरा पुत्र पढ़नेमें कैसा है ?'

अध्यापक—'और सब तो ठीक है; किन्तु स्वयं तो उसके पास समझ नहीं है और मैं जो कहता हूँ उसे वह मानता नहीं।'

अब वह लड़का कैसे पढ़ेगा ?

अतः या तो जानो या बड़ोंकी बात मानो और उसके अनुसार चलो।

अपनी श्रद्धारूपी पुत्रीका भगवान्‌के अनुग्रहरूपी पुत्रसे विवाह कर दो। जहाँ आपकी श्रद्धा और भगवान्‌के अनुग्रहका मेल होगा, वहाँ भगवद्रसकी उत्पत्ति हो जायगी। जब भगवद्रसकी उत्पत्ति हो जायगी तब आपको कोई भगवान्‌से विमुख नहीं कर सकता।

'स मे युक्ततमो मतः'—भक्ति तब होती है जब जो स्वामी है, वही प्रियतम भी हो।

लोगोंका प्रेम परिवार, पुत्र, पत्नीसे है और श्रद्धा देवतामें है। देवताका अनुष्ठान या सेठकी सेवामें लगे हैं और उसका फल पुत्र-पत्नीके लिए चाहते हैं। यह जो जगत्‌में दो भाग होता है, यह दो भाग परमार्थ-मार्गमें नहीं चलता।

परमेश्वर ही स्वामी और उसीमें श्रद्धा। उसीका भजन और उसीसे प्रेम। यह दोनों बातें जब हो जायँगी, तब आप युक्त-तम हैं।

भगवान्‌का प्रेमी भक्त युक्त नहीं है—वह युक्ततम है।

●

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-

☆ सत्साहित्य पढ़िये ☆

[स्वामी श्री अखण्डानन्द सरस्वती जी विरचित]

१. माण्डूक्य-प्रवचन [आगम-प्रकरण]	६.००	
२. माण्डूक्यकारिका-प्रवचन [वैतथ्यप्रकरण]	५.००	
३. श्रीमद्भागवत-रहस्य	२.५०	
४. भक्ति-सर्वस्व	५.००	
५. भगवान्‌के पाँच अवतार	२.००	(अप्राप्य)
६. ईशावास्य-प्रवचन	१.००	(,,)
७. सांख्ययोग	६.५०	(,,)
८. पुरुषोत्तमयोग	२.५०	
९. ब्रह्मज्ञान और उसकी साधना	६.५०	
१०. गोपीगीत	३.५०	
११. भागवत-विचार-दोहन	१.००	
१२. नारदभक्ति-दर्शन	६.००	
१३. महाराजश्रीका एक परिचय	०.५०	
१४. मुण्डकसुधा	२.५०	
१५. आनन्द-वाणी भाग १-२	०.५०	प्रति (अप्राप्य)
१६. आनन्द-वाणी भाग ३-१०	१.००	प्रति
१७. साधना और ब्रह्मानुभूति	३.५०	
१८. गोपियोंके पाँच प्रेमगीत	०.२०	
१९. अपरोक्षानुभूति-प्रवचन	४.००	
२०. कर्मयोग	४.००	
२१. भक्तियोग	४. ०	
22 Glimpses of Life Divine.	1.00	

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

). In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Gra

Guru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalga

. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Gr

Guru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalga

. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Gra

Guru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalga

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-G

Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalg